वर्ष : 30 | अंक :350
प्रतापगढ़ | मंगलवार , 22 अक्टूबर-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# गांदरबल में आतंकी हमला 7 की मौत

## एनआईए की टीम गांदरबल में आतंकी हमले के घटनास्थल पर पहुंची

### ● आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली जिम्मेदारी



**श्रीनगर, (हि.स.)।** जम्मू कश्मीर के गांदरबल में हुए बड़े आतंकी हमले में एक डॉक्टर समेत सात मजदूरों की मौत हो गई है। हमले में पांच अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनका स्कीम्स श्रीनगर और उप जिला अस्पताल में इलाज हो रहा है। हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन दी रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है. जो आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की ही एक शाखा है।

आतंकी हमले को लेकर पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि हमलावरों ने रविवार रात मजदूरों के एक कैंप पर अंधाधुंध गोलीबारी की। इस कैंप में श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर गगनगीर में जेड-मोड़ सुरंग के निर्माण में लगी एक कंपनी के कामगार ठहरे थे। हमले को टारगेट किलिंग बताया जा रहा है।अधिकारियों ने बताया कि हमले में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि डॉक्टर समेत पांच अन्य लोगों ने बाद में दम तोड़ दिया। वहीं पांच घायलों को उप जिला अस्पताल और स्कीम्स श्रीनगर में भर्ती कराया गया है। फिलहाल घटनास्थल पर सुरक्षा बलों की टीम मौजूद है और इलाके में सर्च ऑपरेशन चल रहा है।मृतकों की पहचान गुरदासपुर पंजाब निवासी गुरुमीत सिंह, बडगाम निवासी डॉ शाहनवाज, अनिल कुमार शुक्ला, फहीम नजीर, शशि अबरोल, मोहम्मद हनीफ और कलीम के रूप में हुई है।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक टीम सोमवार को मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के गगनगीर पहुंची, जहां कल शाम एक बड़े आतंकी हमले में छह मजदूर और एक डॉक्टर मारे गए थे।अधिकारियों ने बताया कि एक वरिष्ठ अधिकारी के नेतृत्व में एनआईए की टीम आज हमले वाली जगह पर पहुंची।

उन्होंने कहा कि एनआईए इस हमले के पीछे के सभी संभावित पहलुओं की जांच करेगी। इस हमले को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कायरतापूर्ण कृत्य करार दिया है।

### आतंक के खिलाफ पूरा देश एकजुट-राहुल गांधी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में मजदूरों पर हुए आतंकी हमले को कायरतापूर्ण कृत्य बताया है। इसके साथ ही राहुल गांधी ने संदेश देते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पूरा देश एकजुट है। उन्होंने मृतकों के प्रति शोक संवेदना भी व्यक्त की है।आतंकी हमले की निंदा करते हुए राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिशा एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, ''जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में आतंकी हमले में एक डॉक्टर और प्रवासी मज़दूरों समेत कई लोगों की हत्या बहुत ही कायरतापूर्ण और अक्षम्य अपराध है। सभी शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं।'' उन्होंने आगे कहा,''आतंकियों का यह दुस्साहस जम्मू-कश्मीर में निर्माण का क्रम और लोगों का विश्वास कभी नहीं तोड़ पाएगा। आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में पूरा देश एकजुट है।''

## जम्मू-कश्मीर में अभी भी शांति भंग करने की कोशिश कर रहा है पाकिस्तान - उपराज्यपाल



### कश्मीर पाकिस्तान नहीं बनेगा-फारूक अब्दुल्ला



श्रीनगर में पत्रकारों से बात करते हुए नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष अब्दुल्ला ने कहा, ÷मैं पाकिस्तान के नेतृत्व से कहना चाहता हूं कि अगर वे भारत के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं तो उन्हें इसे खत्म करना होगा। कश्मीर पाकिस्तान नहीं बनेगा।÷ आइए हम सम्मान के साथ जिएं और सफल हों... अगर वे 75 साल तक पाकिस्तान नहीं बना पाए, तो अब कैसे संभव होगा?... आतंकवाद को खत्म करने का समय आ गया है, अन्यथा परिणाम बहुत गंभीर होंगे... अगर वे हमारे निर्दोष लोगों को मारेंगे तो बातचीत कैसे होगी?

**श्रीनगर, (हि.स.)।** गांदरबल में आतंकी हमले में सात लोगों के मारे जाने पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान अभी भी निर्दोष लोगों की हत्या करने और जम्मू-कश्मीर में शांति भंग करने की कोशिश कर रहा है। सिन्हा ने पुलिस से गांदरबल आतंकी हमले की जांच करने को कहा ताकि पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय मिल सके।उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर पुलिस शहीद दिवस समारोह में कहा कि कल गांदरबल जिले के गुंड में एक निर्माणाधीन सुरंग पर हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले को नहीं भूलेंगे, जिसमें कश्मीर के एक डॉक्टर और छह गैर-स्थानीय मजदूरों की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा कि भारत पर पड़ोसी देश की ओर से अभी भी खतरा है। उन्होंने कहा कि यह अभी भी इस क्षेत्र में निर्दोष लोगों को मारने और यहां शांति को अस्थिर करने की कोशिश कर रहा है। सिन्हा ने कहा कि नशीली दवाओं की तस्करी को रोकने और आतंकवाद विरोधी अभियानों में सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें यहां नशीली दवाओं की तस्करी को रोकने की जरूरत है। हमें संभावित खतरों के बारे में जागरूक होने की जरूरत है। हमें आतंकवाद विरोधी अभियानों में सुधार करने की जरूरत है।

उपराज्यपाल ने कहा कि निर्दोष लोगों की रक्षा की जानी चाहिए लेकिन दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। उपराज्यपाल ने कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी है और उनके सम्मान में बलिदान स्तंभ बनाया गया है। उनका बलिदान सर्वोच्च है। उन्होंने ड्यूटी पर शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों के परिवारों को आश्वासन दिया कि उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, बीमा कवर और अन्य चीजों का ध्यान रखा जाएगा। हम उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उनके साथ हैं।उन्होंने कहा कि लोगों को सुरक्षा बलों के बलिदान का सम्मान करना चाहिए

# चिंताओं से घिरे विश्व में आशा का संचार कर रहा भारत - प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि भारत विभिन्न चिंताओं से घिरे विश्व में आशा का संचार कर रहा है और हर क्षेत्र में अभूतपूर्व गति से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे तीसरे कार्यकाल में काम की गति के कारण कई एजेंसियों ने भारत के विकास के पूर्वानुमान को संशोधित किया है।प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में एक निजी समाचार चैनल के वर्ल्ड समिट 2024 ÷द इंडिया सेंचुरी के संबोधन में कहा कि इस समिट में अनेक विषयों पर चर्चा होगी। अलग-अलग सेक्टर्स से जुड़े ग्लोबल लीडर्स भी अपनी बात रखेंगे। उन्होंने कहा कि बीते 4-5 साल के दौरान ज्यादातर चर्चाओं में भविष्य को लेकर चिंता कॉमन रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना के समय वैश्विक महामारी से निपटने की चिंता थी। कोविड बढ़ा तो दुनिया भर की अर्थव्यवस्था को लेकर चिंता होने लगी। कोरोना ने महंगाई और बेरोजगारी पर चिंता बढ़ायी। जलवायु परिवर्तन को लेकर चिंता तो थी ही, फिर जो युद्ध शुरू हुए, उनकी वजह से चिंता और बढ़ गई। उन्होंने कहा कि आज हम भारतीय सदी के बारे में चर्चा करने के लिए यहां आए हैं। जब दुनिया अनिश्चितताओं से जूझ रही है, तब भारत आशा की किरण बनकर चमक रहा है। हालांकि भारत की अपनी चिंताएं हैं, लेकिन हम सभी भारत के प्रति सकारात्मकता महसूस करते हैं।उन्होंने पिछले एक दशक की विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले। पिछले 10 सालों में करीब 12 करोड़ शौचालय बने, 16 करोड़ लोगों को गैस कनेक्शन मिले। पिछले 10 साल में भारत में 350 से ज्यादा मेडिकल कॉलेज और 15 से ज्यादा एम्स बने। पिछले 10 साल में भारत में 1.5 लाख से ज्यादा नए स्टार्टअप बने। 8 करोड़ युवाओं ने मुद्रा लोन लेकर पहली बार अपना काम शुरू किया है।

### प्रधानमंत्री ने पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर वीर पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, ÷आज पुलिस स्मृति दिवस पर हम अपने पुलिस कर्मियों की बहादुरी और बलिदान का सम्मान करते हैं। उनका अटूट समर्पण हमारे लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। वे साहस और दृढ़ संकल्प का उदाहरण हैं।

## संजौली की मस्जिद की अवैध मंजिलों को गिराने का काम शुरू

**शिमला, (हि.स.)।** संजौली मस्जिद के अवैध हिस्से को तोड़ने का काम मस्जिद कमेटी ने सोमवार को शुरू करा दिया है। नगर निगम शिमला के आयुक्त की कोर्ट ने मस्जिद की तीन मंजिलों को अवैध करार देते हुए मस्जिद कमेटी को अपने खर्चे पर इसे दो महीने में गिराने के फरमान दिए थे। कोर्ट के फरमान के 15 दिन बाद मस्जिद में बने अवैध हिस्से को तोड़ने का काम शुरू हो पाया है।यह मस्जिद रिहायशी इलाके में बनी है। मस्जिद के आसपास कई भवन सटे हैं। ऐसे में अवैध तीन मंजिलों को गिराने में काफी वक्त लगेगा। इस कार्य के लिए मजदूर लगाए गए हैं। मजदूरों ने पहले दिन मस्जिद की सबसे ऊपर की मंजिल में लगी टीन को उखाड़ना शुरू किया। मस्जिद कमेटी को अपने खर्चे पर अवैध निर्माण तोड़ने के आदेश हैं।

## भारत और चीन के रिश्तों में होगा सुधार

# ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले भारत- चीन नेएलएसी पर सीमा गश्त पर जताई सहमति



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत और चीन के रिश्तों को लेकर एक बड़ी खबर आ रही हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को घोषणा की कि भारत और चीन सीमा पर तनाव कम करने और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त फिर से शुरू करने के लिए एक समझौते पर पहुंच गए हैं। भारत और चीन एलएसी मुद्दों पर एक समझौते पर पहुंच गए हैं और दोनों पक्ष गश्त फिर से शुरू करने पर सहमत हुए हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को एक विशेष प्रेस वार्ता के दौरान इसकी पुष्टि की। मिस्री ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा, ÷पिछले कई हफ्तों में हुई चर्चाओं के परिणामों के अनुसार, भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त व्यवस्था पर एक समझौता हुआ है। और, इससे इन क्षेत्रों में तनाव कम हो रहा है और अंततः समाधान हो रहा है।यह महत्वपूर्ण घटनाक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए रूस की यात्रा से ठीक पहले हुआ है, जो 22-23 अक्टूबर को निर्धारित है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, ÷पिछले कई हफ्तों में हुई चर्चाओं के परिणामस्वरूप भारत-चीन सीमा क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त व्यवस्था पर एक समझौता हुआ है और इससे दोनों देशों के बीच तनाव कम हो रहा है और अंततः 2020 में इन क्षेत्रों में उत्पन्न मुद्दों का समाधान हो रहा है।ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ संभावित द्विपक्षीय बैठक के बारे में पूछे जाने पर, अधिकारी ने कहा, ÷हाल के हफ्तों में, भारत और चीन के बीच कूटनीतिक और सैन्य चर्चाएँ चल रही हैं। हम अभी भी किसी भी द्विपक्षीय जुड़ाव के लिए समय और विवरण का समन्वय कर रहे हैं।इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कज़ान यात्रा से पहले सोमवार को विदेश मंत्रालय ने कहा कि नई दिल्ली द्वारा मॉस्को के समक्ष मामला उठाए जाने के बाद से कम से कम 85 भारतीय जिन्हें रूसी सेना में धोखे से भर्ती कराया गया था, उन्हें रिहा कर दिया गया है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने नई दिल्ली में एक विशेष प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि रूसी सेना से अभी भी 20 भारतीयों को रिहा किया जाना बाकी है। हालांकि, उन्होंने कहा कि शेष भारतीयों की जल्द रिहाई के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। विशेष रूप से, प्रधानमंत्री मोदी रूस की अध्यक्षता में कज़ान में आयोजित हो रहे 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 22-23 अक्टूबर 2024 को रूस का दौरा करेंगे।

# एनसीपीसीआर की सिफारिश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक, मदरसे बंद नहीं होंगे



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को औपचारिक शिक्षा के लिए सरकारी स्कूलों में दाखिले को लेकर जारी राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की सिफारिशों के अमल पर रोक लगा दी है।कोर्ट ने केंद्र और सभी राज्यों को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सिफारिशों पर अमल करने से रोक दिया है। इस बारे में दायर जमीयत उलेमा ए हिंद की याचिका पर कोर्ट ने सभी राज्यों को नोटिस जारी किया है।राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने पिछले दिनों सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर सभी मदरसों को सरकार की ओर से मिलने वाली फंडिंग को बंद करने और मदरसा बोर्ड को बंद करने की सिफारिश की थी।राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने मदरसों में पढ़ रहे गैर मुस्लिम बच्चों को मदरसे से बाहर निकालकर शिक्षा के अधिकार के तहत जरूरी शिक्षा के लिए दूसरे स्कूलों में दाखिला करवाने के लिए कहा था। इसके साथ ही मदरसों में पढ़ रहे मुस्लिम बच्चों को औपचारिक स्कूलों में दाखिल करने का निर्देश दिया था।

### सोलंकी की विधानसभा सदस्यता के मामले का 10 दिनों में निपटारा करे इलाहाबाद हाई कोर्ट



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने इलाहाबाद हाई कोर्ट को यूपी के सीसामऊ से विधायक रहे इरफान सोलंकी की विधानसभा सदस्यता के मामले का 10 दिनों में निपटारा करने का आदेश दिया है।दरअसल, एक महिला का घर जलाने के मामले में ट्रायल कोर्ट से 7 साल की सजा मिलने पर यूपी के सीसामऊ से विधायक रहे इरफान की विधानसभा सदस्यता खत्म हो गई है, वहां दोबारा चुनाव हो रहा है। सोलंकी अपनी दोषसिद्धि पर रोक चाहते हैं, ताकि चुनाव लड़ सकें। उन्होंने ट्रायल कोर्ट से मिली सात साल की सजा और दोष सिद्धि पर रोक लगाने की मांग सोलंकी ने इलाहाबाद हाई कोर्ट से की है। हाई कोर्ट ने उनके मामले की सुनवाई के लिए 6 नवंबर की तारीख तय कर दी। इरफान सोलंकी ने इस याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की है।

## 1-19 नवंबर तक एयर इंडिया से उड़ान न भरें वरना...- गुरपतवंत सिंह पन्नू

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने सोमवार को एयर इंडिया को एक नई धमकी जारी की। खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने सोमवार को यात्रियों को 1 से 19 नवंबर तक एयर इंडिया की उड़ानों में यात्रा न करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि निर्दिष्ट तिथियों के दौरान एयर इंडिया की उड़ान पर हमला हो सकता है, जो ÷सिख नरसंहार की 40वीं वर्षगांठ÷ के साथ मेल खाता है। सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के संस्थापक, जिनके पास कनाडा और अमेरिका की दोहरी नागरिकता है, ने पिछले साल इसी समय के आसपास इसी तरह की धमकी जारी की थी।

# समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव ने भारत के मुख्य न्यायाधीश को लेकर कहे अपशब्द



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव ने सोमवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कैमरे के सामने भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को अपशब्द कहे। हालांकि भारी आलोचना का सामना करने के बाद, यादव ने अपने बयान से पलटते हुए दावा किया कि उनसे सीजेआई के बारे में कुछ नहीं पूछा गया। पत्रकारों से बात करते हुए, यादव ने राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मामले के फैसले के बारे में सीजेआई की हालिया टिप्पणियों के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। यादव ने कहा, ÷...जब आप भूतों को वापस जीवित करते हैं, जब आप मृतकों को वापस जीवित करते हैं, तो वे भूत बन जाते हैं और न्याय का पालन करना शुरू कर देते हैं। अब वे कहां हैं?... भूल जाइए, ऐसे सभी ******* (मूर्ख) लोग ऐसी बातें कहते रहते हैं। क्या मुझे उन पर ध्यान देना चाहिए?समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव ने सोमवार को उस समय बड़ा विवाद खड़ा कर दिया जब उन्होंने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ को कैमरे पर गाली दी। उनसे अयोध्या विवाद के संदर्भ में की गई टिप्पणी %भगवान से प्रार्थना% के बारे में पूछा गया था। हालांकि, आलोचनाओं का सामना करने के बाद, यादव ने यह कहते हुए अपना बयान वापस ले लिया कि किसी ने भी उनसे मुख्य न्यायाधीश के बारे में कुछ नहीं पूछा था। यादव ने कहा मैं कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। जब आप भूतों को जीवित करते हैं, जब आप मृतकों को जीवित करते हैं, तो वे भूत बन जाते हैं और न्याय का पालन करना शुरू कर देते हैं। वे अब कहां हैं?... भूल जाइए, ऐसे सभी घटिया लोग ऐसी बातें कहते रहते हैं। क्या मुझे उन पर ध्यान देना चाहिए?बाद में, जब उनसे उनकी आपत्तिजनक टिप्पणी के बारे में स्पष्टीकरण मांगा गया, तो यादव ने ऐसा कोई बयान देने से इनकार किया और तर्क दिया कि उन्हें बहराइच हिंसा पर प्रतिक्रिया देने के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा, ÷किसी ने मुझसे सीजेआई के बारे में कुछ नहीं पूछा। सीजेआई बहुत प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं। मैंने कभी (उन पर) कोई टिप्पणी नहीं की। मुझसे बहराइच (हिंसा) के बारे में पूछा गया और मैंने उसका जवाब दिया।

# बहराइच में हिंसा के बाद जारी है एक्शन, एडिशनल एसपी पर गिरी गाज



**लखनऊ,एजेंसियॉ।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में हुई हिंसा के बाद से लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन लगातार दोषियों के खिलाफ कदम उठा रहा है। महसी सीओ रूपेंद्र गौड़ को लापरवाही के लिए पहले ही हटाया जा चुका है। अब लापरवाही बरतने के आरोप में एडिशनल एसपी पवित्र मोहन त्रिपाठी के खिलाफ भी एक्शन लिया गया है। उन्हें पद से हटाया गया है।

पवित्र मोहन त्रिपाठी की जगह दुर्गा प्रसाद तिवारी को बहराइच का नया एडिशनल एसपी नियुक्त किया गया है। जानकारी के मुताबिक पवित्र मोहन त्रिपाठी को डीजीपी मुख्यालय में अटैच किया गया है। इसके बाद अब आगे की कार्रवाई भी होगी। बता दें कि महसी से भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने 13 अक्टूबर को हिंसा के मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी।इस एफआईआर में अर्पित श्रीवास्तव समेत आठ लोगों के खिलाफ शहर थाने में मामला दर्ज करवाया गया था। दंगा फैलाने, पथराव और हत्या के प्रयास को लेकर गंभीर धाराओं में मामला दर्ज हुआ था। मामले की जांच शुरू हो गई है। बता दें कि बहराइच के थाना हरदी क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव के रहने वाले राम गोपाल मिश्रा को 13 अक्टूबर की शाम लगभग छह बजे दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए निकले जुलूस में शामिल किया था।

जुलूस के मराहाजगंज बाजार पहुंचने के बाद इसे एक विशेष समुदाय के इलाके की ओर से निकाला गया। इस दौरान दो पक्षों में कहासुनी हुई थी। इस दौरान छतों से जुलूस पर पत्थर फेंके गए थे। इस घटना के बाद विसर्जन में भगदड़ मच गई थी। इसी दौरान रामगोपाल को एक घर की छत से गोली मारी गई, जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी।

## सुरक्षाबलों ने नाकाम की बड़ी साजिश, सेना ने मार गिराया आतंकी

**बारामुला (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले में सुरक्षाबलों ने एक बड़े आतंकवादी हमले को नाकाम करते हुए एक आतंकी को मार गिराया है। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ है, जिससे यह साफ होता है कि आतंकी बड़ी साजिश रच रहे थे।सुरक्षाबलों के एक अधिकारी ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर बारामुला और उरी सेक्टर में संयुक्त अभियान चलाया गया था। मुठभेड़ के दौरान आतंकी ने सुरक्षाबलों पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया गया।

# चुनावी रण में उतरने के लिए तैयार हैं प्रियंका गांधी पहली बार करेंगी नामांकन



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव होने वाले है, जिसमें कांग्रेस की ओर से प्रियंका गांधी इस बार चुनाव मैदान में उतरने वाली है। प्रियंका गांधी वाड्रा 23 अक्टूबर को अपना नामांकन दाखिल करेंगी। इस दौरान उनके साथ उनकी मां सोनिया गांधी, भाई राहुल गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे उपस्थित रहेंगे।कांग्रेस महासचिव और यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) की उम्मीदवार प्रियंका गांधी आगामी वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगी। ये फैसला होने के बाद प्रियंका गांधी ने सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से भी मुलाकात की। केरल की वायनाड संसदीय सीट के लिए नामांकन और चुनाव प्रचार से पहले उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद लिया।

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी वायनाड के कलपेट्टा में रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) के समक्ष नामांकन दाखिल करने के लिए उनके साथ रहेंगे। सूत्रों के अनुसार, प्रियंका गांधी और राहुल गांधी सुबह 11 बजे रोड शो करेंगे और दोपहर 12 बजे नामांकन दाखिल करेंगे।भारत के चुनाव आयोग द्वारा उपचुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद कांग्रेस ने 15 अक्टूबर को प्रियंका की उम्मीदवारी को मंजूरी दी थी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से 19 अक्टूबर को जारी एक बयान में कहा गया कि उपचुनावों के मद्देनजर कांग्रेस ने सरल पटेल को तत्काल प्रभाव से वायनाड का मीडिया समन्वयक नियुक्त किया है।इससे पहले रविवार को वायनाड सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार नव्या हरिप्रसाद ने कहा कि आगामी उपचुनावों में उनके प्रतिद्वंद्वी को ÷कड़ी प्रतिस्पर्धा÷ का सामना करना पड़ेगा। नव्या हरिप्रसाद ने एएनआई से कहा, ÷मेरी प्रतिद्वंद्वी प्रियंका गांधी हैं और मैं बस इतना कह सकती हूं कि कांग्रेस को वायनाड में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।



# उप्र लोक सेवा आयोग गेट के बाहर अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के गेट पर आज सोमवार को बड़ी संख्या में पीसीएस और आरओ, एआरओ के अभ्यर्थी प्रदर्शन करने पहुंचे। छात्रों ने सरकार और लोक सेवा आयोग के खिलाफ नारेबाजी की। हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर गेट के बाहर सड़क पर धरने पर बैठ गए। अभ्यर्थियों के चलते भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही। अभ्यर्थियों की मांग है कि आयोग की तरफ से दिसंबर में जो पीसीएस और आरओ एआरओ की परीक्षा होनी है उसे एक ही दिन में एक ही शिफ्ट में कराई जाए। ताकि पेपर लीक की कोई गुंजाइश न रहे।
प्रदर्शन करने पहुंचे अभ्यर्थी अपने हाथ में महात्मा गांधी और चंद्रशेखर आजाद की फोटो लेकर पहुंचे। उन्होंने वन डे-वन शिफ्ट के नारे भी लगाए। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने कहा कि आयोग पीसीएस और आरओ/एआरओ की परीक्षा एक ही शिफ्ट में और एक ही दिन में कराए। इससे पेपर लीक होने का खतरा नहीं होगा। हाथों में तिरंगा लेकर धरने पर बैठे अभ्यर्थियों की मांग थी कि लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष व सचिव हम लोगों के बीच में आए और हमारी बात, हमारी मांगों को सुने। अभ्यर्थी अपने हाथों में ज्ञापन भी लिए हैं। जो आयोग के अध्यक्ष को देने की बात कह रहे हैं। बड़ी संख्या में छात्रों को देखते हुए लोकसेवा आयोग चौराहे पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी है। आयोग के तरफ जाने वाली रोड को पुलिस ने ब्लॉक कर दिया है। इस दौरान ट्रैफिक को डायवर्ट कर दिया गया।

# प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग चालू

## नई दिल्ली-हावड़ा रूट पर निर्बाध और सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने के लिए 825 रूटों की ईआई की गई स्थापित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे ने 20 अक्टूबर को प्रयागराज जंक्शन यार्ड रीमॉडलिंग और प्रयागराज जंक्शन-प्रयागराज रामबाग दोहरीकरण कार्य के संबंध में नई इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की स्थापना करके महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे उपेंद्र चंद्र जोशी के नेतृत्व में एक और उपलब्धि हासिल की। प्रयागराज उत्तर मध्य रेलवे का दूसरा सबसे बड़ा यार्ड है। प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर क्योसन निर्मित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग चालू की गई है, जिससे ट्रेन संचालन में बेहतर फ्लेक्सबिलिटी के लिए 825 रूट उपलब्ध होंगे।
नई इंटरलॉकिंग से संरक्षायुक्त और निर्बाध ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।
आज उत्तर पूर्व सर्किल के रेल संरक्षा आयुक्त प्रणजीव सक्सेना ने नवनिर्मित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग और नव दोहरीकृत प्रयागराज-प्रयागराज रामबाग खंड का निरीक्षण किया। सुबह सबसे पहले उन्होंने प्रयागराज के मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी और अन्य मंडल अधिकारियों के साथ-साथ जोन के निर्माण संगठन और रेल विकास निगम लिमिटेड जैसी कार्यकारी एजेंसियों के अधिकारियों के साथ परियोजना और इसके चालू होने के बारे में चर्चा की। इसके बाद नवनिर्मित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का निरीक्षण और निरंजन ब्रिज का स्थलीय निरीक्षण किया गया। तदोपरांत उन्होंने प्रयागराज से प्रयागराज रामबाग तक मोटर ट्रॉली निरीक्षण किया और अंत में उन्होंने प्रयागराज रामबाग और प्रयागराज के बीच स्पीड ट्रायल किया।

### यार्ड रिमॉडलिंग के पहले चरण का प्रमुख हिस्सा

**प्रयागराज।** यह नॉन इंटरलॉकिंग कार्य प्रयागराज जंक्शन यार्ड रीमॉडलिंग के पहले चरण का प्रमुख हिस्सा है, जिसके तहत प्रयागराज रामबाग और प्रयागराज के बीच नई अतिरिक्त लाइन का प्रावधान, प्रयागराज-प्रयाग अप और डाउन लाइन के बीच एक नया क्रॉस ओवर डालना, प्रयागराज की लाइन नंबर 1 से 8 तक प्रयाग के लिए ट्रेन मूवमेंट, सिविल लाइन की तरफ निरंजन पुल का विस्तार, निरंजन पुल पर डाउन यार्ड से मलाका शंटिंग नेक का बचा हुआ कनेक्शन ताकि सुचारू शंटिंग हो सके और प्रयाग की ट्रेनों को रोकना न पड़े। प्रयाग और प्रयागराज रामबाग से एक साथ आवाजाही के लिए सिंगल स्लिप को डबल स्लिप डायमंड क्रॉसओवर नंबर 277 में बदलना, इंजन लाइन संख्या 9 और 12 को कोचिंग फिट रनिंग लाइनों में परिवर्तित करना, पूर्ण कोचिंग रेक को समायोजित करने के लिए ब्रांच वाशिंग और स्टेबलिंग लाइन का विस्तार, लाइन संख्या 27 (पीएफ संख्या 6) और लाइन संख्या18 और 19 (प्लेटफॉर्म संख्या 9 और 10) पर एक साथ मूवमेंट की सुविधा के लिए लाइन संख्या 27 (प्लेटफॉर्म संख्या 6) के हावड़ा छोर में रेत की गांठ का प्रावधान होगा। इसी प्रकार एआरएमई और एआरटी लाइनों के दोनों तरफ सिग्नलिंग मूवमेंट का प्रावधान, इंजन लाइन को एआरएमई लाइन में और एआरएमई लाइन को क्रेन शेड सुविधा के साथ क्रेन लाइन में परिवर्तित करके एआरटी लाइन के पास क्रेन लाइन और क्रेन शेड का प्रावधान, अधिक इलेक्ट्रिक लोको को समायोजित करने के लिए एक डीजल शेड लाइन को इलेक्ट्रिक लोको शेड लाइन से जोड़ना, सुरक्षित मूवमेंट के लिए शॉर्ट साइडिंग की ट्रैक सर्किटिंग और सिविल लाइन की तरफ लाइन शाह बाबा फुट ओवर ब्रिज का विस्तार सक्षम करना शामिल है।

# फाफामऊ और आशीष नेहरा क्लब को पूरे अंक

**प्रयागराज।** फाफामऊ क्लब और आशीष नेहरा क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक एवं बालिका क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। फाफामऊ मैदान पर गंगा डिग्री कॉलेज को 25.3 ओवर में 81 रन (कुणाल 18, अंकित कुमार 12, रमन सिंह 5/13, अभिनव यादव 2/08, आर्यन यादव 2/26) पर समेटकर फाफामऊ क्लब ने 28.2 ओवर में 7 विकेट पर 85 रन (शिष्ट सिंह 15, अभिनव यादव 13, अंकित कुमार 4/09, अंशु पटेल 3/24) बना लिए। मैच में मोहम्मद नबी व यादवेंद्र यादव अंपायर एवं आशीष भारतीय स्कोरर रहे।डीपीएस मैदान पर एके एजुकेशनल क्लब को 37.3 ओवर में 113 रन (दिव्यांश 53, अर्पित राय 14, ईशान दीक्षित 5/21, आर्यन तिवारी 2/03, आकाश शर्मा 3/19) पर समेटकर आशीष नेहरा क्लब ने 19.4 ओवर में 6 विकेट पर 117 रन (अंशुमान सिंह 38, अक्ष शर्मा 30, अर्पित राय 3/14) बना लिए। मैच में विपिन यादव व नितिन मिश्र अंपायर एवं उमंग मिश्र स्कोरर रहे।

# समाज के बहुमूल्य रत्न और सामाजिक संत थे बसंत- महापौर

## शहर के गण मान्य व्यक्तियों ने पूर्व पार्षद बसंत लाल को दी श्रद्धांजलि



**प्रयागराज।** तुलसी विवाह महोत्सव समिति प्रयागराज के द्वारा श्री राम मंदिर हीवेट रोड के प्रांगण में आयोजित किया गया।शोक सभा में पूर्व पार्षद बसंत लाल आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि स्वर्गीय बसंत लाल आजाद सामाजिक संत के रूप में समाज के बहुमूल्य रत्न थे। उनका संपूर्ण जीवन समाज और सनातन धर्म के प्रति समर्पित रहा है। उन्होंने सामाजिक संत बनकर लोगों को समाज सेवा की प्रेरणा दी।
श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए चीफ वार्डन अनिल केसरवानी, पूर्व पार्षद विजय वैश्य, हरिश्चंद्र गुप्ता, यज्ञाचार्य संतोषानंद महाराज, कृष्ण भगवान केसरवानी, व्यापारी नेता सतीश केसरवानी, भाजपा प्रवक्ता राजेश केसरवानी, कांग्रेस नेता इरशाद उल्ला, राजीव कृष्ण बंटी और अमर वैश्य मुन्ना भैया ने कहा कि बसंत लाल आजाद का योगदान समाज कभी नहीं भूल पाएगा।
कार्यक्रम कू अध्यक्षता हरिश्चंद्र गुप्ता ने किया संचालन रविंद्र पांडे ने किया।
श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में कृष्ण भगवान केसरवानी, राजेश केसरवानी, पार्षद मुकेश लारा, धर्मेंद्र केसरवानी, केके अग्रवाल, प्रमोद बंसल, दाऊ दयाल गुप्ता, गोपाल जी केसरवानी एडवोकेट सुशील कुमार, गीता गुप्ता, प्रीति रावत, नीरज जड़िया, लता उपाध्याय, संगीता केसरवानी, दीपक श्रीवास्तव, गोपाल जी चौरसिया, भोला चौरसिया, आदि सैकड़ो लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कम्पनी बाग से चंद्रशेखर आजाद पार्क नामकरण दुर्दशा का शिकार- विनय कुशवाहा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रयागराज शहर वासियों के लिए सबसे ज्यादा आक्सीजन पैदा करने वाला प्रयागराज के दिल पर बसा कम्पनी बाग जिसका नामकरण वहाँ शहीद हुए चंद्रशेखर आजाद के नाम पर किया गया जो अच्छी बात है लेकिन वो अपनी दुर्दशा पर रो रहा है। उक्त बातें सपा प्रदेश सचिव व सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने कहीं।
उन्होंने कहा कि सुबह मार्निंग वाक करते हुए लोगों के बीच यह चर्चा का विषय रहता है कि अखिलेश सरकार में कम्पनी बाग में सुंदर झील बनीं थी। जिसमें रंगीन फौव्वारे लोगों के मन मोहते थे और सेंथेटिक ट्रैक पर बच्चे दौड़ की प्रैक्टिस व मार्निंग वाकर वाक करते थे। यह सब फ्री में लेकिन 2017 में योगी सरकार बनी कम्पनी बाग का नामकरण हुआ और तोहफे में शहर वासियों को मुफ्त मार्निंग वाक पार्क में घुमने टहलने पर चार्ज लगा दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के बड़े बड़े मंत्री आये और लोगों को आश्वासन दिया कि यह चार्ज समाप्त कर दिया जायेगा लेकिन आज तक चार्ज लग रहा है प्रदेश सचिव ने कहा चार्ज जहाँ लगता हैं तो लोगों को अपेक्षा होती हैं कि सर्विसेज व सुविधा में बढ़ोत्तरी होगी। यहाँ तो उल्टा हुआ दिन प्रति दिन पार्क की स्थिति खराब होती चली गई। झील सुख गई, फौव्वारो का पता नहीं रनिंग ट्रैक टूट गये। और तो और पार्क में जो बाग थे जिसमें गुलाब के साथ एक से एक फूल थें अनेक महत्वपूर्ण पेड़ पौधे थें उनकी जगह घासफूस झंडियों ने स्थान ले लिया। उन्होंने कहा कि वहाँ पर कार्यरत माली किसके बंगले पर फूल उगा रहे हैं यह भी सोचनीय विषय है।

# एयू पुराछात्र अंकित को मिला युवा दार्शनिक पुरस्कार

## 12 राज्यों के शोधार्थियों के बीच मारी बाजी



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पुराछात्र अंकित द्विवेदी को अवधेश प्रसाद सिंह विश्वविद्यालय, रीवा, मध्यप्रदेश में आयोजित व भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दर्शन परिषद् मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ के 20वें वार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन में पंडित रामविलास मिश्र युवा दार्शनिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
बताते चले कि यह पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ शोधपत्र प्रस्तुत करने के लिए प्रतिवर्ष दिया जाता है। इस वर्ष यह पुरस्कार अंकित द्विवेदी के शोधपत्र ÷वैश्विक शान्ति में बौद्ध धर्म की भूमिका÷ विषय को दिया गया। बातचीत के क्रम में अंकित द्विवेदी ने बताया कि इस पुरस्कार के लिए 12 राज्यों के शोधछात्रों ने भागीदारी की थी लेकिन मूल्यांकन समीति के पहला नाम उनका चयन किया।
विकसित भारत 2047 के संदर्भ में उन्होने बौद्ध विचार की उपादेयता पर अपनी विचार रखी और कहा कि बुद्ध दक्षिण पूर्व एशियाई देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में हमारे संबंध सकारात्मक स्थापित करने में मदद कर सकता है। अंकित ने यह भी कहा कि दर्शन का बीज इलाहाबाद विश्वविद्यालय के दर्शन विभाग व प्रो. ऋषिकांत पांडेय व अन्य की वजह से ही हो पाया है। चूँकि 12वीं के बाद पहली बार दर्शनशास्त्र विषय को इलाहाबाद विश्वविद्यालय में ही सुना देखा और अपने विषय संचयन में दो साल पढा भी। ज्ञात हो कि अंकित ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से सत्र 2017-20 में कला स्नातक की उपाधि ली है व हिन्दू छात्रावास के अंतेवासी रहे है।
इस मौके पर अभाविप काशी प्रांत मीडिया संयोजक अभिनव मिश्र, वरिष्ठ छात्रनेता नीतेश भट्ट, अभिषेक द्विवेदी, एयू फैमिली के ऋतिक महरोत्रा सहित दर्जनों के अपनी खुशी जाहिर की है।

# विकास निगम बने पासी धर्मशाला समिति के महामंत्री



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** पासी धर्मशाला संचालन समिति पंडिला में रिक्त पड़े हुए तीन पदों (अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष) के लिये रविवार को पंडिला पासी धर्मशाला में हुये चुनाव में जिसमें जिले के पासी समाज के लोग उपस्थित रहे उन सब के बीच वोट के माध्यम से चुनाव कराया गया । जिसमें पंचम लाल सरोज अध्यक्ष व विकास निगम महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष पद पर अरुणेंद्र कुमार चुने गये तथा चुनाव कार्यक्रम की अध्यक्षता अमित शास्त्री (असिस्टेंट कमिश्नर राज्य कर विभाग) एवं चुनाव अधिकारी यस पी सिंह व रमेश कुमार एडवोकेट रहे । महामंत्री पद पर चुने गये करनाईपुर निवासी व पूर्व सदस्य जिला पंचायत विकास निगम ने अपने समाज के लोगों को धन्यवाद देते हुये कहा कि आप लोगो ने जो जिम्मेदारी दी उसे पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा । विकास निगम के महामंत्री बनने पर क्षेत्रीय लोगों में खुशी की लहर है इस मौके पर दिलीप केसरवानी, एसपी सिंह, राहुल सरोज, राम सिंह सरोज, विजय सरोज, राम सजीवन प्रधान, सत्यनारायण यादव व पंधारी समेत काफी लोग रहे।

# प्रयागराज में पर्यटकों के लिए बनेगी टैंट सिटी,स्लीपिंग पॉड भी होंगे तैयार



**प्रयागराज।** महाकुम्भ-2025 के लिए प्रयागराज में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए टेंट सिटी तैयार हो रही है। साथ ही टेंट सिटी परिसर में स्लीपिंग पॉड भी बनाने पर मंथन हो रहा है। प्रयागराज जंक्शन की तरह 400 स्लीपिंग पॉड बनाने पर पर्यटन विभाग विचार कर रहा है। मेला के दौरान स्लीपिंग पॉड का संचालन ट्रिपल पी मॉडल पर होगा। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने बताया कि परेड में परंपरागत टेंट सिटी का निर्माण किया जा रहा है। दो हजार की टेंट सिटी में अभी तक 1600 की बुकिंग हो चुकी है।
400 स्लीपिंग पॉड निर्मण के लिए निविदा प्रक्रियाधीन है। स्लीपिंग पॉड बनाने के लिए एजेंसियों के प्रस्ताव भी आए हैं। झूंसी में प्रस्तावित टेंट सिटी में भी स्लीपिंग पॉड बनाने की योजना है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी के अनुसार स्लीपिंग पॉड आधुनिक सुविधाओं वाला कैप्शूल है। पॉड में यात्री के आराम से सोने के साथ ही अपने आवश्यक कार्यो को भी पूरा करने की सुविधाएं होंगी। पूरी तरह वातानुकूलित इन पॉड में चार्जिंग और पेयजल की सुविधा भी रहेगी।

## श्रद्धालुओं के लिए अंतरराज्यीय बसों का किया जाएगा संचालन

**प्रयागराज।** महाकुम्भ के दौरान यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यूपी रोडवेज के साथ-साथ उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के प्रमुख शहरों से भी सीधी बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी।
दो महीने तक चलने वाले मेले के लिए प्रयागराज अंतरराज्यीय बसों के संचालन का प्रमुख केंद्र बन जाएगा। अंबाला, कुरुक्षेत्र, करनाल (हरियाणा), हल्द्वानी, हरिद्वार (उत्तराखंड), अलवर, जयपुर, भरतपुर (राजस्थान) सहित दिल्ली और चंडीगढ़ से भी प्रयागराज के लिए सीधी बस सेवाएं शुरू होंगी। इसके अलावा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश से भी बसें चलने की संभावना है।
दूसरे राज्यों से आने वाली बसों के परमिट की प्रक्रिया शासन स्तर पर तेजी से चल रही है। इन तैयारियों को लेकर रविवार को यूपी रोडवेज के एएमडी रामसिंह वर्मा ने क्षेत्रीय कार्यालय में बैठक की। यूपी रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी ने बताया कि विभिन्न राज्यों से आने वाली बसें प्रयागराज के लिए संचालित होंगी। महाकुम्भ के लिए आठ अस्थायी बस स्टेशन तैयार किए हैं।

# बिरहा सम्राट हैदर अली जुगुनूँ का श्रद्धांजलि समारोह सम्पन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** विकास खंड बहरिया क्षेत्र के मिझूरा गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार को अमर लोक गीत बिरहा अखाड़ा के तत्वाधान में स्मृतिशेष हैदर अली जुगुनूँ का बारहवीं पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उनके प्रथम शिष्य मोहन लाल मौर्य के नेतृत्व में उच्चकोटि के सैकड़ों महिला व पुरुष बिरहा गायक कलाकारों ने अपने गीत के माध्यम से अपने गुरु हैदर अली जुगुनूँ के गुणों का ब्यख्यान किया और उन्हे अपने बीच से जल्दी चले जाने पर दुःख प्रकट किया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा0 जय कुमार पटेल (रोबिल चैरिटेबुल मानव सेवा संस्थान दोनइया) रहे ।
डाक्टर जय कुमार पटेल ने कार्यक्रम में आये हुये सभी गायक कलाकारों एवं श्रोताओं का आभार प्रकट किया । कार्यक्रम का संचालक वीरेन्द्र पटेल ने किया । उक्त समारोह में हरिशचन्द्र पटेल सरगम, शिवबाबू मधुकर, जंगबली यादव, आशीष यादव, अंसार अहमद गाजीपुर, दीप माला, विजयलाल हैदर अली के हारमोनिया वादक, जगदीश प्रसाद ढोलक वादक आदि रहें।

# प्रयागराज में पत्नी को पढ़ाया, नौकरी मिली तो पति को छोड़ा,कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** पति ने पत्नी को मेहनत से पढ़ाया। अब नौकरी मिलने के बाद जिंदगी बदली तो अफसर बनी पत्नी का मोहभंग हो गया। उसने आधार कार्ड में पति की जगह पिता का नाम लिखवा दिया। अब यह यह मामला खास चर्चा में है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार धूमनगंज थाना क्षेत्र के देवघट झलवा के रहने वाले जमाल उर्फ जमालुद्दीन की तहरीर पर कोर्ट के आदेश पर एफआईआर हुई है। जमाल मूल रूप से मऊ चित्रकूट के रहने वाले हैं। वह प्रयागराज में बस गए हैं। उन्होंने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अगस्त 2008 में उसकी शादी मुस्लिम रीति रिवाज से स्पृहा उर्फ आयशा से हुई थी। हम लोग की लव मैरिज थी। जमाल का कहना है कि शादी के बाद उन्हें और उनकी पत्नी को घर से निकाल दिया गया। ऐसे में वह पत्नी आयशा के साथ उसी के घर पर रहने लगा।
जमाल का कहना है कि आयशा को उसने अपनी जमा पूंजी से पढ़ाया। वह तब प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करती थी। 2022 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कनैली कौशांबी में स्पृहा को सीएचओ के पद पर नौकरी मिल गई। नौकरी मिलने के बाद उसकी पत्नी के स्वभाव और विचारों में बदलाव आने लगा। धीरे-धीरे वह खुले विचारों वाली हो गई।
पति का आरोप है कि उसकी पत्नी का एक युवक से नजदीकी बढ़ने लगी। आरोप है कि इसके बाद मुझसे उपेक्षित, अपमानजनक व्यवहार करने लगी। नौकरी मिलने के बाद पत्नी ने चुपके से आधारकार्ड में पति की जगह पिता का नाम दर्ज करा दिया। नौकरी में दिए गए दस्तावेजों में उसने खुद अविवाहित दर्शाया। फर्जी प्रपत्रों के जरिए नौकरी पा ली।
पति कि कहना है कि पत्नी के इस प्रकार के व्यवहार से आजिज आकर वह पुलिस के पास गया फिर अदालत का रुख किया। मामले में धूमनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई है। इंस्पेक्टर अमरनाथ राय का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर एफआईआर कर विवेचना कराई जा रही है। पति--पत्नी का बयान दर्ज किया जाएगा।

# विवाहिता ने फांसी लगा कर दी जान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**झूंसी।** झूंसी थाना क्षेत्र में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया । सुबह परिजन ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस शव फंदे से उतार कर कब्जे में लेकर पीएम हाउस भेज दिया ।
प्राप्त जानकारी के मुताबिक संध्या श्रीवास्तव पत्नी वैभव श्रीवास्तव उम्र 30 वर्ष निवासी लेखराजपुर सोमवार की रात में कमरे में लगे पंखे में रस्सी बाध कर आत्महत्या कर लिया ससुराल वालों ने सुबह देखा तो मायके वालों को और झूंसी थाने की पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को फंदे से उतार कर कब्जे में ले लिया और लिखा पढ़ी कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
बताया गया कि मृतका का मायका सराय ममरेज थाना सराय ममरेज है आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया। बताते चले कि मृतका के एक सात वर्ष का बेटा है।

# रेल कर्मचारी ने कर्जन ब्रिज से छलांग लगा कर दी जान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** रेलवे विभाग में ऑफिस सुपरिटेंडेंट के पद पर कार्यरत कर्मचारी न् कर्जन ब्रिज से छलांग लगा दी। पुलिस उन्हें अस्पताल ले जा रही थी कि रास्ते में उनकी मौत हो गई। परिवार के लोग भी उनके इस कदम से हैरान हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार फाफामऊ थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध का पूरा निवासी सतीश कुमार त्रिपाठी (34) पुत्र रामबोध त्रिपाठी सूबेदारगंज रेलवे ऑफिस में सुपरिटेंडेंट के पद पर काम करते थे। वह सोमवार को सुबह ड्यूटी जाने के लिए घर से निकले थे। फाफामऊ कर्जन पुल पर बाइक खड़ी करके नीचे कूद गए। यह देख पुल पर से गुजर रहे लोगों ने शोर गुल मचाना शुरू कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को भी दी गई।बालू में गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें अस्पताल में ले जा रही थी। रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इसकी सूचना परिजनों को दी गई। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। वह पांच भाई और एक बहन में चौथे नंबर पर थे। पत्नी सीटू त्रिपाठी को एक वर्ष पूर्व जुड़वा बेटे पैदा हुए हैं। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है। परिजन मौत का कारण नहीं बता पा रहे हैं।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार को रौंदा, मासूम बच्चे की मौत, तीन गंभीर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** यमुनानगर के नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित बांध रोड, अरैल इलाके में रविवार की देर शाम तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में विवाहिता समेत अन्य लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची नैनी पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए स्वरूप रानी अस्पताल भेज दिया। जहां इलाज के दौरान तीन साल के मासूम बच्चे ने दम तोड़ दिया। जबकि अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। मौके पर पुलिस ने स्कार्पियो को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नैनी के अरैल बांध रोड पर रविवार देर शाम बाइक से रवि भारतीय (17) पुत्र राजेन्द्र भारतीय निवासी बलापुर थाना घूरपुर, नितिन (25) पुत्र हरिओम निवासी लालापुर व मोना (24) पत्नी नितिन व तीन माह का आरव पुत्र नितिन को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। जिससे चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के दौरान सभी जमीन में गिरकर तड़पने लगे।वहीं राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगो की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी हॉस्पिटल ले गए। जहां नितिन, मोना व आरव की हालात ज्यादा खराब होने पर उन्हें स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भेज दिया गया। जहां देर रात इलाज के दौरान तीन माह के मासूम आरव की मौत हो गई, जबकि नितिन व मोना को गंभीर हालत में एसआरएन व रवि का नैनी स्थित हॉस्पिटल मे इलाज चल रहा है। पुलिस कार सवार की तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि हादसा नैनी के पुराने व नए पुल के बीच में हुआ है।

# क्रिकेट में योगदान के लिए यूके मिश्रा हुए सम्मानित



**प्रयागराज।** शहर में क्रिकेट को बढ़ावा देने का कार्य करने वाले खेलगांव पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉ. यूके मिश्रा को इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन ने उनके योगदान के लिए सम्मानित किया।
एसोसिएशन के निदेशक आरपी भटनागर ने खेलगांव पब्लिक स्कूल पहुंचकर डॉ. यूके मिश्रा को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। श्री भटनागर ने जिम्नास्टिक के साथ-साथ अन्य खेलों, विशेषकर क्रिकेट का विकास करने के लिए खेलगांव पब्लिक स्कूल में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की सराहना की। डॉ. मिश्रा ने भी आरपी भटनागर का आभार जताया एवं भविष्य में खेलगांव पब्लिक स्कूल की तरफ से हर सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान इलाहाबाद उच्च न्यायालय की अधिवक्ता व इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की निदेशक डॉ. जूली ओझा और एसीए के सहायक संयोजक (मीडिया) खुर्शीद अहमद भी मौजूद रहे। आरपी भटनागर ने डॉ. यूके मिश्रा से दोनों का परिचय कराया।

# तालाब की रखवाली कर रहे दंपति का घर बदमाशों ने घेरा

**फूलपुर।** थाना अंतर्गत कुतुबपुर गांव निवासी राम तवंकल बिन्द जो गांव के पास मुबारकपुर रोड के किनारे बने तालाब में मत्स्य पालन का काम करता है। बीती रात तालाब के पास बने कमरे में लेटे थे। तभी रात दस बजे अज्ञात बदमाश बाइक से आए और बाहर रखी कुर्सिया तोड़ डाले। तत्पश्चात कमरे का दरवाजा तोड़ने का काफी प्रयास किया। इस बीच राम तवंकल की पत्नी ने दीवाल के धुनके से गांव वालों को चिल्लाकर गुहार लगाई। तब कुतुबपुर के ग्रामीण दौड़कर आने लगे तब बदमाश जान से मारने की धमकी देते हुए बाइक से भाग निकले। राम तवंकल ने बताया कि ग्रामीणों के चले जाने पर बदमाश दोबारा लौटे और धमकी देते चले गए। मामले की तहरीर थाने पर देकर एफ आई आर दर्ज करने और बदमाशों की छानबीन करने की मांग की

# नेशनल इण्टर कालेज, कृषक इण्टर कालेज, रियाज इण्टर कालेज व महेश्वरी प्रसाद इण्टर कालेज की टीम ने जीत की दर्ज

**▶▶ अंतर विद्यालयीय क्रिकेट टूर्नामेंट में खिलाड़ियों और गुरुजनों ने जाहिर की खुशी**




लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, कौशाम्बी।** डॉ0 ए.एच. रिजवी पी. जी. कॉलेज करारी, कौशाम्बी के प्रबंधक श्रीमान कर्रार हुसैन रिजवी के मार्गदर्शन में जिले में खेल को बढ़ावा देते हुए, दिनांक 15 अक्टूबर 2024 से महाविद्यालय के मैदान में अंतर विद्यालयीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है। महाविद्यालय के खेल समन्वयक डॉ0 मोहित त्रिपाठी एवं महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. मदन मोहन मिश्र ने बताया कि आज प्रतियोगिता के सातवें दिन सोमवार को चार मैच खेले गए। आज का प्रथम मैच सुबह 09:30 बजे से नेशनल इंटर कॉलेज,भरवारी एवं देवशरण इंटर कॉलेज, देवरा के बीच रिजवी कॉलेज के मैदान में खेला गया। देवशरण इंटर कॉलेज, देवरा के कप्तान हर्ष द्विवेदी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में 7 विकेट खोकर 76 रन बनाये और जीत के लिए 77 रनों का लक्ष्य रखा स नेशनल इंटर कॉलेज, भरवारी ने आठ ओवर में 6 विकेट पर 77 रन बनाते हुए पांच विकेट से मैच जीत लिया स नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी के अनुराग कुमार को उनके उत्कृष्ट खेल के लिए मैच के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश सक्सेना ने मैन ऑफद मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया, जिन्होंने 27 रन बनाये और 3 विकेट लिए। आज का दूसरा मैच महादेव प्रसाद मौर्य इंटर कॉलेज, सेलरहा एवं कृषक इंटर कॉलेज, हिनौता के बीच खेला गया स महादेव प्रसाद मौर्य इंटर कॉलेज, सेलरहा, के कप्तान अनमोल ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। कृषक इंटर कॉलेज, हिनौता ने पहले बल्लेबाजी करते हुए, आठ ओवर में 5 विकेट खोकर जीत के लिए 84 रनों का लक्ष्य रखा स जवाब में महादेव प्रसाद मौर्य इंटर कॉलेज, सेलरहा कौशाम्बी 8 विकेट खोकर 33 रन ही बना सकी स कृषक इंटर कॉलेज, हिनौता ने 50 रनों से मैच जीत लिया स कृषक इंटर कॉलेज, हिनौता के अनुज कुमार को उनके उत्कृष्ट खेल के लिए मैच के मुख्य अतिथि डॉ. अशरफ अब्बास (सहायक आचार्य एवं विभागाध्यक्ष जंतु विज्ञान) के द्वारा मैन ऑफद मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया, जिन्होंने 18 बॉल में 38 रन बनाए। आज का तीसरा मैच महंगाव इंटर कॉलेज, महगांव एवं रियाज इंटर कॉलेज, उखैयाखास के बीच खेला गया। रियाज इंटर कॉलेज, उखैयाखास के कप्तान मुदस्सिर अहमद ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया स महंगाव इंटर कॉलेज, महगांव ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में 6 विकेट खोकर जीत के लिए 77 रनों का लक्ष्य रखा स जवाब में रियाज इंटर कॉलेज, उखैयाखास करारी, कौशाम्बी ने 77 रन बनाकर 5 विकेट से मैच जीत लिया स रियाज इंटर कॉलेज, उखैयाखास करारी, कौशाम्बी के प्रतिष्ठ कुशवाहा को उनके उत्कृष्ट खेल के लिए मैच के मुख्य अतिथि डॉ. मुकुंद देव द्विवेदी (मुख्या अनुशासन अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग) के द्वारा मैन ऑफद मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया, जो 17 रन बनाकर नॉट आउट रहें। आज का चौथा मैच दिलीप सिंह इंटर कॉलेज, बाकरगंज एवं महेश्वरी प्रसाद इंटर कॉलेज, अलामचंद के बीच खेला गया। महेश्वरी प्रसाद इंटर कॉलेज अलामचंद के कप्तान सुरेंद्र कुमार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में 3 विकेट खोकर जीत के लिए 98 रनों का लक्ष्य रखा स जवाब में दिलीप सिंह इंटर कॉलेज, बाकरगंज कौशाम्बी 72 रन ही बना सकी स महेश्वरी प्रसाद इंटर कॉलेज अलामचंद कौशाम्बी के सुरेंद्र कुमार को उनके उत्कृष्ट खेल के लिए मैच के मुख्य अतिथि डॉ. कैप्टन अबू तल्हा अंसारी (वरिष्ठ आचार्य एवं विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान) के द्वारा मैन ऑफद मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिन्होंने दो ओवर में तीन विकेट लिए और 56 रन बनाकर अपनी टीम को 25 रनों से जीत दिलाया। मैच के बीच समय निकालकर सभी युवा खिलाड़ियों और गुरुजनों ने महाविद्यालय परिसर का भ्रमण किया स महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों को पठन पाठन एवं खेलकूद हेतु मिल रही सुविधाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां खेलते हुए हम सभी को बहुत अच्छा लगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी विद्वान शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# चोरी के मोटरसाइकिल के साथ आरोपी गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक संजय कुमार राय मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त वाहन चेकिंग के दौरान साहिद निवासी मोहल्ला चक नगर द्वितीय कस्बा व थाना मंझनपुर को तत्रापर कस्बा मंझनपुर से 01 अदद चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

## चोरी के मोबाइल के साथ वांछित गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस उ0नि0 प्रमेश कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित रचित कुमार पासी निवासी अर्का फतेहपुर थाना करारी हाल पता ग्राम मितवापुर थाना संदीपनघाट को गुंगवा के बाग के पास से गिरफ्तार किया गया।

## वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना संदीपनघाट पुलिस उपनिरीक्षक विजेन्द्र सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अफरोज अहमद निवासी मितुवापुर थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार किया गया। थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उ0नि0 मान सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी चन्द्रभान सिंह निवासी भगवतपुर थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 47 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 01 वाहन सीज किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 12 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना चरवा से 01,
थाना कड़ाधाम से 06, थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से 04, थाना करारी से 01) कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

# पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीदों को किया गया नमन



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुए पुलिस जनों की याद में आज प्रातः 08:00 बजे पुलिस लाइन्स परिसर स्थित शहीद स्मारक स्थल पर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस स्मृति दिवस परेड आयोजित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। परेड में सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक द्वारा स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक उत्तर-प्रदेश पुलिस द्वारा प्रेषित संदेश एवंगत वर्ष उत्तर-प्रदेश पुलिस के 02 शहीद पुलिस कर्मियों के कर्तव्य का विवरण पढ़कर सुनाया गया। तत्पश्चात शहीद स्मारक पर पुलिस अधीक्षक महोदय समेत सभी पुलिस कर्मियों द्वारा रीत श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इसी क्रम में सम्मान गार्द द्वारा बिगुल ध्वनि के साथ शोक परेड आयोजित करते हुए सलामी दी गयी तथा शहीदों की याद में 02 मिनट मौन रहकर नमन किया गया। इस अवसर पर कौशाम्बी जनपद में निवास करने वाले कर्तव्य के दौरान शहीद हुए पुलिस कर्मियों के पारिवारिक जनों को अंगवस्त्र भेंट कर संवेदना प्रकट की गयी तथा शहीदों के परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया। पुलिस स्मृति दिवस परेड समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन अभिषेक सिंह, क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा, क्षेत्राधिकारी चायल मनोज कुमार रघुवंशी, प्रतिसार निरीक्षक कौशाम्बी सहित जनपद के अनेक पुलिस कर्मियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# निर्धन और असहाय लोगों का सहारा बनेगा लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम कार्यालय- अनुपम कुमार

**● जनपद न्यायालय कौशाम्बी परिसर में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के कार्यालय का हुआ उद्घाटन**



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम कुमार के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय में लंबित आपराधिक प्रकरणों में शीघ्र न्याय एवं विचारण हेतु जिला मुख्यालय कौशाम्बी में लीगल एड डिफेंस कांउसिल सिस्टम के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन मा. जनपद एवं सत्र न्यायाधीश कौशाम्बी श्री अनुपम कुमार के कर कमलों द्वारा अपर जिला न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पूर्णिमा प्रांजल व अन्य समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं अधिवक्तागण की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायालय, कौशाम्बी में लीगल एड डिफेंस कांउसिल सिस्टम कार्यालय की स्थापना राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति महिलाओं तथा निराश्रृत वर्ग के लोगों, बच्चों व जेल में बन्द कैदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने की दृष्टि से की गई है। जिसका कार्य संचालन चीफ लीगल एड. डिफेंस काउन्सिल अमित कुमार मिश्र के निर्देशन में सम्पन्न किया जा रहा है। लीगल एड डिफेंस कांउसिल सिस्टम में अख्तर अहमद खान (डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेस काउन्सिल), अंकित एवं तिलक नारायण (अस्सिटेंट लीगल एड डिफेंस कान्सिल) की नियुक्ति हुई है जिन्होंने अब तक अनेक बदियों को गुणवत्ता पूर्ण व व्यवसायिक दक्षता से परिपूर्ण विधिक सहायता उपलब्ध कराई है। इस कार्य से राज्य के लोक कल्याणकारी दायित्व की पूर्ति करने में सहायता प्रदान की जा रही है। इस प्रणाली के माध्यम से जेल में निरूद्ध बंदियों, महिलाओं एवं बालकों तथा ऐसे व्यक्ति जो आपराधिक मामलों में अपने लिये अधिवक्ता नियुक्त करने में सक्षम नहीं हैं उनके विचारण प्रकरणों में प्रतिरक्षा करने हेतु इस सिस्टम के माध्यम से अनुभवी अधिवक्ता प्रदान किए जाते हैं जिससे जेल में निरूद्ध बंदियों, महिलाओं एवं बालकों को उचित न्याय मिल सके तथा प्रकरण का शीघ्र निराकरण किया जा सके। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुपम कुमार ने लीगल एड डिफेंस कांउसिल्स को अपने कार्य को कुशलता पूर्वक करने के लिए प्रेरित व उत्साहित करते हुए कहा कि लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम कार्यालय निश्चित रूप से निर्धन और असहाय लोगों का सहारा बनेगा और पीड़ितों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। इस सिस्टम से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति से मुझे पूरा विश्वास है कि वे अपने उत्तरदायित्व का पूर्ण निर्वहन करेंगे और अधिक से अधिक लोगों को न्याय दिलाने का कार्य करेंगे। अपर जनपद न्यायाधीशध्सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती पूर्णिमा प्रांजल ने जानकारी देते हुए बताया कि लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण किसी भी नागरिक को न्याय हासिल करने से वंचित नहीं किया जा सके ताकि कानूनी प्रणाली का संचालन सभी के लिए समान अवसर के आधार पर हो। सिस्टम के द्वारा बचाव पक्ष को गिरफ्तारी के पूर्व रिमाण्ड एवं बेल के स्तर पर, विचारण व अपील आदि की कार्रवाई में निरूशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने आमजन-मानस से अपील किया कि निरूशुल्क एवं सक्षम कानूनी सेवाओं के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी में नियुक्त लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स से सम्पर्क कर इसका लाभ उठाएं। इस अवसर पर मॉडल डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के सम्मानीय अध्यक्ष एडवोकेट राकेश जायसवाल व महामंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी व कोषाध्यक्ष रामसागर द्विवेदी, तथा अधिवक्तागण राजकिशोर शुक्ला एडवोकेट, संदीप अवस्थी, संदीप द्विवेदी, अंकित त्रिपाठी, उपेन्द्र नाथ शुक्ल, शिवेन्द्रधर द्विवेदी उपस्थित रहें।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत दी गई हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी चायल द्वारा उदय राज सिंह इंटर कॉलेज थाना सरायकिल में व जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, गांव,विद्यालय व कस्बा में भ्रमण करध्चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना महेवा घाट के चौकी हिनौता में ग्राम अढौली में चल रहे मेले में, थाना मो0पुरपैंसा द्वारा जनता इंटर कॉलेज पहाड़पुर में, थाना कोखराज द्वारा कस्तूरबा गांधी राजकीय इंटर कॉलेज में , महिला थाना द्वारा प्राथमिक विद्यालय मलाक पिंजरी में , थाना मंझनपुर द्वारा क्षेत्र में भ्रमण शील रहकर, थाना पिपरी द्वारा तिलहापुर मोड पर रहकर , थाना सरायकिल द्वारा कनेली चौकी क्षेत्र में उदय राज सिंह इंटर कॉलेज में , थाना कड़ाधाम क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर चौपाल लगाकर व इंटर कॉलेज देवीगंज में कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियोंध्महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉलध्पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

# बदलते मौसम में गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित निराश्रित गोवंश एवं पशुपालकों द्वारा पाले जा रहें पशुओं के खान-पान व रख-रखाव में दिया जाय विशेष ध्यान

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने शासन के निर्देशानुसार बदलते मौसम में गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित निराश्रित गोवंश एवं पशुपालकों द्वारा पाले जा रहे पशुओं के खान-पान व रख-रखाव में विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दियें हैं। अस्थाई गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशी तथा पशुपालकों द्वारा पाले जा रहें पशुओं के प्रबन्धन एवं खान-पान के सम्बन्ध में प्रमुख दिशा-निर्देश दिये गये है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी गो-आश्रय स्थलों में क्षमता के अनुरुप ही गोवंश संरक्षित किये जाय, यदि किसी गो-आश्रय स्थल में क्षमता से अधिक गोवंश हैं, तो उन्हें अन्य गो-आश्रय स्थलों में स्थानांतरित किया जाय अथवा गो-आश्रय स्थलों में अतिरिक्त शेड निर्माण कर क्षमता विस्तार किया जाय। गोवंश को आहार में दिये जा रहें चारे विशेषकर चरी तथा सूडान ग्रास की फसल में पानी की कमी के कारण हाइड्रोसाइनिक एसिड तथा नाइट्राइट विषाक्तता होने की प्रबल सम्भावना रहती है, चरी के खेत में समय-समय पर पर्याप्त सिंचाई की जाय। हरे चारे की फसल के खेत में यूरिया की टाप ड्रेसिंग की गयी हो या यूरिया डाला गया हो उस खेत के हरे चारे का उपयोग सिंचाई के उपरान्त कम से कम एक दिन बाद ही खिलाने में प्रयोग किया जाय। पशुओं को मात्र हरा चारा न खिलाया जाय, भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर, बरली द्वारा दी गई एडवाइजरी के अनुसार यह उचित होगा कि पशुओं के आहार में 20 प्रतिशत हरे चारे के साथ 80 प्रतिशत गेहूं के भूसे को मिलाकर खिलाया जाय, जिससे नाइट्राइट तथा हाइड्रोसाइनिक एसिड की विषाक्तता का प्रभाव न्यूनतम हो। हरे चारे की फसल को काटने के उपरान्त एक दिन खेत में छोडने के बाद ही कुट्टी काटकर खिलाने के लिए प्रयोग में लाया जाय तथा हरे चारे को 6-8 घंटे (ऋतु अनुसार) से अधिक स्टोर न किया जाय। हरे चारेध्भूसे से अनजानध् विशिष्ट प्रकार गंध आने पर प्रयोग न किया जाय। सूखे से प्रभावित अथवा हरे चारे की फसल जिसमें काफी समय से सिंचाई न की गई हो, ऐसे चारे को पर्याप्त सिंचाई करने के दो तीन दिन के उपरान्त ही पशुओं को काटकर खाने के लिए दिया जाय तथा हरे चारे को सूखे भूसे के साथ मिश्रित करके ही खिलाया जाय, जिसमें साइनाइड विषाक्तता का प्रभाव न पड़े। समस्त उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारीध् पशु चिकित्साधिकारियों द्वारा सूखे से प्रभावित अथवा सिंचाई रहित चरी के सेवन से पशुओं में सम्भावित सायनायड एवं नाईट्राईट प्वाइजनिंग के उपचार के लिए सोडियम थायोसल्फेटध्मिथिलीन ब्लू तथा खेती में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न पदेमगचमेजपेपकमध्चमेजपेपकम की विषाक्तता के उपचार के लिए चमबपपिब दजपकवकम की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सभी पशु चिकित्सालयों पर सुनिश्चित करा ली जाय। इसके लिए अपनी-अपनी मांग मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को दे दी जाय ताकि तद्नुसार व्यवस्था के लिए कार्यवाही की जा सकें। भीगे हुये तथा नमी युक्त पशुआहार एवं चारे व साइलेज में फफूँद का प्रकोप होने के कारण एफलाटाक्सिन की विषाक्तता होने की सम्भावना रहती है। फफूँद युक्त भूसा तथा पशु आहार गोवंशोंध्पशुओं को न दिया जाय। पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिये धान की पराली का प्रयोग, उसे खेतों से संग्रह कर गो-आश्रय स्थलों में रखा जाय तथा गो-शालाओं में चारे के उपयोग में लाये जाने वाले हरे चारे में पराली की उपयुक्त मात्रा में मिश्रित कर लिया जाय। मानक अनुसार धान की पराली की कुट्टी बनाकर 25 प्रतिशत तक हरे चारे के साथ मिलाकर बैगनेला बीमारी होने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। भीगी हुई पराली को किसी भी दशा में पशुओं को हरे चारे के रुप में न खिलाया जाय। पशुओं के पीने के लिए स्वच्छ जल की व्यवस्था की जाय, हमेशा ताजा जल ही पिलाया जाना उत्तम होगा। पानी की चरही में चूना नियमित रुप से डाला जाय, जिससे गोवंश को स्वच्छ एवं जीवाणु रहित जल के साथ कैल्शियम की भी पूर्ति हो सकें तथा पानी की चरही में शैवाल (काई) न पनपने पाये। वर्षा काल के पश्चात गो-आश्रय स्थलों में जल भराव की समस्या का निराकरण मिटटी की पटाई समतलीकरण तथा जल निकासी के उपाय करके पूर्ण कर लिया जाय (भण्डारित भूसे को भीगने से बचाने के पर्याप्त उपाय किया जाना आवश्यक है। सम्बन्धित गो आश्रय स्थल के संचालक तथा ग्राम पंचायत सचिव द्वारा गोवंशों को दिये जा रहे हरे चारे व अन्य आहार की गुणवत्ता जांच प्रतिदिन की जायें एवं इस सम्बन्ध में प्रभारी उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारीध्पशु चिकित्साधिकारी से भी विचार विमर्श किया जाना आवश्यक है। पशुओंध्गोवशों को प्रत्येक 03 माह पर कृमिनाशक दवा पशु चिकित्साधिकारी की सलाह अनुसार एवं देखरेख में निर्धारित खुराक देकर कराया जाय। शेड तथा पानी की चरही में नियमित रुप से सफाई व्यवस्था व कपेपदमिबजपवद प्रक्रिया सुनिश्चित करायी जाय। गोशालाध्गो-आश्रय स्थल में विद्युत् उपकरण अथवा विद्युत तार गोवंशों की पहुंच से दूर रहें, जिससे विद्युत दुर्घटना से बचाव हो सके। टीकाकरण से वचितध्बचे हुये गोवंशों को गलाघोटू (एच0एस0), लंगडिया (बी0क्यू0) तथा अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण प्राथमिकता पर पशुचिकित्साधिकारियों द्वारा करा लिया जाय। सभी गो आश्रय स्थलों पर रात्रिकालीन गो-सेवक चौकीदार नियुक्त किया जाय। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी एवं समस्त उप म ु ख्य पशुचिकित्साधिकारियोंध्पशुचिकित्साधिकारियों सहित गो-आश्रय स्थल से जुड़े समस्त अधिकारी अपने मुख्यालय पर रात्रि निवास करना सुनिश्चित करें। स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरुप मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए समुचित जानकारी पशुपालकों को उपलब्ध करायी जाय तथा गो-आश्रय स्थलों में बीमारियों का टीकाकरण अवश्य कराया जाय।

# एसपी व एएसपी ने व्यापारियों के साथ की बैठक




लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** शासन एवं उच्चाधिकारी गणों के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी व अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में जनपद के व्यापारी बन्धुओं के साथ बैठक आयोजित कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा व्यापारियों को सुरक्षा व सहयोग का भरोसा दिलाया गया।

# कौशाम्बी में बुद्ध की पावन चरण रेखाओं का स्मरणरू 'चरथ भिक्खवे' सांस्कृतिक यात्रा का आगमन

**करारी, कौशाम्बी।** बौद्ध धर्म के अमर संदेशों का प्रचार-प्रसार करते हुए विश्व शांति और सद्भाव की ज्योति जलाने हेतु निकली 'चरथ भिक्खवे' सांस्कृतिक यात्रा 22 अक्टूबर 2024 को कौशांबी की धरती पर पहुंचेगी। यह सांस्कृतिक यात्रा बुद्ध के उपदेशों को पुनर्जीवित करते हुए समाज में शांति, मैत्री, और करुणा के संदेश को फैलाने का उद्देश्य लेकर चल रही है। सारनाथ से शुरू हुई इस पवित्र यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं, प्रो. सदानंद शाही, जिनके संग साहित्यकार, कवि, लेखक, और संस्कृतिकर्मी समाज के बहुजन हिताय और सुखाय के लिए समर्पित हैं। यात्रा का उद्देश्य और महत्व......यह यात्रा भगवान बुद्ध के उस शाश्वत संदेश पर आधारित है जिसमें उन्होंने अपने भिक्षुओं से कहा था, ÷चरथ भिक्खवे चारिकं बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय,÷ अर्थात ÷भिक्षुओ, बहुजन के हित और सुख के लिए भ्रमण करो।÷ यही संदेश आज के समय में भी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है, जब विभाजन, संघर्ष और अशांति अपने चरम पर हैं। इस सांस्कृतिक यात्रा का प्रमुख उद्देश्य समाज में अहिंसा, करुणा, और सद्भाव के संदेश का विस्तार करना है। यात्रा का हर पड़ाव बुद्ध के उन स्थलों पर होगा, जहां उन्होंने मानवता के कल्याण के लिए अपने उपदेश दिए थे। यात्रा के दौरान विभिन्न



सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें कवि सम्मेलन, विचार गोष्ठियाँ, और संवाद सत्र शामिल होंगे। कौशाम्बी में आगमन और कार्यक्रम 22 अक्टूबर की शाम यह यात्रा कौशांबी में प्रवेश करेगी, और 23 अक्टूबर को घोषिताराम विहार में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें शांति, करुणा और मैत्री पर विशेष चर्चा होगी। सभी स्थानीय नागरिकों से इस पवित्र यात्रा में शामिल होने की अपील की गई है। यह यात्रा न केवल बौद्ध अनुयायियों के लिए है, बल्कि हर उस व्यक्ति के लिए है जो शांति और सद्भाव के सिद्धांतों में आस्था रखता है। यात्रा के मुख्य पड़ाव.........सारनाथ से आरंभ होकर यह यात्रा बोधगया, नालंदा, राजगीर, वैशाली, केसरिया, कुशीनगर, लुम्बिनी, कपिलवस्तु, श्रावस्ती और कौशांबी होते हुए पुनः सारनाथ में समाप्त होगी। हर पड़ाव पर बुद्ध के अमर संदेशों का प्रचार होगा, जिससे मानवता को करुणा और मैत्री का मार्ग दिखाया जाएगा। यह यात्रा न केवल बुद्ध के पदचिन्हों का अनुसरण करती है, बल्कि आत्मचिंतन और वैश्विक सौहार्द की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

'चरथ भिक्खवे' यात्रा बुद्ध के शांति, करुणा, और सह-अस्तित्व के संदेश को आज के समाज में पुनः जीवंत कर रही है। बुक योर न्यू टीचर डिजिटल कम्युनिटी के क्यूज प्रतियोगिता में सरस्वती शिक्षण संस्थान के छात्रों ने मारी बाजी बारा कौशाम्बी। बुक योर न्यू टीचर डिजिटल कम्युनिटी के ऑनलाइन क्यूज प्रतियोगिता में सरस्वती शिक्षण संस्थान के छात्रों ने मारी बाजी इस प्रतियोगिता में चयनित हुए उच्च स्तरीय प्रतियोगिता में सरस्वती इंटर कालेज की छात्रा अंशिका ने तीसरा स्थान,अजय कोटार्य ने चौथा स्थान ,रक्षा मिश्रा ने पांचवां स्थान,आर्यन यादव ने सातवां स्थान और जया पाल ने नौवा स्थान प्राप्त किया।सभी चयनित प्रतिभागियों को बुक योर न्यू टीचर टीम द्वारा छात्रों को सार्टिफिक्रेट विद्यालय समिति द्वारा चयनित प्रतिभागियों को देकर सम्मानित किया गया।यह क्यूज प्रतियोगिता प्रत्येक माह की 13 तारीख को ऑनलाइन आयोजित की जाएगी , यह प्रतियोगिता सरस्वती शिक्षण संस्थान विजिया चौराहा में प्रथम बार आयोजित हुई थी।जिसमे छात्र छात्राओं सहित अध्यापक अध्यापिकाओं में उत्साह दिखा ।वही प्रबंधक राजेश सिंह ने बताया इस प्रकार की प्रतियोगिता से बच्चों में उत्साह दिखता है और इसके परिणाम प्रभावी होते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### आपकी रंजिस में चली गोली हुआ घायल



**प्रतापगढ़** –जनपद के कोतवाली देहात अंतर्गत प्रयागराज अयोध्या राजमार्ग स्थित राजगढ़ में सड़क किनारे बाइक सवार तीन युवकों ने साहिल सिंह पुत्र संतोष सिंह निवासी राजगढ़ को तमंचे से गोली मारकर घायल कर दिया ।जिससे मौके पर अफरा तफरी का माहौल व्याप्त हो गया । मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल अवस्था में साहिल सिंह को जिला अस्पताल भेजा गया । सीओ सिटी कोतवाली देहात इंचार्ज अभिषेक सिरोही व भुपियामऊ चौकी इंचार्ज राहुल सहित पुलिस बल मौके पर मौजूद है ।पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है

### दिब्यांग बच्चों को विद्यालय जाने के लिए प्रेरित करें अभिभावक



**रानीगंज (प्रतापगढ़)** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों का परामर्श कार्यक्रम बी आर सी केंद्र रानीगंज पर सोमवार को आयोजित हुआ। बैठक संतोष कुमार श्रीवास्तव खंड शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुई। जिसमें दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों से बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा जो योजनाएं संचालित की जा रही है उनके बारे में बताया गया साथ ही दिब्यांग बच्चों के अभिभावकों से यह अपील की गई कि प्रतिदिन वह विद्यालयों में अपने बच्चों को भेजें जिससे विभागीय लाभ प्राप्त कर सकें और दिब्यांग बच्चों का प्रमाण पत्र भी बनवा सके बैठक में दीवांग टीचर रामसूरत यादव सुमन एवं बृजेंद्र तथा सत्य प्रकाश पांडे अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ उपस्थित रहे।

### मानव उद्धार के लिए संजीवनी है, श्रीमद्भागवत - पं रामशिरोमणि



**घुइसरनाथ धाम प्रतापगढ़–** श्रीमद्भागवत भगवान श्रीकृष्ण का स्वरुप है। भागवत का प्रत्येक श्लोक मानव जीवन के उद्धार के लिए संजीवनी स्वरुप है। यह बातें सांगीपुर क्षेत्र के पूरे तुला उपाध्यायपुर गांव में कैलाशनाथ उपाध्याय के संयोजन में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास भागवतभूषण पं रामशिरोमणि पांडेय जी महराज ने कही।उंहोने भागवत महात्म्य का संक्षिप्त वर्णन करते हुए कहा कि इस अनमोल मानव जीवन को सार्थक बनाने के लिए भागवत कथा का श्रवण और अनुश्रवण करना चाहिए। ईश्वर की भक्ति में निष्काम होना आवश्यक है। निष्काम पूजन से ही ईश्वर मोक्ष का द्वार खोलता है। कथा व्यास ने इच्वाकुवंश की कथा का सारगर्भित वर्णन करते हुए भगवान श्रीराम के जन्म के उद्देश्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। श्रीराम जन्म व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का अद्भुत वर्णन किया। कथा के दौरान आध्यात्मिक भजनों की धुनि पर श्रोता भावविभोर नजर आये । मुख्य यजमान कैलाशनाथ उपाध्याय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।इस मौके पर कृष्णपाल, सूर्यपाल उपाध्याय, शम्भूनाथ, संदीप उपाध्याय, शिवप्रसाद तिवारी,अनूप, राजेन्द्र उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### न्यायाधीश के पिता के निधन पर शोक श्रद्धांजलि



**प्रतापगढ़।** डॉ अमित मौर्य सिविल जज फिरोजाबाद, के पूज्य पिता रामचंद्र मौर्य का आकस्मिक निधन होने पर निज आवास ग्राम सरांय दुर्गा दास, राजा बाजार जौनपुर पहुँच कर शोक संवेदना व्यक्त की गई। हरिश्याम मौर्य एडवोकेट ने बुद्ध वंदना, त्रिशरण तथा पंचशील का वाचन कराया। मृतक आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। आलोक कुशवाहा प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय युवा कुशवाहा महासभा उत्तर प्रदेश ने बाबूजी को बताया कि बहुत दूरदर्शी होने के कारण अपने बेटा को बीएचयू में दाखिला कराया। एलएलबी, एलएलएम करने के उपरांत कानून में पीएचडी भी किया। आज बेटा जज बनने के बाद, बाबूजी का सबको छोड़ कर जाना बहुत ही दुखद है। इस अवसर पर, बलराम मौर्य वरिष्ठ समाजसेवी, अमर गढ़ पट्टी विजय मौर्य शिक्षक, मनोज मौर्य अध्यक्ष तहसील पट्टी, अखिल भारतीय युवा कुशवाहा महासभा, पन्ना गौड़, प्रदीप मौर्य एडवोकेट हाईकोर्ट इलाहाबाद आदि उपस्थित रहें।

### रानीगंज में 27 अक्टूबर को होगा भरत मिलाप



**रानीगंज ( प्रतापगढ़)** विगत पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी 27 अक्टूबर को रानीगंज बाजार में भरत मिलाप का आयोजन किया गया है। बैठक में सभी दलों के चौकी मेंबर एवं डीजे मेंबर के साथ राजस्व विभाग,स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग व पुलिस प्रशासन के लोग उपस्थित रहे।सोमवार को हुई नगर पंचायत की बैठक में पूर्व विधायक धीरज ओझा, मीडिया अध्यक्ष बच्चा मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष पति बद्री प्रसाद गुप्ता, थानाध्यक्ष आदित्य सिंह,राजेश उमरवैश्य रामलीला मेला अध्यक्ष समेत रानीगंज के ब्यापारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि रामदल, भरत दल, हनुमान दल व शंकर दल अपनी अपनी झांकी सोहार्द पूर्वक निकालेंगे। मेला में सुरक्षा ब्यवस्था की चाक चौबंद ब्यवस्था रानीगंज पुलिस द्वारा की जाएगी।

# हर संकट में भक्त की रक्षा करते हैं भगवान- रामभद्राचार्य

**▶▶चौथे दिन गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, ध्रुव व प्रहलाद की कथा का किया वर्णन**
**▶▶अयोध्या के श्रीराम लला केस के बारे में दी जानकारी**









लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** भगवान की भक्ति से मानव का कल्याण संभव है। अपने भक्तों की रक्षा करने के लिए भगवान किसी न किसी रूप में पहुंच जाते हैं। यह बातें पट्टी के रामपुर खागल में पंडित अंबिका प्रसाद मिश्र की स्मृति एवं चित्रकूट तुलसी पीठाधीश्वर के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास के यहां आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन सोमवार को तुलसी पीठाधीश्वर जगतगुरु रामभद्राचार्य जी महाराज ने भक्तों से कही।कथा का शुभारंभ हरि हरि हरि सुमिरन करो, हरि की कथा होती जहां, गंगा सरस्वती चली आवैं तहां% भजन से किया। इस दौरान महाराज ने भक्त ध्रुव की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भक्त ध्रुव के जन्म पर भगवान स्वयं वहां पहुंचे तथा उसे गोद में खिलाया। ध्रुव की भक्ति से ही खुश होकर भगवान ने उसे इतना ऊंचा पद दिया, जितना आज तक कभी किसी को नहीं मिला। भक्ति में इतनी शक्ति है इसका सबसे बड़ा उदाहरण भक्त प्रहलाद हैं। राजा हिरण्यकश्यप ने स्वयं को भगवान घोषित कर प्रजा से अपनी भक्ति करवानी शुरू कर दी। लेकिन उसी के घर प्रहलाद का जन्म हुआ। प्रहलाद हर समय भगवान का स्मरण करता। इससे हिरण्यकश्यप क्रोधित हो जाता। उसने प्रहलाद को भिन्न भिन्न प्रकार से यातनाएं दी।

मगर हर संकट के समय भगवान ने स्वयं पहुंचकर उसकी रक्षा की। भगवान नरसिंह अवतार लेकर खंभे से प्रकट हुए और अपने भक्त प्रहलाद की रक्षा की। महाराज ने कथा का सार बताते हुए कहा कि जो मनुष्य भगवान की सेवा और तपस्या करता है उसकी रक्षा करने के लिए भगवान दौड़े चले आते हैं। वासना मनुष्य को शैतान बना देती है और साधना भगवान से मिला देती है। ऐसे में मनुष्य को प्रतिदिन अपना थोड़ा सा समय निकाल कर ईश्वर की भक्ति में लगाना चाहिए।

इससे मनुष्य के सारे कष्ट दूर हो जाएंगे। इस दौरान उन्होंने भगवान नारायण नरसिंह अवतार का संजीव चित्रण करते हुए हिरण्यकश्यप वध, प्रहलाद और ध्रुव की भक्ति का विस्तार से प्रसंग सुनाया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्री कर्षिणी पीठाधीश्वर गुरुशरणानंद महराज रमण रेती वृन्दावन, महामंडलेश्वर स्वामी ब्रम्हपुरी ऋषिकेश उत्तराखंड, स्वामी जितेंद्र महराज हनुमान जन्म भूमि कर्नाटक, पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, पूर्व राज्यमंत्री भराला, सांसद मनोज तिवारी, भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, भाजपा नेता फतेहपुर संतोष तिवारी, प्रमुख अमित तिवारी, लोक सेवा आयोग के सदस्य आरएन तिवारी, आरटीओ अनिल तिवारी, विवेक उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

### आपने हमें जो जिम्मेदारी दी हमने पूरा किया- रामभद्राचार्य

**प्रतापगढ़।** पट्टी के रामपुर खागल में सोमवार को श्रीमद्भागवत कथा के आरंभ में जगतगुरु रामभद्राचार्य जी महाराज ने बताया कि हिन्दू एवं सनातनियों की ओर से आप सभी ने हमें जो जिम्मेदारी सौंपी थी हमने उसे पूरा करके दिखाया। बताया कि एक समय ऐसा भी आया जब प्रभु श्रीराम की पैरवी करने से चार शंकराचार्यो ने मना कर दिया तो मैंने वशिष्ठ गोत्रीय ब्राह्मण होने के नाते अपने पूर्वजों की भगवान के प्रति भक्ति को देखते हुए परैवी करने का निर्णय किया। जो जिम्मेदारी 10 जुलाई 2019 को मिली थी उसे पूरा किया। कोर्ट ने जब हमने पूछा कि आप क्या साक्ष्य देंगे। तो हमने कहा हम साक्ष्य नहीं शास्त्र प्रमाण देंगे। तीन जजों की पीठ ने उच्चतम न्यायालय में सात दिन गवाही ली और करीब तीन सौ वकीलों ने अपना काम छोड़कर परैवी को देखा और सुना। जिसके परिणामस्वरूप फैसला हमारे और आपके पक्ष में आया।

### जयकारा धीरे लगाने पर भड़के रामभद्राचार्य

रामपुर खागल में श्रीमद्भागवत कथा के आरंभ में जगतगुरु रामभद्राचार्य जी महाराज ने भगवान श्री राम के उद्घोष कराया तो आवाज थोड़ी धीमी सुन वह श्रोताओं पर भड़क उठे और बोले आपने राम विरोधी एमपी और एमएलए चुन लिया। लेकिन इससे आपका भला नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति भगवान श्रीकृष्ण और राम भक्त हैं वे सभी हमारे हैं। जो राम और कृष्ण का नहीं वह मेरे किसी काम का नहीं। उन्होंने जोरदार जयकारा लगाते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार अपनी है और आगे भी मोदी की सरकार बनेगी। लेकिन इस बार आप सभी अपनी भूल को जरूर सुधार लेना।

# सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिये सड़क सुरक्षा नियमों कड़ाई से अनुपालन करायें-जिलाधिकारी

**● जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न**



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में माह भर में घटित दुर्घटनाओं की समीक्षा व विश्लेषण के सम्बन्ध में बताया गया कि माह में 22 सड़क दुर्घटनाओं के प्रकरण प्राप्त हुये है जिसमें बाइक वाहन के अधिक प्रकरण है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों के भवनों में सड़क सुरक्षा के नियमों के पोस्टर लगाये जाये, वाले पेन्टिंग करायी जाये और लोगों को हेलमेट लगाने के लिये जागरूक करें जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। टैक्सी स्टैण्ड व ई-रिक्शा के पार्किंग हेतु चयनित स्थलों पर आधारभूत ढांचे के निर्माण की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आगामी त्योहार के बाद सड़कों पर किये गये अतिक्रमण को हटाये जाये तथा टैक्सी स्टैण्ड व ई-रिक्शा के पार्किंग हेतु कार्यवाही करायी जाये। जनपद में मार्गो के किनारे लगे विद्युत पोलों की समीक्षा कर जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि जनपद के पोल और ट्रान्सफार्मर का सर्वे करा लिया जाये जहां पर पोल व ट्रान्सफार्मर की वजह से जाम लग रहा है वहां पर आवश्यक कार्यवाही की जाये। लखनऊ-वाराणसी मार्ग पर सगरा सुन्दरपुर लालगंज में रोडवेज बसों के ठहराह के कारण जाम की समीक्षा कर जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि बसों के ठहराह के कारण जाम की समस्या का निदान करायें। लखनऊ-वाराणसी मार्ग व अन्य हाइवे मार्गो पर सड़क सुरक्षा हेतु ठण्ड से पहले चमकीली चीजें लगायी जाये जिससे कोहरे की वजह से सड़क दुर्घटनायें न होने पाये। बैठक में बताया गया कि राजापाल टंकी से लेकर चौक घंटाघर तक सड़क के बगल नालों पर पत्थर लगा दिये जाये तो जाम की स्थिति कम उत्पन्न होगी जिस पर जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित एवं कम करने के लिये सड़क सुरक्षा नियमों का सभी से कड़ाई से अनुपालन करायें एवं लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। उन्होने कहा कि जनसामान्य को हेलमेट लगाने के सम्बन्ध में जागरूक करें और इसका शत् प्रतिशत अनुपालन करायें। जिलाधिकारी ने परिवहन एवं पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिया कि शराब पीकर वाहन चलाने व तेज रफ्तार तथा बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट व ओवर लोडिंग के वाहन चलाने वालों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाये। सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाया जाये जिससे लोग जागरूक हो सके और दुर्घटनायें न हो। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, प्रान्तीय खण्ड के अधिशाषी अभियन्ता ओ0पी0 चौरसिया, एआरटीओ दिलीप गुप्ता, ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष विजय सिंह सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी/सदस्य उपस्थित रहे।

### समाजसेवी के निधन पर प्रमोद व मोना ने जताया दुख

**लालगंज, प्रतापगढ़।** भटनी के चौरिहन का पुरवा निवासी समाजसेवी सुशील त्रिपाठी 50 का रविवार की देर रात हृदयगति रूकने से आकस्मिक निधन हो गया। वह सामाजिक कार्यकर्ता राकेश त्रिपाठी के बड़े भाई भी थे। सुशील के निधन की सूचना पर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने परिजनों से फोनिक वार्ता कर गहरी संवेदना प्रकट की है। वहीं ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, पूर्व प्रधान अशोक सिंह, भुवनेश्वर शुक्ल, केडी मिश्र, जिपंस लालजी यादव, आदि ने भी सुशील के निधन पर गहरा दुख जताया है।

# सड़क यातायात के नियमों का पालन कर हम अपने जीवन व दूसरे के जीवन को भी सुरक्षित रख सकते है-अपर परिवहन आयुक्त

**▶▶तुलसीसदन में सड़क सुरक्षा एवं कर्मयोगी मिशन पर संगोष्ठी कार्यक्रम का किया गया आयोजन**
**▶▶सुरक्षित यातायात के लिये बनाये गये नियमों को अपने जीवन में पूर्ण रूप से लागू करें-जिलाधिकारी**
**▶▶कर्म योग का हमेशा पालन करते हुए सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की हमेशा मदद करें-रामकृष्ण गोस्वामी**







लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** तुलसीसदन (हादीहाल) सभागार में सड़क सुरक्षा एवं कर्मयोगी मिशन के संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्प सेन सत्यार्थी, मुख्य संरक्षक एवं सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी संजीव रंजन, भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान के अध्यक्ष राम कृष्ण गोस्वामी, सम्भागीय परिवहन अधिकारी लखनऊ पंकज, सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रयागराज राजेश कुमार मौर्या, डिप्टी डायरेक्टर एसआईआरडी डा0 सुबोध दीक्षित व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुये। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि हमें सड़क सुरक्षा नियमों का पूर्णतः पालन करना चाहिये और सुरक्षित यातायात के लिये बनाये गये नियमों को अपने जीवन में पूर्ण रूप से लागू करना चाहिये। सड़क सुरक्षा के नियमों को अपनाने से हमारे जीवन की सुरक्षा होती है और हमारे जान-माल का बचाव होता है। उन्होने कहा कि तेज गति से वाहन न चलाएं, किसी प्रकार के स्टंट करने से बचें तथा यातायात संकेतांकों का स्वयं पालन करें, इसके साथ ही दूसरे लोगों को भी यातायात नियमों के बारे में जागरूक करें। अपर परिवहन आयुक्त पुष्प सेन सत्यार्थी ने कहा कि सड़क यातायात के नियमों का पालन करते हुए हम अपने जीवन को सुरक्षित करते हैं और दूसरे के जीवन को भी सुरक्षित रख पाते हैं। हम हमेशा दो पहिया वाहनों पर हेलमेट एवं चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग करें, नशे की हालत में गाड़ी ना चलाएं। गाड़ी चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें।

इस अवसर पर मुख्यवक्ता के रूप में भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान के अध्यक्ष राम कृष्ण गोस्वामी ने सड़क सुरक्षा और कर्म योग पर चर्चा करते हुए कहा कि हम अपने जीवन में कर्म योग को पूर्ण रूप से लागू करें और बिना फल की इच्छा किए हुए हम अपने कर्म को करें। जीवन में पवित्र गीता में बताए गए उपदेशों का पालन करें और सड़क सुरक्षा के नियमों का पूर्ण रूप से पालन करें। कर्म योग का हमेशा पालन करते हुए सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की हमेशा मदद करें। सड़क सुरक्षा या सड़क पर दुर्घटना से या अन्य कोई भी कार्य बिना लाभ या लालच के करें, यही हमारा धर्म है। मनुष्यों को भगवत गीता के आधार पर जीवन यापन करना चाहिये, मनुष्यों को अपनी आत्म रक्षा के लिये सड़क पर वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा का पालन करना चाहिये।

इस अवसर पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, संस्कार ग्लोबल स्कूल, साकेत गर्ल्स इंटर कॉलेज, तिलक इंटर कॉलेज, अब्दुल कलाम इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राएं एवं उनके शिक्षक उपस्थित रहे, साथ ही साथ प्रशिक्षु लेखपाल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्कार ग्लोबल स्कूल, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं साकेत गर्ल्स इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा पर आधारित सांस्कृतिक और नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम का आयोजन सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) बी0के0 सिंह एवं सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डॉक्टर दिलीप गुप्ता जी ने किया। कार्यक्रम में आये हुये सभी अतिथियों का आभार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) बीके सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि और समस्त अतिथियों को अंग वस्त्रम, मोमेंटो और पवित्र गीता देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य नागरिकों, छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर अफीम कोठी के प्राचार्य मंजू, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक आरपी सरोज, राजकीय इण्टर कालेज कांपा रामपुर के प्रधानाचार्य डा0 विन्ध्याचल सिंह सहित ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष विजय सिंह, पीटीओ विक्रांत सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उप प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज डॉक्टर मोहम्मद अनीस द्वारा किया गया।

# जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेªट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता धर्मेन्द्र यादव निवासी हरपुर सौंध (कैलीडीह) ने बताया कि प्रार्थी गाटा संख्या-1210 का वाद माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ में वाद प्रस्तुत किया है जिस पर न्यायालय द्वारा स्थगन का आदेश पारित किया है, प्रार्थी के विपक्षी मुकदमा दौरान सीमा देवी, शम्भू, राम करन, आदि लोग प्रार्थी के गाटा संख्या में विवादित भूमि में जबरन निर्माण कर रहे थे जिस पर प्रार्थी द्वारा जिला प्रशासन को शिकायत किये जाने पर जिला प्रशासन द्वारा अवैध निर्माण को रोका गया जिसके क्रम में क्षेत्रीय लेखपाल, कानूनगो, तहसीलदार रानीगंज, उपजिलाधिकारी रानीगंज ने अपनी रिपोर्ट लगाते हुये स्थल पर यथास्थिति बनी रहे कि रिपोर्ट 01 अक्टूबर को प्रस्तुत किया है, इतने के बावजूद भी विवादित भूमि में निर्माण हो रहा है जो न्यायहित में रोका जाना परम आवश्यक है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने एसओ फत्तनपुर को निर्देशित किया है कि माननीय उच्च न्यायालय के स्थगनादेश अनुपालन करायें, यदि स्थगनादेश प्रभावी है तो निर्माण कार्य न हो। शिकायतकर्ता साहिद खान निवासी नसीरपुर गोरियान (पृथ्वीगंज) थाना कोतवाली देहात ने शिकायत किया कि प्रार्थी के भाई जाबिर अली की जमीन प्रार्थी के घर के आगे है जिसके लिये आपसी बंटवारे में नाली छोड़कर 5 फिट का रास्ता देने पर रजामंद हुये थे लेकिन प्रार्थी के गैर मौजूदगी में जाबिर अली ने 3 फिट के करीब रास्ता छोड़कर पिलर डालकर घर बना रहे है जिससे प्रार्थी के लिये दो पहिया वाहन ले जाना भी मुश्किल हो जायेगा, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने एसएचओ कोतवाली देहात को निर्देशित किया है कि सार्वजनिक मार्ग पर यदि अवरोध है तो नियमानुसार निस्तारण करायें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें।



### समझौते के बाद काटा पेड़, फिर भी मुकदमा

**प्रतापगढ़।** अंतू इलाके के चौबेपुर गांव में सहखातेदारों की सहमति के बाद कुछ जंगली पेड़ों को ठेकेदार के हाथ बेच दिया गया। मगर इसके बाद भी दूसरे पक्ष में सह खातेदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। पीड़ित प्रमेश पाण्डेय ने बताया कि सोमवार को गांव के ही हरिनाथ शुक्ला, तीरथ राज शुक्ल, विश्व दीप और मंगला प्रसाद ने दम से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए अंतू थाने में दर्ज मुकदमे की निष्पक्षता से जांच करने की मांग की है।

संक्षिप्त खबरें

## एसएवी में तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रथम सोपान जांच शिविर का हुआ शुभारंभ



**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कस्बे में स्थित एसएवी इण्टर कॉलेज में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश कौशांबी के तत्वावधान में स्काउट गाइड का तीन दिवसीय प्रथम सोपान जांच शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश चंद्र शुक्ल रहे। प्रधानाचार्य ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्यामबाबू यादव ने मुख्य अतिथि को स्कार्फ पहनाकर कर स्वागत किया । प्रधानाचार्य सतीश चंद्र ने बताया कि स्काउटिंग गाइडिंग से बच्चो को शैक्षिक, नैतिक, शारीरिक, मानसिक आदि का सर्वांगीण विकास होता है साथ ही स्काउट गाइड सेवा कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं । स्काउट गाइड अनुशासन भाईचारा व बाहरी जीवन जीने की एक कला है। जिला संगठन कमिश्नर स्काउट कौशांबी ने श्याम बाबू ने स्काउट गाइड को ध्वज शिष्टाचार, नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत,प्रार्थना, टोली का गठन, शैल्यूट, बायां हाथ मिलाना आदि के बारे में बताया । कार्यक्रम में स्काउट प्रभारी ऋषभदेव त्रिपाठी , विवेक शुक्ला, गाइड कैप्टन कीर्ति कोटार्य आदि मौजूद रहें।

## विशालकाय अजगर देख दहशत में ग्रामीण



**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के चक बख्तियारा गांव में विशालकाय अजगर देख ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त रहा , ग्रामीणों ने मामले की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी तो वन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को पकड़कर जंगल में छोड़ा।बताया जाता है कि चक बख्तियारा गांव में रविवार की विशालकाय अजगर देखा गया जिसके बाद ग्रामीणों ने दहशत का माहौल व्याप्त हो गया , ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी जिसके बाद सोमवार की सुबह पहुंचे वन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से अजगर को पकड़कर जंगल में छोड़ा जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## अजुहा में बजाज शोरुम का हुआ शुभारंभ



**अजुहा, कौशाम्बी।** अजुहा कस्बे में बजाज शोरूम के नए काउंटर का उद्घाटन सोमवार को एजेंसी के मालिक व्यापार मंडल अध्यक्ष रमेश अग्रहरि ने विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद शोरुम का फीता काटकर किया। एजेंसी मालिक रमेश अग्रहरि ने बताया कि बजाज कंपनी की सभी प्रकार का दो पहिया वाहन यहां उचित दाम पर उपलब्ध है। फइनेंस की भी विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि बजाज की स्कूटी भी यहां ग्राहकों को उचित मूल्य पर उपलब्ध करायी जाएगी। इस दौरान अतिथि के रूप में पूर्व चेयरमैन राजाराम अग्रहरि , अशोक कुमार , राकेश अग्रहरी , शिव कोटी लाल , रवी कुमार वैश्य सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बीस दिन से लापता भाई, अनहोनी की आशंका

**सैनी, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बिदनपुर ककोढ़ा निवासी राजेश कुमार पाल ने बताया की उसका जुड़वा भाई उमेश कुमार पाल 30 सितंबर की लखनऊ से घर आया और 1 अक्टूबर को किसी का फोन आने पर दोपहर 12 बजे घर से चला गया। उसके बाद से आज तक घर नहीं लौटा है। उसके बाद से उसका फोन नंबर भी लगातार बंद बता रहा है। एक दो दिन तक नाते रिश्तेदारी में खोजने के पश्चात कोखराज थाना में भाई के गायब होने की सूचना दी थी। जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली थी। लेकिन 20 दिन बीत जाने के बाद भी उसका सुराग नहीं लग पाया है। सोमवार को राजेश पाल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर भाई के अपहरण होने की आशंका जताते हुए कार्यवाही की मांग की है।

## अनियंत्रित ई-रिक्शा के पलटने से चालक घायल



**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी थानाक्षेत्र के मखऊपुर तिराहे के समीप सोमवार की दोपहर एक ई- रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों ने दौड़कर ई-रिक्शा सीधा कर सभी को बाहर निकाला। ई-रिक्शा के नीचे दब जाने से चालक को मामूली चोटें आई। लोगों ने इलाज के लिए उसे अस्पताल भेज दिया।सरायअकिल कोतवाली के अमिरसा गांव निवासी विनोद कुमार ई-रिक्शा चालक है। सोमवार दोपहर वह तिल्हापुरमोड़ बाजार से दो सवारियों को बैठा कर चायल आ रहा था। पिपरी क्षेत्र के मखऊपुर तिराहे के समीप रोड पर बने ब्रेकर से किनारे निकालने के चक्कर में अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा खाई की तरफ पलट गया। गनीमत रही की पेड़ में अटकने से ई-रिक्शा 15 फिट नीचे गिरने से बच गया। हादसे में चालक मामूली रूप से घायल हो गया। जबकि उसमें सवार दो और लोग बाल बाल बच गए। मौके पर जुटे लोगों ने ई-रिक्शा सीधा कर सभी को बाहर निकाल चालक विनोद को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेज दिया।

## स्कूटी की टक्कर से सड़क पार कर रहे अधेड़ का पैर टूटा

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी थानाक्षेत्र के कस्बा चायल बाजार में रविवार को सड़क पार कर रहे एक अधेड़ को स्कूटी सवार महिला ने जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में सड़क पर गिरने से उसके बायें पैर में फ्रैक्चर हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को इलाज के लिए एम्बुलेंस की सहायता से पास के अस्पताल में भर्ती कराया है।कस्बा चायल निवासी अमरनाथ केसरवानी पुत्र स्व.मसुरियादीन ठेले पर चाट बेचकर परिवार का भरण-पोषण करता है। रविवार को वह घर से सामान खरीदने बाजार गया था। इसी दौरान सड़क पार करते समय तिल्हापुर मोड़ की ओर से आ रही स्कूटी सवार महिला ने उसको टक्कर मार दिया।हादसे में सड़क पर गिरने से उसके बायें पैर में फ्रैक्चर हो गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, मृत्यु से पूर्व पति ने पत्नी पर लगाए गंभीर आरोप



लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर में पत्नी ने अपने पति को खाने में जहर मिलाकर खिला दिया।घटना के बाद पति की हालत बिगड़ी तो पत्नी मौका देखकर फरार हो गई।परिजनों ने युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस इस प्रकरण की पूरी बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है वही मृतक का मौत के पहले का एक बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह अपनी पत्नी पर जहर देने का आरोप लगा रहा है।नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के अंतर्गत इस्माइलपुर में रहने वाले 32 वर्षीय शैलेश सरोज पुत्र स्व शिवलाल की जहरीला पदार्थ खाने से रविवार की देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई।शैलेश की मौत से पूर्व का एक वीडियो बयान भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह अपनी पत्नी सविता पर मैक्रोनी में जहर मिलाकर खिलाने का आरोप लगा रहा है।शैलेश की मौत के बाद से ही उसकी पत्नी सविता फरार है। युवक की मौत से परिजनो में कोहराम मचा हुआ है।सूचना पर पहुंची कड़ाधाम पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

### क्या बोले थानाध्यक्ष

मामले की बाबत थानाध्यक्ष कड़ाधाम धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि मृतक के भाई नरेश की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है साथ ही एफएसएल टीम द्वारा भी मौका मुआयना किया गया है।यही नही बिसरा रिपोर्ट भी भेजी जाएगी।रिपोर्टों के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल मृतक की फरार पत्नी सविता की धरपकड़ के लिए टीमें लगाई गयी है।

### मासूमों के सर से उठ गया पिता का साया

कड़ा, कौशाम्बी। कड़ा के इस्माइलपुर में पत्नी द्वारा पति को खाने में जहर मिलाकर खिलाने से पति शैलेश सरोज की मौत हो गयी।घटना के बाद जहाँ पत्नी सविता मौके से फरार हो गयी वहीं उसके दो मासूम बेटे अभिषेक 5 वर्ष व अभय 3 वर्ष घर पर ही छूट गए।दोनों मासूम मां को नदारद देख और पिता का शव देखकर अचंभित है।उन अबोध बालकों को क्या पता कि उन्हें अपने कंधों पर बैठाने वाला उनका पिता अब इस दुनिया में नही रहा।घटना के बाद पूरे गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं और हर कोई उस निर्दयी मां को कोस रहा था जो अपने मासूमो की तनिक भी परवाह न करते हुए फरार हो गयी।

## साहब जमीन पर कब्जा करने की नियत से दबंग जोत रहे जमीन

**● विरोध करने पर दबंगो ने महिलाओं से अभद्रता कर दी धमकी, ग्रामीणों ने एसडीएम से की कार्यवाही की मांग**



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के एक गांव में कुछ दबंग जबरन काश्तकारों की जमीनों को जोत रहे है , महिलाओं के विरोध करने पर दबंग अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी देते है , पीड़ितों ने मामले की शिकायत स्थानीय चौकी पुलिस से की लेकिन कार्यवाही नहीं हुई , ग्रामीणों ने एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर दबंगों पर कार्यवाही की मांग की है।

सिराथू तहसील क्षेत्र के अफजलपुर सातों गांव के रहने वाले श्याम लाल , संतोष निषाद , पंकज निषाद , धुनकू , आलोक , विमलेश , श्याम कली , कमला , पुष्पा , चन्दना , प्रमोद , कमलेश , राहुल , ज्ञानमती , अनिता , जयकरन आदि लोगो ने सोमवार को एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव के चार दबंग किस्म के लोग काश्तकारों की जमीन को जबरन जोत रहे है विरोध करने पर दबंग अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी देते है। ग्रामीणों का आरोप है कि रविवार की दोपहर दबंग उनके खेतों को ट्रैक्टर से जोत रहे थे महिलाओं के विरोध करने पर दबंग बदसुलूकी करते हुए गाली गलौच करने लगे । मामले की शिकायत स्थानीय चौकी पुलिस से किया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई । आक्रोशित ग्रामीणों ने एसडीएम से दबंगों पर कार्यवाही की मांग की है।

## घर के दरवाजे में लगी कुंडी व ताला तोड़कर अंदावा में चोरी

लोकमित्र ब्यूरो

**सैनी, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अंदावा गांव में रविवार की रात चोरों ने घर के दरवाजे की कुंडी व ताला तोड़कर कमरे में रखी आलमारी से नगदी व जेवरात उठा ले गए। सूचना पर पहुंचीं पुलिस जॉच पड़ताल ने जुट गई है।

कोखराज के अंदावा गांव निवासी मोहम्मद अहमद उर्फ गुड्डू पुत्र अब्दुल मुहीद प्रयागराज में रहकर टाईल्स लगाने का काम करता है। घर में उसकी पत्नी और बच्चे रहते हैं ।

कुछ दिन पहले उसके बच्चों की तबीयत खराब हो गई तो वह घर आए और 15 अक्टूबर को पत्नी कमर फातिमा और मोहम्मद दरहम व मोहम्मद जरहम दोनों बच्चों को साथ में लेकर प्रयागराज चला आया और वहीं इलाज कराने लगा। घर में ताला बंद था। सोमवार की सुबह उसे पड़ोसियों से पता चला की



उसके घर के दरवाजे में लगी कुंडी और ताला टूटा हुआ पड़ा है। जब वह घर आकर देखा तो पता चला की घर के अंदर बने कमरे में रखी आलमारी खुली हुई थी सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था।

देखने बाद बताया की आलमारी में तीन लाख रुपए नगद और पत्नी का गले का हार, मंगलसूत्र, टीका, जंजीर, कान की झुमकी और कुछ चांदी के जेवर चोर उठा ले गए। घर में इतनी नगद धनराशि रखने की बाबत उसने बताया की एनएचएआई से मुआवजा मिलने पर उसके पिता ने सभी चार भाइयों को पांच पांच लाख रुपया हिस्सा दिया था। उसी पैसे से दो लाख रुपया लेकर वह बच्चों के इलाज करा रहा था। शेष तीन लाख रुपया आलमारी में रखा रह गया था। पीड़ित ने चोरी को लिखित सूचना शहजादपुर चौकी को दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## हनुमान ने लंका में लगाई आग, लङ्की दहन देख भाव विभोर हुए दर्शक

लोकमित्र ब्यूरो

**अजुहा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत अजुहा के नेता नगर मोहल्ले में रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला के छठे दिन कलाकारों द्वारा सीता खोज, लंका दहन, अंगद रावण सवांद, रामेश्वर स्थापना देख दर्शक भाव विभोर हो गए।

रामलीला के मंचन में जब श्रीराम की सेना समुद्र किनारे पहुंचती है तो प्रभु श्रीराम हनुमान जी को सीता का हाल जानने के लिए लंका भेजते हैं। हनुमान जी लंका की एक कुटिया में रामनाम की धुन सुनकर अंदर जाते हैं। और वहां रावण के भाई विभीषण को पाते हैं। अशोक वाटिका में हनुमान जी ने माता सीता से मिलकर श्रीराम जी का संदेश दिया। युद्ध में हनुमान जी ने अक्षय कुमार को मारा। तत्पश्चात मेघनाथ युद्ध के लिए आता है।



उसको भी हनुमान जी ने मूर्छित कर दिया । मेघनाथ द्वारा हनुमान जी को ब्रह्मफांस में फांस लेता है जिसका सम्मान कर हनुमान जी बंदी बनकर रावण के दरबार में पहुंचते हैं। रावण हनुमान जी की पूंछ में आग लगवा देता है।

हनुमान जी रावण की सोने की लंका को जलाकर राख कर देते हैं। रावण की लंका धूं धूं कर जल जाती है।इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा, रामबाबू मोदनवाल, शत्रुघ्न गुप्ता , रामदास साहू, देवेश चौधरी, संजीव केसरवानी, सौरभ केसरवानी, मोनी कुशवाहा, संजय केसरवानी , विपिन मोदनवाल , अतुल केसरवानी , बिमल केसरवानी , अंकित जयसवाल, आलोक सिंह सहित कमेटी के लोग मौजूद रहे।

## दबंग बकाया रुपया वापस मांगने पर युवक को दे रहा धमकी

**कसेंदा, कौशाम्बी।** पिपरी थानाक्षेत्र के बल्हेपुर गांव निवासी राहुल कुमार पुत्र अशोक कुमार ने बताया कि गांव के ही एक युवक ने 2022 में उससे चार किश्त में एक लाख रुपया उधार लिया था। समय सीमा बीत जाने के बाद भी उसने रुपया वापस नहीं किया। रुपया मांगने पर वह आनाकानी करता रहा। रविवार को राहुल अपना बकाया पैसा मांगने के लिए उसके पास गया था। आरोप है कि उसने रुपया देने से इंकार करते हुए गाली गलौच कर दोबार रुपया मांगने पर मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने जाकर आरोपी दबंग के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## नफरत से दूर रहने वाला इंसान ही जन्नत का हकदार-मौलाना जफर

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, कौशाम्बी।** मनौरी गांव में रविवार की रात ईद जश्न मिलादुन्नबी के मौके पर जलसे का आयोजन किया गया। सबसे पहले हाफिज नूर अहमद साहब ने कुरान की तिलावत से जश्न का आगाज किया।

मनौरी गांव निवासी गुलाम रसूल के मकान पर जलसे में तकरीर करते हुए हाफिज मोहम्मद शरीफ ने अपनी तकरीर में कहा कि मुसलमानों में शादी ब्याह के मौके पर डीजे बजाना चलन सा है। इस गंदी प्रथा को तत्काल समाप्त कर दे। फिजूलखर्ची से दूरी बनाये और डीजे, साउंड बजाने को बिल्कुल समाप्त कर दिया जाए। अपने मस्जिद के इमामों की कदरदानी करो। क्योंकि मस्जिद



के इमाम ही हमें अच्छाई पर चलने का रास्ता दिखाते है। हम सब का फर्ज बनता है कि हम भी उनकी इज्जत करे। यह मस्जिद के इमाम ही कल खुदा के बारगाह में कयामत के दिन आप की सिफारिश करेंगे। मौलाना जफरी अकील ने कहा कि हसद से हर मोमिन को दूर रहना चाहिए। हसद से दूर रहने वाला इंसान ही जन्नत का हकदार है। दहेज प्रथा को खत्म करना, नशाखोरी से परहेज करना, बुराइयों से बचना आदि बातों के बारे में लोगों को समझाया। मौलाना ने खासकर शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि इल्म के बगैर दुनिया अंधेरी कोठरी है। इसलिए सभी लोग अपने-अपने बच्चों को स्कूल, मदरसा भेजकर इल्म से आरासता कराएं। इस्लाम के आखिरी नबी हजरत मुहम्मद साहब ने अपने अल्प आयु में जब अरब देशों में मानवता को कुचला जा रहा था, महिलाओं पर अत्याचार हो रहे थे, इंसानों को गुलाम बनाया जा रहा था, उस समय उन्होंने मानवता के लिए जियो और जीने दो का उपदेश दिया था। हर किसी की इज्जत के साथ उसका हक मुकर्रर करते हुए सही रास्ते में चलने को कहा। कारी मुदस्सिर ने अपने पुरदर्द अंदाज में नात पेश किया। जलसे के समापन पर हाफिज मोहम्मद शरीफ ने मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ कराई।

## चोर ने दंगल देखने गए युवक की बाइक किया पार

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के समसपुर गांव में दंगल देखने गए एक युवक की बाइक चोर ने पार कर दी। थोड़ी देर बाद बाइक वहां न देख मालिक के होश उड़ गए। उसने बाइक की काफी खोजबीन की। सुराग न लगने से निराश होकर उसने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस चोर के सुराग में जुट गई है।चरवा क्षेत्र के जुगवा मजरा पंसौर गांव निवासी राजकुमार पुत्र ज्ञान सिंह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है।उसके अनुसार वह रविवार को समसपुर गांव दंगल देखने के लिए गया था। वह अपनी बाइक को एक किनारे खड़ी करके कुश्ती देखने लगा। थोड़ी देर बाद लौटने पर वहां बाइक न देख उसके होश उड़ गए।

## दहेज के खातिर शादी के चार महीने बाद नवविवाहिता की हत्या



लोकमित्र ब्यूरो

**नेवादा, कौशाम्बी।** सरायअकिल कोतवाली क्षेत्र के पुरखास गांव में ब्याही विवाहिता को दहेज की खातिर ससुरालियों ने मौत के घाट उतार दिया। जानकारी मिलने के बाद रोते बिलखते मौके पर पहुंचे मायके वालों ने दहेज हत्या की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

चरवा थाने के सैयद सरांवा गांव निवासी नूर मोहम्मद ने अपनी बहन रुबी परवीन की शादी 27 जून 2024 को सरायअकिल थाने के पुरखास गांव निवासी अब्दुल करीम पुत्र इदरीस अहमद के साथ की थी। नूर ने अपनी बहन की शादी में हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था।

आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज में पांच लाख रुपया नकद की मांग करने लगे। वह लोग दहेज की मांग पूरी न होने पर रुबी को प्रताड़ित करने लगे। रविवार शाम को इन लोगों ने दहेज की मांग पूरी न होने परुरबी की हत्या कर दी।

हत्या करने के बाद शव को ठिकाने लगाने का प्रयास करने लगे। मामले की जानकारी रुबी के मायके वालों को हुई तो हड़कंप मच गया। रोते बिलखते परिजन बदहवास हालत में रुबी के ससुराल पहुंचे। भाई नूर मोहम्मद ने थाने जाकर मृतका के पति अब्दुल करीम, ससुर इदरीस, सास कौसरी और देवर कदर के खिलाफ दहेज हत्या की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस सम्बंध में सीओ मनोज कुमार रघुवंशी का कहना है कि मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया जाएगा।

## दो बच्चों की मां नगदी- जेवरात लेकर प्रेमी के साथ फरार

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के एक गांव में रविवार की सुबह दो बच्चों की मां घर में रखी नगदी और जेवरात लेकर लापता हो गई। खेत से लौटने पर उन्हें घर में न देख पति के होश उड़ गये। उसने पत्नी की खोजबीन शुरू की। खोजबीन के दौरान पता चला कि वह घर में रखे नगदी और जेवरात लेकर पड़ोसी गांव के एक युवक के साथ कहीं चली गई है। पीड़ित ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी।तहरीर पाकर पुलिस महिला के सुराग में जुट गई है।संदीपन घाट क्षेत्र के एक गांव का व्यक्ति मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसके अनुसार रविवार की सुबह वह खेत की ओर चला गया था। इसी दौरान उसकी पत्नी अपने दो बच्चों के साथ घर से लापता हो गई। खेत से लौटने पर उन्हें घर में न देख उसके होश उड़ गए। उसने पत्नी और बच्चों की काफी खोजबीन की। खोजबीन के दौरान पता चला वह घर में रखे 62 हजार रुपए नगदी और लाखों रुपए के जेवरात लेकर पड़ोसी गांव के अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई है। पीड़ित में थाने जाकर मामले की तहरीर दी।

## युवक ने छेड़खानी का विरोध करने पर छात्रा को दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**कसेंदा, कौशाम्बी।** पिपरी थानाक्षेत्र के एक गांव में सोमवार की सुबह छेड़खानी का विरोध करने पर दबंग ने छात्रा को शरीर पर तेजाब डालने की धमकी दी। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने मामला शांत कराया। किशोरी ने पिता के साथ थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के तलाश में जुट गई है। पिपरी क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि गांव का एक युवक कादिलपुर स्थित स्कूल पढ़ने आते जाते उसकी 15 वर्षीय पुत्री के साथ छेड़खानी करता था। सोमवार की सुबह वह पढ़ने के लिए साइकिल से स्कूल जा रही थी।इसी दौरान वह युवक छात्रा के साथ छेड़खानी करने लगा। किशोरी के विरोध करने पर उसने शरीर पर तेजाब डालने की धमकी दी।

## भरवारी के पुरानी बाजार रामलीला में रावण, कुंभकर्ण, विभीषण और अयोध्या में हुआ राम जन्म

लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर के पुरानी बाजार भरवारी में श्री हनुमत निकेतन मंदिर प्रांगण में रामलीला मंचन के दुसरे दिन रावण, कुंभकर्ण, विभीषण और अयोध्या में हुआ राम जन्म का मंचन हुआ।रामलीला के दूसरे दिन रविवार की रात रावण जन्म हुआ। लंका में रावण, कुंभकर्ण और विभीषण का जन्म हुआ और इसके बाद तीनों भाइयों ने घोर तपस्या की। इस पर प्रसन्न होकर ब्रह्मा, विष्णु व महेश ने दर्शन दिए। तीनों भाइयों ने इच्छानुसार वर मांगा। इसके पूर्व प्रभु ने कुंभकर्ण की नियत को समझकर मां सरस्वती को कुंभकर्ण की मति घुमाने को कहा। इसके बाद कुंभकर्ण ने इंद्रासन की जगह निद्रासन मांग ली। इसे सुनकर रावण अत्यन्त दुखी हुआ और प्रभु से कुंभकर्ण द्वारा मांगे गए वरदानों में राहत देने का निवेदन किया। इस पर छह महीने में एक दिन जागने का प्रभु ने वरदान देकर रावण की विनती को स्वीकार किया। दूसरी तरफराजा मनु अपनी पत्नि सतरूपा के साथ जंगल में घोर तपस्या की। इस पर भगवान विष्णु प्रकट हुए और त्रेता युग में मनु और सतरूपा के घर जन्म दिने का वर दिया। बताया कि मेरे साथ आदि शक्ति के रूप मे माता लक्ष्मी और शेषावतार लक्ष्मण होंगे। राम लीला देखने वालो भारी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित दिखाई दी। वही अयोध्या में रामजन्म होते ही जय श्री राम के जयघोष से क्षेत्र गूंज उठा। एक बार राजा दशरथ को पुत्र नहीं होने की चिंता हुई। इस पर उन्होंने पुत्रेष्ठि यज्ञ कराया। परिणाम स्वरूप श्री राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। चारों भाइयों का जन्म होते ही दर्शकों ने जय श्री राम के गगनभेदी जयकारे लगाए। राम का जन्म होते ही चारों ओर बधाई गीत बजने लगे।

इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष जीतू केसरवा जीवीवीवीनी, संयोजक सुभाष गुप्ता, महामंत्री उपांशु केसरवानी, शंकर लाल केसरवानी सहित कमेटी के अन्य पदाधिकारी और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## सम्पादकीय

# कड़वाहट को दूर करने में सहायता मिली

मोईजू ने उम्मीद जताई थी कि भारत मालदीव के आर्थिक बोझ को कम करने के लिए हमेशा तैयार रहेगा।' कहा जा सकता है कि भारत ने उनकी उम्मीदें पूरी की हैं। पड़ोसी देशों के भारत से छिटकने के इस दौर में यह एक स्वागत-योग्य घटनाक्रम है।मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोईजू की भारत यात्रा से दोनों देशों के संबंधों में जारी कड़वाहट को दूर करने में सहायता मिली है। मोईजू ने राष्ट्रपति बनने के बाद एक राजनेता की तरह चुनावी सरगर्मी से विदेश नीति- खासकर भारत संबंधी नीति- को अलग करने की दिशा में ठोस प्रयास किए हैं। भारत सरकार ने भी आरंभ में सख्त रुख दिखाने के बाद अब संबंधों को संभालने को प्राथमिकता दी है। मालदीव छोटा-सा द्वीप है, लेकिन अपने भौगोलिक स्थिति के कारण महत्त्वपूर्ण है। पिछले राष्ट्रपति चुनाव को मोहम्मद मोईजू ने इंडिया आउट' अभियान की पीठ पर सवार होकर जीता था।भारत यात्रा के दौरान एक अंग्रेजी अखबार को दिए इंटरव्यू में उन्होंने उस अभियान को जन भावनाओं की अभिव्यक्ति बताया, लेकिन यह भी कहा कि उनकी विदेश नीति उस अभियान के प्रभाव से संचालित नहीं है। भारत सरकार ने भी बीती बातों को भुलाकर मालदीव से संबंधों के मामले में नई शुरुआत करने की जरूरत महसूस की। अनेक छोटे देशों की तरह मालदीव की भी अर्थव्यवस्था आर्थिक संकट से गुजर रही है। इस साल की पहली तिमाही में मालदीव का विदेशी ऋण 3.37 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो उसके जीडीपी के 45 प्रतिशत के बराबर है। उसका विदेशी मुद्रा भंडार भी काफी घट गया है।ऐसे में भारत ने मदद करने का फैसला किया। इस क्रम में भारत ने मुद्राओं की अदला-बदली के समझौते की घोषणा की, जिसके तहत भारत मालदीव को 40 करोड़ डॉलर के अलावा 30 अरब रुपयों की मदद भारत देगा। मोईजू ने इसके लिए भारत का आभार जताया है। गौरतलब है कि भारत आने से पहले मोईजू ने एक विदेशी टीवी चैनल से बातचीत में कहा था कि भारत को उनके देश की वित्तीय हालत की पूरी जानकारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मालदीव के सबसे बड़े विकास साझेदारों में से एक होने के नाते भारत हमेशा हमारे बोझ को कम करने के लिए तैयार रहेगा।' कहा जा सकता है कि भारत ने उनकी उम्मीदें पूरी की हैं। पास-पड़ोस में एक-एक कर देशों के भारत से छिटकने के इस दौर में यह एक स्वागत-योग्य घटनाक्रम है।




# जातीय आंदोलन से शुरू हुआ एक और राजनीतिक नेता 'मनोज जरांगे'



**अशोक भाटिया**

मराठा आरक्षण आन्दोलन के कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र की उन विधानसभा सीटों पर मराठा उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है, जहां इस समुदाय के लोगों की अच्छी-खासी आबादी है। जालना जिले के अंतरवाली सराटी गांव में जरांगे ने कहा कि वह केवल उन्हीं सीटों पर मराठा उम्मीदवार उतारेंगे, जहां समुदाय की जीत की संभावना है। जरांगे ने कहा कि उनका समूह अनुसूचित जाति (स्ट) और अनुसूचित जनजाति (स्ज्ञ) के लिए आरक्षित क्षेत्रों में मराठा मुद्दों का समर्थन करने वाले अन्य उम्मीदवारों का समर्थन करेगा। उन्होंने कहा कि जिन निर्वाचन क्षेत्रों में मराठा समुदाय की जीत की संभावना नहीं है, वहां उनका समूह पार्टी, जाति या धर्म की परवाह किए बिना उम्मीदवारों का समर्थन करेगा। बशर्ते वे आरक्षण की मांग का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हों।मनोज जरांगे ने कहा कि जो उम्मीदवार उपरोक्त मांग से सहमत हैं, उन्हें लिखित प्रतिज्ञा पर हस्ताक्षर करना होगा। माना जा रहा है कि इस कदम से कई उम्मीदवारों का राजनीतिक समीकरण बिगड़ सकता है। मालूम हो कि महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा और मतगणना 23 नवंबर को होगी। जरांगे ने संभावित उम्मीदवारों से नामांकन पत्र दाखिल करने का आग्रह करते हुए कहा कि उनकी उम्मीदवारी के बारे में अंतिम निर्णय 29 अक्टूबर को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर किसी उम्मीदवार से नामांकन वापस लेने का अनुरोध किया जाता है तो उसे इसका अनुपालन करके नामांकन पत्र वापस लेना होगा। हाल फ़िलहाल उन्होंने अपनी पार्टी का नाम नहीं रखा है ।जरांगे ने कहा कि मराठा समाज का जो उम्मीदवार कहने के बावजूद नाम वापस नहीं लेगा, समाज समझेगा कि उसने पैसा खाया है। उन्होंने कहा कि मराठवाडा की कई सीटों पर मराठा वोटिंग 1 लाख से ज्यादा है। इतने बहुमत को तोड़ना किसी के लिए भी संभव नहीं है। कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में अन्य समीकरण महत्वपूर्ण हैं। वह उन समीकरणों को जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। अगर समीकरण जुड़ गए तो ठीक है, लेकिन अगर नहीं जुड़े, तो सबके लिए मुश्किल होगी।गौरतलब है कि 2015 गुजरात की राजनीति में एक महत्वपूर्ण वर्ष था, । उस वर्ष, राजस्थान के गुज्जर आंदोलन से प्रेरित होकर, गुजरात के पाटीदार समुदाय ने जुलाई के महीने में अपना आंदोलन शुरू किया, जिसमें ओबीसी दर्जे और प्रभावी रूप से सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की मांग की गई।इस आंदोलन की अगुआई पाटीदार अनामत आंदोलन समिति ने की थी, जिसके नेता हार्दिक पटेल थे। उस समय उनकी लोकप्रियता, सिर्फ़ 22 साल की उम्र के बावजूद, इतनी ज़्यादा थी कि लाखों पटेलों की भीड़ उन्हें पाटीदारों के साथ हो रहे अन्याय के बारे में बोलते हुए सुनने के लिए इकट्ठा हुई थी।इसी पाटीदार आंदोलन से गुजरात में एक राजनीतिक नेता तैयार हो गए हार्दिक पटेल । इसी से प्रेरित होकर शायद महाराष्ट्र में जातीय आन्दोलन कर रहे मनोज जरांगे-पाटिल भी राजनीतिक क्षेत्र में कूद पड़े है ।मनोज जरांगे-पाटिल के मराठा आरक्षण आन्दोलन की कहानी भी गुजरात के हार्दिक पटेल से मिलाती जुलती है ।इस साल अगस्त के आखिर से, महाराष्ट्र के सूखाग्रस्त मराठवाड़ा क्षेत्र से आने वाले 41 वर्षीय मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे-पाटिल ने राज्य में सभी मराठों के लिए शिक्षा और सरकारी नौकरियों में पूर्ण आरक्षण की मांग करके एकनाथ शिंदे सरकार को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया है । श्री जरांगे -पाटिल ने 2 नवंबर को अपना दूसरा अनशन वापस ले लिया, जब सरकारी प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें मराठों को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) प्रमाण पत्र देकर और उन्हें ओबीसी कुनबी श्रेणी में शामिल करके आरक्षण देने की प्रक्रिया पूरी करने के लिए और समय (2 जनवरी, 2024 तक) देने के लिए मना लिया।मराठा आरक्षण आंदोलन के पुनर्जीवित होने का तात्कालिक कारण जालना जिले (मुंबई से 400 किमी।) के अंतरवाली सरती गांव में 1 सितंबर को प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई हिंसक झड़प थी, जहां श्री जारेंजे-पाटिल, जो अब तक अज्ञात थे, 29 अगस्त से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षाकर्मियों पर पथराव करके हिंसा शुरू करने का आरोप लगाया, जबकि आंदोलनकारियों ने दावा किया कि पुलिस ने उन पर अनुचित लाठीचार्ज किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

इस मुद्दे ने तेजी से राजनीतिक रंग ले लिया और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और श्री शिंदे द्वारा सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के बावजूद, श्री जरांगे-पाटिल अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर चले गए, उन्होंने पीने का पानी भी त्याग दिया। श्री शिंदे के बार-बार मनाने के बाद कार्यकर्ता ने आखिरकार 14 सितंबर को हड़ताल वापस ले ली और सरकार को सभी मराठों को ओबीसी कुनबी समुदाय का सदस्य मानने की प्रक्रिया पूरी करने के लिए 40 दिन की समयसीमा दी। मुख्यमंत्री ने मराठों को ओबीसी प्रमाण पत्र देने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) निर्धारित करने के लिए न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) संदीप शिंदे के नेतृत्व में पांच सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की।हालांकि, 24 अक्टूबर को समय सीमा समाप्त होने पर श्री जारांगे-पाटिल ने अपनी दूसरी भूख हड़ताल शुरू कर दी। उन्होंने घोषणा की कि जब तक मराठों को उनका कोटा नहीं मिल जाता, तब तक सभी राजनेताओं को गांवों में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए।किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले मनोज जरांगे-पाटिल कभी जालना के युवा कांग्रेस जिला प्रमुख थे।

उन्होंने 2003 में इस पद से इस्तीफा देकर %शिवबा संगठन% नाम से अपना खुद का संगठन बनाया। श्री जरांगे-पाटिल के विरोध की प्रकृति 1982 की है, जब सतारा से कांग्रेस के विधायक अन्नासाहेब पाटिल ने आर्थिक मानदंडों के आधार पर आरक्षण की मांग करके अपनी पार्टी की लाइन के खिलाफ जाकर काम किया था। उन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार को चेतावनी दी थी कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे अपनी जान ले लेंगे और 1982 में उन्होंने दुखद रूप से खुद को गोली मार ली थी। अपने से पहले अन्नासाहेब की तरह, श्री जरांगे-पाटिल ने भी खुद को ऐसे व्यक्ति के रूप में प्रतिष्ठित किया है जिसे सत्ताधारी सत्ताधारी ÷संभाल नहीं सकते÷।सरकार पर उनका दबाव ऐसे समय में आया है जब सत्तारूढ़ भाजपा महाराष्ट्र में राजनीतिक रूप से कमजोर है, और अपने गठबंधन सहयोगियों - सीएम शिंदे की शिवसेना और अजीत पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) गुट के बीच सामंजस्य बनाए रखने और विदर्भ में अपने मूल ओबीसी मतदाता आधार को बरकरार रखने के लिए संघर्ष कर रही है।दरअसल मराठा आरक्षण का मुद्दा 2016 में सुर्खियों में आया था, जब अहमदनगर के कोपार्डी में मराठा समुदाय की एक नाबालिग लड़की के बलात्कार-हत्या की घटना हुई थी, जिसके बाद मराठाओं ने राज्य भर में करीब 60 %मूक मोर्चा% (मौन रैलियां) निकाले थे, जो करीब दो साल तक चले थे। इन रैलियों ने मराठा आरक्षण के लिए समुदाय के लंबे समय से चले आ रहे दावे को सामने ला दिया। हालांकि, ये रैलियां काफी हद तक शांतिपूर्ण रहीं।

इसके विपरीत, श्री जारांगे-पाटिल के दूसरे भूख हड़ताल के दौरान आंदोलन ने मराठवाड़ा और अन्य जगहों पर अराजकता फैला दी, कार्यकर्ताओं ने वाहनों में तोड़फोड़ की और राजनेताओं और उनसे जुड़े लोगों के घरों में आग लगा दी। कुछ समय के लिए, इन कार्यकर्ताओं ने राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया, बस सेवाओं को बाधित किया और आवागमन को पूरी तरह से बाधित करने की धमकी दी। हिंसा विपक्ष और सत्तारूढ़ राजनेताओं दोनों के खिलाफ सामूहिक गुस्से का संकेत है, जो पिछले कुछ वर्षों में उनके खोखले वादों के लिए हैं। महाराष्ट्र के 20 मुख्यमंत्रियों में से 12 मराठा समुदाय से होने के बावजूद, मराठों के लिए आरक्षण अभी भी मायावी साबित हुआ है।2018 में, महाराष्ट्र विधानसभा ने सर्वसम्मति से एक विधेयक पारित किया था, जिसमें मराठा समुदाय को सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (स्श्वब्क्ष्ट) का दर्जा देकर नौकरियों और शिक्षा में 16त्न आरक्षण दिया गया था। हालाँकि, इसे अंततः 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया था।श्री जारंगी-पाटिल के ओबीसी जाति प्रमाण पत्र पर जोर देने से पूरे महाराष्ट्र में ओबीसी समुदाय के विरोध को उकसाया गया है, जो मराठों को उनके 19त्न आरक्षण पाई से लाभ खाने से डरते हैं। जारंग-पाटिल की मांगों के प्रति राज्य सरकार की स्पष्ट अधीनता से ओबीसी समुदाय असंतुष्ट हो रहा है, समुदाय के नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर उसने ओबीसी प्रमाण पत्र के साथ मराठों को जारी किया तो निरंतर आंदोलन किया जाएगा। इस आंदोलन का भी असर हुआ है, धनगर समुदाय के सदस्यों ने राज्य भर में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है, जो अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणी में शामिल होने की मांग कर रहे हैं।श्री जारंग-पाटिल को शांत करने के लिए, सीएम शिंदे और उनके मंत्रिमंडल ने न्यायमूर्ति शिंदे समिति द्वारा प्रस्तुत पहली रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है और मराठवाड़ा क्षेत्र में मराठों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया तय करने के लिए एक सरकारी प्रस्ताव जारी किया है। हालांकि, शिंदे-भाजपा-एनसीपी एक मुश्किल स्थिति में हैं, श्री जारंग-पाटिल ने चेतावनी दी है कि अगर वे दूसरी समय सीमा से पहले कोटा देने में विफल रहे, तो वह सभी राजनेताओं की जीवन रेखाओं को ÷चोक÷ कर देंगे।

अब देखने वाली बात यह है कि वो कितने उम्मीदवार खड़े करेंगे और जरांगे अपने इस नए रूप में कितने सफल हो पाते है ?**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# विमान उड़ाने की धमकी, रेल पटरियों पर अवरोध और हिन्दू त्यौहारों पर हमले

**रमेश शर्मा**

पूरे देश में स्कूलों, हवाई अड्डों, विमानों को बम से उड़ाने की धमकी, रेल पटरियों पर कहीं डेटोनेटर, कहीं लकड़ी के गट्ठर, कहीं गैस सिलेंडर मिलने लगे । इसके साथ हिन्दू त्यौहारों पर हमले बढ़ गये । यह भारतीय समाज जीवन में भय, आतंक और तनाव फैलाकर प्रगति अवरुद्ध करने का नया षड्यंत्र है । इसमें भारत विरोधी अंतरराष्ट्रीय और भारत के भीतर की दोनों शक्तियों का गठजोड़ दिखता है ।देश भर में हुये दुर्गा विसर्जन में पथराव और बहराइच में क्रूरता पूर्वक की गई हत्या के दर्द से देश उबरा भी नहीं था कि भारतीय विमानों को उड़ाने की धमकियाँ आने लगीं । दुर्गा विसर्जन से शरद पूर्णिमा के बीच चार दिनों में कुल उन्नीस धमकियाँ मिलीं। सावधानी केलिये सात उड़ानों को या तो स्थगित किया गया अथवा आपात लैंडिंग की गई। कुछ तो ऐसे विमानों की भी आपात लैंडिंग हुई जो विदेश जा रहे थे । हालाँकि विमानों को उड़ाने धमकी भरे ईमेल या फोन और हिन्दू त्यौहारों पर हमलों की घटनाएँ पहले भी हुई हैं। लेकिन पिछले छै महीनों से भारतीय समाज जीवन में आतंक और तनाव फैलाने वाली इन घटनाओं में बाढ़ सी आ गई है । ये घटनाएँ तीन प्रकार की हैं। इनमें स्कूल, अस्पताल और विमानों और विमानतलों को बम से उड़ाने की धमकियाँ सोशल मीडिया अथवा ईमेल से आई, दूसरा रेल पटरियों पर कहीं डेटोनेटर, कहीं गैस सिलेंडर, कहीं पत्थर, कहीं लकड़ी के गट्ठर तो कहीं लोहे की राड रखकर रेल दुर्घटना करने का कुप्रयास हुआ और हिन्दु त्यौहारों पर हमले । भारत में ये घटनाएँ नई नयी हैं, ऐसी घटनाएँ पहले भी हुई हैं । लेकिन पिछले छै महीनों में घटी घटनाओं में अंतर है । एक तो संख्या में कयी गुना बढ़ोत्तरी हुई है दूसरे क्रूरता बढ़ी है । हमलों और पथराव का यह क्रम कांवड़ यात्राओं से आरंभ हुआ था । जो गणेशोत्सव और दुर्गा उत्सव में निरंतर बढ़ता रहा । दुर्गाउत्सव में ऐसा कोई दिन नहीं बीता जब दो चार स्थानों से झांकियों पर पथराव का समाचार न आया हो । कुछ घटनाओं में तो झांकियों इसके के भीतर घुसकर प्रतिमा खंडित करने और महिलाओं के साथ मारपीट करने के समाचार भी आये । बहराइच में भीड़ की आक्रामकता से हमलावरों की क्रूरता आसानी समझी जा सकती है । हमलावरों ने युवक के पूरे शरीर के हर अंग को घाव दिये, पैरों के नाखून उखाड़े गये थे । प्रत्यक्ष दर्शियों ने हमलावरों की करतूत का जो विवरण दिया वह रोंगटे खड़े कर देता है । अन्य घटनाओं में हमले केलिये पथराव, लाठी, गोली चाकू राड आदि का खुलकर प्रयोग हुआ । यह सब ऐसे समय हो रहा है जब भारत में एकजुटता की आवश्यकता थी । इन दिनों भारत विकास की नई अंगड़ाई ले रहा है । आर्थिक समृद्धि से लेकर अंतरिक्ष की ऊँची उड़ान तक नये कीर्तिमान बन रहे हैं। यह विश्व में भारत की बढ़ती साख और प्रतिष्ठा का नया अध्याय है कि गाजा पट्टी का तनाव रोकने और यूक्रेन-रूस युद्ध के समाधान के लिये दुनियाँ भारत के प्रधानमंत्री श्रीनरेंद्र मोदी से आगे आने की अपेक्षा कर रही है । भारत की यह प्रगति और प्रतिष्ठा की मंजिल नहीं है, पहला चरण है । लक्ष्य तो विश्व में सर्वश्रेष्ठ स्थान अर्जित करने का है । इसके लिये यशस्वी प्रधानमंत्री श्रीनरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 निर्धारित किया है। वह भारत की स्वतंत्रता का शताब्दी वर्ष होगा । मोदीजी का संकल्प है कि स्वतंत्रता की शताब्दी वर्षगांठ पर भारत राष्ट्र विश्व में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर प्रतिष्ठित हो । यह काम केवल मोदीजी के संकल्प और सरकार की नीति निर्णयों से नहीं होगा । इसके लिये संपूर्ण भारत और भारत वासियों को एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा । तभी वर्तमान प्रगति यात्रा अनवरत रह सकेगी और भारत का परम् वैभव पुनर्प्रतिठित हो सकेगा । जिस समय संपूर्ण राष्ट्र में एकत्व और सक्रियता की आवश्यकता है तब बम से उड़ाने की धमकियों से आतंक का वातावरण बनाना, रेल की पटरियों को क्षतिग्रस्त करके समाज जीवन में भय उत्पन्न करना और हिन्दू त्यौहारों पर लगातार हमले करके साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न करना साधारण नहीं हो सकता । यह आशंका निराधार नहीं हो सकती की यह भारत की विकास गति अवरुद्ध करने का षड्यंत्र है । इन तीनों के परिणाम पर विचार करें तो इसमें देश विरोधी गहरे कुचक्र की गंध आती है । किसी न किसी स्तर पर इन तीनों प्रकार की घटनाओं के सूत्र एक दूसरे से जुड़े लगते हैं। चूँकि ये घटनाएँ किसी प्राँत या क्षेत्र में घटीं हों इनमें साम्यता है । तीनों प्रकार की सर्वाधिक घटनाएँ उत्तरप्रदेश में घटीं। इसके अतिरिक्त बंगाल, असम, राजस्थान, झारखंड, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र और गुजरात से भी आई। इन सभी प्राँतों के समाज जीवन में बहुत विविधता है । लेकिन सभी प्राँतों में तनाव फैलाने वाली घटनाओं की शैली एक ही है । रेल पटरियों पर अवरोध खड़ा करने और फिश फ्लेट ढीली करने की आरंभिक घटनाएँ कैमरे की नजर में आ गई थीं। जिससे पुलिस आरोपियों तक पहुँच गई थी और कुछ गिरफ्तारी भी हुई । लेकिन बाद की घटनाओं में आरोपियों ने सावधानी बरती और घटना केलिये वे स्थान चुने गये जो कैमरे की पहुँच से दूर हों । इसी प्रकार स्कूल, अस्पताल और हवाई जहाज को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल भी बहुत योजना से भेजे गये। ये भेजे तो भारत से ही भेजे गये थे पर अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से । ताकि आसानी से पकड़ में न सकें । रेल पटरियों पर अवरोध खड़ा करने की घटनाओं में जो सावधानी दूसरे चरण में बरती गई, बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल में वह सावधानी पहले दिन से बरती गई।किसी भी परिवार, समाज या राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि केलिये सबको एकजुट होना आवश्यक है । सबके साथ से ही सबका विकास संभव है । लेकिन यदि परिवार समाज या राष्ट्र के आंतरिक वातावरण में तनाव है, भय है या टकराव है तो सबसे पहले विकास गति ही प्रभावित होती है । पिछले दस वर्षो से भारत ने जो विकास गति पकड़ी है उससे आयात घटा है, आत्मनिर्भरता बढ़ी है । यह भारत की विकसित तकनीकि का प्रमाण है की अब दुनियाँ के पन्द्रह देश अपने उपग्रहों के प्रक्षेपण में भारतीय तकनीकी की सहायता ले रहे हैं। इससे चीन जैसे अनेक देश ही नहीं अमेरिका और कनाडा की भी एक विशेष लॉवी चिंतित है । इन लॉवियों का गठजोड़ बंगलादेश के सत्ता परिवर्तन में देखा जा सकता है । वह कहने केलिये छात्र आँदोलन था । लेकिन परदे के पीछे वे कट्टरपंथी थे जिनकी मानसिकता भारत और सनातन विरोधी रही है । आँदोलन के साथ ही हिन्दू मंदिरों और बस्तियों को निशाना बनाया गया । सत्ता परिवर्तन के बाद दुर्गा उत्सव पर लगातार हमले हुये । वह मुकुट भी गायब कर दिया गया जो प्रधानमंत्री श्रीनरेंद्र मोदी ने अपनी बंगलादेश यात्रा के समय भेंट किया था ।

## हेल्थ टिप्स

### क्या सोने से ठीक पहले पीती हैं पानी? अपनी सेहत को ये नुकसान पहुंचा रही हैं आप



हाइड्रेटेड रहना ओवरआल हेल्थ के लिए बेहद जरूरी है.पर आपको जानकर हैरानी होगी कि शरीर के लिए जितना आपका पानी पीना जरूरी है उतना ही इंपॉर्टेंट ये भी है कि आप किस समय पानी पी रहे हैं. जी हां पानी पीने का समय आपकी सोच से भी कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. कई लोगों का मानना है कि सोने से पहले पानी पीने से वह रात भर हाइड्रेटेड रह सकते हैं. अगर आप भी ऐसा ही सोचते हैं या फिर करते हैं तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है. आज हम आपको सोने से पहले पानी पीने के फायदे और नुकसान के बारे में बताएंगे. यह भी बताएंगे कि इससे आपकी नींद कैसे प्रभावित हो सकती है.

**डिहाइड्रेशन से बचाएगा**

सोने से पहले पानी पीने से डिहाइड्रेशन को रोकने में मदद मिल सकती है, जो बॉडी के टेंपरेचर रेगुलेशन, वेस्ट रिमूवल और जॉइंट लुब्रिकेशन को सपोर्ट करता है. खास तौर पर यह उन लोगों के लिए बहुत ही ज्यादा फायदेमंद है जो गर्म तापमान में रहते हैं या फिर जिन्हें रात में पसीना आता है. अच्छी तरह से बॉडी को हाइड्रेटेड रखने से बॉडी टेंपरेचर को कम किया जा सकता है जो अच्छी नींद में भी फायदेमंद है.

**बूस्ट करता है मूड**

पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से मूड बेहतर होता है और चिड़चिड़ापन कम होता है. एक अध्ययन में पाया गया कि जिन व्यक्तियों ने पानी का सेवन बढ़ाया, उनमें इमोशनल स्टेबिलिटी और आंतरिक शांति मिलती है. रात में पानी पीकर सोने से तनाव और चिंता से मुक्ति मिलती है और आरामदायक नींद में भी मदद मिलती है.

**नेचुरली डिटॉक्स एंड इम्यून सपोर्ट**

सोने से पहले गर्म पानी पीना शरीर के लिए एक नेचुलर क्लींजर के रूप में काम कर सकता है. ये डाइजेशन को बेहतर बनाने में मदद करता है और पसीने के प्रोडक्शन को बढ़ाता है, जो बदले में शरीर से टॉक्सिक सब्स्टेंस को बाहर निकालने में सहायता करता है. इसके अलावा, सोने से पहले गर्म पानी में नींबू मिलाने से न केवल स्वाद बढ़ता है बल्कि विटामिन सी भी बढ़ता है, जिससे आपके इम्युनिटी सिस्टम को इंफेक्शन से लड़ने की क्षमता बढ़ती है.

**नोक्टूरिया का रिस्क**

सोने से पहले पानी पीने के सबसे महत्वपूर्ण नुकसानों में से एक है नोक्टुरिया का जोखिम बढ़ना, एक ऐसी स्थिति जिसमें रात में बार-बार पेशाब करने के लिए जागना शामिल है. स्लीप साइकिल में यह व्यवधान नींद की गुणवत्ता को काफी हद तक प्रभावित कर सकता है, जिससे प्रोडक्टिविटी में कमी, मूड स्विंग्स और यहां तक कि अवसाद और अन्य स्वास्थ्य स्थितियों का जोखिम भी बढ़ सकता है.

**हार्ट हेल्थ पर प्रभाव**

बार-बार बाथरूम जाने के कारण नींद की कमी से हार्ट हेल्थ पर लॉन्ग टाइम एफेक्ट भी पड़ सकता है. पर्याप्त नींद की कमी से हाई ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रॉल और यहां तक कि दिल की बीमारियों जैसी स्थितियों के विकसित होने का जोखिम बढ़ जाता है. हेल्थ एक्सपर्ट्स नोक्टूरिया की संभावना को कम करने के लिए सोने से कम से कम दो घंटे पहले पानी पीने से बचने की सलाह देते हैं.

**बेहतर नींद के लिए हाइड्रेशन टिप्स**

पूरे दिन स्टेबल हाइड्रेशन बनाए रखने के लिए सोने से ठीक पहले के बजाय हर मील के साथ एक गिलास पानी पिएँ.फलों और सब्जियों का सेवन बढ़ाएँ, जिनमें पानी की मात्रा अधिक होती है और ये आपकी हाई वॉटर कंटेंट की ज़रूरत को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं.देर शाम को कैफीन और शराब से बचें, क्योंकि ये पदार्थ यूरिन प्रोडक्शन को बढ़ा सकते हैं और आपकी स्लीप साइकिल में बाधा डाल सकते हैं.

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा और यह सीखेंगे की धन को कैसे बचा कर रखा जाता है, जिससे भविष्य में कोई परेशानी ना हो। साथ ही आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे। सभी लोग आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे। |
| वृष | आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका सोचा हुआ काम, आज पूरा हो जायेगा। बिजनेस साझेदार के साथ किए गए कामों से आज आपको फायदा होगा। आज आपको मान-सम्मान मिलेगा। अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए आप सीजनल फ्रूट शामिल करेंगे। आज परिवारजन आपसी सामजस्य द्वारा घर की किसी समस्या का शोल्युशन निकालने में सक्षम रहेंगे, |
| मिथुन | आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपके सामने लाभ के कुछ नए अवसर आयेंगे। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आज आपके कठिन परिश्रम का लाभ मिलने से मन में खुशी का भाव बना रहेगा। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के आसार खुलेंगे। आज आप अपने लक्ष्य से भटक भी सकते है, किन्तु अपनों का साथ आपको सही दिशा में ले जायेगा। |
| कर्क | आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियाँ लाने वाला है। नये काम करने की सोच से आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे। लोग आपकी योजना पर काम करने के लिए आपसे सलाह भी लेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। छात्र अपनी पढ़ाई में नए बदलाव करेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। |
| सिंह | आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। इस राशि के जो लोग नौकरी कर रहे हैं वह दिए गए काम को पूरा करने में सफल होंगे। आज आप दफ्तर से जल्दी निकलने की कोशिश करेंगे और वह काम करेंगे, जो आपको पसंद है। बीते दिनों में जितना धन इन्वेस्टमेंट किया था, उसका फायदा आपको आज मिल सकता है। |
| कन्या | आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आप अपने आपको काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमा कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे। आज का दिन आनंद से भरा रहेगा, आप जिंदगी को पूरी तरह जिएंगे। |
| तुला | आज आपका दिन पाज़िटिव रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में बनाई गई योजनाएं कारगर साबित होगी। आपके लिए धन लाभ की संभावना बढ़ेगी। मास इन मीडिया कम्युनिकेशन के छात्रों के लिए खास अवसर मिलने की संभावना है। आपके अंदर कलात्मक चीजों के प्रति उत्साह पैदा होगा। आप किसी क्राफ्ट एग्जीबिशन में मित्रों के साथ जा सकते हैं। |
| वश्चिक | आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज किसी प्रॉपर्टी डीलर्स से बातचीत करेंगे। आज आपको बिजनेस के सिलसिले से राज्य से बाहर जाना पड़ सकता है। इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट अच्छा होगा। आज किसी को मामूली बात पर डांटने की बजाय विनम्रता से समझाये। |
| धनु | आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी धार्मिक स्थान पर घूमने जाने की योजना बनाएंगे। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। जीवनसाथी को आप कोई नया कार्य शुरू करा सकते हैं। आप जीवनसाथी के साथ परिवार की भलाई के लिए कार्य करते हुए नजर आएंगे |
| मकर | आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। शिक्षा से रिलेटेड आपकी कोई मनोकामना पूरी होगी। आपको परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ रिजल्ट मिलेंगे। अच्छे कॉलेज में आप एडमिशन पाएंगे। आगे चलकर आपको नये सुनहरे अवसर मिलने की संभावना बढ़ेगी। आप अपने खानपान पर ध्यान रखेंगे। जिससे आपकी सेहत फिट एण्ड फाइन रहेगी। |
| कुम्भ | आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। उच्च अधिकारियों द्वारा आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। व्यवसाय कर रहे लोग नई-नई योजनाओं को लागू करेंगे, जिससे व्यापार को आगे बढ़ा सके। सगे-संबंधियों से आपको सहायता मिलेगी। |
| मीन | आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आज शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपमे चुस्ती फुर्ती रहेगी, आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। आज बिना किसी मदद के भी आप धन कमा पाने में सक्षम होंगे, बस आपको खुद पर विश्वास करने की जरूरत है। |

# लायंस क्लब हर्ष नवम्बर माह में आयोजित करेगा विशाल स्वास्थ्य शिविर - लायन संतोष भगवन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** लायन्स क्लब हर्ष आगामी नवम्बर माह में जनपद में एक विशाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेगा। जिसमे बालरोग विशेषज्ञ, दन्त रोग विशेषज्ञ,नेत्ररोग विशेषज्ञ ,सीनियर फिजीशियन तथा वरिष्ठ फिजियोथैरेपिस्ट , नागरिकों बच्चों व महिलाओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे उचित परामर्श देंगे एवं आवश्यक दवाएं निःशुल्क उपलब्ध करायी जायेगी । यह जानकारी आज यहां लायंस क्लब हर्ष के अध्यक्ष लायन सन्तोष भगवन ने सदर चौराहे के पास एक होटल में क्लब की एक महत्वपूर्ण बैठकमें दी । अध्यक्ष लायन श्री भगवन ने बताया कि शीघ्र ही क्लब परिवार के सदस्यों का फेमिली टूर भी प्रस्तावित है। जिसमें अयोध्या काशी व चित्रकूट का भ्रमण व दर्शन पूजन का कार्यक्रम है । क्लब की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दीपावली के पूर्व भंगवा चुंगी स्थित विकलांग विद्यालयके बच्चों के साथ दीपावली कार्यक्रम मनाया जाय जिसमें बच्चो को मिठाई ,पटाखे व उपहार दिये जांय । क्लब के सचिव लायन डा0 क्षितिज श्रीवास्तव ने कहा कि इस सत्र में चिकित्सक दिवस पर चिकित्सकों का सम्मान, शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान, स्वतंत्रता दिवस समारोह,पौधरोपण कार्यक्रम तथा असहाय एवं निर्वल व्यक्तियों को एक माह का राशन दिया जाना आदि कार्यक्रम क्लबके सम्मानित सदस्यों के सहयोग से सम्पन्न कराये गये ।

बैठक में कोषाध्यक्ष लायन राजेन्द्र बहादुर सिंह ने क्लब के ड्यूज के बारे में जानकारी दी । क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष भगवन ने बताया कि इस सत्र में यह परम्परा शुरू की गई है कि क्लब के सदस्यो के जन्म दिवस पर तथा शुभ विवाह की वर्षगांठ पर उनके घर जा कर सदस्यगण कार्यक्रम में सम्मिलित हो तथा गिफ्ट भेंट की जाय। यदि किसी कारणवश क्लब के सदस्य उपस्थित न हो तो क्लब की आगामी बैठक में सम्मानित किया जाए। इसी क्रम में सचिव लायन डा0 क्षितिज श्रीवास्तव लायन के0पी0 सिंह, लायन दिनेश प्रताप सिंह, लायन डा रविशंकर पाण्डेय, लायन राजेश बहादुर पाल, पवन भगवान को क्लब के संस्थापक वरिष्ठ सदस्य लायन सतीश शर्मा एवं निदेशक रामेश्वर पाण्डेय, लायन लालजी चौरसिया द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। बैठक में वरिष्ठ सदस्य लायन आलोक सिंह, लायन कुंवर बहादुर सिंह ,लायन अरविन्द सिंह,लायनअश्वनी सिंह, लायन अनिल पाण्डेय ,लायन अजयश्रीवास्तव, लायन श्याम शंकर श्याम तथा लायंस क्लब अवध के अध्यक्ष लायन सन्तोष पाण्डेय आदि ने अपने बहुमूल्य सुझावों से बैठक को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया । अन्त में क्लब के प्रशासक लायन कुंवर बहादुर सिंह ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बीएनएस सम्बंधित वांछित आरोपी गिरफतार

**देल्हूपुर प्रतापगढ़-** वादिनी मुकदमा द्वारा छेड़खानी, मारपीट व धमकी देने के प्रकरण में वादिनी की प्राप्त तहरीर के आधार पर दिनांक 12 अक्टूबर को मु0अ0सं0 153/2024 धारा 191(2), 191(3), 109(1), 333, 352, 115(2), 74, 351(3) बी0एन0एस0 में अभियोग पंजीकृत किया गया था ।पुलिस अधीक्षक, डॉ0 अनिल कुमार द्वारा* अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी के पर्यवेक्षण, थाना प्रभारी धनंजय राय थाना देल्हूपुर के नेतृत्व में, उ0नि0 उमाशंकर सिह प्र0चौकी शनिदेवधाम ने मय हमराह का0 अनीश गुप्ता द्वारा तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0 153/2024 धारा 191(2), 191(3), 109(1), 333, 352, 115(2), 74, 351(3) बी0एन0एस0 से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त मो0 वसीक पुत्र जमालउद्दीन निवासी ग्राम कुशफरा थाना देल्हूपुर को 20 अक्टूबर को थानाक्षेत्र अन्तर्गत मान्धाता मोड़ विश्वनाथगंज के पास से गिरफ्तार किया गया।

# भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए -मुरारी जी महराज

● ममईपुर में आयोजित भागवत कथा का तीसरा दिन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** बाबागंज विकास खंड के बघवाइत ममई पुर काली बक्स का पुरवा गांव निवासी राजेश त्रिपाठी मुन्ना के यहां आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा सुनाते हुए कथा वाचक श्री मुरारी जी महराज ने बताया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान हो। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों हो। कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा।कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया। जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है। उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो तो इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। अजामिल उपाख्यान के माध्यम से इस बात को विस्तार से समझाया। साथ ही प्रह्लाद चरित्र के बारे में विस्तार से सुनाया और बताया कि भगवान नृसिंह रुप में लोहे के खंभे को फाड़कर प्रगट होना बताता है कि प्रह्लाद को विश्वास था कि मेरे भगवान इस लोहे के खंभे में भी है और उस विश्वास को पूर्ण करने के लिए भगवान उसी में से प्रकट हुए एवं हिरण्यकश्यप का वध कर प्रह्लाद के प्राणों की रक्षा की।सातदिवसीय भागवत कथा का सात दिवसीय भागवत कथा के दौरान सोमवार को कथावाचक श्री मुरारी जी महराज द्वारा सोमवार को विभिन्न प्रसंग सुनाए गए। कथा वाचक ने महाभारत रामायण से जुड़े विभिन्न प्रसंग सुनाए। साथ ही उन्होंने कहा कि परम सत्ता में विश्वास रखते हुए हमेशा सद्कर्म करते रहना चाहिए। सत्संग हमें भलाई के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। इस दौरान मुख्य यजमान श्रीमती मनोरमा देवी मुन्नी पत्नी स्वर्गीय रामप्रताप तिवारी, अरुण कुमार त्रिपाठी, राजेश कुमार त्रिपाठी मुन्ना, आदित्य कुमार त्रिपाठी, राकेश कुमार त्रिपाठी, राजेंद्र कुमार त्रिपाठी, राहुल त्रिपाठी, संगम पांडेय, राघवेंद्र विपिन पांडेय, विनय पांडेय, विवेक पांडेय, यीशु तिवारी, आशीष तिवारी, अनुराग तिवारी, अर्पित शुक्ला, प्रकाश तिवारी, सहित सैकड़ों भक्त जनों ने कथा श्रवण किया।

# कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा, वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य हुआ वेदीपूजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अमावां क्षेत्र के गोबरा गांव में श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। प्रयागराज से पधारे अर्न्तराष्ट्रीय कथाव्यास सम्पूर्णानंद जी महराज के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य श्रद्धालुओं ने गोबरा कथास्थली से बाबा घुइसरनाथ धाम तक कलश यात्रा निकाली। बाबा धाम में पूजन अर्चन के बाद कलश यात्रा पुनः कथास्थली पहुंची। सिर पर कलश धारण कर महिलाएं हरे राधे हरे कृष्ण संकीर्तन के साथ कलश यात्रा में भावविभोर दिखी। ग्रामीणों ने जगह जगह कलश यात्रा पर पुष्पवर्षा भी की। वहीं कथा का शुभारंभ करते हुए संत सम्पूर्णानंद जी महराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य के सभी संताप का हरण हो जाया करता है। उन्होनें कहा कि श्रीमदभागवत महाग्रन्थ की कथा समाज को नैतिकता तथा सुचरित्रता के मार्ग पर बढ़ने की प्रेरणा दिया करती है। कथा के संयोजक समाजसेवी विपिन पाण्डेय ने ग्रामीणों की ओर से व्यासपीठ व वेदीपूजन किया। मुख्य यजमान विद्यानंद पाण्डेय व उमाधर पाण्डेय तथा सरला देवी व गीता ने श्रद्धालुओं का रोली टीका अभिषेक किया। इस मौके पर चंचल पाण्डेय, शैलेश पाण्डेय, विकास पाण्डेय, अखिलेश मिश्र, सुरेन्द्र प्रताप मिश्र, संतोष मिश्र, अवधेश, लल्लन पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, नन्हें पाण्डेय, सिंटू मिश्र, धीरेन्द्र पाण्डेय आदि रहे।

# अलीगढ़ के साबिर पहलवान के नाम रहा स्वर्गीय शशिधर मिश्र स्मारक अर्न्तराज्यीय दंगल में विजेता खिताब

● महिला कुश्ती में बनारस की रागिनी को मिला विजेता का चैम्पियनशिप



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के ढ़िगवस वीरबल में स्वर्गीय शशिधर मिश्र स्मारक अर्न्तराज्यीय विराट दंगल प्रतियोगिता में अलीगढ़ के साबिर पहलवान ने विजेता फाइनलशिप अपने नाम करने में कामयाबी हासिल की। वहीं महिला कुश्ती में बनारस की रागिनी पहलवान ने चैम्पियनशिप का खिताब जीता। प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेवी कुंदन सिंह तथा आयोजक शशिभूषण मिश्र रज्जन एवं शिवभूषण मिश्र सज्जन ने अतिथियों के साथ स्व. शशिधर मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा जिपंस दिलीप पाण्डेय विशिष्ट अतिथि रहे। हजारों दर्शकों के रोमांचपूर्ण माहौल में नामीगिरामी पहलवानों ने कुश्ती के करतब दिखलाये तो दर्शक अचंभित हो उठे। रेफरी की भूमिका में लालजी तिवारी व प्रदीप द्विवेदी तथा उदघोषक आद्याशरण शुक्ल व रामेश्वर प्रसाद शुक्ल के निर्देशन में प्रतियोगिता में हरियाणा, हरिद्वार, ग्वालियर, बक्सर, नेपाल, दिल्ली समेत यूपी के वाराणसी, अयोध्या, जौनपुर, अमेठी, प्रयागराज, गोरखपुर, फतेहपुर जिलों के अलावा प्रतापगढ़ के पहलवानों ने भी कुश्ती का अदभुत शौर्य दिखलाया। प्रमुख कुश्तियों में अयोध्या के पागल बाबा ने हरियाणा के टाइगर पहलवान को चित्त किया। हरिद्वार के राजा कुरैशी ने ग्वालियर के कालीघटा तथा नेपाल के बादल थापा ने बक्सर के आशीष व हरियाणा के आलोक मिश्र ने यूपी के जितेन्द्र को जबरदस्त पटखनी दी। प्रयागराज के सुमित ने फतेहपुर के शिवप्रसाद, अयोध्या के बजरंगी बाबा ने गोरखपुर के भीम सिंह, हरिद्वार के राजा कुरैशी, ग्वालियर के शैतान सिंह, जौनपुर के राजू ने गोरखपुर के सुनील तथा अयोध्या के सुरेश सुदामा ने राजस्थान के गुर्जर सिंह को दंगल में चारों खाने चित्त कर दिये। जौनपुर के जावेद ने प्रतापगढ़ के सैफ तथा प्रतापगढ़ शहबाज ने अमेठी के रशीद तथा बनारस के पारस पहलवान ने प्रयागराज के तैमूर पहलवान को शिकस्त दी। लालगंज के कृष्ण ने उपाध्यायपुर के आसिफ को कुश्ती में हार का कड़वा स्वाद चखाया। दंगल प्रतियोगिता में भारी भीड़ के मद्दे नजर लालगंज कोतवाली पुलिस भी भारी फोर्स के साथ मशक्कत करती दिखी। प्रतियोगिता के समापन में मुख्य अतिथि कुंदन सिंह व ग्राम प्रधान एवं आयोजक रज्जन मिश्र ने विजयी पहलवानों को समारोहपूर्वक पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में समाजसेवी अशोक बेलौरा, विश्वभवन शुक्ल, डॉ. शक्ति कुमार पाण्डेय, हौसला प्रसाद ओझा, ओमानंद द्विवेदी, विकास मिश्र, राजेश पाण्डेय ने कुश्ती को भारतीय खेल का प्राचीनतम गौरव ठहराया। इस मौके पर ललित मिश्र, प्रदीप पाण्डेय, हरीश मिश्र, अमरदीप, संदीप मिश्र, भूपेन्द्र पाण्डेय, दिनेश पाण्डेय, कमलेश द्विवेदी, लक्ष्मीकांत, संतोष बाबा, प्रधान गब्बर सिंह, पप्पू दुबे, पण्डित दुबे, राजू यादव, शासकीय अधिवक्ता हरिशंकर द्विवेदी, इंद्रनारायण, रजनीकांत, पूर्णन्दु तिवारी, नीलेश मिश्र, संजय पाण्डेय फौजी आदि रहे।

# संघर्ष के लिए साथियों ने किया अधिवक्ता को सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** सोमवार को जूनियर बार एसोशिएसन (पुरातन) कार्यालय पर अधिवक्ताओं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रोहित कुमार शुक्ल ने किया। संचालन जूबाए के महामंत्री संतोष कुमार सिंह ने किया। बैठक में अधिवक्ताओं ने लालगंज तहसील के संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्रा की जेल से रिहाई को लेकर जूनियर बार एसोशिएसन कार्यालय पर अधिवक्ताओं ने उनका माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। बैठक में रूरल बार एसोशिएसन के प्रदेश अध्यक्ष मुक्तेश्वर नाथ मुक्कू ओझा ने संबोधित कर कहा कि विकास मिश्र की रिहाई अधिवक्ता हित में किये गये संघर्षो की जीत है। विकास मिश्र ने अधिवक्ता हित में सदा संघर्ष किया है। उसी संघर्ष का परिणाम रहा कि न्यायालय द्वारा अविलम्ब जमानत स्वीकार करते हुए उन्हें गैंगेस्टर कोर्ट ने दूसरे ही दिन जमानत पत्र स्वीकार कर जेल से रिहाई का आदेश जारी किया। वहीं बैठक में संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज के पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ने कहा कि अधिवक्ता एवं वादकारी हित में सदैव संघर्ष जारी रहेगा। बैठक में भानु प्रताप सिंह, मो0 इरफान, पुष्पराज सिंह, विवेक त्रिपाठी, रवीन्द्र शुक्ला, पवन मिश्र, रामअवध मिश्र, सुभाष सिंह, राघवेन्द्र सिंह, राजेश मिश्र, प्रशान्त सिंह बन्टी आदि मौजूद रहे।

# मेधावियों की मेहनत की बदौलत दुनिया में लहरा रहा है देश की सफलता का परचम- प्रमोद तिवारी

● राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने रांकी गांव में परम्परागत मेले में सदभावना व सौहार्द के जरिए राष्ट्रीय एकता को सशक्त बनाने का किया आहवान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मेधावियों की कडी मेहनत तथा लगन व निष्ठा से आज दुनिया में हर क्षेत्र में भारतीय मेधा का शानदार परचम लहरा रहा है। उन्होनें कहा कि ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में देश की वृहद क्षमता में बढोत्तरी के संकल्प के साथ भारत को हमें दुनिया का नेता बनाए रखने का मिशन जारी रखना होगा। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने यह उदबोधन सोमवार को नसीरपुर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बृजेशचंद्र कौशिक इण्टरमीडिएट कालेज के रंगारंग वार्षिकोत्सव समारोह में बतौर मुख्यअतिथि दिये। उन्होनें कहा कि छात्र छात्राओं को बहुउददेशीय भविष्य निर्माण की सफलता के लिए शिक्षाविद संस्कृति तथा चरित्र व राष्ट्रीयतापरक ज्ञान प्रदान करने में सशक्त भूमिका का निर्वहन करें। उन्होनें छात्र छात्राओं से कहा कि देश निर्माण के लिए उन्हें अपने उददेश्य के प्रति सदैव सजग संकल्प के प्रति समर्पित रहना चाहिए। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी में वह हुनर है कि वह सामाजिक एवं राष्ट्रीय सरोकार के जरिए देश व समाज को हर तरह से शक्ति सम्पन्न गौरव प्रदान कर रही है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने विद्यालय में शैक्षिक कक्ष के लिए क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा स्वयं की ओर से दो लाख रूपये की सौगात की भी घोषणा की। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी ने बालिकाओं के लिए हाईटेक शौचालय निर्माण कराए जाने की भी घोषणा की। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। छात्र छात्राओं ने स्वागत गान तथा सरस्वती वंदना के साथ राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत गीत व सामूहिक भाव नृत्य से समां बांधी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संरक्षक भारत सिंह व संचालन प्रधानाचार्य शशिकान्त पाण्डेय ने किया।

प्रारम्भ में प्रबंधक अनुपमा सिंह ने शैक्षिक प्रगति आख्या व उप प्रबंधक रमेश सिंह ने आभार जताया। इसके बाद राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी रांकी गांव पहुंचे। यहां परम्परागत मेले में उन्होने कहा कि हमारी सामूहिक समरसता तथा सदभावना ही राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की सबसे बड़ी मिसाल है। उन्होनें कहा कि रामपुर खास में आपसी मेलजोल की सशक्त विचारधारा से ही यहां विकास का वातावरण निरंतर समृद्धिशाली है। कार्यक्रम में इंद्रसेन सिंह, लल्लन सिंह, गंगेश सिंह ने ग्रामीणों की ओर से राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का आदर्श विकास की मजबूती में योगदान को लेकर सारस्वत सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू ने किया। इस मौके पर हरिश्चंद्र मौर्य, जियालाल कोरी, महेन्द्र सिंह, पवन शुक्ला, डॉ. अमिताभ शुक्ल, आशीष उपाध्याय, दृगपाल यादव, रामकृपाल पासी, त्रिभु तिवारी, प्रभात ओझा, आदि रहे।

# अवसर तथा अधिकार के प्रति समानता के जरिए पूर्ण न्याय का सभी को अधिकार-अपर जिला जज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सोमवार को अझारा स्थित मौलवी फरजन्द अली लॉ कालेज में विधिक साक्षरता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिला जज सुमित पवार व अपर सिविल जज आरूच ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

बतौर मुख्य अतिथि अपर जिला जज सुमित पवार ने कहा कि न्याय व्यवस्था का आदर्श सबको समान रूप से न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होनें कहा कि सम्पूर्ण न्याय में देश के सभी नागरिकों को अवसर तथा अधिकार के प्रति संविधान में संरक्षण प्रदान किया गया है। उन्होनें नागरिकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ तथा न्यायिक पैरवी के लिए भी न्यायिक तंत्र सुदृढ़ अवसर प्रदान किया करता है। विशिष्ट अतिथि अपर सिविल जज आरूच ने कहा कि संविधान में नागरिकों के मौलिक अधिकार के जरिए सबको बराबरी का संवैधानिक दर्जा मिला हुआ है। उन्होनें कहा कि देश को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए आखिरी पंक्ति को अवसर तथा न्याय की पूर्णता मिलनी चाहिए। संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सशक्तीकरण के क्षेत्र में अवसर की समानता में विशिष्टता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता लॉ कालेज के निदेशक प्रकाशचंद्र मिश्र व संचालन पीएलवी निरंजन प्रकाश तिवारी ने किया। कालेज के प्राचार्य डॉ. एसपी विश्वकर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। पैनल लायलर आलोक शुक्ला ने आभार जताया। इस मौके पर डीपी तिवारी, भूपेन्द्र सिंह, डॉ. एलके तिवारी, पूर्व जिपंस दीपक मिश्र आदि रहे।

# मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं कों किया गया जागरूक




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** महेशगंज पुलिस ने %मिशन शक्ति% के तहत बालिकाओं और किशोरियों को जागरूक करने कों लेकर महिला एसआई वंदना वर्मा महिला आरक्षी नीतू शर्मा की अगुवाई मे व्यापक अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मी, स्कूल, कॉलेज, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जाकर पर्चे बांट रही हैं और महिलाओं एवं स्कूली छात्राओं कों कानूनी सहायता की जानकारी दे रही है। सोमवार को हीरागंज के अमर बहादुर शिक्षण संस्थान बहोरिकपुर मे यह अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया गया। पुलिस कर्मियों ने कहा कि यदि किसी को जरूरत पड़ती है तो वह तुरंत पुलिस को सूचना दें। जिससे मौके पर पहुंचकर त्वरित सहायता उपलब्ध कराया जा सके।पुलिस कर्मियों ने बताया कि अब महिलाओं को अपनी समस्या लेकर थानों में जाने की जरूरत नहीं है। फोन करने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान करेगी। इस दौरान महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई । जिनमें वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, डायल 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 और एम्बुलेंस सेवा 108 शामिल हैं।महिला सुरक्षा के लिए महिला हेल्प डेस्क को प्राथमिकता देते हुए सभी थानों मे स्थापित की गई है। जहां तैनात महिला पुलिस कर्मी पीड़ितों की समस्याएं सुनती हैं और मामले का तुरंत समाधान सुनिश्चित किया जाता है। इस दौरान एस आई वंदना वर्मा ने साइबर धोखाधड़ी के मामलों में भी सतर्क रहने की अपील की और हेल्पलाइन 1930 पर तत्काल सूचना देने को कहा। साथ ही साथ किसी आकस्मिक समस्या पर मदद के लिए सभी कों अपना व्यक्तिगत मोबाइल नम्बर भी साझा किया।

# नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारम्भ

▶▶ जन सामान्य को जेनेरिक दवाएं होगी उपलब्ध



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह में जन सामान्य की सुविधा हेतु प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारंभ अमर जनता इंटर कालेज के सामने मुरारी भवन में प्रसिद्ध सामाजिक चिंतक डॉ चंद्र शेखर प्राण के संरक्षण में हुआ। शुभारंभ अवसर पर विश्वनाथगंज के विधायक जीत लाल पटेल व वरिष्ठ सामाजिक नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी तथा नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार यादव मुन्ना ने विशिष्ट सहभागिता की। सर्व प्रथम यथार्थ शेखर द्वारा बिद्वत मंडल के मार्गदर्शन में श्री गणेश व लक्ष्मी जी का विधिवत पूजन किया गया। तदोपरांत अतिथियों द्वारा फीता काटकर जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया गया। जागरूकता गोष्ठी को संबोधित करते हुए विधायक जीत लाल पटेल ने कहा की हमारी विधान सभा क्षेत्र का पहला केंद्र है। इसकी समाज को बहुत आवश्यकता महसूस होती थी। अब इस केंद्र से जरूरत मंद को सरकारी नियंत्रण में दवा किफायती दाम में उपलब्ध होगी।

जिसका लाभ जन सामान्य को मिल सकेगा। वारिष्ठ बीजेपी नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी ने कहा की इस जन औषधि केंद्र का लाभ आस पास के समाज को अवश्य मिलेगा। उन्होंने लखनऊ केंद्र का उदाहरण भी दिया। इस दौरान व्यापार मंडल कटरा गुलाब सिंह के अध्यक्ष व चिकित्सक डॉ अमर बहादुर सिंह , शिक्षक नेता विनोद सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र रंजन सिंह , जल योद्धा आर्य शेखर , कार्यवाहक अध्यक्ष भयहरण नाथ धाम लाल जी सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता सभाजीत सिंह, सर्वजीत गिरी महाविद्यालय के प्रबंधक घनश्याम गिरी, मुरारी आटो सेल्स के प्रबन्धक सुनील मिश्र गुल्लू, अनिल मिश्र सोनू, विधायक प्रतिनिधि राबिन पटेल, विनोद मिश्र आदि ने अपने विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर ने किया।

# बेकाबू कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत, दो घायल





## ▶▶ उड़ैयाडीह आरा मशीन के समीप हुआ हादसा

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ के उड़ैयाडीह सांगापट्टी आरा मशीन के समीप सोमवार को बेकाबू कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों ने तीनों को इलाज के लिए सीएचसी भिजवाया। यहां डाक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। पट्टी नगर पंचायत के वार्ड नंबर 2 कस्बा निवासी बादल सोनी (35) पुत्र छोटे लाल सोनी गुजरात में रहता था। सोमवार को बादल अपने दोस्त के साथ बाइक से अपनी बुआ के घर रानीगंज गया था। दोपहर में वापस लौटते समय उड़ैयाडीह बाजार के सांगा पट्टी आरा मशीन के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक का अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया। दोनों सड़क से दूर जा गिरे। वहीं एक राहगीर भी घायल हो गया। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस से तीनों घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी पहुंचाया। यहां डाक्टरों ने बादल सोनी को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो अन्य घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के घरवालों को सूचना दी तो रोते बिलखते परिजन अस्पताल पहुंचे और शव की पहचान की। वहीं दो अन्य घायलों की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### ● दो दिन पूर्व खरीदी थी नई बाइक

नगर पंचायत पट्टी कस्बा निवासी बादल सोनी गुजरात से घर आया था। यहां उनसे अपने लिए दो दिन पूर्व ही नई स्लेंडर बाइक खरीदी थी और सोमवार को साथी के साथ बुआ से मिलने गया था।

### ● पांच भाइयों में सबसे बड़ा था बादल

पट्टी कस्बा निवासी छोटे लाल सोनी के पांच बच्चों में सबसे बड़ा बादल सोनी ही था। बताते हैं कि बादल की एकलौता घर का कमाने वाला था। अभी डेढ़ वर्ष पहले ही उसकी शादी हुई थी। बादल की मौत की खबर मिलते ही पत्नी बेटू और मां सुलोचना को रो-रोकर बेसुध हो गई।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**प्रतापगढ़-** सांगीपुर प्रतापगढ़ घुइसरनाथ धाम बाजार में सोमवार की शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अधेड़ की मौत हो गयी। घटना की जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।सोमवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे गोविंदराम गांव निवासी 52 वर्षीय बाबूलाल बर्मा उर्फ़ बब्बू पुत्र गिरधारीलाल बाइक से लालगंज की ओर जा रहा था। वह जैसे ही न्यू मार्केट घुइसरनाथ पहुंचा लालगंज से सांगीपुर की ओर तेज गति से जा रही ब्रेजा ने टक्कर मार दी। जिसके चलते मौके पर ही अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई।घटना की जानकारी होने पर पहुंची सांगीपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं टक्कर मारने वाले वाहन का कोई सुराग नही लग सका।

# अपहरण का वांछित आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय में हाजिरी को भेजा

## ▶▶ चौदह महीने बाद आरोपी को पकड़ सकी कुंडा पुलिस

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** कुंडा कोतवाली पुलिस ने सोमवार को अपहरण के वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को कोर्ट में हाजिर के लिए भिजवाया है। वहीं मुकदमे के चौदह माह बीतने के बाद आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ सका।कुंडा कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने अपनी पुत्री के अपहरण की नामजद रिपोर्ट 30 जून 2023 को कुंडा कोतवाली में दर्ज कराई थी। लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद अपना पल्ला झाड़ लिया। पीड़ित महिला बेटी की तलाश के लिए लगातार पुलिस अधिकारियों के चौखट का चक्कर लगाती रही। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।विभागीय सूत्रों की मानें तो पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक डा अनिल कुमार ने की। एसपी की फटकार के बाद कुंडा पुलिस हरकत में आई। क्षेत्राधिकारी कुंडा अजीतसिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक अरुण कुमार सिंह ने सोमवार सुबह अपहरण के आरोपी को युवती के साथ इलाके के तिलौरी नहर पुलिया के पास से धर दबोचा। पकड़ा गया आरोपी अनखोरिया निवासी पंकज पटेल पुत्र राजू पटेल बताया गया। पुलिस ने आरोपी एवं युवती को कोर्ट में हाजिरी के लिए भेज दिया है। सीओ ने बताया कि युवती के कोर्ट में दिए गए बयान के आधार पर आरोपित पर कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी ने आरक्षी को किया सम्मानित



**प्रतापगढ़-** लीलापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सगरा चौकी पर कार्यरत आरक्षी पवन यादव को बीट पुलिसिंग प्रणाली में सोमवार की सुबह 11 बजे क्षेत्र में बेहतरीन कार्यप्रणाली को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।वही क्षेत्र में जब इसकी जानकारी क्षेत्रवासियों को हुई तो फोन करके लोग बधाई दे रहे है।

# सूपनखा की इच्छा व कुटिलता के चलते कटे नाक और कान



**रानीगंज (प्रतापगढ़)** रामलीला समिति संडीला के मंचन के छठे दिन सूपनखा के नाक कान कटने से खर दूषण बध तक का दृश्य प्रस्तुत किया गया। वन में निवास कर रहे राम सीता और भाई लक्ष्मण, इसी दौरान रावण की बहन विचरण करते पहुंची। राम लक्ष्मण का मोहक रूप देखकर सूपनखा आकर्षित हो गयी और उसके मन में शादी का ख्याल आया और राम और लक्ष्मण के समक्ष शादी का प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव ठुकरा देने पर उसने भयानक रूप लेकर सीता पर झपटी और बड़े भाई का इशारा पाकर लक्ष्मण ने सूपनखा के नाक कान काटकर दण्डित किया। इसी के साथ रामलीला के दृश्य में खर दूषण वध तक का मंचन किया गया। निर्देशक पवन कुमार मिश्रा संयोजक वीरेंद्र कुमार मिश्रा व ब्यास विजयकान्त तिवारी का विशेष सहयोग रहा।

# महेशगंज पुलिस ने दो लुटेरों को दबोचा

### ● लुटेरों के पास से 4 देसी बम, दो हैंडबैग, दो मोबाइल व 2150 रुपए बरामद
### ● सप्ताह भर पूर्व ई-रिक्शा से जा रही महिलाओं से की लूट

लोकमित्र ब्यूरो



**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ महेशगंज थाना पुलिस ने सोमवार को दो लुटेरों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से 4 देसी बम, दो हैंडबैग, दो मोबाइल फोन और 2150 नगदी बरामद किया है। पुलिस ने लुटेरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह ने सोमवार को घटना का खुलासा करते हुए बताया कि महेशगंज थाने के उपनिरीक्षक शिशिर पटेल सोमवार सुबह पुलिस टीम के साथ इलाके में भ्रमण कर निकले थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि पूरे किशुनी में बंद पड़े ईट भट्ठे के पास एक बाइक व दो संदिग्ध युवक बैठे हैं।

इसके बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची तो युवक पुलिस को देखते ही भागने लगे। इस पर दोनों को दौड़ा कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान युवकों की बाइक की डिग्गी से 4 जिंदा देसी बम, लूट का दो मोबाइल फोन, दो लेडिज हैंडबैग व 2150 कैश बरामद हुआ। पकड़े गए लूटेरे इन्द्रपाल उर्फ नितिन पुत्र जीतलाल व सागर सरोज पुत्र मुन्ना सरोज निवासी जगापुर महेशगंज के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि बीते 14 अक्टूबर को हीरागंज बाजार के पास एक ई-रिक्शा से कुछ महिलाएं खरीददारी करने जा रही थी। इस दौरान हम दोनों ने बाइक से दो महिलाओं का बैग छीन भाग निकले। बैग में दो मोबाइल और कुछ रुपए मिला था। इसमें से कुछ पैसे खर्च कर दिए। वहीं हम लोग अपनी सुरक्षा में अपने पास बम रखते हैं।

# प्रतियोगी छात्र लापता, परिजनों ने दी गुमशुदगी की तहरीर

**पट्टी प्रतापगढ़-** घर से निकला प्रतियोगी छात्र लापता हो गया है। परिजनों ने थाने पर गुमशुदगी की तहरीर दी है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के भोपालपुर गांव निवासी रामसुख वर्मा ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनका बेटा शिवम पटेल उम्र लगभग 21 वर्ष घर पर रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करता है। शनिवार को दिन में 2:00 बजे वह घर से पैदल ही निकला और कहीं चला गया। उसका पता नहीं चल पा रहा है। परिजनो ने शिवम की हर संभावित स्थान पर खोज किया पर उसका कहीं पता नहीं चल सका। सोमवार को दिन में करीब 2 बजे पट्टी कोतवाली पहुंचकर पिता राम सुख वर्मा ने बेटे शिवम के गायब होने की गुमशुदगी की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# जगत गुरू ने किया काव्य संग्रह का विमोचन



**प्रतापगढ़** –तुलसी पीठाधीश्वर जगत गुरू रामभद्राचार्य ने रामपुर पागल में डॉ0 रामसमुझ मिश्र अकेला के काव्य संग्रह ÷चल अकेला ÷का विमोचन करके उन्हें अपना आशीष दिया।हजारों लोग इस अवसर के साक्षी रहे।तुलसी पीठाधीश्वर चित्रकूट श्री मज्जगतगुरु रामभद्राचार्य के अलावा उनके उत्तराधिकारी रामचन्द्र दास जी उनके तमाम शिष्य गणमान्य लोग पत्रकार आदि उपस्थित रहे।पत्रकार शैलेन्द्र द्विवेदी ने इस दृश्य को अपने कैमरे में कैद किया।जनपद के तमाम शुभेक्षु लोगों ने इस पुनीत कार्य के लिये डॉ0 अकेला को बधाई दी है।साहित्यकार डॉ0नागेन्द्र अनुज ने इसे जनपद साहित्यकारों के लिये गौरव की बात कही।वरिष्ठ साहित्यकार राजमूर्ति सौरभ ने अपनी बधाई दी है।पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह,किसानमोर्चा जिलामंत्री नीतेश द्विवेदी,भाजपा के वरिष्ठ नेता कुलवंत सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा- के के सिंह ,हरिओम मिश्र,महामंत्री अशोक मिश्र,राजकली रमाशंकर शुक्ल पीजी कालेज प्रबंधक बलराम शुक्ल ,रवीन्द्र मिश्र ,हिन्दी के जाने माने समालोचक डॉ0 ओम निश्चल,डॉ0 ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी,डॉ0शक्तिधर नाथ पाण्डेय,डॉ0 दीपक रूहानी ने भी डॉ0 रामसमुझ मिश्र अकेला को इस शुभ कार्य हेतु अपनी बधाई प्रेषित की है।


## सूचना/बेदखली

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं वेद प्रकाश द्विवेदी सुत स्व0 अश्वनी कुमार द्विवेदी नि0 ग्राम रैयापुर मजरे टिकऊ दुबे का पुरवा पो0 भदरी तह0 कुण्डा, प्रतापगढ़ का हूँ। मेरा पुत्र कुलदीप कुमार द्विवेदी की संगत कई वर्षो से गलत लोगों से हो गई है जिसके कारण कोई घटना असामाजिक तत्वो से मिलकर कर सकता हैं जिससे उसके द्वारा किये गये कर्यो की कोई जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार के भाई बहन की नही होगी। मैं अपने फर्ज अदायगी पुत्र से खारिज करता हूं। मेरी चन अचल सम्पत्ति से इनका कोई सम्बन्ध नहीं होगा। मैं इन्हें बेदखल कर रहा हूँ।

वेद प्रकाश द्विवेदी
सुत अश्वनीकुमार द्विवेदी
नि0 रैयापुर (टिकऊ दुबे का पुरवा)
पो0 भदरी तह0 कुण्डा, प्रतापगढ़

## Public Notice

It is known to all that my name Rajneesh ist written me passport while in Adhar card Rajneesh Gautam. My correct name is Rajneesh Gautam. Both the name Rajneesh and Rajneesh Gautam is one and the same person. My correct name is written Rajneesh Gautam in all documents.

Rajneesh Gautam
S/o Ramdeen
Village - Kulhipur
Mandhata, Pratapgarh
(U.P.)

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय लालगंज प्रतापगढ़
म0मु0 631/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन नन्दा देवी बनाम निर्मला देवी आदि
बनाम
1. निर्मला देवी पत्नी महेन्द्र कुमार पुत्री बाबूलाल निवासी ग्राम नेवदीपुर करहिया पर0 सलोन जनपद रायबरेली 2. बाबूलाल सुत गोकुल प्रसाद नि0 ग्राम गोंसाई का पुरवा मजरे पुरमई सुलतानपुर पर0 रामपुर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 24.10.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 24.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 14 महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 67/2020
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राम सेवक कोरी बनाम शिवशंकर आदि
बनाम
1. शिवशंकर आयु लगभग 20 वर्ष
2. रविशंकर आयु लगभग 24 वर्ष
3. हरीशंकर आयु लगभग 26 वर्ष
4. रेवा शंकर आयु लगभग 28 वर्ष सुतगण स्व0 राम निहोर 5. ऊषा देवी आयु लगभग 55 वर्ष पत्नी स्व0 राम निहोर 6. सुभाष चन्द्र आयु लगभग 40 वर्ष सुत किशोरी लाल समस्त निवासीगण ग्राम अकरियापार मजरे जेठवारा पर0 लक्ष्मणपुर तह0 लालगंज पोस्ट जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ 7. ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम अकरियापार मजरे जेठवारा पर0 लक्ष्मणपुर तह0 लालगंज पोस्ट जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ 8. राज्य उ0प्र0 जिलाधिकारी महोदय प्रतापगढ़
तारीख पेशी 22.10.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 22.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम


# राज्य स्तरीय एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रतियोगिता मे बनवारपुर के दो छात्रों का चयन



**दुर्गागंज प्रतापगढ़।** मंडल स्तरीय एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रतियोगिता 18/19अक्टूबर को प्रयागराज में आयोजित हुई। जिसमें सब जूनियर में लम्बी कूद में सादान प्रथम स्थान व मो साबिर बाधा दौड़ में प्रथम स्थान और दोनों छात्रों ने रिले रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने जिले प्रतापगढ़ को दो गोल्ड और दो सिल्वर पदक प्राप्त कर ब्लाक गौरा व जनपद का नाम रोशन किया।यह उपलब्धि हासिल करने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह,जिला व्यायाम शिक्षिका श्रीमती मंजू सिंह ब्लाक व्यायाम शिक्षक राजेन्द्र पाण्डेय खंड शिक्षा अधिकारी अमित दुबे आदि ने छात्रों ,टीम कोच ,और बनवारपुर विद्यालय परिवार को बधाई और शुभकामनाएं दी है।


(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू0डि0 महोदय सदर जिला प्रतापगढ़
नंबर मुकदमा 1652 सन 2024
(अंतर्गत धारा 5 नियम 20 जा0दी0)
नाम फ़रीकैन
गुलहसन आदि .... वादी गण
बनाम
साधु हरिजन आदि ....प्रति वादी गण
बनाम
1 - साधु हरिजन आयु करीब 35 वर्ष सुत हजारी हरिजन
2- जमील आयु करीब 35 वर्ष सुत मजीद निवासीगण ग्राम बिबिया करन पुर पर0 तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़।
तारीख पेशी 17 - 11- 2024
यह की वादी ने उपरोक्त वाद प्रार्थना पत्र आपके विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है एतद द्वारा सम्मन नोटिस आपको आदेशित किया जाता है कि दिनांक 17 -11-2024को वास्ते निस्तारण प्रार्थना पत्र व टी0 आई 0व तनकीह समय प्रातः 10:00 बजे स्वयं या मार्फत अपने वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब देही दावा करें ,ऐसा करने में असफल रहने पर आपके विरुद्ध वाद प्रार्थना पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और हस्ताक्षर किया जाएगा ।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक 03 माह 10 सन 2024 को जारी किया गया
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम


# रामलीला में लंका दहन बना आकर्षण का केंद्र

लोकमित्र ब्यूरो

**सुवंसा (प्रतापगढ़)।** विकासखंड गौरा के पटहटिया कला गांव में 74 साल से हो रही आदर्श रामलीला के आठवें दिन रविवार को समुद्र पार कर सीता का पता लगाने अशोक वाटिका पहुंचे हनुमान के पूछ में आग लगाए जाने के बाद सोने की लंका को जलाकर राख कर दी। लंका दहन की रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक आते रहे।

रामलीला मंचन की शुरुआत सीता की खोज में हनुमान के निकलने से हुई।सुरसा के कान में से निकलकर सिंधी राक्षसी का वध करते हुए हनुमान समुद्र पार कर लंका पहुंच गए।लंकिनी का उद्धार करने के बाद उनकी भेंट विभीषण से होती है।विभीषण द्वारा बताने पर हनुमान अशोक वाटिका में प्रभु श्री राम की



अंगूठी अशोक वृक्ष की डाल से गिराते हैं। सीता श्री राम प्रभु की अंगूठी पहचान लेती हैं और अंगूठी लाने वाले से सामने आने का आग्रह करती हैं। प्रभु हनुमान ऊपर से कूद करके माता सीता के चरणों में आकर दंडवत प्रणाम करते हैं। माता सीता का हाल-चाल लेने के बाद प्रभु हनुमान जी कहते हैं की माता भूख लगी है आपका आदेश हो तो बाग में फल खा ले। माता सीता का आदेश मिलने के बाद प्रभु हनुमान जी फल खाने चले जाते हैं और उसी समय राक्षसों का वध भी करते हैं। जब यह सब सूचना रावण को मिलती है तो वह अपने पुत्र इंद्रजीत को आदेश देता है कि तुम जाओ जिंदा या मुर्दा पकड़ कर ले आओ। आदेश पाते ही इंद्रजीत जाता है और हनुमान जी को पड़कर रावण के पास ले जाता है तो रावण ने पूछ में आग लगाने का आदेश देता है इससे पूरी लंका जलकर राख हो जाती है।रामलीला देखने के लिए देर रात तक बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। राम का अभिनय कर रहे नरेंद्र चौरसिया,लक्ष्मण विकास चौरसिया,सीता ऋषभ चौरसिया, हनुमान विशंभर चौरसिया,सुग्रीव ज्वाला प्रसाद चौरसिया,रावण अमित चौरसिया ने किया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष राम लखन चौरसिया, राजकुमार चौरसिया, रमेश चौरसिया, राजेंद्र चौरसिया, आनंद चौरसिया, मुन्ना हरिजन, अरुण चौरसिया, संतोष चौरसिया आदि मौजूद रहे।

# शव पोस्टमार्टम से आने पर परिजनों ने किया अंतिम संस्कार

**कुंडा प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र सराय छत्ता गोपालापुर गांव निवासी धीरज सरोज पुत्र दुजई सरोज 26 वर्ष शनिवार की रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया और छत में लगे चुल्ले के सहारे रस्सी से फांसी लगा लिया। सुबह पास पड़ोस के लोगो ने देखा तो पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।सोमवार को शव घर पहुंचने पर परिजनों ने अंतिम संस्कार श्रृंगवेरपुर राज घाट पर कर दिया।

# ग्राम प्रधान से रंगदारी मांगने पर सर्वेश शुक्ला समेत चार अज्ञात पर कई गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज

### ● डीएम एवं एसपी के निर्देश पर बाघराय पुलिस ने लिखा मुकदमा

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** प्रकरण बिहार ब्लॉक के बाघराय थाना क्षेत्र के खरगीपुर ग्राम पंचायत के देवगलपुर गांव का है। जहां पर ग्राम प्रधान सुनील यादव ने अपने ही ग्राम पंचायत के देवगलपुर गांव के सर्वेश शुक्ला उर्फ गौरव शुक्ला पुत्र गिरीश चंद्र शुक्ला पर रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। साथ ही ग्राम प्रधान ने यह भी कहा है कि इसके पहले कई बार हमको जान माल का खतरा दिखाकर रंगदारी ले भी चुके हैं। नहीं देने पर जान से मारने की धमकी गाली तथा फर्जी शिकायत करके परेशान करने की धमकी देते हैं।ग्राम प्रधान ने पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार को दिए गए प्रार्थना पत्र में यह आरोप लगाया था कि पिछले एक वर्ष से देवगलपुर गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री सर्वेश शुक्ला द्वारा बार-बार गिराई जा रही है। इसके पहले भी मुकदमा लिखा गया है सर्वेश शुक्ला को पुलिस ने जेल भी भेजा था।देवगलपुर गांव के कुछ संभ्रांत व्यक्ति राजमणि शुक्ला,आनंद शुक्ला, देवानंद शुक्ला ,धीरज शुक्ला, आदि लोगों के द्वारा ग्राम प्रधान से कहा गया, कि जो गिरी हुई बाउंड्री है उसको पुनः बनवा दे। इस पर ग्राम प्रधान ने पुनः बाउंड्री बनवाकर प्लास्टर कराना शुरू कर दिया। इसी बीच सर्वेश शुक्ला,ग्राम प्रधान सुनील यादव से तथा उनके भाई नितेश यादव जो कि उनके प्रधान प्रतिनिधि हैं ,फिर से एक लाख रुपए की रंगदारी मांगी ,न देने पर गोली मारने की धमकी दिया। जब ग्राम प्रधान ने कहा कि मेरे पास पैसा नहीं है तो रंगदारी देने के लिए तब सर्वेश शुक्ला ने फिर से बाउंड्री गिराने की धमकी दिया।इस बार प्रधान प्रतिनिधि नितेश यादव बाउंड्री को रात में देखरेख करने लगे । इसी बीच 17 अक्टूबर की रात में लगभग 3 बजे सर्वेश शुक्ला अपने चार अन्य साथियों के साथ आकर बाउंड्री फिर से ढहा दिया। जब प्रधान प्रतिनिधि नितेश यादव ने बाउंड्री गिराने से मना किया तब सर्वेश शुक्ला और उसके साथियों ने जान से मारने की धमकी एवं गाली गलौज किया। नितेश यादव के हल्ला गुहार पर देवगलपुर गांव के काफी आदमी मौके पर पहुंचे,तब सर्वेश शुक्ला और उसके साथी वहां से भाग गए ।बाघ राय पुलिस ने प्रधान प्रतिनिधि नितेश कुमार यादव की शिकायत पर जांच किया और जांच करने पर प्रधान प्रतिनिधि की शिकायत को सत्य पाया गया। पुलिस ने सर्वेश शुक्ला पर रंगदारी मांगने ,सरकारी कार्य में बाधा डालने ,सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, जान से मारने की धमकी ,गाली गलौज सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करके सर्वेश शुक्ला की तलाश शुरू कर दी है ।

## भाजपा नेता की शह पर जमीन पर हो रहा है अवैध कब्जा

**कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़** नगर पंचायत क्षेत्र के कटरा मेदनीगंज में सत्ता पक्ष के छुट भैया नेता ने इस समय क्षेत्र में पुलिस के सहयोग से जमीन कब्जा करने की महारत हासिल कर ली है। ताजा मामला वार्ड नंबर 9 बाहा ,मदीना मस्जिद के पास जगन्नाथ गुप्ता की पैतृक जमीन है। जिस पर सत्ता पक्ष के कुछ तथा कथित भाजपा नेता अपने पड़ोसी की जमीन पर कब्जा जमा लिया है । जिसकी चर्चा नगर पंचायत क्षेत्र में जोरों पर है । जिसकी लिखित शिकायत भुक्तभोगी ने जिला अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक से की है। जिला प्रशासन से कार्यवाही होता न देख भुक्तभोगी जगरनाथ गुप्ता ने मुख्य मंत्री के पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई है । तथाकथित भाजपा नेता परिवार वालों को जान से मारने की धमकी तथा जमीन से बेदखल करने की लिए तरह-तरह के हथकण्डे अपना कर प्रताड़ित कर रहे

# छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट संबंधित अभियुक्त गिरफतार

**पट्टी प्रतापगढ़** स्थानीय थाना क्षेत्रान्तर्गत वादिनी की पुत्री के साथ छेड़खानी करने के संबंध में वादिनी की तहरीर के आधार पर आज थाना पट्टी में अन्तर्गत धारा 75 बीएनएस व 7/8 पॉक्सो एक्ट बनाम 01 नामजद अभियुक्त का अभियोग पंजीकृत किया गया था।पुलिस अधीक्षक, डॉ0 अनिल कुमार द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक(पूर्वी) दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी पट्टी आनन्द कुमार राय के कुशल पर्वेक्षण में थाना पट्टी प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 अजीत सिंह ने मय हमराह का0 सोनू यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मुखबिर की सूचना पर आज सोमवार को अन्तर्गत धारा 75 बीएनएस व 7/8 पॉक्सो एक्ट थाना पट्टी से संबंधित 01 अभियुक्त इरफान अहमद उर्फ गुड्डू पुत्र अनवर अली उर्फ पन्ने निवासी ग्राम बाभनपुर थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर को थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत पृथ्वीगंज तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया ।


9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादक: संतोष भगवन

# नशा विरोधी जागरूकता शिविर आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में पशु क्रूरता कानून, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं नशे के सेवन से स्वास्थ्य पर कुप्रभाव विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन राजकीय इंटर कालेज में किया गया जिसमें विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए।

उक्त अवसर पर सचिव डीएलएसए एवं अपर जनपद न्यायाधीश विनय आर्या ने उपस्थित अधिकारीगण, विद्यालय के छात्राओं, कर्मचारियों को तम्बाकू गुटका छोड़ने का संकल्प दिलाया कि ÷खुद नशा नहीं करेगें और अन्य लोगों को भी नशा न करने की नसीहत देकर प्रोत्साहित करेंगे÷ और बताया कि तम्बाकू पान, बीडी, सिगरेट, गुटका, के सेवन करने वाले व्यक्ति को हृदयरोग, मुधमेह, टीबी, लकवा, दृष्टि विहीनता, फेफडे के रोग व कैंसर नामक की बीमारी हो जाती है। इन बीमारियों से प्रत्येक 6.5 सेकेण्ड में



एक व्यक्ति की मौत हो रही है जो बहुत ही चिंतनीय है। उन्होंने आगे कहा कि तम्बाकू में निकोटिन नामक तत्त्व की मात्रा अधिक होने के कारण इन्सान को नशे का आदी तो बनाता ही है साथ ही उसके दुष्प्रभाव से मानव के शरीर में अनेकों बीमारिया जन्म लेने लगती हैं। उन्होने ठोस अपष्टि के बारे में बताया कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट रूल-2016 लागू किया गया है जिसके तहत गांव शहर गली कालोनी एवं अपने अपने घर एवं बाहर आस पास को स्वच्छ रखने की एवं है। साफ सफाई रखने से कोई संक्रामक बीमारी नहीं होती है। उन्होंने सावधान किया कि गंदगी रहने और पानी के जमाव से गम्भीर बीमारियों फैलती है, ठोस अपष्टि के तहत गीला कूड़ा व सूखा कूड़ा के बारे में छात्रों को टिप्स दिए साथ ही पशुओं पर दया करने और प्यार करने को कहा। उन्होंने अनुरोध किया कि पशुओं पर कूरूरता ना करें, पशु बे-जुबान होते है, बोलते नहीं परन्तु पीड़ा उनको भी होती है।

डा0 राजेश यादव ने कहा कि किसी भी प्रकार के नशा को छोड़ने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति का होना अति आवश्यक है तभी तम्बाकू शराब, पान, बीडी सिगरेट, गुटका, गुल मंजन आदि को छोड़ने में सफलता मिलेगी।

ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन समिति सदस्य मनोज कुमार सेठ, सूर्य प्रकाश यादव तथा संजय कुमार ने बताया कि कैसे गीला कूड़ा, सूखा कूड़ा से कम्पोस्ट खाद तैयार की जा सकती है और इसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। जीआईसी वाईस प्रिंसपल जय सिंह ने मुख्य अतिथि एवं अन्य उपस्थित अधिकारियो का स्वागत किया।

जागरूकता शिविर में श्री दीपक कुमार श्रीवास्तव, ध्रुव तिवारी, पीएलवी जय प्रकाश सरोज, कृष्ण कुमार एवं विद्यालय के अध्यापक एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाये और अपना सहयोग प्रदान किए।

# एनईटी जेआरएफ में साहिल शुक्ला को मिली सफलता



**मानिकपुर, चित्रकूट**-मानिकपुर कस्बे के गोंविदनगर निवासी साहिल शुक्ला ने एक बार फिर योग्यता के बल पर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। उन्होंने एनईटी जेआरएफ एवं सहायक प्रोफेसर की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनकी सफलता पर भाजपा नेता जितेन्द्र मोहन शुक्ला व उनके छोटे भाई मंजीत शुक्ला समेत तमाम नगरवासियों ने प्रसन्नता जाहिर की है। गौरतलब है कि साहिल शुक्ला पहले भी कई परीक्षाओं में सफलता हासिल कर जिले का नाम रौशन किया है।

# भंडारों में प्लास्टिक के दोना-पत्तलों का प्रयोग करें प्रतिबंधित- सीडीओ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** -मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में सोमवार को जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला पौधारोपण समिति की बैठक कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि धार्मिक मंदिरों पर जो भंडारा कराए जाते हैं, वहां पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराकर प्लास्टिक के दोने-पत्तलों का प्रयोग प्रतिबंधित करते हुए लोगों को जागरूक करें। कहा कि क्षेत्रवार मंदिरों को अधिकारी गोद भी ले, नदी संरक्षण के संबंध में भी जन जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा की बेड़ी पुलिया से मंदाकिनी पुल तक दोनों तरफ नाला बनाए गए हैं तथा उनका पानी मंदाकिनी गंगा पर जा रहा है, इसमें फिल्टर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए नगर पालिका कार्य योजना बनाकर उपलब्ध कराए तथा जो नाला नदी में



गिर रहे हैं, उनके टैपिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही जनपद में स्थित निजी स्वास्थ्य केंद्रों द्वारा उत्पन्न जैविक चिकित्सा अपशिष्ट के प्रबंधन की भी मानीटरिंग कराएं। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी तथा अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाए और जो सामग्री जब्त पर उसके साथ जो कार्यवाही की गई है, उसे भी अवगत कराया जाए। प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष के लिए भी पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसकी भी व्यवस्था संबंधित विभाग करें ताकि पौधे उपलब्ध कराया जा सके।बैठक में उपनिदेशक रानीपुर वन्य जीव विहार/प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सुभाष चंद्र, जिला पंचायत राज अधिकारी इन्द्र नारायण सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी राजीव रंजन सिंह, क्षेत्रीय वनाधिकारी हरिशंकर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, पीटीओ दीप्ति त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** अपने कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों की याद में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति पुलिस लाइन में किया गया। इस अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचंल परिक्षेत्र आर.पी.सिंह व पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन सहित अन्य पुलिस एवं पीएसी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शहीद हुए जवानों के सम्मान में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी एवं शहीद हुए पुलिस जवानों की आत्मा की शांति के लिए गार्द द्वारा सलामी देते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सेनानायक 39वीं वाहिनी पीएसी, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण व अन्य पुलिस एवं पीएसी के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# छह बाल श्रमिक मुक्त कराए गए



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय बाल श्रम आयोग के निर्देश पर श्रम विभाग एवं पुलिस की एएचटी टीम के संयुक्त अभियान में होटलों, ढाबों एवं गैरेजों में छापेमारी की गई जिसमें छः बाल श्रमिक कार्य करते हुए पकड़े गए। टीम ने सेवायोजकों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की और बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। टीम का नेतृत्व श्रम प्रवर्तन अधिकारी आलोक रंजन और प्रभारी एएचटी थाना शिव शंकर सिंह ने किया।

# दीपदान मेले की तैयारियों को लेकर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के अधिकारियों की हुई बार्डर मीटिंग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - आगामी दीपदान मेले को संकुशल संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को सम्बन्धित अधिकारियों के साथ कलेक्टरेट सभागार में बैठक ली। जिसमें उत्तर प्रदेश के साथ मध्य प्रदेश के अधिकारियों को समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिए गए।बैठक में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि जनपद में 29 अक्टूबर से 3 नवंबर दीपावली मेला चलेगा। जिसके तहत पूरे मेला क्षेत्र को 8 जोन तथा 22 सेक्टर में विभाजित किया गया है। इसलिए दोनों प्रदेशों के अधिकारी व कर्मचारी समन्वय बनाकर मेले को सकुशल संपन्न कराए। कहा कि मेले में जनपद आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश के एसडीएम व पुलिस क्षेत्राधिकारी संयुक्त रूप से पूरे मेला क्षेत्र का भ्रमण कर संबंधित व्यवस्थाओं का समय रहते निस्तारण कराए तथा समस्या होने पर अवगत भी कराए। बताया कि मेले को सकुशल सम्पन्न कराये के लिए सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं, जो संपूर्ण मेला क्षेत्र में तैनात रहते हुए पुलिस विभाग के साथ समन्वय बनाकर मेले को सकुशल संपन्न कराएंगे। उन्होंने अधिशासी अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी से मेला क्षेत्र की साफ सफाई व गौवंशों की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रकाश, पेयजल, सीसीटीवी कैमरे, मोबाइल शौचालय की व्यवस्था करने व अतिक्रमण न होने देने के निर्देश दिए। चिकित्सा विभाग को पूर्व की भांति एंबुलेंस एवं स्वास्थ्य टीम को तैनात करने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता जल संस्थान को टैंकर आदि के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था व अधिशासी अभियंता विद्युत से विद्युत व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता सिंचाई को रामघाट में घाट व मंदाकिनी नदी की समुचित साफ-सफाई व डूबने से बचाव के लिए बैरिकेडिंग, गोताखोर, नाव आदि आवश्यक व्यवस्थाएं कराने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर, यातायात प्रभारी से कहा कि भ्रमणशील रहकर यातायात संबंधी व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। कहा कि मेले को देखते हुए वाहनों में ज्यादा सवारी न बैठाने, समुचित पार्किंग व्यवस्था करने व भीड़-भाड़ वाले इलाकों में पुलिस बल को तैनात करने के निर्देश दिए। मध्य प्रदेश के अधिकारियों से कहा कि मेला के दौरान पीली कोठी वाले रास्ते में वाहन पार्किंग न करवाने के निर्देश दिए। एसपी ने बालश्रम राकने, मादक पदार्थों पर प्रतिबंध लगाने, अतिक्रमण को हटवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ट्रैक्टर ट्राली से आने वाले तीर्थयार्थियों को रोके तथा ट्रैक्टर ट्राली से यात्रा न करने के लिए जागरूक भी करें। साथ ही गैस सिलेंडर के खिलाफ भी अभियान चलाकर दुकानों पर छापामारी की कार्यवाही करें।बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ सौरभ यादव, मानिकपुर पंकज वर्मा, उपजिलाधिकारी मझगवां सतना जे के वर्मा, एसडीओपी रोहित राठौर, सीएमओ नगर पंचायत नयागांव विशाल सिंह सहित उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन्स स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

● **पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर किया याद**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** – पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर सोमवार को पुलिस लाइन्स स्थित शहीद स्मारक पर शहीद पुलिस जवानों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस दौरान एसपी ने पूरे उत्तर प्रदेश में कर्तव्य पालन के दौरान सितम्बर 2023 से अगस्त 2024 तक शहीद हुए पुलिस जवानों के नामों व उनकी वीर गाथाओं को पढ़कर सुनाया। एसपी ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित करते हुये सभी शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गयी। इसके बाद उपस्थित समस्त अधिकारियों व



कर्मचारियों द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि दी गयी। साथ ही सेरेमोनियल गार्द द्वारा शहीद पुलिस जवानों को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया तथा उपस्थित समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा सभी शहीद पुलिस जवानों को शोक सलामी दी गयी व दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद में शहीद हुए जवानों के परिजनों को भी आमंत्रित किया गया था। जिसमें वर्ष 2009 में थाना राजापुर क्षेत्रान्तर्गत मुठभेड़ में शहीद हुये स्व आरक्षी इकबालुद्दीन की धर्मपत्नी एवं उसी मुठभेड़ में शहीद हुये स्व आरक्षी वीर सिंह के सुपुत्र उपस्थित रहे। जिनकों पुलिस अधीक्षक ने अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन्स/कार्यालय यामीन अहमद, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रतिसार निरीक्षक कन्ट्रोल रुम रविन्द्र कुमार सहित समस्त थाना/शाखा प्रभारी तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बलात्कार के आरोपी को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा

**चित्रकूट**- दुराचार के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 14,000 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बीती 30 अप्रैल 2018 को एक व्यक्ति ने पहाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उनकी बेटी को सकरौली गांव का निवासी जगदीश बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और दुराचार किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। साथ ही न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# संदिग्ध स्थितियों में पुल के पास मिला युवक का शव

**राजापुर, चित्रकूट**- राजापुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कनकोटा भदेहदू पुल के पास संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई है। परिजनों ने इसे हत्या की आशंका जाहिर किया है, उधर राजापुर पुलिस घटना स्थल में पहुंचकर शव कब्जे में लेकर जांच पड़ताल कर रही है।सोमवार की रात कौशांबी जिले के जाठी गांव निवासी राहुल मिश्रा उम्र 28 वर्ष पुत्र सत्य प्रकाश मिश्रा गांव से अपनी निजी बाइक से शाम 5:00 बजे अपने दोस्त भदेहदू निवासी कुलदीप सिंह के यहां हो रही पार्टी में आया हुआ था और दोनों लोग कुलदीप के घर में खाया पिया और करीब 12:00 बजे रात को राहुल मिश्रा अपनी बाइक से वापस घर जा रहा था की कनकोटा के शहीद बाबा के पास बाइक सहित राहुल मिश्रा गहरी खाई में पड़ा हुआ था गांव के लोग जब शौच क्रिया करने के लिए उस नले की तरफ गए तो देखा कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल सहित मरा पड़ा है गांव के लोगों ने ग्राम प्रधान जगदीश शुक्ला को घटना से अवगत कराया तभी ग्राम प्रधान ने प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह को सूचना दी गई सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ,उप निरीक्षक कृष्ण देव मिश्रा इमरान खान अपने हमराही पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों को सूचना देते हुए शव को कब्जे में ले लिया है और घटना की पूरी बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है उधर मृतक के परिजन इस घटना को हत्या मान रही है पुलिस ने राहुल के दोस्त कुलदीप सिंह को जांच पड़ताल और पूछताछ के लिए राजापुर थाने में बैठाया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है मृतक राहुल मिश्रा तीन भाई हैं सुखसागर मिश्रा, राहुल मिश्रा, रोहित मिश्रा भाइयों में मझिला था मृतक की पत्नी नेहा, मां शीला तथा एक पुत्र अंशु एक वर्ष है घटना की खबर पर पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।उधर प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने बताया कि घटना की पूरी जांच पड़ताल की जा रही है फिलहाल शव को कब्जे में लेकर शव विच्छेदन हेतु जिला चिकित्सालय कर्वी भेज दिया है मृतक के गांव व परिजनों ने थाना राजापुर मैं बैठकर मांग कर रहे हैं

# जीत हासिल करने को लेकर ग्रामीण खिलाड़ियों के बीच हुआ कांटे का मुकाबला

**लोकमित्र ब्यूरो**

**राजापुर, चित्रकूट**- प्रतियोगिता से बच्चों और युवाओं के अंदर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने की ललक पैदा होती है व खेल कूद प्रतियोगिता जैसे आयोजनों से बच्चों, युवाओं को अपने प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर भी मिलता है। इसी क्रम में पहाड़ी ब्लाक अंतर्गत श्री सतगुरु पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरद्वारा में संकुल स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें तिरहार क्षेत्र के चिल्लीमल, केवटन पुरवा, चांदी, वीरधुमाई सुर्की, बरद्वारा, सुरसेन, तीरधुमाई गंगू, बिलास, दुबे का पुरवा, बोधन पुरवा समेत दर्जनों गांव के लगभग 20 प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय वा कम्पोजित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने खेलकूद प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक मनोज द्विवेदी द्वारा माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर की गई वहीं इसके बाद 100 मीटर दौड़ जूनियर बालक वर्ग को संकुल प्रभारी राजवर्धन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संघ के पहाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष अमित पाण्डेय द्वारा किया गया वहीं सद्गुरु पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य गोरेलाल यादव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल मनुष्य में आपसी समझ को बढ़ावा देता है। उन्होंने सभी आगंतुक अतिथियों एवं खेलकूद प्रतियोगिता में सहयोग देने वाले भामाशाहों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संकुल प्रभारी उच्च प्राथमिक विद्यालय बरद्वारा के प्रधानाचार्य राजवर्धन सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि खेलों में व्यक्तिगत हार जीत नहीं रहती। हार का दुःख और जीत की खुशी साथी खिलाड़ियों में बट जाती है, क्योंकि कोई भी खेल अकेले नहीं खेला जा सकता। टीम के साथ खेलकर हमें सहयोग से काम करने की आदत पड़ती है ।

संकुल स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में जूनियर स्तर बालक वर्ग 100 मीटर रेस, कबड्डी प्रतियोगिता, लम्बी कूद, ऊँची कूद में उच्च प्राथमिक विद्यालय बरद्वारा के छात्र प्रथम स्थान पाकर अव्वल रहे द्य वहीं बालिका वर्ग से उच्च प्राथमिक विद्यालय केवटन पुरवा की छात्राएं, कम्पोजिट विद्यालय चांदी एवं प्राथमिक विद्यालय बरद्वारा की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कार प्राप्त कर छात्रों में भारी उत्साह देखने को मिला द्यकार्यक्रम में मौजूद मानवाधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण ऑर्गनाइजेशन चित्रकूट के उपाध्यक्ष बालकृष्ण विश्वकर्मा ने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा की मस्तिष्क के विकास का साधन यदि शिक्षा है तो शारीरिक विकास का साधन खेल हैं। इससे बच्चों में स्नेह और मित्रता का भाव जागृत होता हैं।उन्होंने बताया कि खेलों से हमारा शारीरिक व मानसिक विकास होता है। बच्चों में नेतृत्व की भावना विकसित करने के लिए यह आवश्यक है एवं खेल शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग है। अतः बच्चों को खेलों में उत्साह के साथ भाग लेना चाहिए।

इस मौके पर शिक्षक पंकज कुमार, अमित कुमार पाण्डेय ,प्रमोद कुमार, मनोज कुमार पाण्डेय, अमरेश कुमार, रामबाबू गुप्ता,अमित श्रीवास्तव,राहुल दीक्षित,शिवकुमार कुशवाहा,आशीष कुमार,सुनील प्रताप सिंह, राजेश सोनी, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक रामनारायण साहू,समेत खेल अनुदेशक संतोष कुमार,कृष्णमुरारी, राजबहादुर, प्रेमनारायण,नानबाबू, धर्मवीर आदि अध्यापक समेत क्षेत्रीय जनमानस उपस्थित रहे।

# चोरी की घटना का 24 घण्टे के अन्दर किया खुलासा, बाइक बरामद

**मऊ, चित्रकूट**-पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना मऊ पुलिस ने 24 घण्टे के अन्दर मोटरसाइकिल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चोर को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया।गौरतलब है कि बीते रविवार को विजय कुमार पुत्र रामकिशन निवासी परदवां ने थाना मऊ में सूचना दी कि रात्रि में उनके घर के बाहर से किसी अज्ञात चोर ने उनकी मोटरसाइकिल किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली है। इस पर थाना मऊ में मामला पंजीकृत किया गया तथा प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय द्वारा घटना के अनावरण एवं आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना टीम को लगाया गया। जिस पर उपनिरीक्षक अनूप कुमार शुक्ला तथा उनकी टीम उपनिरीक्षक हरिशंकर राम व आरक्षी ब्रजेन्द्र राय द्वारा सोमवार की दोपहर आरोपी भइय्यन निवासी मल्हीपुर थाना सरायं अकिल जनपद कौशाम्बी को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

# शिक्षक समस्याओं के निस्तारण के लिए हुआ समाधान दिवस का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**पहाड़ी, चित्रकूट**- शिक्षकों की समस्या निस्तारण को लेकर सोमवार को ब्लॉक संसाधन केन्द्र पहाड़ी में शिक्षक समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों के अवरुद्ध वेतन, अर्जित अवकाश, वेतन बहाली आदि से संबंधित कुल 14 शिक्षकों की समस्यायें प्राप्त हुई।शिक्षक समस्या समाधान दिवस में आई सभी समस्याओं को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी से वार्ता करके समाधान कराए जाने का अनुरोध किया गया। इस दौरान 12,460 शिक्षक भर्ती में नियुक्त शिक्षकों की पत्रावलियों को लेखा कार्यालय भेज जाने एवं चयन वेतनमान पत्रावलियों को भेजे जाने पर भी चर्चा की गई। इस पर खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि सभी चयन पत्रावलियों को जिला कार्यालय भेज दिया गया है। खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाएगा। इस शिक्षक समस्या समाधान कार्यक्रम में ब्लाक अध्यक्ष पहाड़ी अमित कुमार पाण्डेय, ब्लाक मंत्री अमित यादव, संघर्ष समिति अध्यक्ष अवधेश पाण्डेय, रामभूषण पाण्डेय, विजय शुक्ला, अनुजनारायन पाण्डेय, श्रवण त्रिपाठी, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे छः पुत्र और एक पुत्री हैं। मैं अपने पुत्र सद्दाम और उसकी पत्नी खुशनुमा बेगम की क्रियाकलापों से बहुत परेशान रहता हूं। वह दोनों मेरे और परिवारीजनों के कहने सुनने में नहीं हैं। लोगों के समझाने बुझाने का भी उन पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। उनके असहनीय हरकतों से त्रस्त होकर मैं उन दोनों को तत्काल प्रभाव से अपने समस्त चल -अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए अच्छे-बुरे कार्यों और लेनदेन का उनसे और उनके पारिवारीजनों से कोई सरोकार नहीं रहेगा।

अबरार अहमद
पुत्र- कुरबान अली
निवासी- सुरसेना थाना-सराय
अकिल जनपद- कौशांबी

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति दिलसुख भारतीय जीवन बीमा निगम के पॉलिसी धारक के पॉलिसी बांड संख्या 313 316 961 दर्ज है जिसमें मेरा नाम त्रुटि वस शकुंतला देवी दर्ज है जो गलत है मेरे सभी सरकारी दस्तावेजों में मेरा नाम शांति देवी दर्ज है जो सही है मुझे शांति देवी के नाम से जाना व पहचाना जाए

शांति देवी पत्नी
स्वर्गीय दिलसुख
ग्राम पोस्ट म्योहर तहसील
मंझनपुर जिला कौशांबी

## कार्यालय ग्राम पंचायत सिद्धपुर विकास खण्ड चित्रकूटधाम कर्वी

पत्रांक : मेमो/ग्रा0पं0/टेन्डर नोटिस/2024 — दिनांक 21.10.2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

आर0जी0एस0ए0 योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्य पर प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत द्वार व्यापार कर / आयकर में पंजीकृत फर्मों / सप्लायरों से दिनांक 25.10.2024 को अपराह्न 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो कि उसी दिन ग्राम पंचायत में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 22.10.2024 से 25.10.2024 को अपराह्न 12.30 बजे तक ग्राम पंचायत से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री मूल्य (लाख में) | 2% धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा मूल्य (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत भवन में ई–लाइब्रेरी / प्रशिक्षण हेतु 04 नग कम्प्यूटर आपूर्ति | 1.60 | 3200.00 | 500 |
| 2 | पंचायत भवन में सोलर रूफटॉप बैट्री सिस्टम (हाइब्रिड–02 किलोवॉट) (सोलर पैनल, इनवर्टर बैट्री 02 यूनिट) | 1.30 | 2600.00 | 500 |

निविदा शर्तेः–
1. टेन्डर दाताओं को सलाह दी जाती है कि कार्यस्थल का भलीभांति निरीक्षण कर लें।
2. निर्धारित मानक व गुणवत्ता की सामग्री चट्टा लगाकर ही कार्यस्थल पर स्वीकार होगी। सामग्री का चट्टा न लगाने पर स्टेकिंग चार्ज देय नहीं होगा।
3. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।
4. सामग्री पर दी गयी दरों के अतिरिक्त कोई भी व्यय व चार्जेज देय नहीं होंगे बल्कि नियमानुसार रायल्टी, व्यापार कर एवं आयकर की कटौती की जायेगी।
5. जमानत राशि 2 प्रतिशत की धनराशि एन0एस0सी0 / एफडीआर के साथ, जो ग्राम पंचायत के नाम बन्धक होगी, निविदा प्रपत्र के साथ प्रस्तुत किया जाय।
6. ससमय यथा–आवश्यक सामग्री की आपूर्ति न करने अथवा मानक व गुणवत्ता विपरीत होने की दशा में आदेश निरस्त कर दिया जायेगा।

(रोशन सिंह)
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत सिद्धपुर
विकास खण्ड कर्वी, चित्रकूट

(रामकिंकर सिंह)
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सिद्धपुर
विकास खण्ड कर्वी, चित्रकूट

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# बैसवारा महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेज-05 पर संगोष्ठी एवं प्रतियोगिता आयोजित

## महिला परिवार एवं समाज की धुरी - प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव




**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली लालगंज।** बैसवारा डिग्री कॉलेज लालगंज, में सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना श् मिशन शक्ति फेज -05श् के तहत संगोष्ठी एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव, कार्यक्रम की संयोजक प्रोफेसर पुष्पा बरनवाल, डॉ सूर्यकुमार मिश्रा तथा डॉ वीरेंद्र कुमार यादव की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं ने स्वरचित काव्य पाठ किया। विषय का प्रवर्तन करते हुए हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉक्टर सूर्यकुमार मिश्रा ने कहा कि मिशन शक्ति का लक्ष्य है कि महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सचेत हों। भूगोल विभाग के सहायक आचार्य डॉ वीरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि आधी आबादी के सशक्तिकरण के बिना देश का विकास संभव नहीं है। डॉ पुष्पा बरनवाल ने अपने भाषण में बताया कि अभी महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना है तथा अपने खिलाफ हो रहे अत्याचारों को सहन करने की बजाय उनका प्रतिरोध करने की आवश्यकता है। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ रमेश चंद्र यादव ने बताया कि प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं में प्रथम स्थान बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा निधी का रहा,द्वितीय स्थान बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा करिश्मा, तृतीय स्थान बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अनुप्रिया सिंह का रहा। सांत्वना पुरस्कार संयुक्त रूप से भारत एवं रोशनी को मिला। अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने कहा कि महिला परिवार एवं समाज की धुरी है। जब तक धुरी मजबूत नहीं होगी परिवार और समाज का कल्याण नहीं हो सकता है। महाविद्यालय के प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से छात्र-छात्राओं में जागरूकता एवं संवेदनशीलता को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य, डॉ वीरेंद्र यादव ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय में चोरो ने सिलेंडर समेत हजारों रुपये के समान पर हाथ किया साफ

**रायबरेली सलोन।** सलोन थाना क्षेत्र के सूची पुलिस चौकी अंतर्गत जमुरवा खुर्द स्थित प्राथमिक विद्यालय में बीती रात चोरो ने स्कूल के कमरे का ताला तोड़कर सीलिंग फैन, सिलेंडर बर्तन समेत हजारों रुपये के समान पर हाथ साफ किया है। प्रधानाध्यापक वायु नंदन दीक्षित ने ग्राम प्रधान काशी प्रसाद को चोरी होने के बारे में सूचना देते हुए पुलिस चौकी पर इसकी शिकायत दर्ज कराई। प्रधानाध्यापक ने बताया कि सुबह विद्यालय आने पर जानकारी हुई कि बीती रात अज्ञात चोरों ने दो कमरों एवं स्टोर रूम में ताले की कुण्डी काटकर तीन सीलिंग फैनन, चार कुर्सी, एक गैस सिलेण्डर, लगभग चार दर्जन गिलास व बीस थाली एवं मध्याहन भोजन से सम्बन्धित तेल और मसाले उठा ले गये।ग्राम प्रधान ने बताया कि हौसला बुलंद चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है।सूची चौकी इंचार्ज प्रिंश सोनकर ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

# विद्या मंदिर लालगंज में संपन्न हुई संस्कृति ज्ञान परीक्षा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली लालगंज।** बरातीलाल गंगाराम सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज लालगंज में गायत्री परिवार की ओर से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राएं शामिल हुए। परीक्षा आयोजक व गायत्री परिवार से पहुंचे पदाधिकारियों ने बताया कि छात्रों को भारतीय संस्कृति की जानकारी देने के लिए गायत्री परिवार की ओर से संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित करता है। परीक्षा तीन वर्गों में आयोजिक की गई। जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के छात्र शामिल हुए। विद्यालय के आचार्य व संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रभारी गोवर्धन ने बताया कि इसका उद्देश्य है कि स्कूली बच्चे भारतीय संस्कृत के तथ्यों से अवगत हों तथा उसमें निहित महान तत्वों को आत्मसात करें।

इससे छात्र छात्राओं को आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार कराती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार शुक्ला ने कहा कि इस संस्था ने विचार क्रान्ति अभियान, प्रज्ञा अभियान आदि चलायें, जिसका उद्देश्य जनमानस में वैचारिक परिवर्तन लाकर समाज का उत्थान करना है। विद्यालय के अध्यक्ष अनूप पाण्डेय, प्रबंधक सचिन रस्तोगी, कोषाध्यक्ष सतीश त्रिवेदी व सभी प्रबंध समिति के सदस्यों ने आचार्य परिवार को ऐसी परीक्षाओं को कराने के प्रोत्साहित किया।

# किसान भाई दलहन एवं तिलहन फसलों में प्रयोग करें सिंगल सुपर फास्फेट

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** जिला कृषि अधिकारी ने जनपद के किसान बंधुओं से कहा है कि फास्फेटिक उर्वरकों में सिंगल सुपर फास्फेट दलहनी व तिलहनी फसलों के लिए सबसे उत्तम उर्वरक होता है। सिंगल सुपर फास्फेट में 16 प्रतिशत फास्फोरस 21 प्रतिशत कैल्शियम एवं 11 प्रतिशत सल्फर पाया जाता है। सिंगल सुपर फास्फेट में पाई जाने वाली सल्फर दलहनी एवं तिलहनी फसलों की उपज एवं गुणवत्ता बढ़ाने में महत्वपूर्ण होता है। सल्फर के कारण सरसों के तेल में चरपराहट अधिक होती है जो सरसों के तेल का मुख्य गुण होता है तथा पैदावार अधिक होती है। सिंगल सुपर फास्फेट का प्रयोग दलहनी फसलों में करने से फसल के दाने बड़े एवं चमकदार होते हैं एवं दलहन की गुणवत्ता बढ़ती है। यह जड़ वृद्धि को बढ़ावा देता है, मिट्टी की बनावट में सुधार करता है, तिलहन फसलों में तेल की मात्रा बढ़ाता है. भूसे की कठोरता बढ़ाता है और इस तरह फसल में कीट प्रतिरोध बढ़ाता है, फलीदार फसलों की जड़ों पर जड़ नोड्यूलेशन में मदद करता है। सिंगल सुपर फास्फेट का प्रयोग यूरिया के साथ अन्य फसलों में करने पर इसमें कैल्शियम होने के कारण फसल उत्पादन के साथ-साथ मृदा में सुधार भी होता है जिससे फसलों की उर्वरक उपयोग क्षमता बढ़ जाती है। जिला कृषि अधिकारी ने किसान भाईयो से अपील है कि वह अपने तिलहनी एवं दलहनी फसलों की बुवाई में सिंगल सुपर फास्फेट का ही प्रयोग करें। इसके उलट यदि कृषक दलहनी एवं तिलहनी फसल में फास्फोरस के लिए डाई अमोनियम फास्फेट (डी0ए0पी0) का प्रयोग करेंगे तो प्रथम उत्पादन के साथ गुणवत्ता अच्छी नहीं होगी तथा उर्वरक का अधिक मूल्य भी चुकाना पड़ेगा। उन्होंने किसानों से अपील है कि वह अपनी फसलों में संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करें, संतुलित उर्वरकों का इस्तेमाल करने से फसल उत्पादन में कई तरह से फायदे होते हैं। संतुलित उर्वरकों का इस्तेमाल करने से पौधों को हर विकास चरण में जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं इससे पौधे मजबूत और स्वस्थ होते हैं। तथा पौधों को ज्यादा पोषक तत्व मिलने की वजह से वह अपने पोषक तत्वों का इस्तेमाल बेहतर तरीके से करते हैं। संतुलित उर्वरकों का इस्तेमाल करने से पर्यावरण पर कम असर पड़ता है। फसल की उत्पादकता बढ़ती है। पौधों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। पौधे के अंकुरण में तेजी आती है और जड़े तेजी से विकसित होती हैं। जनपद के रबी सीजन के मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में फास्फेटिक (डी0ए0पी0, एन0पी0के0, एस0एस0पी0) उर्वरक उपलब्ध है तथा क्षेत्र की मांग के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है।

# जिलाधिकारी ने कर-करेत्तर, राजस्व वसूली एवं राजस्व वादों की मासिक समीक्षा बैठक कर दिए निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर, वसूली एवं राजस्व वादों की मासिक समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम व तहसीलदारों से कहा कि अपने क्षेत्रों में राजस्व कार्यों की प्रगति के लिए नियमित रूप से निरीक्षण कर लक्ष्यों की प्राप्ति करें। उन्होंने आबकारी विभाग को निर्देशित किया कि शराब की दुकानों पर नियमित रूप से जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करें। परिवहन विभाग से माह की प्रगति जान अवैध वाहनों एवं यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर चालान करने की गति में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में विद्युत, व्यापार कर, खनन, स्टाम्प, बैंक, नगर निकाय सहित अन्य विभागों के राजस्व वसूली की समीक्षा कर कम वसूली वाले विभागों को प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने उप जिलाधिकारी तसीलदारों से कहा कि बड़े बकायेदारों पर विशेष ध्यान देते हुए वसूली की जाए। जिलाधिकारी ने अवैध कब्जा हटाओ अभियान में नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने अंश निराधार निस्तारण के लिए कहा कि कैंप खुली बैठकों के माध्यम से नियमानुसार कार्यवाही करें। उन्होंने फूड सेफ्टी के संबंधित अधिकारी के निर्देश दिए कि जांच आदि में तेजी लाकर नियमानुसार संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने नंनगरीय क्षेत्र के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में भी ईकाईयों से कर आदि की वसूली का कार्य किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग कर की वसूली में अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्रत्येक दशा में प्राप्त कराना सुनिश्चित कराये। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी(वि रा) अमृता सिंह, अपर जिलाधिकारी(प्र) सिद्धार्थ, नगर मजिस्ट्रेट सहित समस्त उपजिलाधिकारी तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# लालगंज क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवकों की मौत, एक गंभीर रूप से घायल



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली लालगंज।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के बहाई गांव के पास रविवार की रात भीषण सड़क दुर्घटना हुई है। सड़क दुर्घटना में दावत से घर लौट रहे दो बाईकों में सवार चार युवकों में से तीन युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है और एक युवक गंभीर रूप से घायल है। सूचना पाकर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने सड़क दुर्घटना में काल कल्वित हुए तीनों युवकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घटनास्थल और पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सरेनी थाने के पूरे चंद्रशेखर मजरे सागर खेड़ा निवासी अभिषेक मिश्रा उर्फ गोपाल पुत्र महेश मिश्रा, शिवेंद्र मिश्रा पुत्र संतोष मिश्रा, पूरे लालू मजरे राशी गांव निवासी प्रशांत बाजपेई पुत्र दिनेश बाजपेई और पूरे बचरी मजरे गोपाली खेड़ा निवासी राजेश त्रिवेदी पुत्र कल्लू त्रिवेदी दो बाइकों पल्सर और अपाचे से रविवार की देर शाम डलमऊ की तरफ कहीं दावत में गए थे। दावत के बाद जब वह वापस रात में लौट रहे थे तभी बहाई गांव के निकट लालगंज डलमऊ मार्ग पर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गए और रात होने के चलते घटनास्थल पर ही गंभीर हालत में पड़े रहे। सुबह तक अभिषेक मिश्रा, प्रशांत बाजपेई और शिवेंद्र मिश्रा की मौत हो चुकीथी। राजेश त्रिवेदी घायल कराह रहा था। सोमवार सुबह 5 के करीब जब लोग उधर से निकले तो उन्होंने घटना के बाबत जानकारी चौकी बहाई और लालगंज पुलिस को दी।

तब जाकर मौके पर पुलिस पहुंची और घर वाले भी पहुंचे। राजेश त्रिवेदी के घर वाले उसे लेकर फतेहपुर गए जहां उन्होंने अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है।

राजेश त्रिवेदी भी बेहोशी की हालत में जीवन और मौत से संघर्ष कर रहा है। दुर्घटना में बिजली का खंभाभी टूट कर धरासाई हो गया है। बिजली के तार भी टूट गए हैं।

# नवंबर माह की 12, 18 व 25 को आयोजित सामूहिक विवाह के लिए करें ऑनलाइन आवेदन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया है कि उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग व सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का ऑनलाइन पोर्टल संचालित है। सामूहिक विवाह कराने के लिए आवश्यक है कि कन्या के अभिभावक उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हों, आवेदक के परिवार की वार्षिक आय सीमा अधिकतम रू0 2.00 लाख तक हो, विवाह हेतु किये गये आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है तथा वर के लिए 21 वर्ष की आयु पूर्ण हो गयी हो। आयु की पुष्टि के लिए स्कूल शैक्षिक रिकार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, आधार कार्ड मान्य होंगे। कन्या अविवाहित हो अथवा विधवा, परित्यक्तता ध् तलाकशुदा जिसका कानूनी रूप से तलाक हो गया हो, का पुनर्विवाह किया जाना हो, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। विधवा की दशा में सक्षम स्तर से निर्गत पति की मृत्यु का प्रमाण पत्र एवं परित्यक्तताध्तलाकशुदा महिलाओं हेतु न्यायालय आदेश की छायाप्रति ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य होगा। आवेदक को अपना आवेदन विभागीय वेबसाइट पद पर ऑनलाइन करना होगा। आवेदिकायें आवेदन पत्र सबमिट करते हुए उसका प्रिंट आउट अपने पास सुरक्षित रख सकती है। आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी जमा करने की आवश्यकता नहीं है। समिति द्वारा शुभ लग्न के अनुसार माह नवम्बर, 2024 में 12, 18 एवं 25 को सामूहिक विवाह की तिथि निर्धारित की जा चुकी हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा है कि इच्छुक पात्र जोड़े अधिक से अधिक संख्या में आवेदन पत्र पोर्टल पर ऑनलाइन कराएं, जिससे समयान्तर्गत जांचोपरांत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित किया जा सके।

# सलोन क्षेत्र में पकड़ी गई नकली पनीर फैक्ट्री



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली सलोन।** ख्वाजापुर गांव में पकड़ी गई नकली पनीर फैक्ट्री पर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। सीओ के निर्देश पर उपनिरीक्षक की तहरीर पर पिता पुत्र समेत तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। वही फूड सेफ्टी की टीम ने नकली पनीर को नष्ट करा दिया है।जबकि पनीर के नमूने को लेकर जांच के लिए लैब में भेजा गया है।रविवार की देर शाम पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के निर्देशन में सीओ प्रदीप कुमार ने घोषी का पुरवा मजरे ख्वाजापुर गांव में एक मकान के अंदर संचालित हो रहे नकली पनीर की फैक्ट्री में छापा मारा था।छापेमारी के दौरान मौके से मिल्क पाउडर, सिंथेटिक पनीर और रिफाइंड को जब्त करते हुए फूड विभाग को सूचित किया गया था।फूड सेफ्टी ऑफिसर हरेंद्र सिंह ने बताया कि जांच के लिए पनीर के नमूने को लेकर बाकी नष्ट कराया गया है।रिफाइंड और मिल्क पाउडर को जब्त किया गया है। मौके से रिफाइंड तेल बरामद हुआ है।जिससे पनीर बनाया जाने की सम्भवना से इनकार नही किया ज सकता।

सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि उपनिरीक्षक विजय शंकर यादव की तहरीर पर बीएनएस की धारा 274 के तहत साबिर पुत्र उमर, शाहिद जाहिद पुत्र साबिर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# प्रदेश के किसानों को मिल रहा है, उनकी उपज का उचित मूल्य

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने खरीफ वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के तहत धान खरीद नीति को मंजूरी दी है। इस नीति के अन्तर्गत सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2,300 रुपये प्रति कुन्तल और ग्रेड-ए धान का 2320 रूपये प्रति कुन्तल निर्धारित किया है, जिसमें गतवर्ष से 117 रुपये प्रति कुन्तल की दर से बढ़ोत्तरी की गयी है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) एक सलाहकार मूल्य संकेत है जो भारत के विभिन्न हिस्सों में कृषि नीतियों के एक बड़े समूह का हिस्सा है। यह अनौपचारिक ''समर्थन'' मूल्य के विपरीत सरकार द्वारा अनुशंसित है और इसका उद्देश्य किसान को फसल के लिए न्यूनतम लाभ सुनिश्चित करना है और साथ ही देश में खाद्य सुरक्षा बढ़ाना है। एमएसपी शुरू में 1960 के दशक में कृषि भूमि की उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से किसानों को प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए एक प्रोत्साहन था, हालांकि वर्ष 2000 के दशक से इसे बाजार हस्तक्षेप और किसान आय योजना के रूप में देखा जाता है। ऐसी मूल्य नीति की प्रभावशीलता राज्यों और वस्तुओं के बीच व्यापक रूप से भिन्न होती है। एमएसपी के अस्तित्व के बारे में किसानों के बीच जागरूकता लाया जा रहा है।

भारत सरकार दो दर्जन से अधिक कृषि फसलों की कीमत साल में दो बार निर्धारित करती है। समर्थन मूल्य एमएसपी कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिशों पर तय किया जाता है, कृषि मंत्रालय के तहत मूल्य निर्धारण नीति के लिए एक शीर्ष सलाहकार निकाय है। सीएसीपी राष्ट्रीय आवश्यकताओं, उपलब्ध संसाधनों, किसान, मजदूरी, जीवन यापन की लागत और उत्पाद प्रतिस्पर्धात्मकता सहित विभिन्न कारकों के अनुसार मूल्य निर्धारण की सिफारिश करता है। हालांकि कभी-कभी सीएसीपी द्वारा अनुशंसित कीमतों और सरकार द्वारा अनुशंसित कीमतों के बीच बड़े अंतर होते है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) राज्य स्तर पर एमएसपी लागू करने में शामिल है। किसानों को समर्थन मूल्य प्रदान करते समय, एमएसपी सार्वजनिक वितरण प्रणाली का भी समर्थन करता है जो रियायती दर पर भोजन प्रदान करता है। किसी कृषि उपज (जैसे गेहूँ धान आदि) का न्यूनतम समर्थन मूल्य वह मूल्य है जिससे कम मूल्य देकर किसान से सीधे वह उपज नहीं खरीदी जा सकती। न्यूनतम समर्थन मूल्य, भारत सरकार तय करती है। प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों का धान क्रय कर उन्हें उनकी फसल का वाजिब मूल्य दे रही है। धान की बिक्री हेतु किसानों को खाद्य तथा रसद विभाग की वेबसाइट बि.नच.हवअ.पद अथवा विभाग के मोबाइल ऐप न्च् झ्पैछ डप्ज्। पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। प्रदेश के पंजीकृत किसानों से ही धान क्रय किया जा रहा है। कृषक का बैंक खाता, आधार सीडेड (बैंक खाता आधार कार्ड से जुड़ा हो) एवं बैंक द्वारा एनपीसीआई पोर्टल पर मैप एवं सक्रिय होना आवश्यक है। किसानों से क्रय किये गये धान के मूल्य का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से सीधे किसानों के आधार लिंक्ड बैंक खाते में की जा रही है। धान खरीद वर्ष 2024-25 में किसानों को कामन धान का मूल्य रु0 2300 प्रति कुन्तल एवं ग्रेड-ए धान का रु0 2320 प्रति कुन्तल का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिल रहा है।

प्रदेश सरकार ने इस वर्ष बटाईदार कृषकों द्वारा भी पंजीकरणध्नवीनीकरण कराते हुए धान को क्रय केन्द्रों पर बेचने की स्वीकृति दी है। किसान को धान की उतराई, छनाई वे सफाई की मद में अधिकतम रू0 20 प्रति कुंतल की दर से दिया जायेगा।

शासन स्तर से 4000 क्रय केन्द्र निर्धारित किये गये है, किन्तु स्थानीय किसानों पर बेचने की सुविधा और आवश्यकताओं के दृष्टिगत जिलों पर अतिरिक्त क्रय केंद्र खोले जा सकते है। प्रदेश के समस्त क्रय केन्द्रों पर समस्त व्यवस्थायें पूर्ण कराते हुए किसानों के बैठने, पीने के पानी आदि की व्यवस्था की गई है। क्रय केन्द्रों पर पंजीकृत किसानों से राजस्व विभाग द्वारा सत्यापन के उपरान्त इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट ऑफ परचेज के माध्यम से किसानों का बायोमेट्रिक सत्यापन के उपरान्त धान खरीद की जा रही है। प्रदेश में किसानों से धान क्रय करते हुए सरकार उनकी उपज का उचित मूल्य दे रही है। इस खरीद नीति से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है।

# नोडल शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**रायबरेली लालगंज।** शारदा कार्यक्रम के अंतर्गत 6 से 14 वर्ष की आउट ऑफ स्कूल बच्चों का नामांकन और चिन्हाकन करने तथा उन्हें संघनित पाठ्यक्रम से परिचय कराने के लिए प्रत्येक विद्यालय के चयनित नोडल शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र लालगंज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजीव कुमार ओझा खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया स शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि अनिवार्य एवं निशुल्क बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत आउट ऑफ स्कूल सभी बच्चों को उनकी उम्र के अनुसार कक्षा में प्रवेश देना है। कोई भी बच्चा बिना नामांकन का नहीं होना चाहिए सकार्यक्रम में संदर्भदाता के रूप में प्रवीण कुमार बाजपेयी ए. आर. पी ने प्रतिभागियों को आर.टी.ई एक्ट के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा की तथा संदर्भदाता धर्मेंद्र कुमार द्वारा असेसमेंट के तरीकों पर चर्चा की गई संदर्भ दाता के रूप में आशीष मिश्रा, आशीष प्रताप सिंह, वंदना पांडे स्वप्निल सिंह, सौरभ तिवारी, आनंद प्रकाश तिवारी यज्ञदत्त शुक्ला ने विषय वार जानकारी सभी प्रतिभागियों को दी तथा शारदा कार्यक्रम में संघनित पुस्तकों की विषय वार वृहद चर्चा की गई प्रशिक्षण में ब्लॉक के सभी स्कूलों से एक एक नोडल शिक्षक उपस्थित रहे।

# मतदान स्थलों/केंद्रों की सूचना-डीएम



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-25 के उपबंधों के अनुसरण में तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ एवं भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा पूर्व में अनुमोदन से संसदीयध्विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्र हेतु अनुमोदित सूची में विनिर्दिष्ट मतदान स्थलोंध्केन्द्रों का, मतदान क्षेत्रों अथवा मतदाता-समूह के लिए उपबंध किया है। जिसमें 36-रायबरेली लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 177-बछरावां(अ0जा0) में मतदेय स्थलों की कुल संख्या 350, विधानसभा 179-हरचंदपुर में कुल मतदेय स्थल 346, विधान सभा-180 रायबरेली में कुल मतदेय 392, विधानसभा-181 सलोन(अ0जा0) में कुल मतदेय स्थल 372, विधानसभा-182 सरेनी में कुल मतदेय स्थल 418 एवं विधानसभा 183-ऊंचाहार में कुल मतदेय स्थल 364 मतदान क्षेत्रों अथवा मतदाता-समूह के लिए उपबंध है। मतदेय स्थलों की अनुमोदित सूची जिला निर्वाचन अधिकारी, रायबरेली की वेबसाइट डी0ई0ओ0 पोर्टल (तंमइंतमसप.दपब.पद) पर सर्वसाधारण के अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

# प्रदेश के किसानों को मिल रहा है, उनकी उपज का उचित मूल्य

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने खरीफ वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के तहत धान खरीद नीति को मंजूरी दी है। इस नीति के अन्तर्गत सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2,300 रुपये प्रति कुन्तल और ग्रेड-ए धान का 2320 रूपये प्रति कुन्तल निर्धारित किया है, जिसमें गतवर्ष से 117 रुपये प्रति कुन्तल की दर से बढ़ोत्तरी की गयी है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) एक सलाहकार मूल्य संकेत है जो भारत के विभिन्न हिस्सों में कृषि नीतियों के एक बड़े समूह का हिस्सा है। यह अनौपचारिक ''समर्थन'' मूल्य के विपरीत सरकार द्वारा अनुशंसित है और इसका उद्देश्य किसान को फसल के लिए न्यूनतम लाभ सुनिश्चित करना है और साथ ही देश में खाद्य सुरक्षा बढ़ाना है। एमएसपी शुरू में 1960 के दशक में कृषि भूमि की उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से किसानों को प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए एक प्रोत्साहन था, हालांकि वर्ष 2000 के दशक से इसे बाजार हस्तक्षेप और किसान आय योजना के रूप में देखा जाता है। ऐसी मूल्य नीति की प्रभावशीलता राज्यों और वस्तुओं के बीच व्यापक रूप से भिन्न होती है।

एमएसपी के अस्तित्व के बारे में किसानों के बीच जागरूकता लाया जा रहा है।भारत सरकार दो दर्जन से अधिक कृषि फसलों की कीमत साल में दो बार निर्धारित करती है। समर्थन मूल्य एमएसपी कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिशों पर तय किया जाता है, कृषि मंत्रालय के तहत मूल्य निर्धारण नीति के लिए एक शीर्ष सलाहकार निकाय है। सीएसीपी राष्ट्रीय आवश्यकताओं, उपलब्ध संसाधनों, किसान, मजदूरी, जीवन यापन की लागत और उत्पाद प्रतिस्पर्धात्मकता सहित विभिन्न कारकों के अनुसार मूल्य निर्धारण की सिफारिश करता है। हालांकि कभी-कभी सीएसीपी द्वारा अनुशंसित कीमतों और सरकार द्वारा अनुशंसित कीमतों के बीच बड़े अंतर होते है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) राज्य स्तर पर एमएसपी लागू करने में शामिल है। किसानों को समर्थन मूल्य प्रदान करते समय, एमएसपी सार्वजनिक वितरण प्रणाली का भी समर्थन करता है जो रियायती दर पर भोजन प्रदान करता है। किसी कृषि उपज (जैसे गेहूँ धान आदि) का न्यूनतम समर्थन मूल्य वह मूल्य है जिससे कम मूल्य देकर किसान से सीधे वह उपज नहीं खरीदी जा सकती। न्यूनतम समर्थन मूल्य, भारत सरकार तय करती है।प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों का धान क्रय कर उन्हें उनकी फसल का वाजिब मूल्य दे रही है। धान की बिक्री हेतु किसानों को खाद्य तथा रसद विभाग की बेवसाइट बिण्नचण्हवअण्पद अथवा विभाग के मोबाइल ऐप यूपीकिसान मित्र पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। प्रदेश के पंजीकृत किसानों से ही धान क्रय किया जा रहा है। कृषक का बैंक खाता, आधार सीडेड (बैंक खाता आधार कार्ड से जुड़ा हो) एवं बैंक द्वारा एनपीसीआई पोर्टल पर मैप एवं सक्रिय होना आवश्यक है। किसानों से क्रय किये गये धान के मूल्य का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से सीधे किसानों के आधार लिंक्ड बैंक खाते में की जा रही है।धान खरीद वर्ष 2024-25 में किसानों को कामन धान का मूल्य रु0 2300 प्रति कुन्तल एवं ग्रेड-ए धान का रु0 2320 प्रति कुन्तल का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिल रहा है। प्रदेश सरकार ने इस वर्ष बटाईदार कृषकों द्वारा भी पंजीकरण/नवीनीकरण कराते हुए धान को क्रय केन्द्रो पर बेचने की स्वीकृति दी है। किसान को धान की उतराई, छनाई वे सफाई की मद में अधिकतम रू0 20 प्रति कुन्तल की दर से दिया जायेगा। शासन स्तर से 4000 क्रय केन्द्र निर्धारित किये गये है, किन्तु स्थानीय किसानों पर बेचने की सुविधा और आवश्यकताओं के दृष्टिगत जिलों पर अतिरिक्त क्रय केन्द्र खोले जा सकते है।

प्रदेश के समस्त क्रय केन्द्रों पर समस्त व्यवस्थायें पूर्ण कराते हुए किसानों के बैठने, पीने के पानी आदि की व्यवस्था की गई है। क्रय केन्द्रों पर पंजीकृत किसानों से राजस्व विभाग द्वारा सत्यापन के उपरान्त इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट ऑफ परचेज के माध्यम से किसानों का बायोमेट्रिक सत्यापन के उपरान्त धान खरीद की जा रही है। प्रदेश में किसानों से धान क्रय करते हुए सरकार उनकी उपज का उचित मूल्य दे रही है। इस खरीद नीति से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है।

# आज लालगंज आयेंगे पुरी पीठाधीश्वर, जोरों पर तैयारियां

**▶▶ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम में जुटा पुलिस प्रशासन**



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** हिन्दू राष्ट्रोत्कर्ष संगोष्ठी में पुरी पीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महराज तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत आज मंगलवार की शाम चार बजे लालगंज आयेंगे। शंकराचार्य जी के आगमन को लेकर सोमवार को यहां नगरवासियों में खासा उत्साह का माहौल बना दिखा। वहीं जेड श्रेणी सुरक्षा प्राप्त पुरी पीठाधीश्वर के आगमन में सुरक्षा के बाबत पुलिस प्रशासन भी मशक्कत करता दिखा। जगदगुरू शंकराचार्य नगर स्थित प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा के आवास पर रूकेंगे। शंकराचार्य सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज लालगंज में बुधवार तेईस अक्टूबर व गुरूवार चौबीस अक्टूबर को प्रातः साढ़े दस बजे से मध्यान्ह बारह बजे तक राष्ट्र एवं धर्म से सम्बद्ध प्रश्नोत्तर एवं दीक्षा प्रदान करेंगे। वहीं शंकराचार्य जी अपरान्ह तीन बजे से सायं पांच बजे तक धर्म संगोष्ठी में हिन्दू राष्ट्रोत्कर्ष पर प्रवचन करेंगे।

शंकराचार्य की सुरक्षा के बाबत सोमवार को पुलिस फोर्स के साथ कोतवाल नीरज यादव मशक्कत करते दिखे। सीओ रामसूरत सोनकर ने बताया कि जगदगुरू पुरी पीठाधीश्वर की सुरक्षा के बाबत पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। उप निरीक्षकों की टीम के साथ साठ-सत्तर पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। इसके साथ ही एक प्लाटून पीएसी तथा यातायातकर्मी व फायर टेण्डर की मुस्तैदी भी बनी रहेगी। इधर शंकराचार्य जी के आगमन को लेकर नगर में आध्यात्मिक गौरव लोगों के बीच उत्साहजनक चर्चा लिये हुए है। आयोजन समिति ने बताया कि शंकराचार्य जी के स्वागत को लेकर जनपद मुख्यालय से लालगंज तक में सात जगहों पर विशेष स्वागत की तैयारी की गयी है। आयोजन समिति के डॉ. शिवशंकर तिवारी, इं. पूर्णांशु ओझा, आचार्य रामअवधेश मिश्र, आचार्य उमाशंकर मिश्र, प्रदोष नारायण सिंह, उमेशपाल मिश्र, केशवराम ओझा आदि कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने में जुटे दिखे।

# खुदरा व्यापारियों के समर्थन और ऑनलाइन व्यापार के विरोध में सपाइयों ने निकाला जुलूस



**प्रतापगढ़।** सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के अनुमति से समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार जायसवाल के आह्वान पर प्रदेश के खुदरा, फुटकर और छोटे दुकानदारों के समर्थन में ऑनलाइन व्यापार के खिलाफ प्रदेशव्यापी ग्राहक जागरूकता पदयात्रा जिलाध्यक्ष सुरेश जायसवाल के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन से अम्बेडकर चौराहा तक निकाली गई। तत्पश्चात् अम्बेडकर चौराहा पर अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर आशीष श्रीवास्तव, डॉ.रामबहादुर पटेल, सुरेश यादव, मनीष पाल जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, निसार अहमद नगर अध्यक्ष, राज हुसैन, विशाल मौर्या, सैफी सिद्दीकी, प्रमोद श्रीवास्तव, रामलोचन सिंह, राजनरायन गुप्ता, विनय कुमार शर्मा, आमिर खान, सूरज वर्मा, कृष्ण कुमार सोनी, राहुल चौधरी, शमशाद अंसारी, डॉ.सुभाष यादव, सैफी सिद्दीकी, उत्तम सिंह यादव, विशाल सिंह, राजेश यादव, प्रिंस विश्वकर्मा, अजीत श्रीवास्तव, अविनाश श्रीवास्तव, भूपेंद्र पटेल, कश्मीर यादव सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

# योग्यता एवं प्रतिभा के सम्मान में राष्ट्र का उत्थान निहित है- समाजसेवी पप्पू यादव

**● मेधावी सम्मान समारोह आयोजित**

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** प्रतिभाओं का सम्मान करने से उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।प्रतिभाओं के सम्मान में राष्ट्र का उत्थान निहित है।उक्त विचार वरिष्ठ समाजसेवी पप्पू यादव ने यादव मार्केट चौरा पर मेधावी सम्मान समारोह में व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि समाज में एकजुटता रहने से समाज प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है।जनसत्ता के सक्रिय सदस्य एवं जनसेवक राकेश कुमार यादव(गुरूजी) ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ तहसील इकाई कुंडा के महामंत्री अजय यादव ने मॉस कम्युनिकेशन एंड जर्नलिज्म(जनसंचार एवं पत्रकारिता) विषय में राष्ट्रीय स्तर की यूजीसी नेट परीक्षा 2024 में सफलता अर्जित कर ग्रामीण अंचल का गौरव बढ़ाया है।उनका सम्मान करना ग्रामीण अंचल की गौरव



प्रतिभा का सम्मान करना है। सरॉय कीरत ग्रामसभा के प्रधान अखिलेश कुमार (बच्चा यादव) ने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह एक शानदार एवं स्वस्थ परंपरा है।इस परम्परा को आगे बढ़ाना हम सब का कर्तव्य है।अजय यादव(पत्रकार) ने सभी आदरणीय/सम्मानित जनों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त किया कि आप सबका स्नेह,सहयोग और आशीर्वाद सदैव मिलता रहेगा।इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य रामलाल पटेल,मंजीत।कुमार,रामकुमार,सुरेश कुमार मौर्या,शिवम विश्वकर्मा,शिव कुमार यादव,जगदीश पटेल,अनिल कुमार मौर्या आदि सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# किशोरी के साथ गैर समुदाय के युवक ने की अभद्रता, हिरासत में

**पट्टी प्रतापगढ़** पट्टी तहसील क्षेत्र के पृथ्वी चौकी अंतर्गत एक गांव की किशोरी रविवार की शाम गांव से कुछ दूर नित्य क्रिया के लिए गई हुई थी। इस दौरान पड़ोसी गांव बाभनपुर जो की जौनपुर जनपद के सुजानगंज थाना अंतर्गत आता है, वहां का एक युवक बॉर्डर के गांव में बकरी चराने गया हुआ था। किशोरी गांव के बाहर एक भीट पर बैठी हुई थी। इस दौरान गैर समुदाय का युवक वहां पहुंच गया और किशोरी का हाथ पकड़ लिया। किशोरी ने विरोध किया तो धमकी पर देने लगा और किशोरी के साथ अभद्रता करने के साथ छेड़छाड़ की। इस दौरान गांव के कुछ युवक पहुंच गए और उसका वीडियो बनाया जो सोशल मीडिया पर वायरल है। वीडियो वायरल होने के बाद सोमवार को पृथ्वी के चौकी इंचार्ज लक्ष्मीकांत सिंगर ने आरोपी युवक को पकड़कर थाने दिन में करीब 11ः00 बजे लाए हैं। इस मामले में पुलिस आरोपी युवक को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

# साथी की रिहाई पर अधिवक्ताओं ने जताई खुशी, किया स्वागत




**प्रतापगढ़।** जिला कचहरी प्रांगण में सोमवार को जूनियर बार एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रोहित शुक्ल जुबाए अध्यक्ष एवं संचालन संतोष कुमार सिंह महामंत्री ने किया। बैठक में समस्त अधिवक्ताओं एवं कार्यकारिणी ने लालगंज तहसील के संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र की शनिवार को जेल से रिहाई होने पर खुशी जताई गई। जूबाए कार्यालय पर माल्यार्पण कर अधिवक्ता विकास मिश्र का स्वागत किया गया। जूबाए अध्यक्ष रोहित शुक्ला, महामंत्री संतोष सिंह और रूरल बार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मुक्तेश्वर नाथ ओझा उर्फ मुक्कू ओझा समेत अन्य वक्ताओं ने कहा कि विकास मिश्र की रिहाई अधिवक्ता साथियों के संघर्षों का परिणाम है। विकास मिश्र ने न्याय हित में सदैव संघर्ष किया है। उसी संघर्ष का परिणाम है कि न्यायालय ने उनके जमानत प्रार्थी पत्र को तत्काल स्वीकार करते हुए दूसरे ही दिन जेल से रिहा करने का आदेश निर्गत कर दिया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ने कहा कि अधिवक्ता और वादकारी हित में निर्बल और सोशल वर्किंग अनवरत जारी रहेगी। बैठक में भानु प्रताप सिंह, मो. इरफान, पुष्पराज सिंह, विवेक त्रिपाठी, रविन्द्र शुक्ला, पवन मिश्र, राम अवध मिश्र, सुभाष सिंह, राघवेंद्र सिंह, राजेश मिश्र, प्रशांत सिंह उर्फ बंटी समेत अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# हरि से मिलने का मार्ग बताती है श्रीमद् भागवत कथा - स्वामी विनोदानंद शास्त्री



**▶▶ श्रीनाथपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रोताओं की उमड़ रही भीड**

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** भगवान की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। राजा परीक्षित के कारण भागवत कथा पृथ्वी के लोगों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उक्त विचार जिले के बेलखरनाथ विकास खंड के श्रीनाथपुर गांव के प्रधान कुलवंत शर्मा के यहां चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिवस प्रयागराज से पधारे कथा व्यास दण्डी स्वामी विनोदानंद शास्त्री जी महराज ने कही। कथा व्यास ने कहा कि भागवत के चार अक्षर इसका तात्पर्य यह है कि भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य और त त्याग जो हमारे जीवन में प्रदान करे उसे हम भागवत कहते है। इसके साथ साथ भागवत के छह प्रश्न, निष्काम भक्ति, 24 अवतार श्री नारद जी का पूर्व जन्म, परीक्षित जन्म, कुन्ती देवी के सुख के अवसर में भी विपत्ति की याचना करती है। क्यों कि दुख में ही तो गोविन्द का दर्शन होता है। जीवन की अन्तिम बेला में दादा भीष्म गोपाल का दर्शन करते हुये अद्भुत देह त्याग का वर्णन किया। साथ साथ परीक्षित को श्राप कैसे लगा तथा भगवान श्री शुकदेव उन्हे मुक्ति प्रदान करने के लिये कैसे प्रगट हुये इत्यादि कथाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत केवल पुस्तक नही साक्षात श्रीकृष्ण स्वरुप है। इसके एक एक अक्षर में श्रीकृष्ण समाये हुये है। कथा सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हो गए। कथा में मुख्य यजमान के रूप में जगदीश प्रसाद शर्मा व श्रीमती आशा शर्मा रही। कथा के मध्य में जो बनाओ सो बन जाएंगे, जहां भेजों वहीं जाएंगे। जैसे भक्ति भजन -संगीत सुनकर भक्त आत्मसात हो गये। कथा में मुख्य रूप से प्रशांत शुक्ल,उमेश तिवारी, दुर्गा प्रसाद, वंशराज, श्रीराम,स्वामीनाथ, अम्बरीष, सुभाष, यशवंत,महेश गुप्ता, शिवेश शुक्ल,अखिलेश, आशीष, सहित सैकड़ों श्रोतागण मौजूद रहे।

# मास्टर ट्रेनर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।**प्राचार्य /उप शिक्षा निदेशक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अतरसण्ड प्रतापगढ़ रमेश तिवारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह जिला समन्वयक प्रशिक्षण योगेंद्र सिंह के निर्देशन में तीन दिवसीय जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण (आउट ऑफ स्कूल बच्चों का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम) जनपद मे गोकुल सिंह स्मारक शिक्षण संस्थान चिलबिला में प्रारंभ हुआ । इसमें सभी 17 ब्लॉक एवं नगर क्षेत्र के पांच संदर्भ दाताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए डायट प्रवक्ता अमरेंद्र मिश्र ने कहा कि आप लोग यह प्रशिक्षण प्राप्त कर ब्लॉकों में प्रशिक्षण प्रदान करेंगे इसलिए पूर्ण मनोयोग एवं गंभीरता पूर्वक इस प्रशिक्षण को प्राप्त करें। इस दौरान डॉ सतीश चंद तिवारी एवं ए.आर.पी. दिनेश कुमार ने गुणवत्ता पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया।

# जिले में फिर लहराया एस सी टी आई का परचम

लोकमित्र ब्यूरो




**लालगंज, प्रतापगढ़।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ओ लेवल और ए लेवल का परिणाम आते ही शिव कम्प्यूटर प्रशिक्षण संस्थान लालगंज के छात्र - छात्राओं में खुशी की लहर छा गई। कम्प्यूटर रूपी जगत के इस कठिन परीक्षा मे अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर संस्थान का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों में ÷ए लेवल÷ परीक्षा में शहनूर और शबनूर ने बी ग्रेड एवं *ओ लेवल परीक्षा* में प्राची मिश्रा, प्रियांशी उपाध्याय, शांभवी मिश्रा, अग्रिमा सिंह, संजना मिश्रा, सुबेदार सिंह, हर्षित ओझा, शिवांगी पांडेय, प्रिया देवी, मंदाकिनी, शिवांशी, मो. इशहाक, आजाद सरोज, कोमल यादव, मोनू विश्वकर्मा, अरुण वर्मा, उत्कर्ष मिश्रा ने ÷बी ग्रेड÷ लाकर नाम रोशन किया। वहीं प्रिया उपाध्याय, रूबी पाण्डेय, ऊषा वर्मा, संध्या यादव, काजल देवी, हर्ष मिश्रा, अजीत प्रताप पटेल, सचिन यादव, सुहानी तिवारी, अंजलि दुबे, रुचि यादव, सिमरन सरोज, शिक्षा तिवारी, मधु मौर्या, गोविन्द वर्मा, अनुराग यादव,आयांक यादव, तुसार यादव, अनिवेश, अनुराग यादव, महिमा तिवारी, रंजिता अनन्या यादव,श्रद्धा यादव, आयुषी पाल, शिवा वर्मा, धनंजय वर्मा, मनीष सोनी, इशिका पाण्डेय, सत्यम सरोज, जितेंद्र तिवारी आदि ने ÷सी ग्रेड÷ और आदर्श यादव, अवशेष शुक्ला, आदर्श यादव, अभिषेक उपाध्याय, नीलाक्षी मिश्रा, आयुषी यादव, सना बानो, शहनाज बानो, शिवानी शर्मा शालू देवी, शिवम, प्रदीप कुमार, बेबी यादव, शिवानी यादव, सूरज केवट, अनुज कुमार, सिद्धार्थ सिंह, गौरव शुक्ला व अन्य बहुत सारे छात्र-छात्राओं ने ÷डी ग्रेड÷में परीक्षा उत्तीर्ण करके संस्था का नाम रोशन किया। संस्थान का परिणाम लगभग 90% रहा।

संस्थान के परिणाम को देखते हुए संस्थापक ÷हरिप्रकाश यादव जी÷ सहित एससीटीआई परिवार के समस्त शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी व विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की हुई मौत

**घुइसरनाथ धाम प्रतापगढ-** घुइसरनाथ बाजार में सोमवार की शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अधेड़ की मौत हो गयी।घटना की जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।सोमवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे गोविंदराम गांव निवासी 52 वर्षीय बाबूलाल बर्मा उर्फ़ बब्बू पुत्र गिरधारीलाल बाइक से लालगंज की ओर जा रहा था।जैसे ही न्यू मार्केट घुइसरनाथ पहुंचा लालगंज से सांगीपुर की ओर तेज गति से जा रही ब्रेजा ने टक्कर मार दी। जिसके चलते मौके पर ही अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई।घटना की जानकारी होने पर पहुंची सांगीपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं टक्कर मारने वाले वाहन का कोई सुराग नही लग सका।

# युवक का खेत में मिला शव, मचा हड़कंप

लोकमित्र ब्यूरो

**कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़ -** प्रतापगढ़ सिटी के सैय्यद मोहल्ला निवासी अजय कुमार मौर्य पुत्र स्वर्गीय धनीराम मौर्य कोतवाली देहात कल रात 11ः30 बजे अपने घर से बिना किसी को बताएं कहीं चला गया था। सुबह मोहल्ले के लोगों ने बड़े भाई को बताया कि तुम्हारे भाई अजय का शव खेत में पड़ा है। यह सुनते ही बड़े भाई सुनील मौर्य ने अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचकर देखा तो भाई खेत में पड़ा था ।स्थानीय लोगों ने घटना की बाबत पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चर्चाओं के अनुसार मोहल्ले के ही मिर्जा बाग निवासी अशरफ ,समीर, रिजवान पुत्र गण शरीफ से किसी बात को लेकर विवाद था।



आए दिन वह लोग जान से मारने की धमकी देते थे। मृतक के शरीर पर जगह-जगह जेल और काटे का निशान देखा गया। जले हुए निशान को देखकर लोग बिजली का करंट लगा कर मारने की चर्चा कर रहे थे। बड़े भाई सुनील तथा मां ने बताया कि अजय मौर्या मुंबई में रहकर बिजली का काम करता था।।वह अभी 2 दिन पहले मुंबई से घर आया था, आज उसका वापस जाने का टिकट था । दबी जुबान लोगों ने बताया की आशनाई के चक्कर में यह अंजाम दिया गया है । अजय मौर्या चार भाइयों में सबसे छोटा था। अजय की मृत्यु की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया । मौके पर एसपी डा0अनिल कुमार एडिशनल दुर्गेश प्रताप सिंह कोतवाली देहात अभिषेक सिरोही प्रतापगढ़ सिटी चौकी इंचार्ज सूर्य प्रताप सिंह सहित भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहे। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मौर्य ने बताया की अजय मौर्या का परिवार मेहनत करके अपना जीवन यापन करता था। एसपी ने बताया की इस केस का खुलासा बहुत जल्द होगा।

# माता-पिता की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य नहीं - दंडी स्वामी विनोदानंद जी महाराज

लोकमित्र ब्यूरो

**रखहा,** । माता-पिता की सेवा से बढ़कर कोई भी पुण्य का कार्य नहीं है, उनकी सेवा करना मंदिर में देवता के दर्शन के समान है । यह बातें बाबा बिल्कुल नाथ धाम के श्रीनाथपुरम गांव में कुलवंत शर्मा के आवास पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास दंडी स्वामी विनोदानंद सरस्वती जी महाराज ने कहीं । उन्होंने आगे कहा कि भागवत कथा सुनने से सिर्फ एक व्यक्ति का लाभ नहीं होता बल्कि संपूर्ण क्षेत्र व मानव का उससे लाभ होता है तथा लोगों के सारे पाप मिट जाते हैं ।दंडी स्वामी ने भगवान के 22 रूपों का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने सभी अवतारों में प्राणियों की रक्षा करने का कार्य किया है । महाभारत



कालीन युग की चर्चा करते हुए दंडी स्वामी विनोदानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि दुर्योधन ने पांडवों के सभी पुत्रों का वध करने के बाद माता गांधारी के समक्ष अपनी जान बचाने के लिए नग्न अवस्था में जाता है, किंतु इसके पूर्व वह अपने जांघ पर केले का पत्ता लपेट लेता है जिससे गांधारी जब पट्टी खोलती है तो वह जंघे का भाग नहीं देख पाती । इसी तरह उत्तरा के गर्भ में पल रहे शिशु को मारने के लिए अश्वत्थामा उनके पास जाता है तब उत्तरा भगवान श्री कृष्ण की शरण की जाकर अपने गर्भ की रक्षा करती हैं ।कथा के मुख्य यजमान जगदीश प्रसाद शर्मा, दुर्गा प्रसाद शर्मा के अलावा अशोक कुमार शर्मा, यशवंत शर्मा, अम्बरीष शर्मा, बसंत शर्मा, जगदीश राय आदि मौजूद रहे ।

# विद्युत विभाग ने बकाया पर काटे एक दर्जन कनेक्शन

**रखहा ,प्रतापगढ़ ।** विद्युत विभाग बिजली चेकिंग दौरान एक दर्जन कनेक्शन बकाए पर काट दिये तथा एक लाख रुपए की वसूली के साथ ही आधा दर्जन उपभोक्ताओं के विद्युत अधिभार बढ़ाए गए।विभाग के इस कारवाई से बड़े बकाएदारों में हड़कंप मचा रहा। उडैयाडीह विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत स्थानीय बाजार में विद्युत विभाग की टीम के साथ अधीक्षण अभियंता सत्यपाल,अधिशाषी अभियंता रामाश्रय चौरसिया, उपखण्ड अधिकारी एसबी प्रसाद व अवर अभियंता जयराज राजपूत उडैयाडीह बाजार में पहुंचे। यहां पर लगभग एक दर्जन बड़े बकाएदारों का विद्युत बिल न जमा करने पर कनेक्शन विच्छेदन कर दिया।

**महाकुंभ 2025:** सीएम योगी के दिव्य, भव्य, स्वच्छ और ग्रीन महाकुंभ के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएगा यूपी रोडवेज

# रोडवेज बसों में चस्पा होंगे "आओ चलें महाकुंभ" के स्टीकर, बसों के पीछे की जाएगी महाकुंभ से जुड़ी विनाइल रैपिंग



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम तट पर जनवरी 2025 से लगने जा रहे महाकुंभ की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुंभ को दिव्य, भव्य, स्वच्छ और हरित स्वरूप देने के लिए कुंभ मेला प्रशासन के सभी विभाग इसमें अपना योगदान कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन विभाग जहां एक तरफ श्रद्धालुओं का सफर आसान करने के लिए बड़ी संख्या में बसें चला रहा है तो वहीं महाकुंभ को स्वच्छ कुंभ बनाने के योगी सरकार के संकल्प को भी जन-जन तक पहुंचाने में लगा हुआ है। महाकुंभ के प्रचार प्रसार में भी यूपी रोडवेज बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहा है।

यूपी रोडवेज के प्रयागराज परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी का कहना है कि कुंभ के आयोजन के सरकार के संकल्प को लोगों के बीच पहुंचाने के लिए रोडवेज की बसों में ÷ आओ चलें महाकुंभ÷ के स्टिकर चस्पा किए जा रहे हैं। बसें महाकुंभ के रंग में रंगी नजर आएं इसके लिए रोडवेज बसों के पीछे कुंभ मेले से संबंधित पोस्टर, स्लोगन और दृश्य चित्रित किए जा रहे हैं। इस प्रयास से लोगों के बीच महाकुंभ के आयोजन और उसकी विशिष्टता की जानकारी साझा की जा रही है।

## स्वच्छता का संदेश

सीएम योगी का स्पष्ट निर्देश है कि महाकुंभ 2025 प्रतिबंधित पॉलीथिन मुक्त हो । प्रयागराज का हर एक वार्ड - हर एक मोहल्ला स्वच्छ हो, मोहल्ला स्वच्छता समिति गठित कराएं। लोगों को जागरूक करें, मेला क्षेत्र समेत पूरा प्रयागराज स्वच्छता का मॉडल बनकर प्रतिष्ठित हो, इसके लिए हर किसी को योगदान करना होगा। यूपी रोडवेज ने मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप ही इसके लिए विभाग की तरफ से प्रयास शुरू कर दिए हैं। यूपी रोडवेज के प्रयागराज परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी बताते हैं कि रोडवेज की तैयारी है कि महाकुंभ के दौरान प्रदेश के सभी 75 जिलों के अलावा राज्यों के लिए प्रयागराज से सीधी बस सेवा हो। इन सभी शहरों को जाने वाली बसें महाकुंभ का प्रचार करेगी। प्रयागराज परिक्षेत्र की बसों के बाहरी हिस्से में विनाइल रैपिंग की जाएगी जिसमे कुंभ से जुड़े संदेश और तस्वीरें बनी होंगी।

## पॉलीथीन मुक्त महाकुंभ की अपील

प्रयागराज। उनका यह भी कहना है कि रोडवेज पर्यावरण संरक्षण से जुड़े सरकार के अभियान को भी आगे बढ़ा रहा है। परिवहन विभाग की बसों में पॉलीथीन मुक्त महाकुंभ के स्टीकर लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही चालकों व परिचालकों से महाकुम्भ को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए पॉलीथीन मुक्त अभियान को सफल बनाने की शपथ भी दिलाई गई है । बसों के संचालन के दौरान ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को जागरूक करने की अपील भी परिचालक और कर्मी कर रहे हैं।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई युवक की मौत...घर में मचा कोहराम

**खीरी (प्रयागराज)।** खीरी थाना क्षेत्र अंतर्गत निमंत्रण से घर लौटते समय अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से घायल युवक का इलाज के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोबरा गांव निवासी राजू उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र श्याम लाल आदिवासी रविवार को देर शाम खीरी थाना क्षेत्र के टोंगा गांव से निमंत्रण खाकर पैदल ही घर लौट रहे थे। घर पहुंचने से पहले ही जोरवट गांव के समीप अज्ञात वाहन के टक्कर लगने से मृतक सड़क पर बेहोशी अवस्था में गिर पड़ा। जिसकी सूचना


फाइल फोटो

आसपास के ग्रामीणों ने खीरी पुलिस को दी तो मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल किया तो गोबरा गांव निवासी राजू के रूप में पहचान हुई। पुलिस के द्वारा तत्काल परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। घटना की सूचना प्राप्त होते ही परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में घायल को गंभीर अवस्था में अस्पताल में एडमिट किया। इलाज के दौरान युवक की सांसें थम गई मृतक राजू मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण किया करता था। मृतक के परिजनों का रो-रो कर हाल बेहाल रहा । खीरी पुलिस द्वारा सुबह शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया।

## दस दिन बाद दुराचार का मुकदमा दर्ज, आरोपी गिरफ्तार, दरोगा लाइन हाजिर

**मऊआइमा (प्रयागराज)।** चौदह वर्षीय लड़की के साथ दुराचार करने तथा शिकायत पर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पर कल्याणपुर बूथ प्रभारी दिनेश यादव समझौता कराने लगे।आर एस एस संगठन ने अधिकारियों से शिकायत किए। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर के दामोदर का पुरवा निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि दस अक्टूबर को उसकी चौदह वर्षीय लड़की को गांव का युवक बाग में ले जाकर रात भर जबरियन दुराचार किया तथा सुबह किशोरी रोते हुए घर आकर आपबीती सुनाई। बताया गया है कि आरोप युवक की शिकायत पर वह धमकी देने लगा। व्यक्ति का आरोप है कि वह इसकी लिखित शिकायत कल्याणपुर बूथ प्रभारी दिनेश यादव से की तो वह न्याय की बात कह कर मामले को टालने लगे। आरोप है कि बूथ प्रभारी दिनेश यादव आरोपी से मिलकर पैसा लेकर समझौता करने का दबाव बनाने लगे। व्यक्ति इसकी लिखित शिकायत 16 अक्टूबर को मऊआइमा थाने में की। संगठन ने इसकी शिकायत डीसीपी गंगानगर कुलदीप गुनावत से की। जांच के बाद रविवार को देर रात पुलिस बूथ प्रभारी दिनेश यादव को लाइक हाजिर कर दिया तथा मऊआइमा पुलिस ने दुराचार और पास्को एक्ट में आरोपी अरविन्द उर्फ पंजाबी पुत्र मथुरा प्रसाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

# हनुमान ने जला दी रावण के पाप की लंका



**नैनी(प्रयागराज) ।** नैनी गांव में चल रही जनसेवा समिति रामलीला में अशोक वाटिका, लंका दहन एवं सेतु बंध रामेश्वरम स्थापना की लीला का अत्यंत मनोहारी मंचन श्री हनुमत रामलीला मंडल, प्रयागराज के कलाकारों द्वारा किया गया ।

हनुमान जी अशोक वाटिका में पहुंचकर, मैया सीता को राम कथा सुनाकर, उन्हें राम की शक्तियों से अवगत करा कर ढांढस बंधाते हैं । मैया सीता की आज्ञा से हनुमान जी अशोक वाटिका में प्रवेश करते हैं, भरपेट फल खाते हैं, वृक्षों को उखाड़ते हैं और राक्षसों को जमकर पीटते हैं । मेघनाथ ब्रह्मास्त्र का प्रयोग कर हनुमान जी को बंदी बना लेता है । रावण हनुमान जी की पूंछ में आग लगवा देता है। हनुमान जी उसी आग से रावण की पाप की लंका स्वाहा कर देते हैं।

हनुमान जी का अशोक वाटिका में उत्पात, राक्षसों से युद्ध और लंका दहन दर्शकों को खूब भाया और उन्होंने खूब तालियां बजाई तथा वीर बजरंगी की जय के जयकारे लगाये।

लीला के अगले भाग में भगवान राम ने राक्षसी शक्तियों पर विजय प्राप्त करने के लिए सेतु बंध रामेश्वरम की स्थापना की ।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विनय सिंह, रवि सिंह, हरिशंकर सिंह, आर एल डी दुबे, दयाशंकर तिवारी, आर के शुक्ला, विशाल श्रीवास्तव, अनुग्रह जायसवाल, नयन कुशवाहा, धीरेंद्र यादव, सनी केसरवानी, विमल गुप्ता, संतोष सिंहे, अनिल चौधरी, हरि बाबू सिंह, सुरेंद्र यादव, सिलवंत सिंह, दिनेश सिंह, शशि सिंह, सर्वेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआईएम व किसान सभा ने संयुक्त रूप से सौंपा एसडीएम कोरांव को ज्ञापन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कोरांव (प्रयागराज)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) तथा उत्तर प्रदेश किसान सभा की यमुनापार क्षेत्रीय कमेटी ने सोमवार को जन समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में जनसभा कर एसडीएम आकांक्षा सिंह को 9 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। वक्ताओं ने कहा कि एक ओर देश व प्रदेश की जनता मंहगाई बेकारी अशिक्षा आवारा पशुओं की समस्या तथा उदारीकृत आर्थिक नीतियों का दंश झेल रही है तो दूसरी तरफ कोरांव तहसील भ्रष्टाचार और कानूनों को ताख पर रखकर काम करने वालों का अड्डा बन गई है। धन उगाही जोरों पर है। वक्ताओं ने सरकारी क्रय केन्द्रों पर बिचौलियों का बोलबाला बंद करने , खरीद में अनावश्यक समय और शर्तें न लगाने , बिजली खाद कीटनाशक में कालाबाज़ारी पर रोक लगाने , आवारा पशुओं द्वारा फसल की बर्बादी पर रोक लगाने , मनरेगा को मज़बूत करने , मनरेगा में व्याप्त अनियमितता पर रोक लगाने , बकाया मज़दूरी का अविलम्ब भुगतान करने , विकलांग वृद्धा विधवा पेंशन आवास आदि सरकारी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने , राशन वितरण प्रणाली में व्याप्त अनियमितता दूर करने , तहसील में होने वाले फर्ज़ी बैनामों पर रोक लगाने , विभिन्न स्थानों पर टूट-फूट गई सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की। सभा का संचालन माकपा यमुनापार क्षेत्रीय कमेटी के सचिव दिग्विजय सिंह तथा अध्यक्षता किसान सभा के जिला अध्यक्ष कामरेड मुन्नीलाल यादव ने किया। सभा को माकपा राज्य सचिव मण्डल सदस्य रवि मिश्रा , जिलामंत्री अखिल विकल्प , किसान सभा के प्रान्तीय कोषाध्यक्ष बाबूराम यादव , जिला सचिव भूपेन्द्र पाण्डेय , जिलाध्यक्ष चाँद मोहम्मद आदि लोगों ने सम्बोधित किया। इस दौरान विभिन्न गांवों के किसान मजदूर उपस्थित रहे।

# यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता पर वैष्णवी को मिल रही बधाइयां

**कोरांव(प्रयागराज)।** नगर पंचायत कोरांव के गांधी नगर मोहल्ला की रहने वाली वैष्णवी श्रीवास्तव ने यूजीसी नेट सोशियोलॉजी परीक्षा में 99.96 परसेंटाइल स्कोर प्राप्त करके ऑल इंडिया नौवीं रैंक हासिल किया। वैष्णवी का पालन पोषण बचपन से ही उसकी बुआ शशी श्रीवास्तव , अर्चना श्रीवास्तव ने किया। बुआ के पास रहकर इन्टरमीडिएट तक की पढ़ाई कस्बा कोरांव के गोपाल विद्यालय इण्टर कॉलेज से की। वैष्णवी की इस सफलता को लेकर परिजनों ने बताया कि वह कभी भी किसी के कहने पर पढ़ाई नहीं किया करती थी बल्कि उसके अंदर पढ़ने का एक जज्बा था जो उसे कभी बैठने नहीं देता था। इतना ही नहीं परिजनों ने यह भी कहा कि वैष्णवी बेहद सरल स्वभाव की है जो कभी



किसी से उलझती नहीं है बल्कि दूसरों को भी सहज एवं सरल स्वभाव का होने की प्रेरणा देती है। वैष्णवी की इस सफलता से गोपाल विद्यालय प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष रुद्र नारायण बाजपेयी व विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ मोहम्मद साबिर अली , विभागाध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव अरविन्द श्रीवास्तव आशीष मिश्रा गोविन्द मिश्रा सहित कई अन्य शिक्षकों व क्षेत्र के लोगों ने बधाई दी है।

## अंतर्महाविद्यालयीय बैडमिंटन प्रतियोगिता कल

**नैनी(प्रयागराज)।** प्रो राजेंद्र विश्वविद्यालय (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयो को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.10.2024 को अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी- प्रयागराज के तत्वाधान में आयोजित की जानी है। यह प्रतियोगिता अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (म्योहाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स )प्रयागराज में प्रातः 10ञ्00 बजे से अपराह्न 3ञ्00 बजे तक होगी। समस्त प्रतिभागी अपने आवश्यक पत्रजात के साथ एवं प्रोफॉर्म के साथ समय पर उपस्थित हो। उक्त प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.सुरेश जैन जी होंगे।

## शातिर चोर गिरफ्तार, सोने के आभूषण बरामद

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाने की पुलिस ने रविवार को मधुवन विहार कॉलोनी के समीप नेहरू पार्क जाने वाले मार्ग पर एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से चोरी के सोने के आभूषण और ढाई हजार रुपये नकदी बरामद हुई है। आरोपी बीते दिनों चोरी की तीन घटनाओं में संलिप्त था।

धूमनगंज थाने के एसआई निखिल यादव व कुलदीप उपाध्याय ने मय फोर्स मुखबिर की सूचना पर रविवार को मधुवन विहार कॉलोनी के समीप घेरेबंदी की। पुलिस टीम को देख आरोपी युवक ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ा और झोले की तलाशी ली। उसके पास से सोने का एक मंगलसूत्र, एक चेन, एक अंगूठी, एक लॉकेट, चांदी का एक कंगन व ढाई हजार रुपये बरामद की गई। आरोपी की कशिश श्रीवास्तव निवासी बलुआ घाट थाना अतरसुइया के रूप में पहचान हुई। मूल रूप से बलिया जिले के रेवती निवासी कशिश श्रीवास्तव चोरी के तीन मामलों में वांछित था।

# आर ए एफ के जवानों ने पुलिस शहीद स्मृति दिवस मनाया

**लोकमित्र ब्यूरो**
**फाफामऊ।** 101 आर.ए.एफ. कैम्प परिसर में परम्परागत तरीके से पुलिस शहीद स्मृति दिवस मनाया गया। 101 आर.ए.एफ. के कमाण्डेंट श्री मनोज कुमार गौतम के दिशा-निर्देशन में द्वितीय कमान अधिकारी हरिओम सागर ने शहीद स्मारक पर शहीद पुलिस कर्मिकों की देश के लिए दी गई कुर्बानियों को याद किया व उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर अधिकारियों एवं जवानों द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्प चढ़ाए गये और दो मिनट का मौन रखा गया। महोदय द्वारा अधिकारियों एवं जवानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के ही दिन सन् 1959 हॉट स्प्रिंग, लद्दाख में चीनी टुकड़ी ने केरिपुबल की पैट्रोलिंग टुकड़ी पर घात लगाई। अपने से संख्या में बहुत बड़ी चीनी टुकड़ी का वीरता पूर्वक



सामना करते हुए इस बल के 10 जवान शहीद हो गये। जिसके कारण भारत के सभी पुलिस बल इस दिन को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाते है। सम्पूर्ण भारत में शहीद हुए कार्मिकों के नाम पढ़कर सुनाए। आइए, आज के दिन उन शहीदों को स्मरण कर उन्हें नमन कर हम सभी उनका धन्यवाद करें एवं इस पावन बेला पर यह प्रण लें कि, हम अपने देश की एकता, अखण्डता, स्वतंत्रता एवं सम्प्रभुता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए तन-मन से पूर्ण समर्पण के साथ अपने कर्तव्य का पालन करेंगे और किसी भी हालत में अपने देश को अस्थिर नहीं होने देंगे।इस कार्यक्रम में पुनर्वसु तिवारी (द्वितीय कमान अधिकारी), यज्ञ कुमार सिंह (उप. कमा.), राम चन्द्र राम (सहा.कमा.), सुमन पाल (सहा.कमा), अवधेश कुमार (सहा. कमा.), संजीव कुमार (सहा कमा) अधीनस्थ अधिकारीगण तथा वाहिनी के अन्य कार्मिक भी उपस्थित रहे।

# करवा चौथ पर पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**जारी(प्रयागराज)।** सुहाग का पर्व करवा चौथ रविवार को श्रद्धा के साथ मनाया गया। करवा चौथ की पूजा विधि विधान से पारंपरिक रीति रिवाज का पालन करते हुए की गई । सुहागिन महिलाओं ने पति के दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत रखकर चंद्रोदय पर चंद्रमा को करवा से अर्क देकर विधि विधान से शिव पार्वती परिवार की पूजा अर्चना किया ,और पति के हाथ से पानी पीकर व्रत का पारण किया।

करवा चौथ के अवसर पर सुहागिन महिलाएं भोर में उठकर सास द्वारा दिए गए सरगी ग्रहण किया। इसके बाद उनका निर्जला व्रत प्रारंभ हुआ। विवाहित महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखकर शाम को सोलह सिंगार कर लाल रंग के साड़ी या लहंगा पहन कर मिट्टी के बने करवे में जल भरकर उस पर मिठाई या चावल रखकर



भगवान गणेश जी, माता पार्वती, भगवान शिव जी कार्तिकेय जी की पूजा अर्चना किया इसके बाद करवा चौथ कथा सुनी। तत्पश्चात चंद्र दर्शन कर करवा से चंद्रमा को जल अर्पित किया तथा चलनी से चंद्रमा का दर्शन कर पति के हाथ से पानी पीकर व्रत का पारण किया।

अखंड सुहाग की रक्षा व नेह की डोर को और प्रगाढ़ करने के लिए सुहागिन महिलाओं ने शनिवार को करवा चौथ व्रत के लिए श्रृंगार, मेहंदी, पूजा, व्रत से जुड़ी सामग्री की खरीदारी की । देर रात तक मेहंदी लगवाने के लिए ब्यूटी पार्लर पर भारी भीड़ रही ।बाजार में महिलाओं ने करवा, कैलेंडर, सुहाग का श्रृंगार, सजावटी चलनी, थाली, पीतल का लोटा, सींक, साड़ियां आदि सजने संवरने के सामानों की खरीदारी की।इसके अलावा किराना ,मिष्ठान ,फल ,ड्राई फ्रूट की भी खरीदारी की।

# प्रदेश में रिपब्लिकन पार्टी का तेजी से बढ़ रहा जनाधार- संजय गौतम

## पार्टी की समावेशी नीति से युवाओं का बढ़ा रुझान

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** एनडीए गठबंधन से जुड़ी रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया की क्षेत्र के बंधवा गांव में सम्पन्न हुई बैठक में जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने कहा कि पार्टी की समावेशी नीति से प्रदेश स्तर पर पार्टी की ज़मीनी पकड़ मजबूत हो रही है।यह पार्टी पदाधिकारियों व बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के सार्थक प्रयास का नतीजा है।रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक रविवार को बंधवा ग्राम पंचायत में पार्टी के पयागराज जिलाध्यक्ष संजय गौतम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें पार्टी के विस्तार पर चर्चा की गई है। श्री गौतम ने कहा कि विधानसभा मेजा क्षेत्र के अध्यक्ष डीके प्रजापति के नेतृत्व व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर पार्टी के लिए जमीन तैयार की



जाएगी।सदस्यता अभियान चलाकर पार्टी को मजबूत करने की मुहिम को गति दी जाएगी।श्री गौतम ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले तथा प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता की रणनीति को आगे बढ़ाया जाएगा।उन्होने अपने संबोधन में कहा कि दलित पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों का हित केवल रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया में ही निहित है। बैठक में डीके प्रजापति,श्याम बहादुर यादव,सौरभ पटेल,राजू सोनकर,लवकुश पाल,ठाकुर मुंदर सिंह,ओम प्रकाश मौर्य,मनीष कुमार शुक्ला,त्रिशूल नाथ सिंह,मेंहदी हसन सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## सब्र का न लें इम्तहान

देश मे कट्टरपंथी हिन्दू धार्मिक आयोजनों पर नफरत के पत्थर मारकर अशांति फैला रहे हैं।इस जमात ने बहराइच में हिन्दू युवक रामगोपाल मिश्र की हत्या कर बर्बरता की सारी हदें पार कर दी है। जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने चेतावनी देते हुए कट्टरपंथियों को आगाह किया है कि सनातन पर चोट करने वाले सब्र का इम्तहान ना लें।बैठक में दो मिनट मौन रहकर मृतक रामगोपाल को श्रद्धांजलि दी गई।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मऊआइमा (प्रयागराज)।** बाइक से घर जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस की लापरवाही से कई वाहन शव के ऊपर से गुजर गए।

> **पुलिस की घोर लापरवाही, शव के ऊपर से कई वाहन गुजर गए**

प्रतापगढ़ के थाना मान्धाता के ग्राम कैला कला निवासी सुरेश कुमार (30) पुत्र स्वर्गीय तीरथराज मिश्रा प्राइवेट बस में खलासी था। बताया गया कि रविवार देर रात वह मऊआइमा से ड्यूटी करके बाइक से घर जा रहा था। बताया गया गया है कि जैसे वह रामफल इनारी पुलिस चौकी के आगे दुबाही नहर के पास पहुंचे अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिससे सुरेश कुमार मिश्रा की मौत हो गई। मृतक के चाचा शोभनाथ मिश्रा ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। आरोप है कि पुलिस शव टुकड़ों में भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# न्यायालय के आदेश पर बने मार्ग को उखाड़ने का हो रहा कुचक्र

## ग्रामीणों ने कहा कि गांव के रसूख वाले लोगों के पैंतरे से प्रशासन हलकान

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** पंचायतों के विकास के लिए सरकार हर सम्भव प्रयास कर रही है लेकिन पंचायतों की गंवई राजनीति इसके आड़े आ रही है।क्षेत्र के दिघिया ग्राम पंचायत की एक बस्ती के लिए बनाए गए संपर्क मार्ग व नाली को गांव के कुछ रसूख वाले लोग इसे अपनी प्रतिष्ठा से जोड़कर इसे उखड़वाने के लिए हर पैंतरे आजमा रहे हैं।इस रसकसी मे तहसील प्रशासन त्रिशंकु बना हुआ है।न्यायालय के आदेश पर निर्मित संपर्क मार्ग की जांच के लिए सोमवार को फिर पहुंची टीम ने मौके का सत्यापन किया है।

न्यायालय के आदेश पर तहसील की राजस्व टीम ने भौतिक सत्यापन के



बाद एक बस्ती के संपर्क मार्ग के साथ जल निकासी के लिए नाली निर्माण कराया गया है।

इसके पूर्व में कई बार इसका स्थलीय निरीक्षण और पैमाइस की जा चुकी है।ग्रामीणों का आरोप है कि सचिवालय से जुड़े गांव के एक व्यक्ति की धौंस से इसकी जांच निरन्तर होती रही है।सोमवार को विशेष सचिव राजस्व विभाग प्रकाश सिंह ने नए सिरे से जांच की है।मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उक्त व्यक्ति द्वारा बस्ती के लोगों का आवागमन ठप करने का कुचक्र बार बार देखा गया है।एक बार यह कोशिश सोमवार को भी की गई है। दिघिया ग्राम पंचायत के सम्बन्धित बस्ती के लोगों की माने तो चकरोड संख्या 901,व नाली संख्या 902 मा. उच्च न्यायालय के आदेश से तहसील प्राधिकारी मेजा द्वारा राजेंद्र प्रसाद शुक्ला को बेदखल तथा जुर्माना लगाकर निर्माण कराया गया है। जिससे लगभग 200 व्यक्तियों का आना जाना है तथा एकमात्र निकास का मार्ग है। लोगों ने जांच अधिकारी के सामने बयान दिया है कि गांव के राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला के पुत्र अभिषेक शुक्ला जो विधानसभा लखनऊ में सहायक समीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं, अपने पद का दुरपयोग करके चकरोड और नाली को उखड़वाना चाहते हैं ।।,आए दिन तहसील के राजस्व अधिकारियों को अपना धौंस दिखाते रहते हैं ।इससे तहसील प्रशासन परेशान है। लोगों ने जनहित में उक्त मार्ग को बचाने की मांग दोहराई है।

# गोवध के वांछित आरोपी को पुलिस ने पकड़ा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़ (प्रयागराज)।** होलागढ़ पुलिस ने सोमवार देर शाम गोवध के एक वांछित अभियुक्त मो शाहिद पुत्र मो हनीफ निवासी हुलासगंज, हंसराजपुर, दहियावा को पकड़ कर विधिक कार्रवाई की। पुलिस ने बताया की मो. शाहिद को गोवध निवारण अधिनियम की धारा 3/8 से सम्बंधित आरोप रहा। पुलिस ने आरोपी को घर के पास से गिरफ्तार किया।

# लायंस क्लब प्रयागराज एलिट द्वारा हेमवती नंदन बहुगुणा डिग्री कालेज को मिली व्हील चेयर

**नैनी(प्रयागराज)।** लायंस क्लब प्रयागराज एलिट द्वारा आज हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी को आपातकालीन स्वास्थ्य समस्याओं की स्थिति के लिए एक व्हील चेयर प्रदान की गई,महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य डॉ सुरेश जैन, आईसीसी समिति के संयोजक एवं समस्त सदस्य प्रो सुबर्ना सरकार, डॉ स्मिता , डा दीपक, डा संदीप , भास्कर शुक्ल द्वारा क्लब के इस कार्य की सराहना की गई, क्लब की ओर से अध्यक्ष अजय अग्रवाल के साथ नीरज अग्रवाल, रोहित जायसवाल, संजय सिंह ने इस कार्य में सहयोग हेतु अंशदान के साथ ही कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान की।



# धर्मनिरपेक्षत और समाजवाद संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा - सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली, (हि.स)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि धर्मनिरपेक्षता और समाजवादसंविधान के मूल ढांचे का हिस्सा रहे हैं। कोर्ट पहले भी अपने कई फैसलों में इसे साफ कर चुका है। इन शब्दों की अलग-अलग व्याख्या हो सकती है।

बेहतर होगा कि हम इन शब्दों को पश्चिमी देशों के संदर्भ में ना देखकर भारतीय संदर्भ में देखें।जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये टिप्पणी संविधान की प्रस्तावना से समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता शब्दों को हटाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान की। यह याचिका भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी, अश्विनी उपाध्याय और बलराम सिंह की ओर से दायर की गई है।

इससे पहले 9 फरवरी को सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा था कि ऐसा नहीं है कि प्रस्तावना में संशोधन नहीं किया जा सकता है लेकिन सवाल ये है कि क्या तारीख को बरकरार रखते हुए प्रस्तावना में संशोधन किया जा सकता है।

जस्टिस दत्ता ने वकीलों से अकादमिक दृष्टिकोण से इस पर विचार करने को कहा।भाजपा के वरिष्ठ नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने दायर याचिका में 42वें संविधान संशोधन के जरिये धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्दों को जोड़ने की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि 42वें संविधान संशोधन के जरिये इन शब्दों को जोड़ना गैरकानूनी है। याचिका में कहा गया है कि संविधान बनाने वालों ने कभी भी संविधान में समाजवादी या धर्मनिरपेक्ष विचार को लाना नहीं चाहा। यहां तक कि डॉ. बीआर अंबेडकर ने भी इन शब्दों को जोड़ने से इनकार कर दिया था।

## प्रधानमंत्री की डिग्री को लेकर मानहानि मामले में केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिग्री को लेकर विवादित टिप्पणी के चलते मानहानि मामले में अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल के खिलाफ अहमदाबाद की निचली अदालत में चल रही मानहानि के मामले की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने केजरीवाल की अर्जी खारिज कर दी है।गुजरात यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार पीयूष पटेल ने अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह की टिप्पणियों के खिलाफ निचली अदालत में मानहानि का मामला दाखिल कर रखा है। निचली अदालत ने उन्हें समन जारी किया था। इससे पहले संजय सिंह ने भी इस केस में राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल में उनकी अर्जी खारिज कर दी थी।

## करहल सीट से सपा उम्मीदवार तेज प्रताप यादव ने किया नामांकन



**मैनपुरी, (हि.स.)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के मैनपुरी करहल विधानसभा सीट से उपचुनाव में उम्मीदवार तेज प्रताप यादव ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला निर्वाचन अधिकारी को पर्चा देते हुए सपा उम्मीदवार ने नामांकन कराया। इस दौरान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रो. रामगोपाल यादव, शिवपाल यादव, सांसद डिम्पल यादव मौजूद रहीं।करहल विधानसभा सीट से नामांकन कराने के साथ आज सपा ने प्रदेश की नौ सीटों पर होने वाले उपचुनाव में अपना पहला नामांकन कराने की शुरूआत की। इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने अपने मनमर्जी के अधिकारी रखे हैं।

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में हिंदू मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए 10 करोड़ का बजट आंवटित



**इस्लामाबाद, (हि.स.)।** पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के नारोवाल जिले के जफरवाल में बावली साहिब के हिंदू मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये का बजट आंवटित किया गया है। इवेक्यू ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) ने हिंदू मंदिर पर निर्माण शुरू कर दिया है। 64 वर्ष बाद इस जिले में किसी हिंदू मंदिर के पुनर्निर्माण की पहल की गई है। इस धनराशि से मंदिर की चारदीवारी का निर्माण किया जाना है।पाकिस्तान के प्रमुख समाचार पत्र डॉन के अनुसार, इस समय नारोवाल जिले में कोई मंदिर इस स्थित में नहीं है, जहां हिंदू परिवार पूजा-पाठ कर सकें। हिंदू परिवारों को अपने धार्मिक अनुष्ठान करने के लिए सियालकोट और लाहौर के मंदिरों की यात्रा करने के लिए मजबूर होना पड़ता है।पाकिस्तान धर्मस्थान समिति के पूर्व अध्यक्ष रतन लाल आर्य ने बताया कि ईटीपीबी ने 1960 में बावली साहिब मंदिर पर नियंत्रण किया था। इसके बाद इस मंदिर में पूजा-अर्चना बंद हो गई। पाकिस्तान की स्थापना के बाद नारोवाल जिले में एक समय 45 हिंदू मंदिर थे।

इनमें से अधिकांश जीर्ण-शीर्ण हो चुके हैं। पाकिस्तान धर्मस्थान समिति दो दशक से बावली साहिब मंदिर के जीर्णोद्धार की वकालत कर रही थी। आर्य ने कहा कि इस समय नारोवाल जिले में हिंदुओं की आबादी 1,453 से अधिक है।उन्होंने बताया कि हिंदू समुदाय की मांगों को पूरा करने के लिए सरकार ने बावली साहिब मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए कदम उठाए हैं। ईटीपीबी चार कनाल भूमि पर निर्माण की देखरेख कर रहा है। इसमें चारदीवारी पहली प्राथमिकता है। निर्माण पूरा होने पर मंदिर को पाकिस्तान धर्मस्थान समिति को सौंप दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के वन मैन कमीशन के अध्यक्ष डॉ. शोएब सिद्दल और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य मंजूर मसीह ने इस मसले पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।पाकिस्तान धर्मस्थान समिति के अध्यक्ष सावन चंद ने कहा कि वे सरकार के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि बावली साहिब मंदिर के जीर्णोद्धार से हिंदू समुदाय की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो जाएगी। जीर्णोद्धार के बाद यहां हिन्दुओं के धार्मिक अनुष्ठान होने लगेंगे।

## वित्तमंत्री सीतारमण मैक्सिको की यात्रा समाप्त करने के बाद अमेरिका पहुंचीं



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण मैक्सिको की यात्रा समाप्त करने के बाद अमेरिका पहुंचीं। सीतारमण का नेवार्क लिबर्टी अंतरराष् ट्रीय एयरपोर्ट पर रविवार देरशाम भारतीय राजदूत और महावाणिज्य दूत ने गर्मजोशी से स्वागत किया।वित् त मंत्रालय ने 'एक् स' पोस् ट पर आज जारी बयान में कहा कि केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का मेक्सिको सिटी से अमेरिका पहुंचने पर संयुक्त राज्य अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा और न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत बिनया श्रीकांत प्रधान ने का स्वागत किया। इससे पहले निर्मला सीतारमण 17 से 20 अक्टूबर तक मैक्सिको में थीं, जहां उन्होंने ग्वाडलजारा और मैक्सिको सिटी दोनों में विभिन्न क्षेत्रों के राजनीतिक और व्यापारिक नेताओं के साथ बातचीत की।उल् लेखनीय है कि केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 26 अक्टूबर तक अमेरिका की आधिकारिक दौरे पर हैं। अपनी इस यात्रा के दौरान वह जी-20 वित्त मंत्रियों, केंद्रीय बैंक के गवर्नरों, पर्यावरण मंत्रियों और विदेश मंत्रियों की संयुक्त बैठकों में भाग लेंगी।

## राष्ट्रपति जरदारी ने 26वें संवैधानिक संशोधन विधेयक पर हस्ताक्षर किए



**इस्लामाबाद, (हि.स.)।** राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने संसद से पारित 26वें संवैधानिक संशोधन विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए। आज सुबह संसद की मंजूरी के बाद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सलाह पर विधेयक को राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के पास भेजा गया। इस विवादास्पद कानून पर राष्ट्रपति की सहमति के बाद एक गजट अधिसूचना जारी कर दी गई। यह जानकारी जियो न्यूज चैनल ने दी।उल्लेखनीय है कि नेशनल असेंबली ने करीब पांच घंटे की बहस के बाद आज तड़के विवादास्पद 26वें संविधान संशोधन विधेयक को पारित किया। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार पत्र डॉन की वेबसाइट पर उपलब्ध विवरण के अनुसार, 336 सदस्यों वाली नेशनल असेंबली में मतदान के दौरान 225 सदस्यों ने विधेयक का समर्थन किया।

संसद के दोनों सदनों से अनुमोदन के बाद अब यह कानून बन गया।इस विधेयक को शुरुआत में सीनेट ने दो-तिहाई बहुमत के साथ हरी झंडी दी थी। इसे रविवार देररात 11:36 बजे नेशनल असेंबली में कानूनमंत्री आजम नजीर तरार ने प्रस्तुत किया। इस पर रात को करीब पांच घंटे तक बहस हुई। अंततः यह सुबह पांच बजे पारित हो गया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और सुन्नी-इत्तेहाद परिषद (एसआईसी) के 12 सदस्यों ने इसका विरोध किया। जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल के पांच सीनेटर और बलूचिस्तान नेशनल पार्टी-मेंगल (बीएनपी-एम) के दो सांसदों ने भी विधेयक के पक्ष में मतदान किया। विधेयक में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की नियुक्ति के लिए 12 सदस्यीय आयोग गठित करने का प्रस्ताव है। साथ ही मुल्क के प्रधान न्यायाधीश की नियुक्ति को तीन वर्ष के लिए सीमित करने का प्रावधान है।एआईवाई न्यूज चैनल के अनुसार, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि 26वें संवैधानिक संशोधन का पारित होना राष्ट्रीय एकजुटता और सर्वसम्मति का उत्कृष्ट प्रकटीकरण है। यह कानून आम आदमी के लिए आसान और त्वरित न्याय सुनिश्चित करेगा।

## पंजाब पुलिस ने लॉरेंस गैंग के चार गुर्गे पकड़े, छह पिस्तौल बरामद




**चंडीगढ़, (हि.स.)।** पंजाब पुलिस ने गैंगस्टर लक्की पटियाल और लॉरेंस गैंग के चार गुर्गों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से छह अवैध हथियार बरामद किये गए हैं। पकड़े गए गुर्गे मोगा में एक व्यवसायी से जबरन वसूली की योजना बना रहे थे।पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि लकी पटियाल के एक सहयोगी को तीन अवैध हथियारों के साथ और मनप्रीत सिंह उर्फ मनी भिंडर के तीन सहयोगियों को तीन अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। भिंडर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़ा हुआ है। पकड़े गए गुर्गे मोगा में एक व्यवसायी से जबरन वसूली की योजना बना रहे थे। यह सभी दो अलग-अलग गैंग से जुड़े हुए हैं। इस मामले में दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई है। पकड़े गए गुर्गों में से एक सीधे लक्की पटियाल के संपर्क में था, जबकि लॉरेंस बिश्नोई गैंग के मनप्रीत उर्फ मनी से जुड़े हुए थे। यह दोनों गैंग एक दूसरे के विरोधी है। पुलिस अब उनके बारे में सारी पड़ताल करने में जुटी हुई है। इनके पास से बरामद हथियार कहां से आए गए थे, इस बारे में भी पड़ताल की जा रही है।

## बीएनपी ने कहा-हसीना के इस्तीफे पर कथित चर्चा साजिश का संकेत



**ढाका, (हि.स.)।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वरिष्ठ नेता हफीजुद्दीन अहमद ने आज कहा कि शेख हसीना के इस्तीफे पर कथित चर्चा नई साजिश का संकेत है। उन्होंने कहा कि जनता के गुस्से के कारण उनका देश से भागना प्रधानमंत्री पद से उनके इस्तीफे का स्पष्ट प्रमाण है। वह और उनके समर्थक दिन-ब-दिन झूठा अभियान चला रहे हैं। परेशान करने वाली और चिंताजनक बाते फैलाई जा रही हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है कि शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है।ढाका ट्रिब्यून अखबार के अनुसार, बीएनपी नेता अहमद ने कहा कि अफवाह फैलाई जा रही है कि राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने कहा है कि उन्हें हसीना से कोई इस्तीफा नहीं मिला है और कैबिनेट सचिव ने भी कहा कि उनके पास यह दस्तावेज नहीं है। उन्होंने कहा कि यह साजिश है। हसीना ने निश्चित रूप से इस्तीफा दिया है और इसमें कोई संदेह नहीं है। उन्होंने कहा कि यू-ट्यूब पर शेख हसीना द्वारा हस्ताक्षरित इस्तीफा पत्र देखा गया है। इसलिए आधिकारिक इस्तीफे की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि वह केवल 45 मिनट के नोटिस पर देश छोड़कर भाग गई। यह स्वयं उनके इस्तीफे की पुष्टि करता है।बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य हाफिज ने कहा कि शेख हसीना के पास अब पासपोर्ट नहीं है, क्योंकि बांग्लादेश सरकार ने उसे रद्द कर दिया है। हसीना ने पड़ोसी देश में शरण ली है जो उसे दूसरे देश भेजना चाहता है। बीएनपी नेता ने जोर देकर कहा कि एक निहित स्वार्थी समूह जनता को गुमराह करने के लिए ऐसी खबरें फैला रहा है कि हसीना अभी भी वैध प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कहा यह सबसे बड़ा झूठ है।अवामी लीग को आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांगः ढाका ट्रिब्यून की खबर में कहा गया है कि बीएनपी की स्वतंत्रता सेनानियों की शाखा जातीयताबादी मुक्तिजोद्धा दल ने ढाका रिपोर्टर्स यूनिटी (डीआरयू) में कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान सहित बीएनपी नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज झूठे मामलों को तत्काल वापस लेने की मांग की गई। उन्होंने शेख हसीना को मुकदमे का सामना करने के लिए बांग्लादेश वापस लाने और अवामी लीग को आतंकवादी संगठन के रूप में प्रतिबंधित करने का भी आह्वान किया।

तीरंदाजी विश्व कप फाइनल

## दीपिका ने जीता अपना पांचवां रजत; धीरज पहले दौर से बाहर



**ट्लाकसकाला (मेक्सिको),(हि.स.)।** भारतीय रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी ने यहां चीन की ली जियामन से 0-6 से हारने के बाद विश्व कप फाइनल में अपना पांचवां रजत पदक जीता।दिसंबर 2022 में अपनी बेटी के जन्म के तीन साल बाद विश्व कप फाइनल में वापसी करते हुए, चार बार की ओलंपियन दीपिका को आठ-तीरंदाज क्षेत्र में तीसरी वरीयता दी गई थी।सेमीफ़ाइनल में उनका प्रदर्शन आसान रहा, लेकिन शायद उनपर, चौथी वरीयता प्राप्त ली जियामन के खिलाफ स्वर्ण पदक मैच का दबाव आ गया।विश्व कप फाइनल में यह दीपिका की नौवीं उपस्थिति थी जहां उन्होंने कांस्य पदक भी जीता।डोला बनर्जी विश्व कप फाइनल में स्वर्ण पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय तीरंदाज हैं, जिन्होंने दुबई 2007 में पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल किया था।पुरुष रिकर्व वर्ग में, धीरज बोम्मदेवरा 4-2 से आगे होने के बावजूद, शुरुआती दौर में दक्षिण कोरिया के पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता, ली वू सियोक की चुनौती से पार नहीं पा सके और जल्दी बाहर हो गए।पांच सदस्यीय भारतीय दल, जिसमें तीन कंपाउंड और दो रिकर्व तीरंदाज शामिल थे, ने इस प्रकार अपने सीज़न के अंत विश्व कप फाइनल अभियान का समापन केवल एक पदक के साथ किया।

## आठ साल की कामयाबी के बाद 'उड़ान' योजना को 10 साल के लिए और बढ़ाएगी केंद्र सरकार



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने सोमवार को कहा कि सरकार क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना 'उड़ान' को अगले 10 साल के लिए और बढ़ाएगी। अब तक आठ साल की योजना के दौरान विमानन कंपनियों को अस्तित्व में आने और विकास करने का मौका मिला। इसके साथ ही रोजगार सृजन हुआ तथा पर्यटन को बढ़ावा मिला है। अगले पांच साल में 50 और एयरपोर्ट शुरू करने और मौजूदा हवाई अड्डों की क्षमता बढ़ाने की योजना है।नायडू आज राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में 'उड़ान' योजना के आठ साल पूरा होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। नागरिक उड्डयन मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हम उड़ान योजना को अगले 10 वर्षों के लिए देख रहे हैं, क्योंकि अगले 5 वर्षों में हम 50 और एयरपोर्ट शुरू करने और मौजूदा हवाई अड्डों की क्षमता बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें लगता है कि 2047 तक हमारे पास हवाई अड्डों की संख्या 200 से अधिक करने की क्षमता है। नायडू ने कहा कि आज हमारे पास 157 हैं और हम इसे 350 तक ले जा सकते हैं।

नागर विमानन मंत्री ने कहा कि उड़ान योजना नागरिक उड्डयन में एक क्रांतिकारी योजना रही है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच से निकली है जो हवाई यात्रा को लोकतांत्रिक बनाना चाहते थे। जब हमने पिछले 8 वर्षों में इस उड़ान योजना का उपयोग किया है, तो इसका सबसे बड़ा लाभ देश के दूरदराज के क्षेत्रों, खासकर पूर्वोत्तर क्षेत्रों या भीतरी इलाकों को हुआ है, जहां कोई कनेक्टिविटी नहीं थी। अब वे हवाई यात्रा के माध्यम से न केवल देश के अन्य महानगरों से बल्कि कई देशों से भी ठीक से जुड़े हुए हैं।

## कानपुर में करवा चौथ पर घर जा महिला पुलिस कर्मी से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**कानपुर, (हि.स.)।** सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र में ससुराल जा रही महिला पुलिस कर्मी को बाइक सवार से लिफ्ट मांगना महंगा पड़ गया। बाइक सवार ने सुनसान जगह देख महिला पुलिस कर्मी को खेत पर घसीट ले गया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे डाला। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया है।अयोध्या पुलिस लाइन में मुख्य आरक्षी पर पर तैनात महिला पुलिस कर्मी की ससुराल सेन पश्चिम पारा के एक गांव में है। वह अवकाश लेकर करवाचौथ के लिए अपनी ससुराल सादे कपड़ों पर जा रही थी। अभी वह नरवल ही पहुंची थी कि अंधेरा होने लगा और कोई वाहन न होता देख अपने गांव की ओर पैदल चलने लगी। रास्ते में ही उसी गांव का कल्लू उर्फ धर्मेंद्र पासवान बाइक से आ रहा था और महिला पुलिस कर्मी ने उससे लिफ्ट मांग ली। कल्लू ने सुनसान जगह देख बाइक रोकी और महिला पुलिस कर्मी को जबरदस्ती खेत पर ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे डाला। महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने मारपीट की। विरोध के दौरान महिला ने आरोपित के उंगली में जोर से काट लिया और महिला का दांत भी टूट गया। इसके बाद आरोपित भाग गया था।अपर पुलिस आयुक्त हरीश चंदर ने सोमवार को बताया कि पीड़िता ने संबंधित पुलिस चौकी में जाकर घटना की जानकारी दी और रात भर चले सर्च आपरेशन में आरोपित कल्लू को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है। इसके साथ ही पीड़िता का मेडिकल कराया जा रहा है।

## बहादुर जवानों ने प्रदेश में कानून राज बनाये रखने के लिए शानदार काम किया- मुख्यमंत्री योगी



**लखनऊ, (हि.स.)।** पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन सोमवार 21 अक्टूबर को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहीद पुलिस जनों को श्रद्धाजंलि अर्पित की। शहीदों के परिजनों को सम्मानित भी किया। इससे पहले उन्होंने परेड की सलामी ली।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस जन अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी अपना काम करते हैं। हमारे बहादुर जवानों ने प्रदेश में कानून राज बनाये रखने के लिए शानदार काम किया। अपने कर्तव्य को निर्वाहन करते हुए करीब 1618 पुलिस कर्मी घायल हुए। 17 पुलिसकर्मियों ने अपनी जान गवाई। 61 माफियाओं की सजा दिलायी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को सुरक्षा का माहौल दिया गया। प्रदेश में 11.73 लाख सीसीटीवी लगाये गए। 2.68 लाख किमी. फुट पेट्रोलिंग की गयी।अपराध पर नियंत्रण करने, कानून व्यवस्था को बेहतर बनाये करने के साथ-साथ महिला सुरक्षा के प्रयास का सराहनीय है। 115 शहीद कर्मिकों को 36 करोड़ 20 लाख की आर्थिक सहायता दी जा रही है। पुलिस कर्मियों के चिकित्सा से जुड़े मामलों में 12 करोड़ रुपये, गंभीर रूप से बीमार लोगों को पांच करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं। मृतक आश्रितों को सहायता उपलब्ध करायी जा रही है। एक लाख से अधिक पुलिस कर्मियों को प्रोन्नति दी गई। 60 हजार पुलिस कर्मियों की भर्ती का काम चल रहा है। इस अवसर पर शहीद पुलिस कर्मी रोहित कुमार और सचिन राठी के परिवार को सम्मानित किया गया।

# प्रयागराज के कोतवाल 700 साल बाद महाकुम्भ की अभूतपूर्व निगहबानी करेंगे

- श्रद्धालुओं और पर्यटकों की आस्था और आकर्षण का केंद्र होगा संगम तट पर बना मंदिर
- तेजी से चल रहा लेटे हनुमान मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य
- 6वीं शताब्दी के इस पौराणिक मंदिर को भव्य और नव्य रूप देने का सीएम योगी ने लिया था संकल्प
- मंदिर के गर्भगृह, परिक्रमा पथ, दुकानें, पार्किंग, प्रवेश द्वार और हवन कुंड का चल रहा निर्माण कार्य



**प्रयागराज, (हि.स.)।** महाकुम्भ के महा आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में अपने सबसे काबिल अफसरों की फौज तैनात कर दी है। सीएम योगी की मंशा अनुरूप सभी अफसर महाकुम्भ को ऐतिहासिक बनाने में जुट गए हैं। तमाम तैयारियों के बीच सीएम योगी ने संगम तट की शोभा और संगमनगरी के कोतवाल माने जाने वाले बड़े हनुमान मंदिर के जीर्णोधार पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है। मंदिर के सौंदर्यीकरण के साथ ही कॉरिडोर का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।सीएम योगी ने हाल ही में खुद आकर यहां चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया था। सीएम के आगमन के बाद महाकुम्भ के पहले अब यहां श्रद्धालुओं की आमद में कई गुना इजाफा हो गया है। जो निर्माण कार्य चल रहे हैं, उसे देखते हुए स्पष्ट है कि इस महाकुम्भ के दौरान बड़े हनुमान का यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए सबसे अधिक श्रद्धा और आकर्षण का केंद्र होगा।महाकुम्भ से पहले योगी सरकार प्रयागराज और यहां के धर्मस्थलों को सजाने संवारने में जुटी हुई है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर महाकुम्भ को दिव्य, नव्य और भव्य बनाने के लिए प्रशासनिक टीमें दिन-रात लगी हुई हैं। करीब 700 वर्ष पुराने इस मंदिर को भव्य रूप देने का इससे पहले किसी के मन में विचार नहीं आया। पहली बार मुख्यमंत्री योगी ने इस पर ध्यान दिया और अब उनकी पहल रंग ला रही है। सीएम के प्रयास से मंदिर का सौंदर्यीकरण ऐतिहासिक रूप से किया जा रहा है।प्रयागराज के लेटे हनुमान मंदिर के स्वरूप में बदलाव के तहत सबसे पहले मंदिर के गर्भगृह को बड़ा किया जाएगा। इसी के साथ परिक्रमा पथ, दुकानें, पार्किंग, प्रवेश द्वार और रैन बसेरा व हवन कुंड आदि बनाए जा रहे हैं। महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं और जनता को पहली बार संगम स्नान के बाद बड़े हनुमान जी का मंदिर अभूतपूर्व ढंग से अपनी ओर आकर्षित करेगा।प्रयागराज के कोतवाल माने जाने वाले लेटे हुए हनुमान मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए 24 घंटे काम चल रहा है। हनुमानजी की यह प्रतिमा दक्षिणाभिमुखी और 20 फीट लम्बी है। माना जाता है कि यह धरातल से कम से कम 6 या 7 फीट नीचे है। इन्हें बड़े हनुमानजी, किले वाले हनुमानजी, लेटे हनुमानजी और बांध वाले हनुमानजी के नाम से भी जाना जाता है। माना जाता है कि इनके दाएं पैर के नीचे अहिरावण दबा हुआ है। उनके दाएं हाथ में राम-लक्ष्मण और बाएं हाथ में गदा शोभित है।

बड़े हनुमान मंदिर को लेकर पौराणिक मान्यता है कि लंका पर जीत के बाद जब हनुमान जी सेना के साथ वापसी कर रहे थे, तो उन्हें थकान लगी। इसके बाद माता सीता के कहने पर वह यहीं पर संगम के तट पर लेट गए। इसी को ध्यान में रखते हुए लेटे हनुमानजी का मंदिर बन गया। ऐसा माना जाता है गंगा का पानी लेटे हनुमान जी की प्रतिमा को स्पर्श करता है, फिर नीचे उतर जाता है।ऐतिहासिक तीर्थनगरी में बड़े हनुमान मंदिर को लेकर कई मान्यताएं प्रचलित हैं। माना जाता है कि अपने कार्यकाल के दौरान अकबर बंगाल अवध के साथ मगध और पूर्वी भारत में होने वाले विद्रोह पर नियंत्रण करना चाहता था।

जिसके लिए 1582 में मंदिर को अपने किले के घेरे में लेने की योजना बनाई। उसने बाकायदा इसके लिए 100 सैनिकों की फौज खड़ी कर दी, मगर वह हनुमान जी की मूर्ति को एक इंच भी न हिला सके। जिसके बाद उसने किले की दीवार पीछे खिसका ली।

संक्षिप्त खबरें

## पांच दिवसीय भागवत कथा एव गीता ज्ञान का शुभारम्भ



**मलिहाबाद, लखनऊ।** राधे कृष्णा कमेटी द्वारा पांच दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं गीता ज्ञान का शुभारंभ ग्राम जौरिया में हुआ। जिसमें कथा वाचक सन्त गोपाल दास जी महाराज ने अपने वक्तव्यों को सुना लोगो को मंत्रमुग्ध किया। ग्राम जौरिया में दर्जनों की संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। जिसमे गांव की महिलाओं के साथ युवतियो ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। समाजसेवी वीरेन्द्र यादव ने बताया कि राधे कृष्णा कमेटी के तत्वाधान में श्रीमद्भागवत कथा एवं गीता ज्ञान का शुभारंभ संत गोपाल दास जी महाराज द्वारा किया गया है । यह कथा आगमी 25 अक्टूबर तक चलेगी। कथा के बाद उसी दिन भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमे क्षेत्र के सैकड़ो लोग हिस्सा लेकर प्रसाद ग्रहण करेंगे।

## नाले में मिला महिला का शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

**नगराम।** नगराम के जमालपुर ददरी स्थित इन्दिरा नहर में सोमवार को 40 वर्षीय एक महिला का शव मिला। पुलिसकर्मियों ने शव की शिनाख्त का प्रयास किया पर पहचान नहीं हो सकी। इन्दिरानगर थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि मृतका के शरीर पर काली साड़ी थी। शव चार से पांच दिन पुराना लग रहा है। आसपास के लोगों से शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया पर सफलता नहीं मिली। संदेह जताया जा रहा है कि शव कहीं दूर से बहकर आया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## युवक ने लगाई फांसी,सुबह पेड़ पर लटका मिला शव

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में नीम के पेड़ से रस्सी के सहारे लटका हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा। शव की शिनाख्त करवाई। पुलिस ने शव का कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की शिनाख्त जितेन्द्र रावत (20) पुत्र राम नारायण रावत निवासी दुर्जनपुर गांव के रूप में हुई। जितेन्द्र की शादी नहीं हुई थी। खेती बाड़ी और मजदूरी का काम करता था। ग्रामीणों ने बताया, जितेंद्र के पिता की मृत्यू 4 साल पहले हुआ थी। जिससे जितेंद्र मानसिक तनाव में रहता था। बताया जा रहा है कि डिप्रेशन में होने के कारण जितेंद्र ने आत्महत्या की है। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है ।

## बैटरी गोदाम में लगी आग

**लखनऊ।** राजधान लखनऊ के गाजीपुर थानाक्षेत्र के संजय गांधीपुरम में बैटरी के गोदाम में आग लग गई। गोदाम में रखी बैटरी में विस्फोट होने लगे। जिससे इलाके में अफरातफरी मच गई। आस-पास के मकान खाली करा दिए गए। सूचना मिलते ही पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड तीन गाड़ियों मौके पर पहुंचीं। करीब 1 घंटे कि कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इंदिरा नगर कंट्रोल रुम को सोमवार शाम करीब 4 बजे शशांक गुप्ता ने संजय गांधीपुरम में आग लगने की सूचना दी। उन्होंने बताया कि चार्जिंग के दौरान गोदाम में आग लग गई। बैटरी में ब्लास्ट होने से आग काफी तेज फैली। गोदाम के बगल में खड़ी स्कूटी भी चपेट में आ गई।

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**लखनऊ।** बीकेटी इलाके में शादी का झांसा देकर युवक ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। शादी के लिए दबाव बनाने पर उसका वीडियो वायरल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर बीकेटी पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। पीड़िता के मुताबिक सीतापुर के लोनियन पुरवा निवासी राजेश्वर ने शादी का झांसा देकर उसे अपने जाल में फंसाया। दो वर्ष तक वह उसका शोषण करता रहा। शादी की बात पर अक्सर टाल मटोल कर जाता था। उसपर दबाव बनाया तो उसकी फोटो और वीडियो वायरल कर दी। इंस्पेक्टर बीकेटी के मुताबिक आरोपित राजेश्वर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## जिलाधिकारी ने कहा छठ पूजा के लिए घाटों पर जीरो वेस्ट व्यवस्था लागू की जाएगी

**लखनऊ।** लखनऊ जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने छठ पूजा की तैयारियों को लेकर बैठक की। उन्होंने शहर के प्रमुख घाटों पर सुरक्षा, सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में नगर निगम ने बताया कि सभी घाटों पर जीरो वेस्ट व्यवस्था लागू की जाएगी, जिसमें गीले कूड़े के लिए कम्पोस्ट पिट, सूखे कूड़े के लिए डस्ट् और पूजा सामग्री के लिए अर्पण कलश लगाए जाएंगे। घाटों पर साफ-सफाई, फॉगिंग, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, मोबाइल टॉयलेट, और पेयजल की व्यवस्था के भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने घाटों पर सुरक्षा के लिए गोताखोरों की विशेष ट्रेनिंग और जल पुलिस की मदद से तैयारियों का आदेश दिया। साथ ही, बच्चों की सुरक्षा के लिए आईडी कार्ड सिस्टम और खोए हुए सामान की वापसी के लिए पर्ची लगाने की योजना पर भी चर्चा हुई। मुख्य चिकित्साधिकारी को सभी पूजा स्थलों पर डॉक्टरों की टीम, एंबुलेंस और दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में लखनऊ विकास प्राधिकरण को घाटों की मरम्मत और गोमती रिवर फ्रंट की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए। बैठक में प्रभुनाथ रॉय और अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे, जिन्होंने छठ पूजा के दौरान व्यवस्था और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

## पासपोर्ट कार्यालय में लगा स्वास्थ्य शिविर

**लखनऊ।** क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शुभम सिंह की पहल पर क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, लखनऊ में स्पष्ट सोच फाउंडेशन और अवध हॉस्पिटल के सहयोग से पासपोर्ट कार्मिकों और पासपोर्ट आवेदकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 100 से अधिक पासपोर्ट कार्मिकों और आवेदकों की जांच की गई और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा कार्मिकों और आवेदकों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया। इस अवसर पर रक्तदान जागरुकता पर भी विशेष चर्चा की गई, जिसमें रक्तदान के महत्व और इसके लाभों पर प्रकाश डालते हुए सभी को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया।

## महापौर से हर वार्ड में जनता दरबार लगाने की मांग

**लखनऊ।** इन्दिरा नगर आवासीय महासमिति और मुहल्ला सुधार समितियों ने सोमवार को महापौर सुषमा खर्कवाल से मुलाकात करके आम जनता की समस्याओं से अवगत कराया। महासमिति के महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने बताया कि शहर की मलिन बस्तियों में फॉगिंग कराने, सड़कों से अवैध अतिक्रमण हटवाने, अधूरी सड़कों का निर्माण कराने, हर वार्ड में जनता दरबार लगवाने, स्ट्रीट लाइटें ठीक कराने, पार्कों का सुंदरीकरण कराने, घरों से कूड़ा उठवाने को लेकर विस्तार से वार्ता की। महापौर ने समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए प्राथमिकता से दूर कराने का वादा किया।

## तेज धूप निकली, मौसम साफ,अक्टूबर अंत तक बढ़ जाएगी ठंड

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सोमवार दिन का मौसम सामान्य है। सुबह से तेज धूप निकली है। हल्की ठंड का भी अहसास हो रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि दिन में धूप निकलने के साथ बादल भी छाए रहेंगे। रात का मौसम ठंडा होता जाएगा। मौसम विभाग की मानें तो दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री दर्ज किया जाएगा। सुबह और शाम के समय में गुलाबी ठंड का असर बना रहेगा। रविवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री और न्यूनतम 20.5 डिग्री दर्ज किया गया।

# डेंगू से हो रही मौतें

## डेंगू से रिटायर आबकारी अधिकारी की पत्नी की मौत, 14 नए मरीज मिले

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** डेंगू का डंक तेज होता जा रहा है। लगातार मरीज बढ़ रहे हैं। साथ ही मौत होने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। करीब 24 घंटे के दौरान ही डेंगू से रिटायर आबकारी अधिकारी की पत्नी की निजी अस्पताल में मौत हो गई। इसके अलावा एक दिन में डेंगू के 14 और मलेरिया के चार नए मरीज सामने आए हैं। सीएमओ कार्यालय की ओर से रोजाना एंटीलार्वा छिड़काव, फॉगिंग कराने का लगातार दावा किया जा रहा है, लेकिन मरीजों की संख्या में कोई कमी नहीं आ रही है। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल के मुताबिक जनवरी से अब तक डेंगू के कुल 1506 और मलेरिया के 462 मरीज मिल चुके हैं।

जानकीपुरम विस्तार मकान नंबर 7/496 निवासी दीपक शुक्ला आबकारी अधिकारी के पद से रिटायर हैं। उनकी पत्नी बबिता शुक्ला (55) को कई दिन बुखार आ रहा था। प्लेटलेट्स लगातार गिर रही थीं। दीपक शुक्ला के मुताबिक तबियत बिगड़ने पर उन्होंने पत्नी बबिता को इंदिरा नगर के शेखर अस्पताल में दो दिन पहले भर्ती कराया था, जहां इलाज चल रहा था। रविवार को बबिता की मौत हो गई। इससे पहले शनिवार रात को गोमती नगर वास्तु खंड निवासी अशोक कुमार की मां कमलेश (84) की बलरामपुर अस्पताल में इलाज के दौरान डेंगू से मौत हो गई थी।

### 13 लोगों को नोटिस

सीएमओ प्रवक्ता योगेश रघुवंशी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और मलेरिया की टीमों ने 2386 घरों व आसपास मच्छरजनित स्थितियों के सर्वे में कुल 13 भवन स्वामियों को नोटिस जारी किया गया। टीमों ने डेंगू, मलेरिया प्रभावित इलाकों में एंटीलार्वा का छिड़काव, फॉगिंग कराई गई है।

### डेंगू के 14 नए मरीज मिले

सीएमओ कार्यालय से जारी आंकड़ों के मुताबिक 24 घंटे में डेंगू के 14 मरीज मिले हैं। इनमें इंदिरा नगर में सबसे अधिक चार मरीज मिले हैं, जबकि अलीगंज और बाजारखाला में तीन-तीन, आलमबाग में दो, ऐशबाग और माल में एक-एक मरीज मिले हैं। वहीं मलेरिया के चार मरीजों में अलीगंज में दो, इंदिरा नगर व चौक में एक-एक मरीज शामिल है।

## मंडलायुक्त ने आईजीआरएस प्रकरणों पर की बैठक, निस्तारण में शिथिलता पर जताई नाराजगी

**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में आईजीआरएस (इंटीग्रेटेड ग्रेवांस रिड्रेसल सिस्टम) से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। लखनऊ मंडलायुक्त ने बैठक में यह भी साफ किया कि आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को दंडित किया जाएगा। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन राधेश्याम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मंडलायुक्त ने आईजीआरएस और मुख्यमंत्री संदर्भ के तहत ऑनलाइन प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की। इसके साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और समय पर निस्तारण किया जाए। बैठक के दौरान यह पाया गया कि डिप्टी सीपीओ (उप मुख्य परीक्षा अधिकारी) के 145 और अधीक्षण अभियंता जल निगम के 88 प्रकरण लंबित हैं। इस पर मंडलायुक्त ने गहरी नाराजगी जताई और अधिकारियों को निर्देश दिए कि इतनी बड़ी संख्या में लंबित प्रकरण कतई स्वीकार्य नहीं हैं।

## नगर निगम ने आठ करोड़ की सरकारी भूमि कराई कब्जा मुक्त



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देश पर अवैध कब्जेदारों पर कार्रवाई और सरकारी भूमियों/संपत्तियों को कब्जा मुक्त करवाये जाने को लेकर लगातार सघन अभियान चलाए जा रहे हैं। अभी तक करोड़ों रुपयों की विभिन्न सरकारी भूमि/संपत्ति, जो विगत लंबे समय से कब्जे में थीं, उन्हें खाली करवाया जा चुका है और लगातार एक के बाद एक बड़ी कार्यवाहियों को अमल में लाया जा रहा है। उसी क्रम में सोमवार को जिस क्षेत्र में कार्यवाही हुई है उसका विवरण निम्नवत है।

नगर आयुक्त व अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के आदेशानुसार, संजय यादव प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति और तहसीलदार अरविन्द कुमार पाण्डेय के निर्देश के क्रम में ग्राम-सदरौना, तहसील-सरोजनी नगर व जिला-लखनऊ की खसरा संख्या-406 क्षेत्रफल-0.290 हेक्टेयर राजस्व अभिलेखों में बंजर के रूप में दर्ज भूमि पर अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा प्लांटिग कर किये गये। अवैध कब्जों को नायब तहसीलदार रत्नेश कुमार के नेतृत्व में लेखपाल अजीत तिवारी व अनुपम कुमार की उपस्थिति में क्षेत्रीय पुलिस बल/पीएसी के सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से 31,215 वर्गफुट भूमि से कब्जा हटवा दिया गया। बताया गया कि अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई भूमि की बाजारू कीमत लगभग आठ करोड़ होगी।

## लाइट हाउस प्रोजेक्ट के पहले फ्लैट की हुई रजिस्ट्री

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) यानी लाइटहाउस प्रोजेक्ट के लाभार्थियों को सोमवार से कब्जा मिलना शुरू हो गया है। पहले फ्लैट की पहली रजिस्ट्री नीलेश श्रीवास्तव (सी-1113) के नाम हुई। इसके साथ दस लोगों की प्रक्रिया पूरी की गई। डूडा के जिला परियोजना अधिकारी सौरभ त्रिपाठी ने बताया कि आवास विकास परिषद की अवध विहार योजना उतरटिया के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की लाइटहाउस प्रोजेक्ट में बने फ्लैट दुर्लभ आय के 1040 लोगों को आवंटित किए गए हैं। बताया कि कैंप के पहले दिन 10 आवंटन पत्र के साथ लाभार्थियों को फ्लैट आवंटित किए गए। कैंप के जरिए अन्य लाभार्थियों को दीपावली तक फ्लैट आवंटित कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पीएम की ड्रीम प्रोजेक्ट में देश के जिन शहरों को शामिल किया गया है।

## रेल चौपालः डीआरएम ने यात्रियों से लिया फीडबैक




» अधिकांश यात्रियों ने स्वच्छता पर दिये अहम सुझाव

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय रेल के स्वच्छता अभियान 4.0 के तहत सोमवार को पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार की अध्यक्षता में लखनऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर रेल चौपाल लगा। जिसमें मंडल रेल प्रबंधक ने शाखाधिकारियों की उपस्थिति में रेलवे यात्रियों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। यात्रियों ने स्वच्छता को और बेहतर बनाने को सुझाव दिये।

डीआरएम ने यात्रियों से स्टेशनों व ट्रेनों पर स्वच्छता संबंधी फीडबैक लिया और उनकी समस्याओं और सुझावों पर चर्चा की। स्टेशन पर अधिकांश यात्रियों ने मण्डल रेल प्रबन्धक से पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल रेलवे द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में किए जा रहे उनके प्रयासों की सराहना की। रेल चौपाल का संचालन वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/ईएनएचएम राहुल पाण्डेय ने किया। इस दौरान अपर मण्डल रेल प्रबन्धक/परिचालन विक्रम कुमार, वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबन्धक अंकित सचान, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/तृतीय मनोज कुमार सिंह वरिष्ठ मण्डल यॉत्रिक इंजीनियर/समन्वय, एसपी श्रीवास्तव, सहायक मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक मुकेश कुमार, जनसम्पर्क अधिकारी महेश गुप्ता, अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## आरबीआई ने कराई क्विज प्रतियोगिता

» इलाहाबाद विवि व आईआईटी कानपुर की टीमों ने लिया हिस्सा

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस वर्ष अपने परिचालन का 90वां वर्ष मना रहा है। इस उपलब्धि को यादगार बनाने के लिए पूरे वर्ष आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला के हिस्से के रूप में, बैंक ने फइक90द49 नामक एक राष्ट्रव्यापी सामान्य ज्ञान-आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता शुरू की है, जिसका उद्देश्य स्नातक स्तर के छात्रों को आकर्षित करना है। यह एक टीम आधारित प्रतियोगिता है, जो कई चरणों में आयोजित की जा रही है। ऑनलाइन चरण 19-21 सितंबर, 2024 तक आयोजित किया गया था। ऑनलाइन चरण में प्रदर्शन के आधार पर, राज्य स्तरीय राउंड में भाग लेने के लिए कॉलेज टीमों का चयन किया गया।

उत्तर प्रदेश के लिए राज्य स्तरीय राउंड लखनऊ में आयोजित किया गया, जिसमें 180 छात्रों (90 टीमों) ने भाग लिया। राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान (आरजीआईपीटी) की टीम जिसमें दिग्दर्शन कुमार मिश्रा और आदित्य कुमार मिश्रा शामिल थे, विजेता बनी। उसके बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटी कानपुर) की टीमें क्रमश- दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। शीर्ष तीन टीमों को क्रमशः दो लाख, 1.5 लाख और एक लाख प्रदान किया गया।

आरबीआई लखनऊ के क्षेत्रीय निदेशक पंकज कुमार ने विजेताओं को बधाई दी और सभी प्रतिभागियों को वित्तीय साक्षरता और जागरूकता के संवाहक के रूप में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में नाबार्ड, बैंक, शिक्षाविद् जैसे विभिन्न हितधारकों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। विजेता टीम अब जोनल राउंड में प्रतिस्पर्धा करेगी, जो 21 नवंबर, 2024 और 4 दिसंबर, 2024 के बीच भुवनेश्वर में होगा। राष्ट्रीय फाइनल दिसंबर 2024 में मुंबई में आयोजित किया जाएगा।

## सिपाही ने सीपीआर देकर बचाई व्यक्ति की जान

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के हजरतगंज इलाके में सोमवार सुबह एक व्यक्ति बाइक स्लीप होने से गिर गए। इस दौरान वहां पर एसीपी हजरतगंज और सिपाही सूरज मौजूद थे। घटना के बाद वहां पर भीड़ जमा होने लगी। सिपाही सूरज ने देखा कि व्यक्ति को सांस लेने में दिक्कत हो रही और शरीर अकड़ रहा है। इसके बाद सिपाही ने तुरंत व्यक्ति को सीपीआर देना शुरू किया। कुछ देर में उन्हें होश आया गया। इसके बाद सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हजरतगंज थाने में तैनात सिपाही सूरज गुप्ता की ड्यूटी मोतीमहल के पास लगी थी। सोमवार सुबह करीब 9 बजे अजय कुमार (45) पुत्र भगवत स्वरूप अपनी मोटर साइकिल से अल्का तिराहे से हजरतगंज चौराहे की तरफ जा रहे थे। तभी बाइक स्लिप होने से गिर गए और उनका सिर डिवाइडर से टकरा गया। इस दौरान कार्डियक अरेस्ट आ गया और अजय का शरीर ऐंठने लगा। सिपाही ने इलाज के तौर पर सीपीआर देना शुरू कर दिया। जिससे स्थिति सामान्य हुई और अकेले ही ऑटो से सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां से परिजनों को सूचना दी। मौके से पहुंचे परिजन हालत सही होने पर अजय कुमार को घर लेकर चले गए। घटना के वक्त एसीपी हजरतगंज अरविंद वर्मा और चौकी प्रभारी उत्तरी भी मौजूद रहे। सिपाही सूरज ने बताया कि ट्रेनिंग के दौरान उनको सिखाया गया था। जिसका उपयोग करके उन्होंने एक व्यक्ति की जान बचाई।

## केजीएमयू को नहीं होने देंगे संसाधनों की कमी

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** कंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के रेडियोथेरेपी विभाग में प्रशामक देखभाल इकाई द्वारा सतत चिकित्सा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सोमवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बतौर मुख्य अतिथि के रूप में रहें। इस मौके पर डिप्टी सीएम ने अपने संबोधन में कहा कि केजीएमयू द्वारा अपनी प्रतिष्ठा और परम्परा का निर्वहन किया जा रहा है। राज्य सरकार केजीएमयू के कार्यों से प्रसन्न है और हरसंभव सहयोग चाहे वित्तीय हो अथवा प्रशासनिक, केजीएमयू को प्रदत्त करने के लिए कटिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि उनके अपने प्रयासों के कारण ही हमें अपने एक्सटेंशन के लिए जमीन प्राप्त हो पाई है। शीघ्र ही रेडियोथेरेपी विभाग में एक नया लीनियर एक्सीलरेटर लगाया जाएगा। प्रो राजेंद्र कुमार ने कहा जीव दया फाउंडेशन के सहयोग से वर्ष 2016 में प्लेटिव केयर प्रोजेक्ट की शुरूआत हुई। 5 साल की समयावधि पूरी होने के बाद किपला फाउंडेशन द्वारा इसे चलाया जा रहा है। 21 हजार रोगियों को चिकित्सा सेवा देने के साथ साथ सैंकड़ों रोगियों को मानसिक चिकित्सा, पोषण सुविधा, घाव की देखभाल, सांस और खाने की नली लगवाने में सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

प्रो शालीन कुमार ने कहा बड़ा मुश्किल है मरीज के आखिरी समय की देखभाल करना, हमारे देश में इच्छामृत्यु कानूनन नहीं है। किन्तु जिन रोगियों में जीवन की संभावना शून्य है उनका उपचार बेहद चुनौतियों से भरा है। तीमारदार से मृत्यु की संभावना की सूचना साझा करते हुए मार्मिक एवं दार्शनिक दृष्टिकोण अपनाना होगा।

प्रो संजय धीराज ने कहा नारकोटिक्स की दवाएं जैसे अफीम इस प्रकार के रोगियों को उपलब्ध कराई जाती हैं। इसे 2.5 से 5 मिलीग्राम से आरंभ किया जाता है। इसकी खुराक 6 गुना तक बढ़ाई जा सकती है। इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव कब्ज है। इस दौरान प्रो विनीत शर्मा, प्रो अपजीत कौर, प्रो राजीव गुप्ता, प्रो अभिनव सोनकर, प्रो संदीप तिवारी, प्रो बीके ओझा, प्रो क्षितिज श्रीवास्तव, प्रो आनंद मिश्रा, प्रो पवित्र रस्तोगी एवं अन्य संकाय सदस्य समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## प्रथम स्थान आने से चूका बिहार

### आर्म बॉक्सिंग चौंपियनशिप

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** आर्म नेशनल बॉक्सिंग 19 से 20 अक्टूबर, 2024 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में बिहार ने फॉइनल में कड़ा मुकाबला खेला, लेकिन उत्तर प्रदेश से हारकर उन्हें द्वितीय स्थान से संतोष करना पड़ा।

डी. के, फाइट क्लब के कोच दीपक मौर्या ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 200 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमें पूरे भारत से कई स्टेट ने हिस्सा लिया जिसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार के साथ जम्मू कश्मीर ने भी भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश ने प्रथम स्थान हासिल किया और द्वितीय स्थान बिहार ने और तृतीय स्थान हरियाणा ने हासिल किया डी.के फाइट क्लब के जियांस सिंह को बेस्ट फाइटर अवार्ड मिला।



जियांस सिंह की इस उपलब्धि पर कोच दीपक मौर्या और उत्तर प्रदेश के तमाम खेल प्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई दी। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कॉमना करते हुए कहा कि जियांस सिंह एक मेहनती खिलाड़ी है, और आगे चलकर वह और भी बड़ी सफलताएं हासिल करेंगे। जिले के लोगों ने भी उनकी इस सफलता पर गर्व जताते हुए उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए शुभकामनाएं दीं।

## बैंक पेंशनरों ने किया प्रादेशिक धरना

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** बैंक पेंशनर्स एवं रिटायरीज संगठन समन्वय समिति, राज्य इकाई द्वारा सोमवार को एसबीआई लखनऊ मुख्य शाखा के सामने पूरे प्रदेश से आये सैकड़ों बैंक पेन्शनरों ने विशाल धरना दिया। यह धरना सीबीपीआरओ द्वारा 23 अक्टूबर को जंतर-मंतर, नई दिल्ली पर आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय धरने की पूर्व संध्या पर आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य पेंशनर्स के लंबित मुद्दों की ओर भारत सरकार का ध्यान आकर्षित करना था।

अतुल स्वरूप, सचिव, सीबीपीआरओ, उ.प्र.राज्य इकाई ने बताया कि हम -पेंशन का आवधिक अद्यतन (पेंशन अपडेशन), सस्ती कीमत पर स्वास्थ्य बीमा, दस वर्षों बाद पेंशन कम्यूटेशन की बहाली, एसबीआई पेन्शनरों को विसंगति की तिथि से 50 प्रतिशत पेंशन आदि मॉगों हेतु धरने व प्रदर्शन को मजबूर हुये। यदि हमारी जायज मांगे शीघ्र नहीं मानी गई तो हम सभी संगठन बड़ी लड़ाई के लिये तैयार हैं। धरने को आरएल गुप्ता, अध्यक्ष, सी.बी.पी.आर.ओ., उ.प्र. राज्य इकाई, दिनेश चंद्र, अध्यक्ष, एस.बी.आई. पेंशनर्स एसोसिएशन, लखनऊ सर्किल, एम.एल. वर्मा (सेंट्रल बैंक), डी.के. बाजपेयी, देना बैंक (अब बी.ओ.बी.), जगरूप, उपाध्यक्ष और जे.एन. तिवारी ए.जी.एस. बैंक ऑफ बड़ौदा सहित कई बैंको के पेंशनर्स लीडर्स ने अन्य मुद्दों पर सभा को संबोधित किया। मीडिया प्रभारी अनिल तिवारी ने बताया 23 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर होने वाले राष्ट्रीय धरने में प्रतिभाग हेतु अतुल स्वरूप, सचिव से बैंक पेंशनर्स सम्पर्क कर सकते हैं।

# उप राष्ट्रपति की उपस्थिति में दीक्षांत समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- जनपद एटा के 50 आंगनवाड़ी केन्द्रों हेतु ईसीसीई किट का वितरण किया गया है
- जिले में कुल 100 केन्द्रों को जिला प्रशासन द्वारा ईसीसीई किट हेतु चिन्हित किया गया



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल आदि की गरिमामयी उपस्थिति में राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़ में दीक्षांत समारोह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह कार्यक्रम के दौरान उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़,राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा 10 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को प्रतीकात्मक रूप में स्टेज पर बुलाकर प्री स्कूल किट वितरित की गई।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा दीक्षांत समारोह के दौरान जनपद एटा की आंगनवाड़ी कार्यकत्री श्रीमती कंचनलता, आरती यादव, सरिता यादव, प्रियंका, सीमा यादव, अनीता, सीमा चौहान, सरोजनी, सुनीता, नीलम सोलंकी को प्री स्कूल किट वितरित की गई। जनपद एटा के 50 आंगनवाड़ी केन्द्रों हेतु ईसीसीई किट का वितरण किया गया है, जिले में कुल 100 केन्द्रों को जिला प्रशासन द्वारा ईसीसीई किट हेतु चिन्हित किया गया है। कार्यक्रम में अलीगढ़ के उच्चाधिकारियों के साथ-साथ जिलाधिकारी एटा प्रेम रंजन सिंह, सीडीओ डा0 एके बाजपेयी, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार सिंह, डीसी संजीव पचौरी आदि द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर तड़के भीषण हादसा, तीन की मौत

**आगरा।** यमुना एक्सप्रेस-वे पर सोमवार तड़के हुए दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। आगरा से नोएडा जा रही वैगन-आर कार में पांच लोग सवार थे। तेज रफ्तार में कार अचानक आगे चल रहे अज्ञात वाहन में घुस गई। इस हादसे में दिल्ली और बिहार के तीन लोगों की जान चली गई। यह हादसा मथुरा जिले के राया थाने के अंतर्गत माइल स्टोन 110 पर तड़के करीब साढ़े चार बजे हुआ। मृतकों की शिनाख्त स्वरूप नगर, दिल्ली के पंकज वर्मा, छपरा, बिहार के रोहित, और दरभंगा के भवेश यादव के रूप में हुई। दिल्ली निवासी अंकित और बुराड़ी, दिल्ली निवासी निर्मल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। हादसा इतना भीषण था कि कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। तेज आवाज के साथ ही चीख-पुकार मचने पर एक्सप्रेस-वे पर वाहन रुक गए।

# आरआरटीएस के एक वर्ष पूर्ण, मंत्री ने नमो भारत ट्रेन में किया सफर

लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद ।** मंत्री मनोहर लाल ने अपने दौरे की शुरुआत आनंद विहार आरआरटीएस स्टेशन से की, जहां उनका स्वागत एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल ने किया। उन्होंने मंत्री मनोहर लाल को स्टेशन के अनूठे डिजाइन और समग्र आरआरटीएस नेटवर्क में इसके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

नमो भारत ट्रेन संचालन की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आज आवासन और शहरी कार्य एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने नमो भारत ट्रेन में यात्रा की और दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के प्रमुख स्टेशनों का दौरा किया।

मंत्री मनोहर लाल ने साहिबाबाद स्टेशन से नमो भारत ट्रेन में सवार होकर यात्रा की। इस दौरान उन्होंने महिला ट्रेन ऑपरेटरों से बातचीत की और भारत के पहले आरआरटीएस



कॉरिडोर के संचालन में उनके योगदान की सराहना की।

इसके साथ ही उन्होंने दैनिक यात्रियों से भी बातचीत की और नमो भारत सेवा के बारे में उनका प्रत्यक्ष फीडबैक लिया। मंत्री मनोहर लाल ने यात्रियों से मिले सकारात्मक प्रतिक्रिया पर संतोष व्यक्त किया, जिन्होंने नमो भारत ट्रेनों मे मिलने वाली सुविधाएं, इसकी गति, और मिलने वाले आराम की सराहना की।

कई यात्रियों ने बताया कि इस नए परिवहन साधन ने उनके दैनिक आवागमन को काफी बेहतर बनाया है, और यह पारंपरिक परिवहन के मुकाबले एक परेशानी-मुक्त और विश्वसनीय विकल्प है। नमो भारत परिचालन के एक वर्ष होने के अवसर पर एनसीआरटीसी ने सुबह स्कूली छात्रों की विशेष यात्रा का आयोजन किया, जिसमें स्कूल के बच्चों ने चॉकलेट के साथ तेज और आनंददायक यात्रा का भी लुत्फ उठाया।

# विमान में बम की फर्जी सूचना देने वाले के खिलाफ केस दर्ज




लोकमित्र ब्यूरो

**साहिबाबाद।** हिंडन एयरपोर्ट पर विमान को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में एयरपोर्ट की सुरक्षा अधिकारी पिंकी कुमारी की तहरीर पर पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के यूजर के खिलाफ टीला मोड़ थाने में केस दर्ज किया है। शनिवार दोपहर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर धमकी दी गई थी। पुलिस अब जांच कर रही है कि आरोपी कौन है और कहां रहता है। पिंकी कुमारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि शनिवार दोपहर करीब दो बजे सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर धमकी भरा मैसेज पोस्ट किया गया था। जिसमें लिखा था कि चार विमानों, एस-5431, एस- 5222, एस-5225 और एस-5234 में बम रखे हैं। चारों विमानों में कोई भी नहीं बच पाएगा। बचा सकते हो तो जल्दी करो। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि एक्स यूजर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर नियमानुसार एयरपोर्ट को 48 घंटे तक अलर्ट मोड पर रखा गया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी व एयरलाइंस से लगातार संपर्क बना हुआ है। आरोपी की पहचान होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार शनिवार को हिंडन एयरपोर्ट पर 59 सवारियां लेकर खड़े विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। पंजाब के आदमपुर से आया यह विमान महाराष्ट्र के नांदेड़ जा रहा था। यात्रियों में एक बच्चा भी था। कुछ यात्री हिंडन पर ही उतर गए। 59 बैठे गए। पौने चार बजे इसे नांदेड़ के लिए रवाना होना था, लेकिन इससे पहले ही इसे बम से उड़ाने की धमकी का पता चल गया।

एक घंटे से ज्यादा समय तक सर्च आपरेशन चला। इससे साफ हुआ कि विमान में कोई बम नहीं है। साढ़े चार बजे विमान को रवाना होने के लिए सुरक्षा एजेंसियों ने हरी झंडी दे दी। इसके भी डेढ़ घंटे बाद छह बजे विमान को नांदेड़ के लिए रवाना किया गया था।

# एवियर कॉलेज ने रतन टाटा को दी श्रद्धांजलि



लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** एवियर एजुकेशनल हब डिग्री कॉलेज ने आज भारत के महान उद्योगपति और विश्व में भारत को एक अलग पहचान दिलवाने वाले स्वर्गीय रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की। कॉलेज ने उनके जीवन और उनके योगदान को सम्मानित करते हुए बच्चों को उनकी अद्वितीय विशेषताओं से अवगत कराया। इस अवसर पर रतन टाटा की विनम्रता, ईमानदारी, और उनके समाज-कल्याण कार्यों को उदाहरण स्वरूप प्रस्तुत किया गया, ताकि छात्र उनके जीवन से प्रेरणा ले सकें। इस अवसर पर कॉलेज की मैनेजिंग डायरेक्टर कनिका सिंह ने कहा कि उनका नेतृत्व और परोपकारिता आने वाली पीढ़ियों के लिए एक आदर्श है, और कॉलेज इस अवसर पर उनके योगदान को नमन करता है। इस अवसर पर डायरेक्टर लर्निंग प्रोसेस डॉ आशिमंदर बहल ने भी छात्र छात्राओं को प्रेजेंटेशन द्वारा स्वर्गीय रतन टाटा के सामाजिक एवं औद्योगिक जीवन से अवगत कराया ताकि सभी उनसे प्रेरित होकर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन जरूर करें।

# एफसीआई मजदूरों का धरना, 6 श्रमिक भूख हड़ताल पर

- नोएडा सेक्टर 24 में दलित सेना उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में प्रदर्शन



लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सच्चिदानंद साधु ने जानकारी दी कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदामों से हटाए गए श्रमिकों की बहाली के लिए सेक्टर 24, नोएडा स्थित एफसीआई जनरल ऑफिस के बाहर 30 सितंबर 2024 से अनिश्चितकालीन धरना जारी है। इस धरने का नेतृत्व दलित सेना उत्तर प्रदेश कर रही है।

**क्या है पूरा मामला:** गोंडा स्थित एफसीआई गोदाम से 456 और शाहजहांपुर के रोजा डिपो से 250 श्रमिकों को कई वर्ष पहले हटा दिया गया था। इन श्रमिकों के पुनर्नियोजन के लिए श्रमिकों ने पहले भी कई बार प्रदर्शन किए, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। 6 अगस्त 2024 को किए गए धरने के बाद भी एफसीआई प्रबंधन ने 1 महीने का समय मांगा था, लेकिन उसके बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। गोंडा डिपो के 456 और रोजा शाहजहांपुर डिपो के 250 श्रमिकों को 23 अप्रैल 2010 की अधिसूचना के तहत ड्यूटी से हटा दिया गया था। हालांकि 15 अक्टूबर 2020 को मुख्यालय ने 180 श्रमिकों के परिचय पत्र जमा करवाए थे और उन्हें मौखिक रूप से अवकाश पर भेजा गया था, मगर अभी तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया।

**भूख हड़ताल की शुरुआत:** सच्चिदानंद साधु ने बताया कि श्रमिकों ने दो महीने के इंतजार के बाद 7 अक्टूबर 2024 से भूख हड़ताल शुरू की है। भूख हड़ताल पर बैठने वाले श्रमिकों में बच्चा बाबू यादव, राकेश कुमार, सत्यनाम, राजकुमार और इरशाद अहमद शामिल हैं।

## पैदल जा रहे युवक में अज्ञात वाहन नें मारी टक्कर, मौत

**अलीगंज/एटा।** थाना अलीगंज क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने युवक में मारी टक्कर गंभीर रूप से हुआ घायल। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज में भर्ती कराया यहां डॉक्टरों ने घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचित किया सूचना मिलने पर पारिवारीजनों में कोहराम मच गया। थाना अलीगंज के ग्राम नथुआपुर निवासी 35 वर्षीय अनिल पुत्र हंसराज पैदल अपने घर जा रहा था। तभी कायमगंज रोड कोल्ड स्टोरेज के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे अनिल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया सूचना मिलने पर पहुंची थाना पुलिस ने घायल अनिल कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य अलीगंज में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने घायल अनिल कुमार को मृत घोषित कर दिया। थाना पुलिस ने परिवारिजनों को सूचना दी।

# ट्रैकमैन अजय को तिरंगे में लपेटकर ट्रैकमैनों ने दी अंतिम विदाई

लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** रेलवे लाइन पर काम कर रहे ट्रैकमैन अजय कुमार की हादसे में मौत के बाद रविवार को अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान रेलवे के आलाधिकारी भी मौजूद रहे। अजय के साथियों ने उनके शव को तिरंगे में लपेटकर अंतिम विदाई दी। अधिकारियों ने अजय के परिजनों को 25 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का आश्वासन दिया।

ट्रैकमैन अजय कुमार के शव को तिरंगे में लपेटा कर अंतिम यात्रा निकाली गई। गमगीन माहौल में अजय का दोपहर को अंतिम संस्कार कर दिया गया। मौके पर पहुंचे रेलवे से एडीईएन दीपक मीणा, सीनियर डीईएन कौशल कुमार शर्मा, एसएससी चरण जीत कुमार पहुंचे। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और रेलवे द्वारा हर संभव मदद का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने परिवार के एक सदस्य को रेलवे में नौकरी देने का आश्वासन दिया। रेलवे द्वारा ग्रेच्युटी और इंश्योरेंस भी जल्द दिलाने का भरोसा दिया।अजय कुमार अविवाहित थे और उसके बड़े भाई देवेंद्र कुमार कपड़े की ठेली लगाते हैं और प्रमोद कुमार भी मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। अजय का परिवार मूलरूप से बुलंदशहर के सिकंदराबाद के नया गांव का रहने वाला है। वर्षों पूर्व इनका परिवार राजीव नगर में आकर रहने लगा था।

# जीएल बजाज ने शिक्षा, स्वास्थ्य व स्वच्छता को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

- मासिक धर्म के विषय पर बातचीत करना अभी भी समाज में एक वर्जित विषय माना जाता है: डॉ0 नरुका



लोकमित्र ब्यूरो

**नॉएडा।** स्थित जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के रोट्रैक्ट क्लब ने सेक्टर 80, नोएडा में एक सामुदायिक सेवा परियोजना का आयोजन किया, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाने के महत्वपूर्ण प्रयास किए गए। इस परियोजना में क्लब के 20 सक्रिय सदस्यों ने डॉश महावीर सिंह नरुका, प्रियंका दत्ता और क्लब की अध्यक्ष नंदिनी शर्मा के मार्गदर्शन में भाग लिया।

इस परियोजना के तहत, वंचित बच्चों के बीच शिक्षा के महत्व पर एक प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और उनके माता पिता को शिक्षा की अनिवार्यता के बारे में बताया गया। इन बच्चों को उनके शैक्षिक जीवन को मजबूत बनाने के लिए स्टेशनरी किट्स वितरित की गईं। इसके बाद, क्लब के सदस्यों ने स्थानीय महिलाओं और किशोरियों के साथ एक संवाद सत्र आयोजित किया। इस सत्र में मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता और स्वास्थ्य देखभाल के महत्व पर चर्चा की गई।

डॉ0 महावीर सिंह नरुका ने कहा मासिक धर्म के विषय पर बातचीत करना अभी भी समाज में एक वर्जित विषय माना जाता है, लेकिन इस अभियान का उद्देश्य इसे सामान्य बनाना और महिलाओं को इस दौरान स्वच्छता का ध्यान रखने के लिए जागरूक करना है।

इस प्रयास के अंतर्गत 400 सेनेटरी पैड्स वितरित किए गए, ताकि महिलाएं स्वच्छता को महत्व दें और अपनी गरिमा बनाए रखें। दिन के अंतिम सत्र में स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में भी इस परियोजना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रोट्रैक्ट क्लब के सदस्यों ने संतुलित आहार के महत्व पर एक सत्र का आयोजन किया, जिसमें 400 से अधिक स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इस सत्र के माध्यम से लोगों को यह समझाने का प्रयास किया गया कि एक संतुलित आहार न केवल शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है बल्कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में भी सहायक होता है। इस सत्र के बाद, स्थानीय लोगों के बीच पौष्टिक खाद्य पदार्थ भी वितरित किए गए।

क्लब की अध्यक्ष नंदिनी शर्मा ने बताया कि रोट्रैक्ट क्लब का यह सामुदायिक सेवा प्रयास न केवल समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि समाज में शिक्षा, स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का एक आदर्श उदाहरण भी प्रस्तुत करता है। रोट्रैक्ट क्लब के सदस्यों का मानना है कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा साधन है जो किसी भी व्यक्ति को अपने सपनों को साकार करने में सक्षम बनाता है, और इस दिशा में यह प्रयास बच्चों के भविष्य को एक नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होगा।

# फल कारोबारी की गोली मारकर हत्या



लोकमित्र ब्यूरो

**लोनी।** बॉर्डर थाना क्षेत्र के नाईपुरा आर्य नगर कॉलोनी में दो हजार रुपये के विवाद में पड़ोस में रहने वाले दबंग ने अपने साथी के साथ मिलकर फल कारोबारी मुशर्रफ की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। वारदात से 15 मिनट पहले दोनों में झगड़ा भी हुआ था।

सूचना पर पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।मूलरूप से हापुड़ के पुरानी चुंगी रहने वाले मुशर्रफ (35) लोनी के नाईपुरा आर्य नगर कॉलोनी में किराये के मकान में रहते थे। वह दिल्ली में फल बेचने का काम करते थे। कॉलोनी में रहने वाले मोहम्मद शाहनवाज ने बताया कि मुशर्रफ के साथ कॉलोनी में रहने वाले दबंग मारपीट कर रहे थे। आरोपी ने मुशर्रफ को दो हजार रुपये उधार दे रखे थे। दोनों के बीच इसको लेकर विवाद चल रहा था। मारपीट होने पर आसपास के लोगों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत करा दिया। दबंग मौके से वापस चले गए। 15 मिनट बाद बाइक पर दबंग अपने भाई के साथ आया। मुशर्रफ अपने घर से कुछ दूरी पर खड़ा था।

तभी बाइक सवार आरोपी ने उन पर गोली चला दी। गोली मुशर्रफ के सीने में लगी। गोली मारने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी।सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मुशर्रफ को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ त्रिपाठी, एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया। डीसीपी ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। शिकायत आने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। मामले की जांच की जा रही है।

# सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत पति की दीर्घायु की कामना

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज /एटा।** पति की दीर्घायु के लिए सुहागिन महिलाओं ने रविवार को करवा चौथ का व्रत रखा। रविवार को अलीगंज सहित राजा का रामपुर सहित ग्रामीण अंचलो में करवा चौथ के त्यौहार पर भारतीय सुहागिन नारियों ने अपनी पति की दीर्घायु के लिए निर्जला वृत रखा तथा रात्रि में चन्द्रमा को देखकर पूजा अर्चना करने के बाद ही इस कठोर वृत को अपने पति के हाथों से जल पीकर इस कठोर वृत को तोड़ा वहीं पतियों द्वारा अपनी पत्नियों को उपहार भेंट किये गये रात्रि में जैसे ही चन्द्र देव ने अपने दर्शन दिये सारा जिला आतिशबाजी से गुॅज उठा सजी हुई सुहागिनें चन्द्रमा का अर्ध देने छतों पर नजर आने लगीं। कई पति ऐसे भी थे जिन्होने पत्नियों के साथ साथ स्वयं भी वृत रखा तथा सा ही



साथ पति पत्नियों ने यादगार के लिए सेल्फी आदि भी ली। सबसे ज्यादा उत्साह नयी शादी हुई जोड़ों में देखने को मिला, भारत में करवा चैथ का त्यौहार सुहागिनों के लिए सवसे बड़ा पर्व माना जाता है। बाजार करवा चोथ पर गुलजार रहे सोने चॉदी एवं मिठाई की दुकानों पर अच्छी भीड़ दिखाई दी पतियों ने अपनी पत्नी के लिए सोने के आभूषण गिफट में देने हेतु खरीदे तथा मिठाई की दुकानों पर सबसे अधिक बिक्री इमरती की हुई। वही बाजारों में दिन भर काफ़ी भीड़ रही।

# सिपाहियों ने की कारोबारी के साथ मारपीट एसएसपी ने दोनों आरक्षियों को किया लाइन हाजिर

लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** सीएम योगी आदित्यनाथ जहाँ सूवे में चुस्त कानून व्यवस्था एवं रामराज्य स्थापित करने में जुटे हुए हैं। वही योगी पुलिस बलात्कारियों, अपराधियों की मदद करने तथा शराब के लिए रुपये नही देने पर कारोबारियों के साथ सरेआम मारपीट कर सीएम की मंशाओं को पलीता लगा रही है। जलेसर पुलिस कोतवाली के मास्टर माइंड आरक्षी लिपिक रतन कुमार का मामला शांत भी नही हो पाया कि कोतवाली के दो आरक्षियों ने शराब के लिए रुपये नही देने पर एक व्यवसायी को उसकी ऑफिस पर ही जमकर अभद्रता कर डाली वही घटना की शिकायत होने पर एसएसपी द्वारा दोनों पुलिस आरक्षियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। हालांकि घटना का अभियोग अभी तक कोतवाली पुलिस द्वारा दर्ज नही किया गया है। एसएसपी श्यामनारायण सिंह द्वारा गत सोमवार को जलेसर पुलिस कोतवाली में तैनात आरक्षी अजय कुमार व पवन कुमार को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। एसएसपी द्वारा यह कार्रवाई शनिवार की रात्रि में आगरा चौराहा स्थित व्यवसायी के कार्यालय पर ही कोतवाली में तैनात दौनो आरक्षियों द्वारा शराब के लिए रुपये नही दिये जाने पर नगर के व्यवसायी जितेन्द्र सिसोदिया की जमकर मारपीट कर दिये जाने की घटना की शिकायत मिलने पर की गयी है। विदित हो कि गत शनिवार की रात्रि लगभग साढ़े आठ बजे नगर के मोहल्ला किला निवासी व्यवसायी जितेन्द्र कुमार सिसोदिया पुत्र जोध सिंह अपने आगरा चौराहा स्थित बस स्टैंड के पीछे अपने आफिस को बंद कर रहे थे। उसी समय कोतवाली जलेसर में तैनात पुलिस आरक्षी अजय कुमार व पवन कुमार शराब के नशे में धुत्त होकर आ गये। और शराब पीने के लिये रुपये मांगने लगे। जब व्यवसायी ने रुपये देने से मना किया तो दौनो आरक्षियों अजय और पवन ने व्यवसायी जितेन्द्र सिसोदिया की मारपीट करना शुरू कर दी और जमीन डाल कर जमकर पीटा। जिससे व्यवसायी के सीने में और शरीर में काफी चोटें आई गयी। और फिर आरक्षियों ने व्यवसायियों की जेब मे रखे 1400 रुपये जवरजस्ती निकाल लिये।जब व्यवसायी ने शोर मचाया तो लोगों को आता देख आरक्षी अजय और पवन धमक्की देते हुए भाग गये। घटना के बाद पीड़ित द्वारा कोतवाली पहुंच तहरीर दी गयी। मगर कोतवाली पुलिस द्वारा जब घटना का अभियोग दर्ज नही किया गया तो सोमवार को एसएसपी एटा से शिकायत की गयी। जिस पर एसएसपी द्वारा दोनों आरक्षियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। मगर घटना का अभियोग अभी तक दर्ज नही हुआ है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक डॉ सुधीर राघव ने बताया कि शनिवार को दौनो आरक्षियों द्वारा एक व्यवसायी के साथ मारपीट की गई थी।

संक्षिप्त खबरें

## ताइक्कांडो में आर्यवीर को मिला गोल्ड



**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय ओपन ताइक्कांडो चैंपियनशिप के तत्वावधान में बाबा गुरुकुल एकेडमी के छात्र छात्राओं ने लखनऊ स्थित के. डी सिंह बाबू स्टेडियम में प्रतिभाग किया। जिसके अंतर्गत अंडर 11 बालक वर्ग में आर्यवीर सिंह ने गोल्ड रुद्र प्रताप वा तेजस वर्मा ने क्रमशः सिल्वर मेडल जीता। अंडर 14 बालिका वर्ग में प्रिंसी सिंह,नितांशी वर्मा, आदित्य वर्मा ने क्रमशः सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीता। अंडर 17 बालक वर्ग में अश्मित वर्मा ने ब्रॉन्ज मेडल अर्जित किया। इन बच्चों के उत्साह वर्धन हेतु विद्यालय परिसर में विद्यालय के प्रबंधक हरपाल सिंह वा प्रशासक मंदीप सिंह द्वारा बच्चों का स्वागत किया गया।

## सडक पार कर रहे युवक को अनियंत्रित ट्रक नें रौंदा मौत

**बांगरमऊ,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के बिल्हौर मार्ग स्थित ग्राम मदार नगर में तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने पैदल सड़क पार कर रहे एक युवक को रौंद दिया। ग्रामीण उसे नाजुक हालत में यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जिरिकपुर निवासी चेतराम उर्फ छोटू 25 पुत्र तुलसी राम वर्तमान समय में अपनी मां तुलसा के साथ पड़ोसी गांव मदार नगर में रह रहा था। बीते रविवार को देर रात करीब दस बजे छोटू बांगरमऊ-बिल्हौर मार्ग पार कर रहा था। तभी तेज रफ़्तार अनियंत्रित ट्रक ने उसे रौंद दिया। सूचना पर पहुंचा चचेरा भाई राजू उसे नाजुक हालत में यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां इलाज के दौरान छोटू की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भाग निकला। मृतक अभी अविवाहित था। अरसा पूर्व उसके पिता तुलसी राम की मृत्यु हो गई थी। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर अस्पताल पहुंची मां तुलसा अपने पुत्र का लहूलुहान शव देखते ही बिलख-बिलख कर रोने लगी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

## नाबालिग बेटी को भगा ले जाने की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**पाटन उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगाने ले जाने की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया । बिहार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग बेटी को भगा ले जाने की गांव के ही युवक को नामजद कर पिता की तहरीर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। नाबालिग बेटी के पिता ने बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को गांव का ही युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। घटना की तहरीर मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांव के ही युवक सोनू के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। इस सम्बन्ध मे थाना प्रभारी सुरेश चन्द्र मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पुलिस नाबालिग की तलाश में जुटी है । जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी ।

## हिंदी का नाम रोशन कर रहे डॉक्टर अर्जुन पांडे

**अमेठी।** जनपद के अवधी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष अर्जुन पांडे द्वारा अमेठी का नाम लगातार रोशन किया जा रहा है , इसी कड़ी में विशाखापट्टनम आन्ध्र विश्व विद्यालय हिन्दी विभाग, हिन्दी विशाखा परिषद् विशाखापट्टनम एवं अवधी साहित्य संस्थान अमेठी (उ. प्र.) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का समापन एवं हिन्दी साहित्य मनीषियों का सारस्वत सम्मान, अंगवस्त्र एवं मोमेन्टो भेंट करके किया गया। शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी की पूजा, अर्चना एवं माल्यार्पण से हुआ समापन अवसर के अन्तिम सत्र की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष अवधी साहित्य संस्थान डॉ. अर्जुन पाण्डेय ने बोली,भाषा एवं साहित्य पर डालते हुए कहा कि बोली मौखिक के साथ लिपि एवं व्याकरण विहीन होती है।भाषा लिखित के साथ लिपि एवं व्याकरण युक्त होती है। बोली का व्यापक रूप भाषा होती है।भाषा समाज को जोड़ती है। देश की तमिल,तेलगु मलयालम, कन्नड़, अवधी, बघेली, ब्रजी, भोजपुरी, छत्तीसगढ़ी एवं मैथिली आदि के मिलने से हिन्दी बनती है।सही मायने में साहित्य समाज का दर्पण है।भाषाई समन्वय से ही हिन्दी का संवर्धन सम्भव है।हमें निज भाषा,निज देश पर गर्व होना चाहिए। समापन समारोह में अवधी साहित्य संस्थान अमेठी की ओर से दक्षिण के जाने-माने साहित्यकारों प्रो. एस एम इकबाल सहित प्रो. एस शेषारत्नम, डॉ. के शान्ति,आरुणि त्रिवेदी, प्रो.जे विजया भारती, डॉ पी के जय लक्ष्मी,डॉ दीपा गुप्ता,आदि को पं सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला% सम्मान से सम्मानित किया गया। आन्ध्र विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग एवं हिन्दी विशाखा परिषद् विशाखापट्टनम की ओर से नॉर्वे के प्रवासी साहित्यकार डॉ. सुरेशचन्द्र शुक्ल शरद आलोक सहित साहित्य भूषण प्रो. महेश दिवाकर, डॉ. अर्जुन पाण्डेय, डॉ. शिवम् तिवारी, राही राज, प्रीती राज, महेश शर्मा, हरिनाथ शुक्ल हरि प्रयास जोशी, डॉ जय प्रकाश सिंह एवं डॉ संतोष गुड्डुआदि को डॉ कर्ण राजशेखर गिरि राव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुरेशचन्द्र शुक्ल शरद आलोक की पुस्तक मट्टी के देवता एवं डॉ.अर्जुन पाण्डेय की पुस्तक माटी का चंदन का लोकार्पण हुआ।साथ ही निबंध लेखन एवं वाक् प्रतियोगिता में प्रतिभाग किए गए विद्यार्थियों माधुरी नरबाहून सिंह, ई विकास कुमार, सी एच विधात्री सहित कुल 6 को पुरस्कृत किया गया। समापन एवं सारस्वत सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पद्मभूषण प्रोफेसर वाई लक्ष्मी प्रसाद रहे।अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर नरसिंहराव ने की। संगोष्ठी का सफल संचालन प्रख्यात साहित्यकार डॉ. शिवम् तिवारी ने किया।इस अवसर पर अतिथियों एवं सैकड़ों छात्र-छात्राओं के साथ साहित्यकारों का जमावड़ा रहा।संगोष्ठी का समापन राष्ट्रगान से हुआ।क

## घरौनी को लेकर प्रशासन सुस्त,लोग परेशान

**मुसाफिरखाना।** और अमेठी मे भू स्वामित्व (घरौनि) के तहत लोगो का सर्वे कराया। लेकिन जिलाधिकारी निशा अनन्त और मुख्य राजस्व अधिकारी अर्पित गुप्ता की शिथिलता के चलते काम ठप पडा। सर्वे रिपोर्ट पर राजस्व अभिलेखागार मे धूल जम रही है। राजस्व विभाग के लेखपाल हरि प्रसाद का कहना है कि राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश से फरमान आया था ।कि घरौनी का सर्वे कार्य और नक्शा भेज दो। लेकिन हैरत इस बात का है कि अभी तक भूस्वात्वि का अभिलेख राजस्व परिषद नही भेजा गया। तहसीलदार सूर्य प्रताप का कहना है कि घरौनी का काम चल रहा है। शासन की पैनी निगाह है। कई राजस्व ग्रामो का घरौनी का सर्वे हो गया। और कई राजस्व ग्रामो के घरौनी का काम शेष है। बिना प्रशासन और शासन के अनुमति के काम नही होगा। इसका इन्तजार करना होगा।

## उपजिलाधिकारी ने किया गौशाला का निरीक्षण

**पाटन, उन्नाव।** उपजिलाधिकारी ने तहसील क्षेत्र के ग्राम मानपुर विकास खण्ड बीघापुर स्थित कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया । कमियां मिलने पर केयर टेकर को फटकार लगाई। रविवार को उपजिलाधिकारी बीघापुर रनवीर सिंह मानपुर स्थित कानहा गौशाला पंहुच कर निरीक्षण किया । जिससे केयरटेकर सहित अन्य कर्मचारियों में हलचल मच गई।निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी ने गौशाला में रहने वाली गायों की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला के साफ-सफाई, चारा-पानी की व्यवस्था, और बीमार गायों व गौवंशजो के इलाज के सम्बन्ध मे केयर टेकर से जानकारी ली । उन्होंने निर्देश दिया कि गायों व गौवंशजो की देखभाल में कोई कोताही न बरतें । इस दौरान उपजिलाधिकारी ने हाल ही में जन्मे एक बछड़े को विशेष रूप से देखा। उन्होंने बछड़े को प्यार-दुलार किया।

# प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने किया जनपद भ्रमण

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कान्हा गौशाला, प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र का किया स्थलीय निरीक्षण
- डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम का किया निरीक्षण

लोकमित्र संवाद

**अमेठी।** राज्य मंत्री खाद एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश/जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने सोमवार को अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी, कान्हा गौशाला अमेठी, ग्राम पंचायत भरथी लोनियापुर में प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र तथा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में निर्माणाधीन कबड्डी हाल व जिम का स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तथा बैडमिंटन हाल में कबड्डी व फुटबॉल प्रतियोगिता में चैंपियन बच्चों को ट्रॉफी व स्पोर्ट किट का वितरण किया। इसके उपरांत उन्होंने कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया यहां पर उन्होंने निराश्रित गोवंशों को पकड़ने के लिए कैटल कैचर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ,इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र, जिला उपाध्यक्ष भाजपा भवानी दत्त दीक्षित, भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह पिंटू सहित अन्य अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

### प्रभारी मंत्रीने कलेक्ट्रेट सभागार में की समीक्षा गोष्ठी

**अमेठी।** सोमवार को राज्य मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति सतीश चन्द्र शर्मा (प्रभारी मंत्री जनपद अमेठी) व स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वरशरण सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार गौरीगंज में जनपद के अधिकारीगण के साथ कानून व्यवस्था के दृष्टिगत समीक्षा गोष्ठी कर संबंधित को आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये । इस अवसर पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी एवं अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे ।

### क्षेत्राधिकारी तिलोई द्वारा व्यापारी बन्धुओं के साथ की गयी गोष्ठी

**अमेठी।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में त्यौहार धनतेरस, दीपावली आदि के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी तिलोई श्री अजय कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज पर जनपद के व्यापारी बंधुओं के साथ मीटिंग की गयी, जिसमें जनपद के व्यापारी बन्धु उपस्थित हुए । मीटिंग में व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर सुरक्षा के दृष्टिगत अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु अपील की गई एवं उनकी समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के निराकरण हेतु संबन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये व उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध में आश्वस्त किया गया ।

## करवा चौथ पर सुहागिनों ने रखा व्रत चांद को अर्घ्य देकर मांगी दीर्घायु



लोकमित्र संवाद

**औरास,उन्नाव।** पति की लंबी उम्र और पति-पत्नी के अटूट प्रेम का के प्रतीक पर्व करवा चौथ बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिनों ने सुबह से ही अपने पति के स्वस्थ और दीर्घायु होने के लिए व्रत रखा। चंद्रोदय के साथ शाम को शुभ मुहूर्त में विशेष पूजा-अर्चना कर पति के लिए कामना की गई। वहीं दूसरी ओर जिनके पति घर से दूर गैर प्रांतों में रहे उनकी पत्नियों ने वीडियो कॉल के जरिए अपने संकल्पित व्रत तोड़ा। इस पर्व को लेकर बाजारों में भीड़ बनीं रही। पारंपरिक सामग्रियों की बिक्री मनमाने दामों में की गई।

## पुलिस द्वारा चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान

**अमेठी।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था व अपराधियों पर निगरानी के दृष्टिगत जनपद के थानों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न बैंक शाखाओं एवं वित्तीय संस्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था को जांचा गया ।

निरीक्षण के दौरान विभिन्न बैंक शाखाओं, एटीएम एवं ग्राहक सेवा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर बैंकों के अंदर-बाहर व आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई । बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी कैमरा, सायरन व सुरक्षागार्ड आदि के बारे में जानकारी ली गयी । बैंक ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों की उपस्थिति को जांच कर सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देश दिये गये ।

## संविदा कर्मियों ने दिया एक दिवसीय धरना



लोकमित्र ब्यूरो

**सुबेहा, बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश बिजली मजदूर संगठन से जुड़े संविदा कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। थाना क्षेत्र के पलिया स्थित विद्युत केंद्र पर सोमवार के दिन यहां पर तैनात दो दर्जन से अधिक संविदाकर्मियों ने प्रदर्शन किया। संविदा कर्मी लगातार कई माह से वेतन न दिए जाने से नाराज़ थे। संगठन के जिला उपाध्यक्ष के के सिंह की अगुवाई में संविदाकर्मियों ने प्रशासन को अपनी ताकत का एहसास कराया। कहा कि हमारी मांगे जल्द से जल्द नहीं मानी गई तो हम-सब बड़ा निर्णय लेने को तैयार रहेंगे। कहा कि दिपावली के चंद दिन बचे हैं। पारिवारिक समस्याएं अंनत है। दिन रात हम सब दूसरों का घर रोशन करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। लेकिन आर्थिक समस्याओं को लेकर हमारे घर में अंधेरा रहेगा।प्रशासन को हमारी इन ढेर सारी समस्याओं को लेकर ध्यान देना चाहिए। जल्द से जल्द निराकरण करके समस्या का निराकरण करना चहिए। धरना प्रदर्शन करने वालों में भवानी विवेक अतुल शुक्ला आदि कर्मी मौजूद रहे।

## गौशाला में चारे के पैसों का हो रहा बंदरबाट, पशु चिकित्सा में लापरवाही

लोकमित्र संवाद



**औरास उन्नाव।** गौशाला में गौवंश लगातार भूख प्यास से तड़प तड़प कर गौशाला में मरने को मजबूर हैं। गौशाला में गाय के चारा के पैसा का बंदरबांट किया जा रहा है। जिसके चलते गौशाला में समुचित व्यवस्था नहीं हो पा रही है। गौशाल में पशु चिकित्सा अधिकारी के द्वारा गौवशों का स्वास्थ्य परीक्षण भी नहीं कराया जा रहा है। औरास ब्लॉक के अदौरा गांव में संचालित गौशाला में गौवशो को चारा पानी की समुचित व्यवस्था नहीं किया जा रहा जिससे गौवंश लगातार कमजोर होते जा रहे हैं। और गौशाला में सरकार के द्वारा चारा के पैसा का सिर्फ़ जिम्मेदारों के द्वारा बंदरबांट किया जा रहा जिससे गौवंशो को समय से चारा नहीं मिलता है जिससे धीरे-धीरे गोवंश गौशाला के इर्द-गिर्द कंकाल पड़े हुए है। उन कंकालों को देखकर गौशाला की वास्तविकता का पता चल रहा है। कई बार गौवंश की व्यवस्था को लेकर खबर प्रकाशित की गईकिंतु मिली भगत के चक्कर में गौशाला की स्थिति अव्यवस्थित पड़ी हुई है। जिम्मेदारों के द्वारा जांच के नाम पर भ्रमित किया जा रहा है। गौशाला में गौवंशों के स्वास्थ्य परीक्षण को भी कभी नहीं कराया जाता है। राजकीय पशु चिकित्सा प्रभारी की घोर लापरवाही से गौशाला में गाय कमजोर पड़ी हुई गौशाला में अव्यवस्था को लेकर खंड विकास अधिकारी को फोन किया गया किंतु उनका फोन नहीं उठा।

## 24 घण्टे में हत्या का खुलासा पांच गिरफ्तार

लोक मित्र संवाद

**अमेठी।** बताते चले कि मामला गौरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गुवांवा मजरे शीतला बक्श का पुरवा का है,थाना गौरीगंज में रविवार को बद्री प्रसाद पुत्र स्व0 छोटेलाल निवासी ग्राम पूरे शीतला बक्श मजरे गुवांवा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी की संदिग्ध स्थिति में मृत्यु हो गयी है ।

श्याम नारायण पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक गौरीगंज मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र के दौरान मु0अ0सं0 353/24 धारा 103(1), 3/5 बीएनएस थाना गौरीगंज जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्ता 1. रजनीशा लोध पत्नी स्व बद्री प्रसाद उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम पूरे शीतला बक्श मजरे गुवांवा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को अभियुक्ता के घर से समय करीब 11ः00 बजे दिन में नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्ता ने बताया कि मेरे पति को हमारे व सुभाष के साथ संबन्ध के बारे में जानकारी हो गयी थी जिस कारण मेरे पति मेरे साथ आये दिन झगड़ा व मारपीट करते थे । इसलिए हमने 20.10.2024 की रात को अपने प्रेमी सुभाष चन्द्र व उनके साथियों 1. साहिल इन्द्र कुमार, 2. परमानन्द, 3. अनिल कुमार के साथ मिलकर रात में अपने पति बद्री प्रसाद की गला दबाकर हत्या कर दी थी । अभियुक्ता की निशानदेही पर घटना मे संलिप्त प्रकाश में आये अभियुक्त 1. सुभाष चन्द्र सरोज पुत्र हरिश्चन्द्र उम्र करीब 32 वर्ष 2. परमानन्द पुत्र राम आसरे उम्र करीब 32 वर्ष, 3. अनिल कुमार पुत्र मेवालाल उम्र करीब 22 वर्ष निवासीगण ग्राम पूरे शीतला बक्श मजरे गुवांवा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी, 4. साहिल इन्द्र कुमार पुत्र इन्दल राम नरेश निवासी अर्जुनपुर मजरे अन्नीबैजल थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष को उनके घर से गिरफ्तार किया गया ।

## मुस्लिम पक्ष ने हिंदू पक्ष द्वारा मंदिर की छत डालने से रोका



लोक मित्र संवाद

**बीघापुर, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र रानीपुर में हिंदुओं के एकमात्र आस्था के केंद्र धार्मिक स्थल शिव मंदिर में खड़े कालम पर छत डालने का विरोध मुस्लिम समुदाय द्वारा किए जाने से आहत हिंदू पक्ष की मुखिया शिव देवी ने मुस्लिम समुदाय पर दशकों से चली आ रही दोनों समुदायों की एकता, अखंडता व सौहार्द बिगाड़ने का आरोप लगाया है। बीघापुर थाना क्षेत्र के निमाई चौकी के रानीपुर गांव की हिंदू पक्ष की मुखिया 70 वर्षीय जनक दुलारी ने बताया कि पिछली कई पीढ़ियों से इस मंदिर मे पूजन अर्चन व मांगलिक कार्यक्रम किए जा रहे है । 90 प्रतिशत आबादी वाले मुस्लिम समुदाय के लोगो द्वारा धीरे-धीरे अपने घरों की बढ़ोतरी करते हुए चारों ओर से निर्मित गैर निर्मित जगह को घेर लिया है। और विवाद पर करने पर उतारू है। मेरी मन्नत पूरी होने पर मैं मंदिर की छत जलाने के लिए सामग्री मंगाया था जिसे मुस्लिम पक्ष के निहाल आदि ने छत डालने बीघापुर पुलिस की मदद से रोकवा दिया है। थाने के दो सिपाही प्रतिदिन रखवाली कर रहे है। हिंदू पक्ष के ही शिव बहादुर विश्वकर्मा ने बताया कि अभी तक सभी लोग शांति पूर्वक आपसी सामंजस्य के साथ रहते थे लेकिन कुछ मुस्लिम समुदाय के लोग गांव का माहौल खराब कर रहे हैं । गांव में बनी मस्जिद व मंदिर भूमि संख्या 651 जो आबादी में ही बनी हुई हैं ।मस्जिद भी बिना परमिशन के ही बनाई गई है। गांव के ही विनोद ने बताया कि हिंदू समुदाय मंदिर ही नही गांव में भी खुलकर अपने कार्यक्रम करने से डरता है । हमें उनके सांस्कृतिक कार्यक्रम से कोई आपत्ति नहीं लेकिन उन्हें हिंदुओं के कार्यक्रम से पूरी तरह आपत्ति है। मंदिर के सामने बने नए भवन का पहले निकास दूसरी ओर था वर्तमान में मंदिर के सामने ही निकास खोल लिया गया है। जबकि मुस्लिम पक्ष के निहाल ने बताया कि मैं हिंदू पक्ष को अपने निजी खेत में मंदिर बनाने के लिए जगह देने का अनुरोध किया था जिससे 50 मीटर पर बनी मंदिर और मस्जिद को लेकर गांव में विवाद न हो। किंतु हिंदू पक्ष इस स्थान पर मंदिर बनाने के लिए सहमत नही है।

### हिंदू संगठनों के नेता मंदिर विवाद में कूदे

**बीघापुर ।** रानीपुर में मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर दो समुदाय के बीच पिछले 15 दिनों से चल रही टकराहट रविवार को सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद हिंदू संगठन के लोगो के रानीपुर पहुंचने से गर्म हो गया।संगठन के लोगो ने जीर्णोद्धार के लिए हुंकार भरी। मौके पर पुलिस प्रशासन भी पहुंचा।सेवा नारायण सेवा के संस्थापक अध्यक्ष विमल द्विवेदी, हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष अजय त्रिवेदी, महामंत्री धर्मेंद्र शुक्ला, शिवम शुक्ला,विक्की चौधरी,राम नारायण ने रानीपुर पहुंचकर विमल द्विवेदी ने कहा कि हिंदू अल्पसंख्यकों को दबाया जा रहा है। मंदिर गांव की आबादी जमीन में बना हुआ है जो अत्यंत प्राचीन है निर्माण के लिए उन्होंने जिलाधिकारी को भी ज्ञापन दिया है मामले पर हिंदू संगठन चुप नहीं बैठेगा। रानीपुर में हिंदू संगठन के नेताओं के पहुंचने की सूचना पर सी ओ बीघापुर ऋषिकांत शुक्ला, थाना अध्यक्ष राजपाल भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच संगठन के नेताओं से बातचीत कर शीघ्र ही हल निकल जाने की बात का आश्वासन दिया। सी ओ ने बताया कि राजस्व का मामला है ,मामला निस्तारित होते ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि माहौल बिगड़ने वाले को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा।

## रामलीला उठहुं राम भंजहु भवचापा, मेटहुं तात जनक परितापा

लोकमित्र संवाद



**सफीपुर,उन्नाव।** कस्बे के बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में वृंदावन मथुरा से आई श्री राधा वल्लभ रासलीला मंडल में पंडित त्रिलोक चंद्र शर्मा के निर्देशन में चल रही है। रासलीला एवं रामलीला के चौथे दिवस सुबह पाली में रावण-बाणासुर संवाद, धनुष यज्ञ का मंचन हुआ वहीं रात्रपाली में तुलसी शालिगराम विवाह का मंचन किया गया। सुबह पाली के रामलीला मंचन में दिखाया गया कि गुरु विश्वामित्र प्रभु श्री राम एवं लक्ष्मण के साथ जनकपुरी में राजा दशरथ द्वारा आयोजित धनुष यज्ञ में भाग लेते हैं वही रावण एवं बाणासुर भी पहुंचते हैं तथा रावण व बाणासुर के बीच घोर वाकयुद्ध होता है दोनों एक दूसरे पर खूब तंज करते हैं वही उसके बाद के मंचन में राजा जनक द्वारा सीता का विवाह उस वीर से कराने का संकल्प दिखाया गया जो भगवान शिव के पिनाक नामक धनुष को तोड़ सके। विश्वामित्र के साथ राम और लक्ष्मण भी स्वयंवर में पहुंचे हैं। जहां विभिन्न राजाओं ने धनुष उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई उसे हिला तक नहीं सका। धनुष न टूटने पर राजा जनक चिंतित हो उठते हैं और कहते हैं,÷तजहू आस निज निज गृह जाहू, लिखा नहीं वैदेही विवाहू।÷ इस पर लक्ष्मण क्रोधित होकर जनक के शब्दों का विरोध करते हुए संवाद करते हैं÷कहि जनक जसि अनुचित बानी, विद्यमान रघुकुल मुनि जानी।÷ गुरु विश्वामित्र राम की ओर देखकर कहते हैं÷उठहुं राम भंजहु भवचापा, मेटहुं तात जनक परितापा। गुरु की आज्ञा पर भगवान राम धनुष की प्रत्यंचा खींचते हैं, जिससे धनुष टूट जाता है। यहि क्षण राम मध्य धनु तोड़ा के मधुर गायन के साथ धनुष भंग हो जाता है था पुष्प वर्षा होती हैं। इसके बाद सीता, श्रीराम के गले में वरमाला डाल देती हैं तथा पूरा पंडाल सीताराम की जयकारे के साथ गूंज उठता है

## पटाखे दगाने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में कई लोग घायल

**बीघापुर,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रैथाना में पटाखा फोड़ने को लेकर हुए विवाद में लाठी, डंडे, कुल्हाड़ी चली। जिसमे चार लोग घायल हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है । रैथाना निवासी राजेंश चंद्र पुत्र राम सजीवन ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उसके पड़ोसी संजय व सुलोचना द्वारा करवा चौथ के अवसर पर पटाखे जलाकर हमारे घर की ओर फेक रहे थे। मेरे द्वारा विरोध करने पर फूलचंद व उनके भाई गोविंद तथा गौरव,अभय पुत्र गोविंद, शिवा पुत्र फूलचंद ने लाठी से घर पर चढ़कर हमला बोल जमकर पिटाई कर दी। जिसके चलते मेरा पैर टूट गया। वहीं पत्नी अनुपम के सिर पर गहरी चोट आई है। बेटी रितिका के शरीर में कई चोटे है। पुत्र तेजस का कान फट गया है। थानाध्यक्ष राजपाल ने बताया कि तहरीर मिली है।

## आगरा एक्सप्रेस वे पर ट्रक व डीसीएम में टक्कर, चालक घायल

लोकमित्र संवाद

**बाँगरमऊ,उन्नाव।** कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने आगे खड़ी खड़ी डी सी एम में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि डीसीएम सड़क के किनारे गहरी खाई में चली गई। हादसे में डीसीएम चालक के मामूली चोटें आईं। जबकि ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। यूपीडा रेस्क्यू टीम घायल ट्रक चालक को बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जनपद इटावा के थाना जसवंत नगर अंतर्गत ग्राम पड़रपुरा निवासी चालक राजेश कुमार पुत्र दयाराम आगरा से डीसीएम में प्लास्टिक की बोतलें लादकर लखनऊ की तरफ जा रहा था। रास्ते में आज सोमवार को चालक ने कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गांव सिरधर पुर के निकट डीसीएम किनारे गाड़ी खड़ी कर दिया। तभी पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने डीसीएम में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि डीसीएम अनियंत्रित होकर साइड की सुरक्षा बेरीकेडिंग तोड़ती हुई गहरी खाईं में चली गई। हादसे में डीसीएम का पिछला हिस्सा और ट्रक का केविन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में डीसीएम के चालक को मामूली चोट आईं। जबकि ट्रक चालक शेर सिंह 30 वर्ष पुत्र बल्ला सिंह निवासी ग्राम कादर नगर थाना कतार पुर जिला अलवर राजस्थान गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम घायल ट्रक चालक को बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### रामलीला मेले में मारी गई ताड़का



**तिकुनिया-खीरी।** कस्बे में चल रही रामलीला मेला में विश्वामित्र मुनि का आगमन और ताड़का वध लीला का मंचन किया गया। सोमवार को रामलीला मेले में अयोध्या वासी कलाकारों ने अयोध्या में मुनि विश्वामित्र का आगमन तथा ताड़का वध लीला का मंचन किया। इस अवसर पर राजा दशरथ से मुनि विश्वामित्र ने राम लक्ष्मण को यज्ञ की सुरक्षा के लिए मांगा जिस पर राजा दशरथ ने राम लक्ष्मण को देने से मना कर दिया तब विश्वामित्र मुनि बहुत क्रोधित हुए उनके क्रोध को देखकर वशिष्ठ मुनि ने राजा दशरथ से राम लक्ष्मण को देने में ही भलाई समझने की बात कही। विश्वामित्र ने कहा राजन अब हम खुश हैं भगवान राम ने मुनि द्वारा किए जा रहे यज्ञ में खलल पैदा करने वाली राक्षसी ताड़का का वध कर दिया। जिसको लेकर देवताओं में खुशी की लहर फैल गई। इस अवसर पर किशन महावर,संजय गुप्ता,सोनू अग्रवाल, जगदीश, उमेश, अनिल कुंबले सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### महिला सशक्तिकरण, नारी स्वतंत्रता का प्रतीक है



**एटा/कासगंज।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एंव बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे ÷मिशन शक्ति÷ अभियान फेज-5 के तहत जनपद कासगंज पुलिस महिला बीट आरक्षी/एंटी रोमियो टीम द्वारा गाँवों/स्कूलों/बाजारों में जाकर महिलाओं/बालिकाओं व युवतियों को उनके अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, साइबर अपराधों व डिजिटल अरेस्ट की जानकारी देकर किया गया जागरूक। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एंव बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस अधीक्षक कासगंज श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला एंव बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर वृहद स्तर पर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साइबर हिंसा से सम्बन्धित बिन्दुओं को इंगित करते हुए विस्तार से जानकार देकर बताया गया कि तकनीकि एवं इण्टरनेट के दौर में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों का सतर्कता एवं सजगता से उपयोग करने तथा साइबर हिंसा एवं किसी अपराध का बोध होने पर नजदीकी पुलिस स्टेशन पर शिकायत कर पुलिस सहायता प्राप्त करने एवं संचालित महिला हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी विस्तार से दी गई है तथा उपस्थित व्यक्तियो को अपने स्तर से प्रचार प्रसार किये जाने हेतु अवगत कराया गया है। सोमवार को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत सोरों विकास खण्ड के कस्बा सोरों में बाल श्रम के विरोध में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान के दौरान कई स्थानो पर सेवायोजकों द्वारा किशोर श्रमिक नियोजित किये जाना पाये गये। ऐसे सेवायोजको के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही हेतु निरीक्षण टिप्पणियां जारी की गई। कुल 07 सेवायोजकों के यहां 07 किशोर श्रमिक कार्यरत पाये गये है। संयुक्त टीम में शाहिद अली खान श्रम प्रवर्तन अधिकारी कासगंज, थाना ए0एच0टी0यू0 प्रभारी अनिल कुमार चाइल्ड वेलफेयर कमेटी से सौरभ यादव टीम मौजूद रहे।

### जनपद में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत 01.61 लाख परिवारों को किया जाएगा आच्छादित




**एटा।** शासन के निर्देश के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी कमलेश कुमार गुप्ता ने सूचित किया है राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 02 निःशुल्क एल0पी0जी0 सिलेण्डर रिफिल प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम चरण में माह अक्टूबर से दिसम्बर, 2024 तथा द्वितीय चरण में जनवरी, 2025 से मार्च, 2025 तक लाभार्थियों को पूर्णतया निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल का वितरण कराया जाएगा। जनपद में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत 1.61 लाख परिवारों को इस योजना के तहत आच्छादित किया जाएगा। इनमें से सर्वप्रथम आधार प्रमाणित लाभार्थियों को निःशुल्क एल0पी0जी0 सिलेण्डर रिफिल का वितरण किया जाएगा। तदोपरान्त जैसे-जैसे लाभार्थियों के आधार प्रमाणित होते जायेगें उसी क्रम में उन्हें उक्त योजनान्तर्गत आच्छादित करते हुए निःशुल्क सिलेण्डर का वितरण किया जाएगा।योजनान्तर्गत लाभार्थी अपने स्तर से प्रचलित उपभोक्ता दर के अनुसार भुगतान कर 14.2 कि0ग्रा0 का सिलेण्डर रिफिल प्राप्त करेगा, तदोपरान्त योजनान्तर्गत दिये जाने वाली सब्सिडी उसके आधार प्रमाणित खाते में ऑयल कम्पनियों द्वारा अन्तरित की जायेगी। ऐसे लाभार्थी, जिनके आधार प्रमाणित नहीं हुए हैं, की सूची जनपदीय बिक्री अधिकारियों द्वारा एल0पी0जी0 वितरकों को उपलब्ध कराई जाएगी। इस हेतु जनपद स्तर पर ऑयल कम्पनियों के बिक्री अधिकारियों तथा नोडल अधिकारियों की बैठक आहूत कर उन्हें योजना तथा अवशेष लाभार्थियों के आधार प्रमाणन के सम्बन्ध में विस्तृत तौर पर अवगत कराया जाएगा। ऑयल कम्पनियों द्वारा निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल योजना के सम्बन्ध में एल0पी0जी0 वितरकों के यहां फ्लैक्सी बोर्ड आदि लगवाए जाएंगे। उज्ज्वला लाभार्थियों को टेलीफोन कर, हॉकर्स के माध्यम से तथा उनके मोबाइल नम्बर पर एस0एम0एस0 प्रेषित किये जाने के निर्देश एल0पी0जी0 वितरकों को दिए जाएंगे। ऑयल कम्पनियों द्वारा ग्राम पंचायत/विकास खण्ड/जनपद स्तर पर निःशुल्क रिफिल वितरण योजना से सम्बन्धित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते हुए, आमजनमानस सहित उज्ज्वला लाभार्थियों को प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल योजना के सम्बन्ध में अवगत कराया जाएगा।अतः उपर्युक्त के अनुपालन में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के गैस कनेक्शनधारकों/लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार उक्त योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम चरण में माह अक्टूबर से दिसम्बर, 2024 तथा द्वितीय चरण में जनवरी, 2025 से मार्च, 2025 तक निःशुल्क एल0पी0जी0 सिलेण्डर रिफिल बुकिंग करके प्राप्त कर सकते हैं।

# शिक्षक बनकर पहुंचे सीडीओ

**[बच्चों ने नहीं दिया प्रश्नों का जवाब तो टीचर पर हो गया एक्शन]**

- गणित के सवाल नहीं हल कर सके बच्चे, सीडीओ खफा, बीईओ से मांगा स्पष्टीकरण
- दो शिक्षिकाओं को प्रतिकूल प्रविष्टि, अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित, नोटिस जारी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** सीडीओ अभिषेक कुमार ने सोमवार को बीआरसी परिसर छाउछ में संचालित संविलियन विद्यालय छाउछ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीडीओ ने बच्चों से गणित के सवाल हल कराए, मगर वह हल नहीं कर सके और हिंदी की किताब भी ठीक से नहीं पढ़ सके। इस पर सीडीओ ने बीईओ सुभाष वर्मा को कड़ी फटकार लगाते हुए शिथिल पर्यवेक्षण के लिए स्पष्टीकरण तलब किया। वहीं दो शिक्षिकाओं को प्रतिकूल प्रविष्टि देते हुए वेतन रोकने और नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के लिए संविलियन विद्यालय छाउछ पहुंचने पर सीडीओ अभिषेक कुमार ने देखा कि अध्यापिका द्वारा कक्षा सात के बच्चों को हिंदी विषय पढ़ाया जा रहा था। सीडीओ के पूछने पर छात्रा शुभी से पर्यायवाची शब्द का अर्थ का सही जवाब दिया। छात्र जुब्राइल व अथर्व हिंदी की पुस्तक भी पढ़वाई। पर वह ठीक से नहीं पढ़ सके। इस पर गहरी नाराजगी जताई। सीडीओ ने क्रमश कक्षा 6, 7 और 8 की क्लास में जाकर गणित के प्रश्नों को जब बच्चों से हल करवाया तो बच्चे संतोषजनक ढंग से प्रश्न हल नहीं कर सके। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापिका और गणित की शिक्षिका गीता रानी व सहायक अध्यापिका/हिंदी विषय की शिक्षिका मंजुला बरनवाल को प्रतिकूल प्रविष्टि देने, अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित करने के साथ-साथ नोटिस जारी किये जाने का निर्देश दिया।

सीडीओ स्वयं पूरी तरह से एक शिक्षक की भूमिका में आ गये और बच्चों व शिक्षिका को गणित का ज्ञान देने के साथ ही साथ गणित विषय को पढ़ाने के आसान और रुचिकर तरीकों के बारे में शिक्षिका को समझाया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में साफ सफाई पर गहरा असंतोष जताया। भविष्य के लिए सचेत करते हुए कहा कि यदि इसकी पुनरावृत्ति मिली तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने शौचालय की क्रियाशीलता भी जांची। निरीक्षण में विद्यालय की खेल सामग्री धूल फ़कती नजर आई। इस पर कड़ी फटकार लगाई।

सीडीओ ने कहा कि डीएम ने निर्देश का अनुपालन करते हुए बच्चों के शैक्षिक हित में तीन दिवस के अध्ययन के उपरान्त पढ़ाए गए पाठों का रिवीजन अनिवार्य रूप से कराये, ताकि छात्र-छात्राएं पढ़ाई गई सामग्री को गहराई से आत्मसात कर सके। पीयर लर्निंग के माध्यम से छात्रों की दक्षता बढ़ाने का निर्देश दिया गया। मिड डे मील में मीनू के अनुसार रसोइया द्वारा रोटी सब्जी तैयार की गई। प्राथमिक सेक्शन मिला बेहतर, शिक्षिका की तारीफ, बच्चों को बाटी चॉकलेट, दुलारा संविलियन विद्यालय छाउछ के प्राथमिक सेक्शन में शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर मिली। कक्षा एक में शिक्षिका सिताशु वर्मा पढ़ाती मिली। सीडीओ के पूछने पर छात्रा अनुराधा ने गिनती और साईमा ने छह का पहाड़ा सुनाकर शाबाशी पाई। सीडीओ ने बच्चों को दुलारा और चॉकलेट का वितरण भी किया।

## कुटीर उद्योग के रुप में विख्यात कच्ची शराब व्यापार

- शराब माफियाओं के कवच बनें क्षेत्रीय छुट भैया
- आबकारी व पुलिस के सहयोग से परवान चढ़ रहा व्यापार

लोकमित्र ब्यूरो

**धौरहरा-खीरी।** तराई क्षेत्र होने के नाते नदी नालों व पोखरों की भरमार के चलते क्षेत्र भर में कच्ची शराब व्यापार कुटीर उद्योग का रुप ले चुका है। सूत्रों के मुताबिक आबकारी विभाग व पुलिस विभाग के संयुक्त गठजोड़ से धंधा दिन रात परवान चढ़ रहा है और कच्ची शराब तस्करों द्वारा जिम्मेदारो को मासिक नजराने के दम व्यवसाय कुटीर उद्योग में शामिल हो चुका है।

धौरहरा तहसील क्षेत्र तराई की तलहटी में होने के चलते नदियों/नालों व पोखरों की भरमार के चलते जिम्मेदारो की सरपरस्ती में जहरीली कच्ची शराब व्यापार फल फूल रहा है। इसी हफ्ते बिहार प्रदेश में जहरीली शराब पीने से लगभग 40 लोगों की मौत होने के बाद भी क्षेत्रीय आबकारी व पुलिस प्रशासन प्रशासन द्वारा क्षेत्र में हो रहे जहरीली शराब व्यवसाय को क्षेत्र से बंद कराने में कोई रुचि ली हो। यहां से निर्मित शराब की खेप बाहरी क्षेत्रों तक सप्लाई करने की सूचना है।बताया जाता है कि शराब तस्करों द्वारा निर्मित की जाने वाली शराब जहरीली होने के साथ खतरनाक भी है।

लेकिन जानकारों के मुताबिक शराब व्यापार में लिप्त लोगों पर आशिर्वाद स्वरुप क्षेत्र के छुटभैया सफेदपोशों के खुले संरक्षण में धंधा अनवरत जारी है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस व आबकारी विभाग के रहमो-करम व मासिक नजराने के दम पर कच्ची शराब व्यापार क्षेत्र में दिन रात तरक्की कर रहा है और जिम्मेदार अपनी जेब भरने में लगे हैं।

## मुबारक सफर उमरा के लिए रवाना हुए 8 जायरीन



लोकमित्र ब्यूरो

**बरवर-खीरी।** नगर पंचायत बरवर के मोहल्ला जलील नगर से लईक खां व उनकी पत्नी व दुसरे वसीम अहमद व उनकी पत्नी व मोहल्ला मोलवीगंज से फिरोज असलम व उनकी पत्नी तथा रोशन नगर से चुन्नन अहमद व उनकी पत्नी मुक़द्दस सफर उमरा करने के लिए मक्का मदीना के लिए सुबह बरवर से छः बजे रवाना हुए मुबारक सफर पर रवाना करने के लिए भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपनी मुबारक बाद पेश की वहीं सफर पर गये जायरीनों से मक्का मदीना शरीफ़ पहुंचकर अमन चैन की दुआ मांगने की दरख्वास्त की बहीं पत्रकार महताब आलम सोनू व फैज आलम ने सभी पुरुष यात्रियों को माला पहनाकर मुंह मिठा कराकर मुबारक पेश की मुक़द्दस सफर उमरा पर गये जायरीनों के नाते-रिश्तेदारों व परिजनों सहित नगर के तमाम लोगों ने दुआ की दरख्वास्त की वहीं निवर्तमान चेयरपर्सन नसरीन बानो के बेटे मिर्जा शहरियार बेग ने लखनऊ चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर जायरीनों से मिलकर मुंह मिठा कराकर मुबारक दी व मक्का मदीना में पहुंचकर दुआ की दरख्वास्त की इस दौरान नगर के काफी लोग मौजूद रहे।

## कर्तव्य की बलि वेदी पर अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीद जवानों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा।** पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन एटा में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कर्तव्य की बलि वेदी पर अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीद जवानों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि। ज्ञातव्य है कि जनसेवा का उच्च आदर्श हृदयंगम किए अनेकों पुलिस जन प्रतिवर्ष कर्तव्य पथ का अनुगमन करते हुए वीरगति को प्राप्त होते रहे हैं। पुलिस जनों के कार्य की प्रकृति ही कुछ ऐसी है कि इसमें कदम-कदम पर जोखिम व जीवन भय सन्निहित है यही कारण है कि प्रतिवर्ष अपने कार्यों को अंजाम देने की प्रक्रिया में पुलिसकर्मी बड़ी संख्या में कर्तव्य की बलिवेदी पर अपनी प्राणाहुतियाँ देते रहे हैं। अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनसेवा के उच्च आदर्श की प्राप्ति में मर मिटने से भी गुरेज न करने वाले ये पुलिस जन मरकर भी अमर हो जाते हैं। इनकी कीर्ति व यशोगाथा समय के साथ क्षरित नहीं होती अपितु अविरल अनुप्राणित करती रहती है। पुलिस की भावी संततियों को उसी पथ पर द्विगुणित साहस में मनोयोग से आगे बढ़ने के लिए ऐसी एक गाथा आज से 63 वर्ष पुरानी है। जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 10 जवानों ने 21 अक्टूबर 1959 को भारत की उत्तरी सीमा लद्दाख के हिमाच्छादित जन हीन क्षेत्र में चीनी सैनिकों के कपटपूर्ण किए गए हमले को निष्प्रभावी कर अपने प्राणों की आहुति दी थी। इन वीर शहीद पुलिस जनों की याद में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रुप में मनाया जाता है। इसी क्रम में आज पुलिस लाइन एटा स्थित शहीद स्मारक पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अमित कुमार राय, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु सुश्री कृतिका सिंह, प्रतिसार निरीक्षक किशन लाल गौतम,प्रभारी निरीक्षक थाना अलीगंज अमित कुमार तोमर, प्रभारी निरीक्षक थाना निधौली कलां विनोद कुमार व समस्त उपस्थित पुलिस कर्मचारियों द्वारा शहीद पुलिसकर्मियों के सम्मान में पुष्प चक्र व श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजली अर्पित की गयी।

## कानपुर पति की लंबी उम्र के लिए करवा चौथ पर सुहागिने रहीं निर्जला व्रत

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** यहां सुहागन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए बुधवार की बीत रात 12 बजे से करवा चौथ का निर्जला व्रत रखा। साथ ही देर रात तक बुजुर्ग महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन भी किए गए। यद्यपि अक्सर ऐसा भी होता है कि इनमें से बहुत सी महिलाएं अपना यह व्रत देर रात को इसलिए छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं , क्योंकि उनके पति पूजा के समय उनका वृत तुड़वाने समय से पहुंचते ही नहीं। वहीं रात को समयानुसार जैसे ही चंद्रमा के दर्शन हुए महिलाएं अपने घर की छत या कहीं भी जहाँ से चंद्रमा आसानी से दिख सके वहां पहुंचकर पूजा का सारा सामान लेकर सबसे पहले चंद्रमा की आरती उतारी और पूजा की। रतन लाल नगर गुजैनी की विजय लक्ष्मी, नेहा और शिवांगी शालू बाजपेई ने बताया



कि इस व्रत में उन्होंने अपने पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख शांति की कामना की। इस अवसर पर चंद्रमा की पूजा अर्चना करने के बाद नेहा बाजपेई ने पति अनुराग और शिवांगी शालू ने पति सुबोध के पैर छूकर आशीर्वाद लेने के साथ भी ईश्वर से उनकी लंबी उम्र की कामना भी की।

याद रहे कि इस करवा चौथ व्रत का हिंदू धर्म अपना अलग महत्त्व है। करवा चौथ के व्रत के दिन सुहागन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर पति की दीर्घायु के लिए व्रत लगती है, जिन महिलाओं का पहला करवा चौथ का व्रत होता है।

## मोहाना नदी में चार घर समाये, हो रहा है कटान

लोकमित्र ब्यूरो



**तिकुनिया-खीरी।** जसनगर में मोहाना नदी का भयंकर कटान हो रहा है। नदी में चार ग्रामीणों के घर समा चुके हैं। लोग हाल बेहाल हैं। कटान रोकने के लिए सिंचाई विभाग ने अभी तक सुध नही ली है। कुछ दिन पहले बंबू बॉक्स लगाए गए थे जिस तरफ लगे थे उधर कटान कम हो गया था, अब दूसरे स्थान पर कटान शुरू हो गया है।गांव के लोग भारी मुसीबत में हैं। मुसीबत सुनने इनकी अभी तक कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है।

जसनगर गांव निवासी जगदीश ,हरीश, श्रीराम, श्याम नारायन ने बताया की देखते-देखते उनके घर नदी में समा गए हैं जिसके चलते हम लोगों के पास अब रहने का ठिकाना भी खत्म हो गया है। अब हम कहां जाएं। एक महीना पहले जैसे ही कटान शुरू हुआ था सिंचाई विभाग को प्रार्थना पत्र दिया गया था काफी दिन बाद सिंचाई विभाग मौके पर आया और बंबू बॉक्स लगाकर कटान रोकने का प्रयास किया था। लेकिन इस बीच कटान थम गया था। इधर एक सप्ताह से गिरजापुरी बैराज में सभी गेट खोल दिए जाने के चलते पानी की धार तेज हो गई जिससे कटान दोबारा शुरू हो गया है गांव निवासी श्री भगवान, नत्थूलाल, रामबृक्ष के घर कटान के निशाने पर हैं। यह लोग अपना आशियाना उजाड़कर रोड पर ले जा रहे हैं। सभी पीड़ितों का कहना है कि अब कहां जाएं जाड़े का मौसम आ रहा है, दिवाली का त्यौहार आ रहा है कैसे होगी दिवाली सब कुछ नदी में चला गया। गांव बालो ने मुख्यमंत्री से मदद की गुहार लगाई है।

सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता शोभित कुशवाहा ने बताया कि जसनगर में कटान को लेकर हम गंभीर हैं, परियोजना बना रहे हैं। परियोजना पर अब पक्का काम होगा, बार-बार होने वाली कटान की समस्या खत्म हो जाएगी।

## गुरुजी चला रहे ईंट भट्ठा, किसान गढ़ रहा बच्चों की तकदीर

**चंदौली।** गुरुजी स्कूल के बदले ईंट-भट्ठा चला रहे हैं। किसान बच्चों का तकदीर गढ़ने में लगा है। यह वाकया है धानापुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय बेवदा का। जहां प्रधानाध्यापक की नियुक्ति के बाद भी स्कूल में उनकी जगह गांव के एक किसान बच्चों को पढ़ा रहा है। इस %खेल% की जानकारी होने के बाद भी शिक्षा विभाग के अधिकारी मौन है। जिले के धानापुर ब्लॉक अंतर्गत बेवदा प्राथमिक विद्यालय में नियुक्त प्रधानाध्यापक अखिलेश सिंह के स्थान पर रनपुर गांव निवासी किसान गंगा सिंह बच्चों को पढ़ा रहा है। आरोप है कि गुरुजी के स्थान पर पढ़ा रहा किसान उपस्थिति रजिस्टर में प्रधानाध्यापक के नाम का हस्ताक्षर भी बना रहा है। पूरा खेल शिक्षा विभाग के अधिकारियों के जानकारी में चल रहा है। हालांकि विद्यालय के अन्य सहायक अध्यापक विरोध का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं।

## प्रत्येक राशन कार्ड से वंचित परिवार कराए फैमिली आईडी पंजीकरण



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह ने बताया कि एक परिवार, एक पहचान के तहत सरकार फैमिली आईडी जारी कर रही है। फैमिली आईडी कार्ड के माध्यम से पात्र परिवारों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करना आसान होगा। यह कार्ड 12 अंकों का होगा, जिसमें पूरे परिवार का ब्यौरा होगा। केंद्र और राज्य सरकार की 76 योजनाओं को फैमिली आईडी से जोड़ा जा चुका है।एक परिवार, एक पहचान के तहत अब सरकार फैमिली आईडी जारी की जा रही है। उत्तर प्रदेश में राशन कार्ड के जरिए परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है लेकिन, अब उत्तर प्रदेश में आप फैमिली आईडी बनवाकर भी केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ ले सकते हैं। फैमिली आईडी के तहत यूपी में रहने वाले परिवारों का लाइव डेटाबेस तैयार किया जा रहा है। इस योजना के तहत हर एक परिवार को फैमिली आईडी के तहत एक विशिष्ट नंबर जारी किया जा रहा है। फैमिली आईडी कार्ड के माध्यम से पात्र परिवारों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करना आसान होगा। इससे लोगों को आय, जाति और निवास व अन्य प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भाग-दौड़ नहीं करना पड़ेगा। राशन कार्ड धारकों के लिए कार्ड पर अंकित नंबर ही फैमिली आईडी नम्बर है, जबकि राशन कार्ड से वंचित परिवारों के लिए भी फैमिली आईडी पंजीकरण की व्यवस्था की गई है. ऐसे परिवार जिनके पास राशन कार्ड नहीं है वह वेबसाइट 1.द्वठ्ठ पर जाकर निःशुल्क फैमिली आईडी प्राप्त कर सकते हैं।जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह ने बताया कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित विभागों जैसे समाज कल्याण विभाग, दिव्यांग, प्रोबेशन, जिनके पास राशन कार्ड नहीं है वो फैमिली आईडी लगाकर इन सभी योजना में आवेदन कर सकते है।

### फैमिली आईडी से इन योजनाओं का मिलेगा लाभ

इस पहल के तहत केंद्र और राज्य सरकार की 76 योजनाओं को फैमिली आईडी से जोड़ा जा चुका है. सभी लाभार्थीपरक योजनाओं को भी इस प्रणाली से जोड़ा जाएगा। आईटीआई, पॉलिटेक्निक और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में नए प्रवेश के समय आधार ऑथेंटिकेशन किया जाएगा और फिर परिवार आईडी से लिंक किया जाएगा। सरकार ने जाति और आय प्रमाण पत्र जारी करने में अनावश्यक देरी को रोकने के लिए प्रक्रिया को सरल बनाने की बात की है।

### फैमिली आईडी - एक परिवार एक पहचान

उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में सभी परिवारों को नौकरी के अवसर प्रदान करने के लक्ष्य को सक्षम करने के लिए परिवार आईडी योजना लागू कर रही है। फैमिली आईडी के तहत, सरकार राज्य में प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट पहचान जारी करेगी, राज्य की परिवार इकाइयों का एक लाइव व्यापक डेटाबेस स्थापित करेगी जिसका उपयोग राज्य में प्रत्येक पात्र घर को लाभ के सक्रिय वितरण को सुनिश्चित करने के लिए किया जा सकता है। फैमिली आईडी पोर्टल उन परिवारों को 12 अंकों की विशिष्ट परिवार आईडी प्रदान करने के लिए विकसित किया गया है जो राशन कार्ड धारक नहीं हैं। फैमिली आईडी सरकार से लाभ प्राप्त करने के लिए एक बहुत शक्तिशाली निर्माण साबित हो सकता है, पर वर्तमान में, नामांकन स्वैच्छिक हैं। फैमिली आईडी लाभार्थी पहचान के माध्यम से योजनाओं और सेवाओं के सक्रिय वितरण को सक्षम करेगा और नागरिकों की सरकारी प्रणालियों तक पहुंच में सुधार करेगा।

## आर.आर. हेल्थकेयर में मेरिल का पहला मीसो रोबोटिक सिस्टम स्थापित, ऑर्थोपेडिक सर्जरी के क्षेत्र में नया अध्याय

लोकमित्र ब्यूरो

**मुरादाबाद।** आर.आर. हेल्थकेयर, मुरादाबाद क्षेत्र का पहला अस्पताल बन गया है, जिसने भारत की लीडिंग मेडटेक कंपनी मेरिल लाइफ साइंसेज द्वारा विकसित मीसो रोबोटिक असिस्टेड नी रिप्लेसमेंट सिस्टम को स्थापित किया है। यह अत्याधुनिक तकनीक ऑर्थोपेडिक सर्जरी में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है, जो डॉक्टरों को नी रिप्लेसमेंट प्रक्रियाओं के दौरान वास्तविक समय में सटीकता प्रदान करती है। इस स्थापना के साथ मुरादाबाद में पहली बार मीसो रोबोटिक सर्जरी भी की गई। अमरोहा की रहने वाली 67 वर्षीय महिला कल्लो देवी के बांये घुटने की मीसो की मदद से सर्जरी की गई, जो इस इलाके में उन्नत स्वास्थ्य देखभाल के एक नए युग की शुरुआत है।

मीसो सिस्टम एडवांस्ड इमेजिंग, थ्री डी मॉडलिंग और रियल टाइम डेटा का इस्तेमाल करके डॉक्टरों को प्रीऑपरेटिव योजना और सर्जरी के दौरान मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस क्रांतिकारी प्रणाली के साथ, नी इम्प्लांट सर्जरी अधिक सटीक हो जाती है, जिससे बेहतर अलाइनमेंट, इंप्लांट को लंबे वक्त तक सही रखना और मरीजों के लिए तेजी से रिकवरी होती है। इसका न्यूनतम आक्रामक दृष्टिकोण कम दर्द, तेजी से ठीक होने और सर्जरी के बाद बेहतर गतिशीलता में योगदान देता है।

हाल ही में आर.आर. हेल्थकेयर के प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. राकेश खरे और डॉ. आशीष एन. खरे ने सिस्टम की स्थापना के बाद पहली मीसो रोबोटिक असिस्टेड सर्जरी को अंजाम दिया।

डॉ. राकेश खरे ने ऑर्थोपेडिक देखभाल में इस नए अध्याय पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ÷मीसो सिस्टम, सर्जरी के दौरान सटीकता के लिए बहुत कारगर है। यह तकनीक हमें नी रिप्लेसमेंट सर्जरी के दौरान अभूतपूर्व सटीकता प्राप्त करने की अनुमति देती है, जिससे मरीजों के परिणामों में सुधार होता है।

## संक्षिप्त खबरें

### मीडिया में आने से पहले समाज से परिचित होना जरूरी: फलक नाज

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में सोमवार को सामाजिक परिवर्तन में मीडिया की भूमिका विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की बतौर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय न्यूज चैनल की पत्रकार एवं विभाग की पुरातन छात्रा और मिस यूपी का खिताब जीती फलक नाज रही। उन्होंने पत्रकारिता के विद्यार्थियों को बताया कि समाज की वजह से आप अपने फैसले न बदले बल्कि आप अपने फैसलों से समाज को बदलें। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मीडिया की भूमिका बढ़ गई हैं। इस क्षेत्र में महिलांए बढ़चढ कर आ रही है। अपनी रिपोर्टिंग की बदौलत समाज को एक नई दिशा प्रदान कर रही है। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मीडिया में आने से पहले समाज के बीच जाकर समस्याओं से परिचित होना बहुत जरूरी है। इससे रिपोर्टिंग के समय सही समस्याओं का आकलन करना आसान होता है और पत्रकारिता के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एमसीजे समन्वयक डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि फलक शुरू से ही बहुत ही जुझारू और मेहनती लड़की रही है। उनकी मेहनत और लगन ही है जिसकी वजह से आज वह नेशनल न्यूज चैनल में काम करने के साथ-साथ मिस यूपी का खिताब हासिल की है। कार्यक्रम में समन्वयक व विभाग के शिक्षक डॉ. राज नारायण पांडेय और डॉ अनिल विश्वा द्वारा फलक नाज को अंग वस्त्रम भेंटकर सम्मानित किया गया। संगोष्ठी का संचालन डॉ0 चतुर्वेदी ने किया। इस अवसर पर सुगन्धा त्रिपाठी, आदित्य शुक्ला, अश्वनी पाण्डेय, दिवाकर चौरसिया, कामिनी चौरसिया, अनुश्री यादव, कल्यानी त्रिपाठी, गौरव त्रिपाठी, सृष्टि त्रिपाठी, विवेक वर्मा, शिवांग चतुर्वेदी, आदर्श चैधरी, करन दूबे, निहारिका सिंह, सृष्टि कौशल, अदिति साम्भवी, सोनिया, सौरभ मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

### फायर ब्रिगेड की आवश्यकता- सभासद आरती जायसवाल का प्रयास

**अयोध्या ।** गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद श्रीमती आरती जायसवाल ने अंबेडकर नगर सांसद लालजी वर्मा को पत्र लिखकर गोसाईगंज क्षेत्र में अग्निशामक केंद्र की स्थापना की मांग की है। उन्होंने आग लगने की बढ़ती घटनाओं के कारण स्थानीय पुलिस थाने में दो फायर ब्रिगेड गाड़ियों की मांग की है।इससे पहले, उन्होंने 1 मार्च को मुख्यमंत्री और अन्य अधिकारियों को पत्र लिखकर फायर ब्रिगेड की गाड़ियाँ उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। हालांकि, सरकारी प्रक्रिया के तहत गोसाईगंज के फायर ब्रिगेड वाहन को लखनऊ भेजा गया, जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

### मौसम में बदलाव से अस्पतालों में ओपीडी में, हील पेन, कमर दर्द और सर्वाइकल के मरीजों की संख्या में वृद्धि

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** मौसम में बदलाव के कारण अस्पतालों की ओपीडी में मांसपेशियों में दर्द, फ्रोजेन सोल्डर, हील पेन, कमर दर्द और सर्वाइकल के मरीजों में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। डॉक्टरों का मानना है कि दिन में उमस भरी गर्मी और रात में नमी के कारण सर्वाइकल और अन्य मांसपेशियों में दर्द की समस्या बढ़ रही है। गठिया रोग (आरए फैक्टर) के मरीज भी बढ़ रहे हैं, जो एक गंभीर बीमारी है और समय पर उपचार न होने से हाथ, पैर और कमर टेढ़े हो सकते हैं। समय रहते इसका इलाज करा कर और व्यायाम से स्वस्थ रहा जा सकता है।

अयोध्या के सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज में प्रतिदिन लगभग 100-120 मरीज मांसपेशियों, सर्वाइकल फ्रोजेन शोल्डर में दर्द का इलाज करवाने आ रहे हैं। एक सप्ताह में ऐसे मरीजों की संख्या 20 प्रतिशत बढ़ी है। इसके अलावा अन्य अस्पतालों में भी मांसपेशियों में दर्द का इलाज कराने मरीज पहुंच रहे हैं।अस्पताल के सीएमएस डॉ अनिल कुमार ने बताया कि दिन में गर्मी रात में मौसम में नमी के चलते मांसपेशियों के दर्दों के मरीजों की संख्या अस्पतालों में बढ़ रही है। इस बीमारी के अहम कारणों में तनाव और चिंता है। व्यायाम से दूरी, दिनचर्या प्रभावित होना, सहित कई अन्य कारण हैं। गलत तरीके से बैठना, मोबाइल लैपटॉप चलाना, बिस्तर पर सोना आदि से भी इस तरह की परेशानी हो सकती है। लिहाजा लोगों को जीवनशैली सुधारने की जरूरत है। जिससे ऐसे परेशानी से बचा जा सके।

### धर्मांतरण करवा रहे पति- पत्नी सहित चार लोगों पर कानूनी कार्यवाही

**बीकापुर- अयोध्या ।**कोतवाली अंतर्गत मोतीगंज पुलिस चौकी क्षेत्र में विशेष धर्म से जुड़े प्रचारकों द्वारा प्रार्थना सभा की आड़ में हिंदू धर्म से जुड़े लोगों को प्रलोभन और कष्ट दूर होने का लालच देकर धर्म परिवर्तन करने का प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत मिलने के बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपी पति-पत्नी सहित चार आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करके कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। कोतवाली क्षेत्र के काली दीन का पुरवा निवासी जय सिंह यादव की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मोतीगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के नदौना शंकरपुर मोतीगंज निवासी रामकुमार, सुनीता, अशर्फीलाल और हृदय राम के विरुद्ध धारा 131 बीएनएस व 3/5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन अधिनियम 2021 के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। कोतवाली में दी गई तहरीर में जय सिंह यादव द्वारा बताया गया है कि रविवार को शाम करीब 5 बजे गांव के निवासी अपने मित्र रमापति के साथ घर से खेत की तरफ जा रहा था। गांव के रास्ते पर नदौना शंकरपुर निवासी आरोपी रामकुमार मिले और उनसे कहा कि उनके साथ चलो प्रभु इसू मसीह की प्रार्थना सभा में शामिल होने पर सभी कष्ट दूर हो जाएंगे। मना करने के बाद भी रामकुमार ने चलने की जिद की तो वह अपने मित्र रमापति को लेकर रामकुमार के घर पहुंचा वहां हाल में ईसा मसीह की प्रार्थना हो रही थी हाल में कई महिला पुरुष बैठे हुए थे। वहां ईसा मसीह की प्रार्थना सभा हो रही थी। वहां अन्य आरोपी सुनीता अशर्फीलाल और हृदय राम प्रार्थना सभा में शामिल लोगों को हिंदू देवी देवताओं के प्रति भडका रहे थे। आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे थे। सभी को लालच देकर तथा हाथ में बाइबिल पकड़ा कर सभी को शपथ दिलवा रहे थे। बताया है कि यह लोग प्रभोलन तथा भूत प्रेत झाड फूक का पाखंड करके अवैध धर्मांतरण कराते हैं। उन्हें भी आरोपियों द्वारा पैसे का लालच देकर अवैध धर्मांतरण कर ईसाई धर्म स्वीकार करने के लिए दबाव बनाया गया। लेकिन वह और उनके मित्र ने धर्मांतरण स्वीकार करने से मना दिया गया। बताया गया कि पुलिस द्वारा शिकायत मिलने के बाद मौके से धार्मिक पुस्तक और अन्य सामान भी बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि बादी जय सिंह यादव निवासी कालीदीन का पुरवा नदौना शंकरपुर की तहरीर पर चारों आरोपियों के विरुद्ध 3/5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन अधिनियम 2021 तथा अन्य धारा में अभियोग पंजीकृत किया गया है। पूछताछ के बाद सोमवार को आरोपियों का चलान करके न्यायालय भेजा गया है।

### शिक्षा क्षेत्र में भ्रष्टाचार की शिकायत






**अयोध्या।** श्री राम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश सिंह ने बीएसए अयोध्या के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत की गई है। बीएसए पर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया है और राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से जांच की मांग की है।

# त्रेतायुग का अनुभव कराएंगे संस्कृति विभाग के मंच

## श्रीरामलला के विराजमान होने के बाद पहले दीपोत्सव को लेकर तैयारियां तेज

**▸▸दीपोत्सव के लिए 10 बड़े सांस्कृतिक मंचों का किया जा रहा निर्माण**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** दीपोत्सव 2024 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और रामनगरी अयोध्या में भव्य आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। इस वर्ष, दीपोत्सव का आठवां संस्करण पहले से भी अधिक भव्य और अद्वितीय होने जा रहा है। योगी सरकार के नेतृत्व में अयोध्या को त्रेता युग के स्वरूप में ढालने का प्रयास जारी है, जिससे भगवान श्रीराम के समय की पवित्रता और आध्यात्मिकता का अनुभव कराया जा सके। राम की पैड़ी, जहां लाखों दीप जलाए जाएंगे, को विस्तार देने का काम चल रहा है और नगर को पूरी तरह से सजाया और संवारा जा रहा है।

### आधुनिक तकनीक से सुसज्जित मंच और भव्य प्रदर्शनी

संस्कृति विभाग द्वारा दीपोत्सव के लिए 10 बड़े सांस्कृतिक मंचों का निर्माण किया जा रहा है, जिनमें तीन बड़े और सात छोटे मंच शामिल हैं। इन मंचों पर आधुनिक तकनीक के सहारे त्रेता युग की झलकियों को प्रदर्शित किया जाएगा। रामकथा पार्क में एक विशाल प्रदर्शनी का आयोजन होगा, जो रामायण के विभिन्न प्रसंगों को आधुनिक तकनीकी माध्यमों से जीवंत करेगी। इस प्रदर्शनी में श्रद्धालु त्रेता युग का अनुभव कर सकेंगे और रामायण के महत्वपूर्ण पलों को करीब से देख पाएंगे।

### मठ-मंदिरों की सजावट और सफाई का विशेष ध्यान

दीपोत्सव के भव्य आयोजन के लिए अयोध्या नगर निगम और संस्कृति विभाग मिलकर काम कर रहे हैं। नगर निगम शहर की साफ-सफाई और पेंटिंग का कार्य कर रहा है, जबकि संस्कृति विभाग मठों, मंदिरों और धार्मिक स्थलों को सजाने-संवारने में जुटा हुआ है। मठ-मंदिरों की सजावट के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं, ताकि श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक और भव्य वातावरण का अनुभव हो।

### अयोध्या-लखनऊ मार्ग का नवीनीकरण

इस वर्ष, दीपोत्सव से पहले अयोध्या को राजधानी लखनऊ से जोड़ने वाले गोरखपुर-लखनऊ रोड को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। इस मार्ग पर रामायण से जुड़े प्रसंगों की जीवंत झलकियां प्रस्तुत की जाएंगी। मार्ग के दोनों ओर रामायण के महत्वपूर्ण घटनाक्रमों को चित्रित करने की योजना बनाई गई है, जिससे दीपोत्सव की पवित्रता और महत्ता को बढ़ाया जा सके।

### दीपोत्सव की तिथियां और कार्यक्रम

दीपोत्सव 2024 के कार्यक्रम 28 से 30 अक्टूबर तक आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान अयोध्या के प्रमुख स्थलों पर दीपों की जगमगाहट के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम होगी। मुख्य आयोजन स्थल राम की पैड़ी को भव्य रूप से सजाया जाएगा और यहां लाखों दीप जलाए जाएंगे।

### कहां-कहां बनेंगे सांस्कृतिक मंच

संस्कृति विभाग ने पूरे शहर में 10 सांस्कृतिक मंच बनाने की योजना बनाई है, जिनमें प्रमुख स्थान निम्नलिखित हैंऱामकथा पार्क- यहां आधुनिक तकनीकी आधारित प्रदर्शनी का आयोजन होगा।

गुप्तार घाट- यहां बड़े सांस्कृतिक मंच का निर्माण किया जाएगा।बड़ी देवकाली- यहां भी एक प्रमुख मंच बनेगा।नया घाट- यहां दीपोत्सव के दौरान सबसे बड़ा मंच होगा।रामघाट-सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन।बिड़ला धर्मशाला, भरतकुंड, तुलसी उद्यान, भजन संध्या स्थल, नाका हनुमानगढ़ी, बस अड्डा बाईपास, और धर्मपथ में भी छोटे-छोटे मंच बनाए जाएंगे।अयोध्या को त्रेता युग का रूप देने की तैयारी दीपोत्सव 2024 का आयोजन भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद पहली बार हो रहा है, जिससे इस पर्व की महत्ता और भी बढ़ गई है। योगी सरकार के नेतृत्व में अयोध्या को त्रेता युग के स्वरूप में ढालने का प्रयास हो रहा है। रामनगरी को सजाने और संवारने का काम दिन-रात जारी है, ताकि इस आयोजन को अद्वितीय और यादगार बनाया जा सके।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई सिल्ट सफाई समिति की बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** जनपद अयोध्या में रबी 1432 फसली में नहरों की सिल्ट सफाई समिति की बैठक जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा अयोध्या, बीकापुर, मिल्कीपुर और गोसाईगंज में 06 रजवाहों और 76 अल्पिकाओं की सिल्ट सफाई का अनुमोदन किया गया, जिसकी कुल लंबाई 351.545 किमी है। विधानसभा रुदौली में 03 रजवाहों और 26 अल्पिकाओं का भी अनुमोदन किया गया, जिनकी कुल लंबाई 102.630 किमी है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिशासी अभियंताओं को समय पर और नियमानुसार सिल्ट सफाई कार्य कराने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, सीओ सिटी, नोडल अधिशासी अभियंता और अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## आर्थराइटिस और मोटापे का कनेक्शन- डॉ. पीके मिश्रा का दृष्टिकोण

**गोसाईगंज, अयोध्या।**20 अक्टूबर को रंजीत कॉलेज ऑफ फार्मेसी में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में डॉ. पीके मिश्रा, जो कि गठिया और दर्द के विशेषज्ञ हैं, ने आर्थराइटिस और बढ़ते वजन के बीच के संबंधों पर प्रकाश डाला।बदलती जीवनशैली और स्वास्थ्य समस्याएं डॉ. मिश्रा ने कहा कि आज की जीवनशैली और खानपान की आदतें कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन रही हैं, जिनमें मोटापा प्रमुख है। उन्होंने बताया कि इनएक्टिव लाइफस्टाइल और अस्वास्थ्यकर खाने की आदतों के कारण लोग तेजी से वजन बढ़ा रहे हैं, जो आर्थराइटिस जैसी समस्याओं को बढ़ा सकता है।दर्द- एक लक्षण, न कि सिर्फ एक बीमारीडॉ. मिश्रा ने बताया कि दर्द एक बीमारी नहीं है, बल्कि यह एक लक्षण है जो किसी और समस्या की ओर इशारा करता है। यदि दर्द की अवधि तीन महीने से अधिक हो जाती है, तो उसका इलाज जटिल हो सकता है। इसलिए, दर्द को नजरअंदाज करना सही नहीं है।

### कब दिखाना चाहिए डॉक्टर को?

डॉ. मिश्रा ने मरीजों को सलाह दी कि यदि उन्हें लक्षण दिखाई दें तो उन्हें तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए-जोड़ों में सूजन,गर्दन या रीढ़ में जकड़न,शरीर में लालिमा, झनझनाहट या सुन्न होना,रोज़ाना की गतिविधियों में दिक्कत,गठिया का समय पर उपचारडॉ. मिश्रा ने यह भी बताया कि अगर गठिया का निदान सही समय पर हो जाए तो इसका उपचार प्रभावी हो सकता है। उचित चिकित्सा और समय पर डॉक्टर के पास जाने से मरीज को सामान्य जीवन जीने में मदद मिल सकती है।

## कोटेदारों ने लाभांश बढ़ाने की मांग, सौंपा मांग पत्र



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।** कोटेदारों ने जिला पूर्ति अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम एक मांगपत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें उन्होंने लाभांश बढ़ाने की मांग की है। मांगपत्र में कहा गया है कि कोटेदार शासन के निर्देशों के अनुसार राशन का वितरण करते हैं, और कोविड-19 के दौरान भी उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत निशुल्क वितरण किया। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन जनपद अयोध्या के मंडल अध्यक्ष चंद्रभूषण पांडेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कोटेदारों को लाभांश मात्र 90 रुपये प्रति कुंतल मिलता है, जबकि हरियाणा, गोवा, केरल, महाराष्ट्र, राजस्थान और दिल्ली में यह राशि 125 से 200 रुपये प्रति कुंतल है। उन्होंने कहा कि वितरण के मामले में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्यों में है, लेकिन लाभांश के मामले में यह पिछड़ा हुआ है।कोटेदारों ने सरकार से मांग की है कि उन्हें भी अन्य प्रदेशों की तरह उचित लाभांश और मानदेय दिया जाए ताकि महंगाई के इस दौर में उनकी आजीविका सुरक्षित रह सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गई, तो 4 दिसंबर 2024 को जवाहर भवन लखनऊ का घेराव किया जाएगा और आयुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष हाजी सलीम खान , सियाराम ,संतोष कुमार यादव, रामपाल तिवारी, राम केवल यादव, सुनील पांडेय ,दिलीप कुमार, राजेश कुमार कसौधन शामिल थे।

### शिवालय परिवार में सनी महिलाओं ने करवा चौथ व्रत कथा

**अयोध्या।** रामनगर कॉलोनी स्थित प्राचीन ओम शिवालय मंदिर परिसर में महिलाओं ने करवा चौथ के पावन अवसर पर माता आशा राय द्वारा व्रत कथा सुनी। इस अवसर पर महिलाओं ने अपने पतियों की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की और चंद्रमा को जल अर्पित कर छलनी से अपने पतियों का मुख देखकर उनका आशीर्वाद लिया।इस दिव्य अवसर पर रेशमा अंदानी, आशा संगतानी, जया खत्री, भावना जसवानी, मधु जसवानी, पूजा संगतानी, रीता संगतानी, नैन संगतानी, प्रिया संगतानी, बबीता संगतानी, काजल खत्री, मुस्कान खत्री, दृष्टि राय, मोना दासवानी, साक्षी दासवानी, अनीता वरयानी, आरती वरयानी, हिना रावलानी, रुचि वासवानी, मीना साधवानी, वीणा, विनीता मखीजा, कविता खिलवानी, कोमल खिलवानी आदि महिलाएं शामिल रहीं।

## अयोध्या-प्रान्तीयकृत दीपोत्सव मेला 2024 की तैयारियों को लेकर बैठक




**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** प्रान्तीयकृत दीपोत्सव मेला 2024 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए महापौर अयोध्या महंत गिरीशपति त्रिपाठी, विधायक सदर वेद प्रकाश गुप्ता और विभिन्न सामाजिक संगठनों तथा व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि अष्टम दीपोत्सव को दिव्य एवं भव्य बनाने के लिए सभी व्यक्तियों में एक सकारात्मक भावना होनी चाहिए। उन्होंने नगर निगम से चौराहों की सजावट का कार्य शीघ्रता से पूरा करने का निर्देश दिया। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा 25 लाख दीपों को जलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, और इस बार सरयू नदी के 11 स्थानों पर आरती को ऐतिहासिक बनाना है, जिसमें अधिक से अधिक सामाजिक संगठनों और आम जन को जोड़ा जाएगा।जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने कहा कि दीपोत्सव को भव्यता से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है और इसकी तैयारियाँ प्रारंभ हो चुकी हैं। उन्होंने रामपथ, भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ पर स्थित मंदिरों, चौराहों, बड़ी बिल्डिंगों और होटलों को सजाने का निर्देश दिया। इसके अलावा, उन्होंने सामाजिक और व्यापारिक संगठनों से अपील की कि वे दीपोत्सव के दिन दीप प्रज्ज्वलन करें और शहर के सभी चौराहों पर सजावट और रंगोली का कार्य करें।जिलाधिकारी ने चौराहों पर दीये का सिम्बल बनाने और प्रमुख चौराहों पर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने दीपोत्सव 2024 को दिव्य और भव्य बनाने के लिए जनपदवासियों से सामाजिक संगठनों के माध्यम से अपील की कि वे शांति और सुरक्षा मानकों का अनुपालन करें।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने बैठक में बताया कि इस बार दीपोत्सव में सभी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और बाजारों में भीड़ बढ़ने की संभावना है। इस बार 25 हजार वालंटियर भी तैनात किए जाएंगे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह, रेजीडेंट मजिस्ट्रेट संदीप श्रीवास्तव, मेला सहायक कौशल किशोर श्रीवास्तव, और दीपोत्सव से संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### करंट की चपेट में आने से पांच बंदरों की दर्दनाक मौत

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या के जलवानपुरा में कटीले तार में करंट उतर गया। जिसकी चपेट में आने से 5 बंदरों की दर्दनाक मौत हो गई। अयोध्या कोतवाली अंतर्गत रेलवे स्टेशन से सटे जलवानपुरा में एक खाली जमीन को कटीले तारों से घेरा गया है जिसके पास से ही भूमिगत बिजली लाइन निकाली गई है। भूमिगत लाइन के तारों का संपर्क कटीले बाउंड्री वॉल से हो गया और उसमें करंट उतर आया। जिसके चपेट में बंदर आ गये और उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद स्थानीय निवासियों में बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश भर आया है। बिजली विभाग के लापरवाही की वजह से ही यह हादसा हुआ। अयोध्या रेलवे स्टेशन होते हुए राम मंदिर जाने का यह प्रमुख मार्ग भी है। अगर कोई श्रद्धालु या स्थानीय निवासी इसकी चपेट में आ जाता तो क्या होता। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे है।

## जमीन का मुआवजा एक ही सहखातेदार ने हड़पा, विरोध में धरने पर बैठा परिवार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** फैजाबाद-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण एवं विस्तारीकरण में अधिग्रहित की गई जमीन का मुआवजा एक ही सहखातेदार द्वारा हड़पने के विरोध में शत्रुघन यादव अपने परिवार के साथ जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठे।इस मामले में भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य ने शत्रुघन यादव से मुलाकात की और उनकी समस्या सुनकर समाधान होने तक उनका साथ देने का ऐलान किया।राम गणेश मौर्य ने बताया कि दौलतपुर निवासी सहखातेदार ध्रुव दास द्वारा कई सहखातेदारों के मुआवजे की धनराशि को हड़पने का मामला सामने आया है। उन्होंने बताया कि आंदोलन की धमकी के बाद ध्रुव दास ने कुछ सहखातेदारों के खातों में धनराशि भेजी, लेकिन मुआवजे की पूरी राशि नहीं दी गई, जो कि निहायत गलत है।

जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी से मांग की कि शत्रुघन यादव के हिस्से की मुआवजा धनराशि उन्हें दिलाई जाए, अन्यथा शत्रुघन यादव के आंदोलन में भारतीय किसान यूनियन पूरी तरह से सहभागिता करेगी।

### सीएम डेस्क बोर्ड की समीक्षा बैठक

**अयोध्या।**मुख्यमंत्री कमाण्ड सेंटर द्वारा सीएम डेस्क बोर्ड के फ्लैगशिप प्रोजेक्टों की सितंबर 2024 की रैंकिंग के आधार पर विकास एवं निर्माण संबंधी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में 22 अक्टूबर 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक में फ्लैगशिप प्रोजेक्टों से संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

### विधिक जागरूकता शिविर

**अयोध्या ।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ से प्राप्त एक्शन प्लान के तहत, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अयोध्या द्वारा पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत लिंग चयन और बाल लिंग अनुपात में गिरावट के मुद्दे पर आज महिला जिला अस्पताल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अस्पताल के डॉक्टरों और विभिन्न गांवों तथा मोहल्लों से आई महिलाओं ने भाग लिया।

## समाजवादी मजदूर सभा का प्रशिक्षण शिविर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** समाजवादी मजदूर सभा, उत्तर प्रदेश, अवध जोन का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद ने किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल श्रमिक ने अध्यक्षता की, जबकि संचालन की जिम्मेदारी अखिलेश चौबे ने संभाली।उद्घाटन सत्र में सांसद अवधेश प्रसाद ने प्रदेश में श्रमिकों की खराब स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने में असफल रही है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव जयशंकर पांडेय ने कानून व्यवस्था के संकट की ओर भी इशारा किया।जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की जीत का विश्वास जताया, जबकि मजदूर सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल ने भाजपा सरकार पर श्रमिकों के शोषण का आरोप लगाया। प्रदेश उपाध्यक्ष जगतपाल ने भ्रष्टाचार की गंभीरता पर प्रकाश डाला, और सचिव आशीष गुप्ता ने बेरोजगारी तथा महंगाई के बढ़ते स्तर की ओर ध्यान आकर्षित किया।इस अवसर पर महिला सभा की जिलाध्यक्ष सरोज यादव सहित कई अन्य नेताओं ने भी सभा को संबोधित किया। अंत में, सभी ने एक जुलूस के रूप में जिलाधिकारी कार्यालय जाकर मजदूरों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

# ईसाई व कसाई के खिलाफ राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी ने छेड़ा धरपकड़ का अभियान

## हिंदू सनातन धर्म व गौसेवा संगठन को नेस्तानाबूत करने की मिल रही धमकी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** लगातार समाज में हो रहे धर्मांतरण एवं गोकशी पर रोक लगाने वाले संगठन के अगुआ को अब जान से हांथ धोने की धमकी मिलते ही दर्जनों पदाधिकारी एकजुट होकर जिला अधिकारी संबोधित शिकायती पत्र दिया है। जिलाधिकारी को सौंपे शिकायत पत्र में राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह ने कहा है कि स्वंय व संगठन के लोगो की सुरक्षा की मांग को लेकर डीजीपी उत्तर प्रदेश, पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या, राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के अध्यक्ष को रजिस्टर्ड पत्र भेजा है। बताते चलें कि सनातन धर्म के विरुद्ध एक रैकेट है जो पूरे देश में लोगों को भड़काने का खुल्लम खुल्ला खेल चालू किया है। अभी 15 दिन पूर्व नगर के मऊहरिया स्थित मोहल्ले में गरीब लोगों को एकजुट करते हुए धन का लालच देकर बड़े पैमाने पर धर्मांतरण का खेल चल रहा था। खबर मिलते ही धर्मांतरण का विरोध करने संगठन के प्रदेश प्रभारी सर्वेश सिंह अकेले मौके स्थल पर पहुंच गए। पूछताछ करने पर पादरियों के समूह ने जमकर विरोध किया और जान से मारने की धमकी भी दी थी, तो अपने को अकेला व मौके की नजाकत देख पुलिस अधीक्षक से शिकायत के बावजूद दलबल के साथ पहुंची पुलिस ने मौके से इस खेल में शामिल लोगों को पकड़कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। इसी के बाद से ईसाई धर्म अपनाने के फायदे बताकर हिन्दू सनातन धर्म का विरोध करने वाले पादरी अपना एक एक क्षेत्र पकड़ लिये है और वहां लोगों को इकट्ठा कर धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। इसी कड़ी में जिले की दूसरी घटना अखंड नगर थाना क्षेत्र के नरवारी गांव में धर्म परिवर्तन के खेल का मामला सामने आया। सूचना पर राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ व धर्मांतरण का विरोध करने वाले क्षेत्र के राम मूर्ति विश्वकर्मा ग्राम प्रधान रामपुर व प्रमोद सिंह, गोपी सिंह राजपूत, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अखंड नगर के लाल जी मिश्रा मौके पर पहुंच कर विरोध किया और इससे सूचना अखंड नगर पुलिस को दी। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार आधा दर्शन से अधिक लोग को हिन्दू सनातन धर्म का विरोध कर उन्हें भड़काने और झाड फूंक के बहाने धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने की जानकारी दी गई। फिलहाल थाना प्रभारी अखंड नगर श्याम सुंदर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ द्वारा शिकायत प्राप्त हुई है धर्म परिवर्तन करने व जान से मारने की धमकी सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के जिला संयोजक राकेश सिंह उर्फ दद्दू ने कहा कि जिले में यह संगठन पूरी तरह सक्रिय है अवैध कार्य चाहे जो भी हो जैसे



गोकशी, बिना लाइसेंस के पशुओं का कटान रोकने, सैकड़ो कसाईयो के हाथों से तस्करी के लिए ले जा रहे पशुओं को छुड़वाने, प्रतिवन्धित पशुओं के अवैध कटान को रोकने सहित धर्मांतरण करने वाले दबंग इसाई कार्यकर्ताओं पर आवाज उठा रहा है। जिसके एवज में प्रदेश प्रभारी को जान से मारने की धमकी मिल रही है। यह संगठन निस्वार्थ भाव से धर्म और जीव की सुरक्षा का बीणा उठाया है। प्रशासन द्वारा प्रदेश प्रभारी को सुरक्षा दिलाये जाने की सख्त जरूरत है। क्योंकि समाज में अप्राकृतिक तरीके से काम करने वाले लोग अपने कार्य में सफल हो रहे हैं, इसलिए संगठन की मजबूती के लिए सुरक्षा बहुत जरूरी है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी रवि दुबे ने जिले के अन्य समाजसेवी संगठन जैसे गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, काउंसिल आफ उद्योग व्यापार मंच के जिला अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता, जिला सुरक्षा संगठन के मुख्य संयोजक सरदार बलदेव सिंह जिला सुरक्षा संगठन के जिला अध्यक्ष डॉक्टर राजू श्रीवास्तव, अपराध निरोधक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह, सहित जिले भर के संगठन के ब्लॉक प्रभारी का स्वागत किया है।

### बताते हैं धर्मांतरण करने वालों को ईसाई धर्म

हिंदू सनातन धर्म का विरोध करने वाले ईसाई धर्म में परिवर्तन करने का खेल जोर-शोर से चालू है प्रत्यक्ष दर्शियों व पुलिस की पकड़ में आये लोगों ने बताया कि ईसाई धर्म में विश्वास करने वाले यह जाने कि ईश्वर सर्वव्यापी, ईसाई धर्म में यीशु को पृथ्वी पर मनुष्य के रूप में भेजा, गया था ताकि लोगों को पापों से बचाया जा सके। विशेष तौर पर शब्द और संस्कार दो ही बातें है शब्द का मतलब बाइबिल पढ़ना और संस्कार है कि उपदेश देना, जो किया जा रहा है।

### गरीब लोगों को कैसे बताते हैं धर्मांतरण के फायदे

अंधविश्वास का जाल फैलाकर हिन्दू सनातन धर्म के गरीब लोगों को बताते हैं कि ईसाई धर्म अपनाने से बहुत फायदे हैं इतने फायदे हैं कि गिनने से आपकी उंगलियां कम पड़ जाएंगे। हिंदू धर्म ही अंधविश्वास का धर्म है । इसाई बनते ही आप सभी अंधविश्वासों से मुक्त हो जाएंगे। आप जैसे चाहे उसे कपड़े पहने चाहे छोटे कपड़े पहने, जितने छोटे कपड़े पाएंगे उतने ज्यादा ईसाई कहे जाएंगे। ईसाई बनने के बाद ना आप मंदिर मस्जिद में कदम रखेंगे वहां घूमने के लिए भी नहीं जाएंगे।, यही नहीं मंदिर का प्रसाद भी नहीं ग्रहण कर सकेंगे। इस तरह ईसाई धर्म अपनाने वाले को प्रतिबन्धित कर दिया जाता है।

'क्यों मुड़ते हैं ईसाई धर्म की तरफ' लोगों को बताते हैं कि सभी धर्म को पिता यीशु थे जो पहले धरती पर आए। ईसा मसीह भगवान की तुलना में अधिक शक्तिशाली थे। ईसाई धर्म के सच्चे होने के लिए कम से कम यह बात है कि यीशु हमेशा अस्तित्व में थे उन्हें क्रूस पर चढ़ाया गया था और उनका पुनरुत्थान हुआ था पहले सदी में प्लेटो का अस्तित्व निश्चय था जो आज भी जिंदा है। उनका कहना है कि इसीलिए ईसाई धर्म सत्य है।

# पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों के स्मृति चिन्ह पर अर्पित की श्रद्धांजलि



**सुल्तानपुर।** पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर अजय आनन्द अपर पुलिस महानिदेशक पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय सुलतानपुर, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा व अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन व जनपद के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन सुलतानपुर में उत्तर प्रदेश पुलिस के जवान जो अपने कर्तव्य का पालन करते हुए अदम्य साहस का परिचय देते हुए बदमाशों से मुठभेड़ मे लड़ते-लड़ते अपने प्राणो को न्यौछावर करने वाले अमर शहीद जवानों को याद किया गया तथा पुष्पचक्र श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए श्रंद्धाजलि दी गई। एडीजी द्वारा परेड को सम्बोधित करते हुए कहा कि पुलिस के जवान जो अपने कर्तव्य का पालन करते हुए अदम्य साहस एवं वीरता के साथ बदमाशों से मुठभेड़ मे लड़ते-लड़ते अपने प्राणो को न्यौछावर कर दिए मैं उन वीर सपूतों को सैल्यूट करते हुए उनके परिजनों के अच्छे स्वास्थ्य व उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

# सनातन धर्म के ऊपर हो रहे अत्याचार को लेकर लिखा पत्र



**सुल्तानपुर।** लगातार हो रहे ब्राह्मण समाज के ऊपर अत्याचार एवं हत्या को लेकर आज मांग पत्र जिला अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को सौपा। जिसमे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राष्ट्रपति को पत्र लिख के कठोर क़ानून बनाने की मांग की वही स्व.गोपाल मिश्रा के हत्या मे नाराजगी जताते हुए सनातन धर्म को लेकर अभद्र टिप्पणी और अभद्र लेखन को लेकर कठोर कार्यवाही और क़ानून बनाने की मांग की। जबकि मुख्यमंत्री से आरोपियों को फ़ासी की सजा एवं पीड़ित परिवार को 3 करोड़ रुपये एवं सरकारी नौकरी एवं आवास देने की मांग राखी ज्ञापन की अगुवाई जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट नीरज दुबे, एडवोकेट संदीप मिश्रा जिला संगठन मंत्री, ब्लॉक अध्यक्ष भादैया एकांश मिश्रा, नगर अध्यक्ष राजमिश्रा, जिला सचिव बिजय शंकर मिश्रा, अंश पाठक, अमन मिश्रा आशुतोष मिश्रा व दर्जन भर पदाधिकारी मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान में जनपद सुलतानपुर का प्रदेश में प्रथम स्थान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान (01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2024 तक) की तृतीय साप्ताहिक बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में सभी सम्बन्धित विभागों द्वारा बेहतर कार्य करने के लिये मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा सभी की सराहना की गयी।

उन्होंने प्रदेश में जनपद का प्रथम स्थान आने पर सभी को बधाई दी। ज्ञात हो कि जनपद में संचारी रोगों के उन्मूलन हेतु विशेष संचारी रोग अभियान 01 अक्टूबर, 2024 से 31 अक्टूबर, 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया गया कि उक्त अभियान का उद्देश्य समन्वय स्थापित कर अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि सभी मुख्य विभाग जैसे-चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग/ग्राम विकास विभाग, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग (आई0सी0डी0एस0) शिक्षा विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग, सूचना विभाग परस्पर जनपद व ब्लाक स्तर पर माइक्रोप्लान बनाकर कार्य में प्रगति लायें तथा जनपद की रैंक को बनायें रखें। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि तहसील, ब्लाक, ग्राम स्तर पर प्रगति रिपोर्ट बनाकर संयुक्त रूप से जिला स्तर पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय तथा स्वच्छता एवं साफ-सफाई के लिये लोगों में जागरूकता लायी जाय। उन्होंने कहा कि सभी विभाग संचारी रोग अभियान को सफल बनाने हेतु बेहतर प्रयास करें तथा प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करें।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ओ0पी0 चौधरी, जिला मलेरिया अधिकारी बंसीलाल यादव सहित अन्य सम्बन्धित के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रोडवेज कर्मचारियों ने जाजागरण कर बताई समस्याएं

**बांदा।** तमाम कोशिशों के बावजूद रोडवेज कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। इसके चलते कर्मचारी परेशान नजर आ रहे हैं। सोमवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ पदाधिकारियों के साथ मिलकर रोडवेज कर्मचारियों ने सीएम को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इसके बाद रोडवेज में परिवहन निगम के चित्रकूटधाम मंडल रीजन क्षेत्रीय प्रबंधक को भी ज्ञापन के जरिए समस्याओं से अवगत कराया और समाधान की मांग की।रोडवज कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने दो दिन पहले ही ज्ञापन सौंपे जाने और जनजागरण किए जाने की योजना बनाई थी। सोमवार को सीएम को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपते हुए संघ पदाधिकारियों और रोडवेज कर्मचारियों ने मांग की कि मृतक आश्रितों को तत्काल नियुक्ति दी जाए। इसके साथ ही संविदा और आउट सोर्सिंग कर्मचारियों के लिए नियमावली लागू की जाए।

# सभी इंद्रियों से करे भगवान् का स्मरण, मिलेगी ठाकुर की कृपा

## कथा व्यास देवी चित्रलेखा ने सुनाया अद्भुत प्रसंग श्रोता हुए विभोर





**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** कुंडवार ब्लॉक के पूरे लेदई ग्राम सभा में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा में कथा व्यास देवी चित्रलेखा ने तीसरे दिन की कथा में प्रवेश करते हुए कहा जो मन भगवान का स्मरण करेगा तो यह भगवान का हो जायेगा जबकि हमारा मन संसार का स्मरण कर संसार का बन चुका है बिना संतो व गुरुओ की कृपा के भगवान के न दर्शन होते है न कृपा का भाव मिलता है भगवान् से संतो व गुरुओ की कृपा मांगिये जगदीश की कृपा अपने आप मिल जाती है। उक्त विचार कथा के तीसरे दिन कथा व्यास अंतरराष्ट्रीय कथावाचक देवी चित्रलेखा ने व्यास पीठ से दिया। कथा प्रारंभ होने के पूर्व रामचंद्र मिश्रा राम मूरत मिश्रा राम अवध मिश्र व राम अल मिश्र शुभम मिश्रा श्री नारायण पांडे सुभाष तिवारी आदि ने परिवार सहित व्यास पीठ की आरती उतारी। व्यास पीठ से परीक्षित के शिकार खेलने गए राजा परीक्षित को प्यास लगने पर एक संत से जल मांगने ऋषि द्वारा ध्यान मे लीन होने पर उनके मुकुट मे सवार कलियुग के प्रभाव मे आकर पास पड़े एक सर्प को ऋषि के गले मे डाल देने पर ऋषि पुत्र द्वारा राजा परीक्षित को श्राप लगने व सात दिन बाद तक्छक नाग के डसने से उनकी मृत्यु हो जाने की कथा व अगले सात दिवस मे सुकदेव जी से श्री मदभागवत की कथा श्रवण करने का उपाय ऋषि मुनियों द्वारा बताया गया।

इस कथा के श्रवण से राजा के हृदय से मृत्यु का भय हटने व उनके स्वर्ग जाने का रास्ता साफ हो जाने की प्रासंगिकता का भी वर्णन किया वही मनु सतरूपा का प्रसंग सुनाया राजा दक्ष के यज्ञ के आयोजन मे शिव का अपमान और यज्ञ मे सती द्वारा जीवन दिये जाने के बाद शिव के गणों द्वारा उत्पात मचाये जाने के बाद सभी देवताओ ने महादेव की शरण लेकर कृपा करने की बात कही यहाँ कथा श्रवण करने क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल नागेंद्र रघुवंशी एसडीएम बल्दीराय वैशाली चोपड़ा भाजपा जिला अध्यक्ष आर ए वर्मा ब्लॉक प्रमुख कुवर बहादुर सिंह आशीष सिंह रानू सुभाष तिवारी मनोज तिवारी सत्य देव तिवारी चिरंजीवी मिश्र मोंटी रजनीश मिश्र शुभम् मिश्र सुजीत मिश्र कृष्ण कुमार शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक उ0प्र0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से हुई आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यो की समीक्षा एवं 50 लाख से अधिक लागत से निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा उ0प्र0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से आयोजित की गयी। उक्त बैठक में विभागवार संचालित परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा कार्यदायी संस्था व सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के साथ की गयी।



मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समीक्षा बैठक में सेतु निगम, विद्युत आपूर्ति ग्रामों का ऊर्जीकरण, जल जीवन मिशन, पर्यटन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की प्रगति, सेतुओं का निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण/शहरी), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल, नई सड़कों का निर्माण, राज्यमार्गो का अनुरक्षण, कृषि विभाग, कृषि रक्षा रसायन, बेसिक शिक्षा आदि विभागों की योजनाओं का गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा 50 लाख से अधिक के निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान सेतु निर्माण के अन्तर्गत कटॉवा-मुंशीगंज मार्ग, कोइरीपुर-मल्हीपुर छतौना सम्पर्क मार्ग पर निर्माणाधीन पुल के सम्बन्ध में सहायक अभियन्ता को निर्देशित करते हुए कहा कि 04 बिन्दुओं पर रिपोर्ट आज ही प्रस्तुत करें, अन्यथा के स्थिति में आपका वेतन बाधित किया जायेगा। इसी प्रकार माध्यमिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत निर्माणाधीन राजकीय इण्टर कालेज बढ़ौनाडीह व पिपरी के सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य में प्रगति लाते हुए कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करायें। इसी प्रकार पर्यटन विभाग के अन्तर्गत चल रहे सौन्दर्यीकरण कार्य के सम्बन्ध में भी समीक्षा की गयी। उन्होंने पंत स्टेडियम में निर्माण कार्य कर रही कार्यदायी संस्था सिडको के सहायक अभियन्ता को निर्देशित करते हुए कहा कि स्टेडियम में बचे हुए कार्यों का निर्माण तत्काल कराना सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा आवास विकास, एम्बुलेन्स, फैमिली आईडी निर्माण की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य में प्रगति लाते हुए रैंक में सुधार करें। उन्होंने जल जीवन मिशन, पर्यटन सहित अन्य कई विभागों की रैंक में सुधार होने पर सराहना किया। उन्होंने विभागवार समीक्षा करते हुए सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं/कार्यो तथा जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को पात्र व्यक्तियों तक प्रत्येक दशा में पहुँचाया जाये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समीक्षा बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित एम्बुलेन्स की प्रगति धीमी होने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अन्य विभागों की प्रगति समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि सभी विभाग डाटा फीडिंग का कार्य सही करा लें। इसी प्रकार प्रोजेक्ट अलंकार, आपरेशन कायाकल्प, पीएम आवास, अण्डा उत्पादन आदि के विषय में विस्तृत चर्चा की गयी।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 ओम प्रकाश चौधरी, परियोजना निदेशक (डी0आर0डी0ए0) अशोक सिंह, डीसी मनरेगा के0डी0 गोस्वामी, उप कृषि निदेशक रामाश्रय यादव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी ददन कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई



**जौनपुर।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अन्तर्गत आच्छादित लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम चरण में माह-अक्टूबर, 2024 से दिसम्बर, 2024 तक तथा द्वितीय चरण में जनवरी 2025 से मार्च 2025 तक निःशुल्क सिलेण्डर प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समिति की बैठक आहूत की गयी।

जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा शासनादेशानुसार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। शासनादेश के अन्तर्गत यह स्पष्ट उल्लेख है कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के वह लाभार्थी, जिनके बैंक खाते आधार लिंक होंगे तथा जिनके आधार प्रमाणित होंगे, वहीं उक्त योजना हेतु पात्र होंगे तथा उन्हें ही निःशुल्क सिलेण्डर वितरित किया जायेगा।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अन्तर्गत तीनों ऑयल कम्पनियों के ऐसे लाभार्थी, जिनका आधार प्रमाणन होना पाया गया है, उन्हीं लाभार्थियों को सर्वप्रथम योजना का लाभ दिया जायेगा तथा उक्त लाभार्थियों के आधार प्रमाणित खातों में सब्सिडी स्थानान्तरित करने का सम्पूर्ण उत्तर दायित्व ऑयल कम्पनियों का होगा। ऑयल कम्पनियों द्वारा प्रत्येक दशा में आधार प्रमाणित खातों में ही सब्सिडी की धनराशि का अन्तरण सुनिश्चित किया जायेगा। उपभोक्ता अपने स्तर से प्रचलित उपभोक्ता दर (सब्सिडी सहित) के अनुसार भुगतान कर रिफिल प्राप्त करेगा, जिसके 03 से 04 दिन के उपरान्त योजनान्तर्गत दी जाने वाली सब्सिडी उसके आधार प्रमाणित खाते में ऑयल कम्पनियों द्वारा अन्तरित की जायेगी। ऑयल कम्पनियों द्वारा केन्द्रीय सब्सिडी तथा राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सब्सिडी का अन्तरण लाभार्थी के खाते में पृथक-पृथक अंतरित किया जायेगा।

वर्तमान में जनपद-जौनपुर में कुल 404211 प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थी है, जिनमें से 98893 लाभार्थियों के आधार प्रमाणन की कार्यवाही अवशेष है।

जिलाधिकारी द्वारा बैठक में निर्देश दिये गये कि समस्त ऑयल कम्पनी अपने गैस एजेन्सियों के माध्यम से कैम्पों का आयोजन करते हुए अवशेष लाभार्थियों के आधार प्रमाणीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा उक्त कैम्पों में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाये।

इसके अतिरिक्त योजना का विभिन्न प्रचार माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये, ताकि योजना का कोई भी लाभार्थी शासन की उक्त योजना के लाभ से वंचित न रहें। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी को इस हेतु कार्ययोजना निर्धारित करते हुए अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) राम अक्षयबर चौहान, समस्त उपजिलाधिकारी, लीड बैंक मैनेजर, वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान एवं ऑयल कम्पनियों के जनपदीय समन्वयक उपस्थित रहे।

# स्कूलों में प्रारंभिक सैनिक प्रशिक्षण किया जाए अनिवार्य

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** अखंड हिंद फौज संस्था के पदाधिकारियों की अगुवाई में सोमवार को प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद तिवारी ने कहा कि जो आजादी मिली है, वो नेता जी सुभाष चंद्र बोस की वजह से मिली है, जिसका खुलासा खुद ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री एडमंड ऐटली ने किया था। उन्होंने बताया कि नेता जी सुभाषचंद्र बोस ने 21 अक्टूबर 1943 को सिंगापुर में आजाद हिंद सरकार का गठन किया था और उसके प्रथम प्रधानमंत्री वह स्वयं थे। इस सरकार को 10 दिन में 11 देशों ने मान्यता दे दी थी, जिनमें रूस और जर्मनी भी शामिल थे। लड़कर ली गई आजादी में स्वाभिमान था, खैरात में दी गईआजादी स्वामी के प्रति सेवक का धन्यवाद था। यदि ऐसा न होता तो भारत के प्रथम गवर्नर जनरल माउटबेटन क्यों होते। अखंड हिंद फौज ने बताया कि 21 अक्टूबर को भारत की ही नहीं बल्कि अनेकों देशों की आजादी निहित थी। अखंड हिंद फौज ने मांग की कि स्कूलों में प्रारंभिक सैनिक प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाए, अखंड भारत के प्रथम प्रधानमंत्री नेता जी सुभाषचंद्र बोस को भारत रत्न और परमवीर चक्र एक साथ दिए जाने चाहिए।

# कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने स्टांप, राजस्व, परिवहन कर और आबकारी सहित अन्य विभागों की राजस्व वसूली की समीक्षा की। उन्होंने स्टाम्प और बिक्री कर में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बिक्री कर में प्रवर्तन की कार्यवाही कम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त कि और संबंधित अधिकारी को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए।



विद्युत विभाग के समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि बड़े बकायेदार पर आरसी की कार्यवाही की जाए और दुर्गा पूजा के दौरान अच्छा कार्य करने वाले सभी तहसीलों से 02-02 लाइनमैन को बुलाकर सम्मानित किया जाए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी स्तर पर लम्बित पुराने मुकदमों की समीक्षा की और अभियान चलाकर निस्तारण करने और कृषक दुर्घटना बीमा में प्रगति लाने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए।

इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, उपजिलाधिकारी सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

# शिक्षण कार्य में नवीन शिक्षण पद्धतियों को अपनाने हेतु शिक्षकों को मोटिवेट करें- जिलाधिकारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में जिला शिक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट अलंकार, राजकीय संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय के निर्माण, संस्कृत विद्यालय के बच्चों के छात्रवृत्ति, आपरेशन कायाकल्प, विद्युत संयोजन, जर्जर भवनों के नीलामी/ध्वस्तीकरण, निपुण भारत मिशन, निर्माण कार्य की प्रगति व मध्यान्ह भोजन आदि विषयो पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक से करछना में प्रस्तावित राजकीय संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय (इण्टर स्तर) के निर्माण के बारे में पूछा, जिसपर डीआईओएस के द्वारा विद्यालय हेतु चिन्हित जमीन पर अतिक्रमण होने की जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने बैठक में ही उपजिलाधिकारी करछना से चिन्हित जमीन पर अतिक्रमण की फोन पर जानकारी ली और उन्हें चिन्हित जमीन को दो दिनों में खाली कराकर विद्यालय के निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

जिलाधिकारी ने डीआईओएस से विद्यालयों में किसी विषय के विशेषज्ञ शिक्षक के नियुक्त न होने की स्थिति में वहां के बच्चों की उस विषय में पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए दूसरे विद्यालयों के सर्म्बधित विषय के विशेषज्ञ शिक्षक के माध्यम से उक्त विषय को पढ़ाये जाने हेतु उनके क्लास की लाइव स्ट्रीमिंग की उस विद्यालय में व्यवस्था कराये जाने के लिए कहा है, जिससे कि वहां के विद्यार्थी भी ऑनलाइन क्लास के माध्यम से वह विषय पढ़ सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आशु पाण्डेय, परियोजना निदेशक अशोक कुमार मौर्या, जिला विद्यालय निरीक्षक पी0एन0 सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के त्रिवेणीपुरम शकुंतला हॉस्पिटल के बाहर खड़ी बाइक को चोरो ने उड़ा दिया दोपहर जब बाहर निकल तो बाइक न दरात भुक्तभोगी ने झूंसी थाने में अज्ञात के खिलाफ तहरीर दियाजानकारी के मुताबिक निवासी पूरे सूरदास नई झूंसी के रहने वाले दिनेश कुमार यादव जो उनकी माता जी की तबियत खराब होने पर शकुंतला अस्पताल में भर्ती कराया था। खाना ले कर सोमवार की सुबह अस्पताल के बाहर गाड़ी खड़ी कर अंदर चले गए और दोपहर में घर जाने के लिए अपने बाइक के पास आए तो देखा कि बाइक वहां नहीं थी आस पास बहुत खोज बिन किया लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया तो भुक्तभोगी ने झूंसी थाने में जाकर अज्ञात के खिलाफ लिखित तहरीर दे कर उचित कार्रवाई करने की गुहार लगाई। स्थानीय लोगो ने बताया कि ये चोरी की घटना कई बार हो चुकी है ।

## सीआरपीएफ के डीआईजी ने पुलिस स्मृति दिवस पर वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**लोकमित्र ब्यूरो**

**थरवई ।** सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र पण्डिला परिसर स्थित शहीद स्मारक स्थल पर पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर ग्रुप सेंटर के डीआईजी धीरज कुमार ने कर्तव्य की बेदी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर वीर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर परंपरा के अनुरूप श्रद्धांजलि दी उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 1959 में लद्दाख की ऊंचाइयों पर अचानक सीआरपीएफ के जवानों पर चीनी सैनिक के हमले में शहीद हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दस जवानों के अदम्य साहस और बलिदान का स्मरण किया गया उन्होंने कहा की इस घटना के बाद पूरे देश में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में शहीदों को श्रद्धांजलि देने की परंपरा है भारत देश में एक वर्ष के भीतर 216 पुलिस कर्मियों ने अपने कर्तव्यों के निर्वहन में अपने प्राणों की आहुति दी



है समारोह के दौरान शहीदों की स्मृति में सीआरपीएफ बल के सशस्त्र जवानों ने शोक सलामी दी और अधिकारियों जवानों कार्मिकों ने दो मिनट का मौन रखकर अमर वीर शहीदों के मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई

इस मौके पर डीआईजी ग्रुप सेंटर धीरज कुमार डीआईजी रेंज सुनित कुमार राय कमांडेंट देवेंद्र कुमार यादव 93 बटालियन हाई कोर्ट सुरक्षा डॉ अतुल कुमार अमित कुमार सक्सेना द्वितीय कमान अधिकारी सौरभ राय 224 बटालियन उप कमांडेंट निरंजन सैनी 224 बटालियन सहायक कमांडेंट धर्म नारायण बोराणा, अविनाश राय, मनोज कुमार तिवारी, मनोज कुमार सिंह के अलावा तमाम अधिकारी गण कार्मिक जवान कार्यक्रम में मौजूद रहे

## नगर निगम और पीडीए की मनमानी कार्यशैली से व्यापारियों में आक्रोश



**प्रयागराज।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की एक आवश्यक बैठक महानगर कार्यालय शाहगंज में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष लालू मित्तल ने नगर निगम के द्वारा फुटपाथ पर दुकान लगाकर अपनी आजीविका चलाने वाले गरीब दुकानदारों का ठेला जप्त करना, उनका चालान करना और उनकी गुमटियों को तोड़ने की घोर निंदा की।

उन्होंने कहा कि पथ विक्रेता प्रधानमंत्री स्वनिधि सम्मान योजना के तहत बैंकों से लोन लेकर अपना छोटा-मोटा व्यापार कर करके अपने परिवार का पालन भरण पोषण कर रहे हैं लेकिन नगर निगम से कुछ अधिकारी नियम विरोधी मनमानी कार्रवाई करके सरकार को बदनाम करने की कोई भी कसर नहीं छोड़ रहे हैं। यहां तक की महापौर गणेश केसरवानी के आदेश का इनका कोई फर्क नहीं पड़ता। कंपनी बाग के सामने सुबह 3 घंटे दुकान लगाने वाले गरीब छोटे दुकानदारों को भी प्रताड़ित किया जा रहा है।

महानगर अध्यक्ष अनिमेष अग्रवाल ने इसी प्रकार प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा तुगलक्की फरमान का विरोध किया व्यापारी खुद भी अपना शहर सुंदर बनाना चाहते हैं इसमें वह हर प्रकार से सहयोग कर रहे हैं लेकिन नोटिस भेज कर व्यापारियों को धमकाना कहीं से भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जिला महिला अध्यक्ष रत्ना जायसवाल ने कहा कि यदि दुकान नहीं लगेगी तो लोग घर से बाहर नहीं निकलेंगे और ऑनलाइन व्यापार बढ़ेगा।

जिला अध्यक्ष लालू मित्तल, महानगर अध्यक्ष अनिमेष अग्रवाल क्षेत्रीय प्रभारी विपिन गुप्ता जिला महिला प्रभारी,रतना, महानगर महिला अध्यक्ष अपूर्व चंद्रा जिला उपाध्यक्ष रमन जय हिंद नें एक स्वर में भरपूर त्यौहारी सीजन पर इस कार्रवाई की कड़ी से कड़ी निंदा करते हुए कहा नगर निगम को तत्काल कार्यशाली सुधार कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए नहीं तो व्यापार मंडल सड़क पर उतरकर आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

बैठक में विपिन गुप्ता, रविंद्र जैन, उमाशंकर केसरी, राजकुमार केसरवानी, अंतस अभिनव अग्रवाल, रतना जायसवाल, अपूर्व चंद्रा, रमन जय हिंद, सतीश जायसवाल, अशोक अग्रवाल, आर के तिलक सहित भारी संख्या में विशिष्ट गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जयशंकर प्रसाद का बोध विश्वबोध है- प्रो सत्यकाम

## हिन्दुस्तानी एकेडमी में राष्ट्रीय संगोष्ठी में जयशंकर प्रसाद के साहित्य पर चर्चा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जयशंकर प्रसाद का साहित्य बोध, विश्वबोध है। प्रसाद मानता की बात करते है। आजादी के बाद और उसके पहले सबसे बड़ा प्रश्न यहीं था कि स्वामी विवेकानंद और स्वामी परमहंस जैसे लोगों ने इसको खोजने का प्रयास किया। यह बातें राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि राजर्षि टंडन मुक्त विश्विवद्यालय के कुलपति प्रो. सत्यकाम ने अपने विचार रखते हुए कही। जयशंकर प्रसाद की रचनाशीलता पर उन्होंने कहा कि गीता के अध्ययन की बात करने के साथ ही कहा कि हमे भारत ढूढ़ने के प्रयास में इनका भी अध्ययन अवश्य करन चाहिए। प्रसाद के भारतबोध को समझने के लिए पहले भारत को समझना जरुरी है। यही वैश्विक बोध भारतबोध से निकला हैं, यह बोध भारत से ही विश्व में फैला। भारतीय ज्ञान परम्परा एवं उनका चिंतन आध्यात्मिक हैं। प्रसाद ठेठ आधुनिक बोध के कवि हैं, और उनकी रचानाएं पराधीनता से मुक्ति



की आकांक्षा रखती है।हिन्दुस्तानी एकेडेमी में जयशंकर प्रसाद पर केन्द्रित दो दिवसीय %जयशंकर प्रसाद के साहितय में भारतबोध% विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरूआत गाँधी सभागार में पाँच सत्रों में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रारम्भ में प्रयागराज के वरिष्ठ साहित्यकार रविनंदन सिंह ने आमंत्रित अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, स्मृति चिह्न और शॉल देकर किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए रविनंदन सिंह ने कहा कि %साहित्य, संस्कृति को किसी एक सीमा में नहीं बाधा जा सकता। यह हवा और जल कि तरह है। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए भोपाल से आए प्रो. विजय बहदुर सिंह ने कहा कि वर्तमान को समझने के लिए अतीत में जाते हैं। प्रसाद का अतीत प्रेरक और ऊर्जा देने वाला अतीत हैं। %महाराणा का महत्व% काव्य संग्रह कि प्रेरणा उन्होंने संस्कृत के इतिहास ग्रन्थ से लिया%। उद्घाटन सत्र का संचालन एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुजीत कुमार सिंह ने किया।संगोष्ठी के प्रथम सत्र में %प्रसाद के काव्य सृजन की भावभूमिः अतीत और वर्तमान का समन्वय% के उपविषयक सत्र का आयोजन हुआ। सत्र की अध्यक्षता काशी विद्यापीठ वाराणसी के हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेन्द्र प्रताप करते हुए कहा कि %जयशंकर प्रसाद हिन्दी के लोकप्रिय तथा जनप्रिय कवि हैं। उनकी रचनाओं में अतीत और वर्तमान का समन्वय है। उनके नाटकों में भारत बोध दिखाई देता है। प्रसाद जैसे वरिष्ठ कवि, नाटककार एवं कथाकार को पूनर्मूल्यांकन की आवश्यकता है। संगोष्ठी के वक्ता प्रो. इंदीवर पाण्डेय ने कहा कि मनु की कथा प्रेम और मानव के उद्भव और विकास के इतिहास की कथा कही गई है। संगोष्ठी में मुम्बई से प्रो. सत्यदेव त्रिपाठी, प्रो. विद्याशंकर सिंह समेत अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अरुण कुमार मिश्र दिया।

## करवा चौथ पर पत्नी ने दिया पति को स्पेशल गिफ्ट

### प्रेमी संग पहुंची थाने विवाह रचाने

**प्रयागराज।** करवाचौथ पर रविवार को एक विवाहिता अपने प्रेमी के साथ शादी की जिद को लेकर पति के साथ घूरपुर थाने पहुंच गई। यहां महिला की जिद को देखते हुए पति ने उसको प्रेमी के साथ शादी की इजाजत दे दी। इसके बाद थाने के पास मंदिर में प्रेमी और महिला की शादी की तैयारी चल रही रही थी। इस बीच प्रेमी का पिता मौके पर पहुंचा और उसे नाबालिग बताते हुए शादी रुकवा दी। थाने में एक बार पंचायत शुरू हुई तो देर शाम तक चलती रही।रविवार दोपहर बाद थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता अपने प्रेमी और पति के साथ घूरपुर थाने पहुंची। वह प्रेमी से शादी कराने की जिद करने लगी।पत्नी की जिद को देखते हुए पति ने भी उसकी बात पर सहमति जताई। सबकुछ जानने समझने के बाद पुलिस ने उन्हें मंदिर में जाकर शादी करने की स्वीकृति दे दी। महिला के साथ आए लोग प्रेमी से उसकी शादी कराने की तैयारी कर ही रहे थे कि प्रेमी का पिता थाने पहुंच गया।

## एडीजी ने दी शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि



**प्रयागराज।** अपर पुलिस महानिदेशक जोन प्रयागराज, पुलिस आयुक्त प्रयागराज द्वारा पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर कर्तव्यपथ पर अपना जीवन बलिदान कर देने वाले पुलिसकर्मियों को 4थी बटालियन पीएसी प्रयागराज स्थित शहीद स्मारक पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक सलामी दी गयी।

इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र प्रयागराज, अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेला, पुलिस उपायुक्त अपराध/नगर/यमुनानगर व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## शहीद हुए सुरक्षा बल के जवानों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** रेलवे सरक्षा बल, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र सूबेदारगंज, प्रयागराज में रेलवे सुरक्षा बल, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा स्मृति दिवस परेड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान 01.09.2023 से 31.08.2024 के मध्य सम्पूर्ण भारत में रेलवे सुरक्षा बल के शहीद हुए कुल 14 बल सदस्यों जिनमें से उत्तर मध्य रेलवे के श्याम मोहन सिंह, प्रधान आरक्षी, रेलवे सरक्षा बल पोस्ट, रूरा जो 10 सितंबर 2023 को डयूटी के दौरान ट्रेन नंबर 12304 की चपेट में आने से शहीद हुए, उनको श्रद्धांजलि दी गई। स्मृति दिवस परेड में ए.एन. सिन्हा, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल, उत्तर



मध्य रेलवे, एम. सुरेश, उपमहानिरीक्षक सह मुख्य सुरक्षा आयुक्त, उत्तर मध्य रेलवे, विजय प्रकाश पंडित, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, प्रयागराज मंडल (प्रधानाचार्य, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, सूबेदारगंज) अनुभव जैन, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त आगरा मंडल एवं प्रयागराज मंडल क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र व मुख्यालय से रेलवे सुरक्षा बल के अन्य अधिकारी व स्टॉफ उपस्थित रहे। बल सदस्यों द्वारा शहीद जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गये। कार्यक्रम के दौरान महानिरीक्षक द्वारा सभी बल सदस्यों को सम्बोधित करते हुए स्मृति दिवस के बारे में बताया गया एवं शहीद जवानों की शहादत को याद किया गया।

## महाकुंभ के मध्य नजर पुलिस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**प्रयागराज।** महाकुम्भ मेला-2025 के सकुशल एवं निर्विघ्न आयोजन के दृष्टिगत आज पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा त्रिवेणी सभागार रिजर्व पुलिस लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता शान्तनु मुखर्जी (रिटायर्ड आई0पी0एस0) द्वारा कुम्भ मेला के अधिकारियों को कई बिन्दुओं पर प्रशिक्षित किया गया। जिन बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया उसमें अभिसूचना संकलन, अभिसूचना अधिकारियों की सक्रियता, सुरक्षा के विभिन्न आयामों, निरंतर चेकिंग व गश्त, होटल, धर्मशाला आदि में बाहर से आकर रुकने वाले व्यक्तियों का सत्यापन, सीसीटीवी एवं सर्विलांस का उपयोग, भीड़ नियंत्रण, यातायात




व्यवस्था, आपदा प्रबन्धन आदि शामिल रहे।

प्रशिक्षण कार्यशाला में अपर पुलिस महानिदेशक जोन प्रयागराज, पुलिस आयुक्त प्रयागराज, पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र प्रयागराज, अपर पुलिस आयुक्त प्रयागराज, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेला, पुलिस उपायुक्त कुम्भ, अपराध, नगर, गंगानगर, यमुनानगर, पुलिस अधीक्षक , क्षेत्रीय अभिसूचना प्रयागराज व अन्य पुलिस अधिकारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## सावड़ीह में किसान गोष्ठी, किसानो को नि:शुल्क हसिया का वितरण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर ।** एग्री जंक्शन कृषि केंद्र, सावड़ीह फूलपुर में दर्जनों किसानों के लिए एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें उन्हें निःशुल्क खरीफ की फसल की कटाई हेतु हसिया वितरण किया गया। इस अवसर पर कृषि विशेषज्ञों ने उन्नतशील चना, मटर, सरसों, गेहूं आदि की उपलब्धता और बीज शोध के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञ धर्मेंद्र सिंह ने कहा, ÷किसानों को अपनी फसल की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए मृदा की जांच करवानी चाहिए और उसके अनुसार उर्वरकों का उपयोग करना चाहिए।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कृषि से संबंधित सभी योजनाओं के बारे में




विस्तार से बताया गया। किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं के लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में राम सिंह पटेल, गुलाब मौर्य, लालचंद मौर्या, कुसुम देवी, सरिता देवी, पुष्पा देवी और शिव शंकर समेत कई किसान उपस्थित रहे।

एग्री जंक्शन कृषि केंद्र के इस प्रयास से किसानों को नवीन तकनीकि और वैज्ञानिक विधियों के बारे में जानकारी मिली, जिससे वे अपनी फसल की उत्पादकता बढ़ा सकते हैं और अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं।

# अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर ।** बार एसोसिएशन फूलपुर द्वारा आयोजित अधिवक्ता सम्मान समारोह का भव्य आयोजन तहसील प्रांगण में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि राज्य विधिक परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सदस्य देवेंद्र मिश्रा नगरहा ने अपने उद्बोधन में कहां कि सबसे पहले मैं सायरा बानो एडवोकेट एवं मुस्तकीम भाई एडवोकेट की सराहना करूंगा। जिन्होंने मंच से मेरे कार्यो तथा फूलपुर तहसील एवं यहां के वकीलों के प्रति दिल की गहराइयों से लगाव रखने की बात कही। अधिवक्ता की एक जाति होती है काली कोट धारण करने के बाद बातों एवं वादो को निभाने वाला मर्द होना चाहिए। अधिवक्ता होने के बाद पंडित जी कहलाता है। विद्वान अधिवक्ता समाज के प्रहरी हैं नए अधिवक्ता किताबों से प्रेम और कानून की जानकारी करें। कार्यक्रम में शायर मखदूम फूलपुरी एवं राम सजीवन गौतम ने अपनी शायरी से लोगों को ओत प्रोत कर दिया। आयोजन के अध्यक्ष अधिवक्ता संघ एसपी तिवारी ने समस्त अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया। मृतक अधिवक्ताओं के परिवारीजन को प्रशस्ति पत्र एवं शाल दे कर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता राम राज तिवारी ने किया। कार्यक्रम में राहुल तिवारी, अजय शंकर मिश्र,शंकर सिंह, हनुमान पांडेय , अजब नारायण तिवारी, ज्ञान देव वर्मा, भारत लाल, शिवम पांडेय , शशांक मिश्रा, प्रकाश चंद यादव, भरत लाल, कमलेश यादव, भरत लाल बिन्द, अनुज श्रीवास्तव, मोहम्मद अख्तर आदि सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे। संचालन मनोज मौर्य एवं उमाकांत अवस्थी ने किया।



## महापौर को बनाया गया सक्रिय सदस्य



**प्रयागराज।** भाजपा के सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत महापौर गणेश केसरवानी को पार्टी का सक्रिय सदस्य बनाया गया। महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने महापौर को सक्रिय सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहा कि भाजपा एक संगठन एक परिवार है। महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जहां जमीनी कार्यकर्ता ऊंचाई पर पहुंच सकता है। मीडिया प्रभारी विवेक मिश्र ने बताया कि पार्टी का सक्रिय सदस्यता अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान कुंज बिहारी मिश्रा, पूर्व उपमहापौर मुरारी लाल अग्रवाल, कुंज बिहारी मिश्रा, वरुण केसरवानी पार्षद सुनीता चोपड़ा, राजेश केसरवानी, पार्षद किरन जायसवाल, सुनीता चोपड़ा, दीपिका सिंह पटेल, आशीष द्विवेदी, ज्ञानेंद्र मिश्रा, प्रशांत शुक्ला, सुबोध सिंह, विवेक मिश्रा, दीप द्विवेदी, कुलदीप मिश्रा, वरुण केसरवानी, मुरारी लाल अग्रवाल, प्रशांत शुक्ला, राकेश कुमार, संजय सिंह, नटवरलाल भारतीय, आनंद दुबे, राकेश भारतीय, अनुज कुशवाहा, प्रयाग दत्त गुप्त रहे।

## रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन ने अंध-विद्यालय के बच्चों संग किया संवाद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** पतंजलि ऋषिकुल के इंटरैक्टर्स ने रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन के तत्वाधान में अपने विद्यालय के शिक्षकों के साथ अंध विद्यालय का दौरा किया और वहां बच्चों के साथ एक अद्भुत समय बिताया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के साथ संवाद करना और उन्हें आवश्यक वस्तुएं प्रदान करना था।इंटरैक्टर्स ने विद्यालय के बच्चों को चार पंखे भेंट किए, जो उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक रहे। इस अनुभव ने प्रत्येक बच्चे के लिए अलग-अलग महत्त्व रखा, जिससे उन्होंने दया और सहानुभूति का सच्चा अर्थ समझा।

इस अवसर पर बच्चों ने न केवल संवाद किया, बल्कि उन्हें प्रेरित करने का भी कार्य किया। इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों को समाज के प्रति संवेदनशील बनाते हैं और उनके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। ऋषिकुल के शिक्षकों और छात्रों ने इस अनुभव को अत्यंत मूल्यवान बताया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की इच्छा व्यक्त की।

## नौवी यूपी स्टेट कराटे चैंपियनशिप में प्रयागराज का रहा दबदबा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश स्टेट कराटे चैंपियनशिप का आयोजन बाल मित्र स्कूल एंड कॉलेज प्रीतम नगर धूमनगंज में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में प्रयागराज वाराणसी ,चंदौली, कानपुर कौशांबी सहित 9 जिलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रथम स्थान पर प्रयागराज को 58 गोल्ड के साथ टीम चैंपियन रही। दूसरे स्थान पर आजमगढ़ को 15 गोल्ड मिला। तीसरे स्थान पर चंदौली को 11 गोल्ड मिला। 15 से 20 वर्ग भर में श्रीजा श्री को गोल्ड मेडल मिला। आद्या राय 30 से 35 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल मिला। आराध्या राय 25 से 30 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। आस्था गायकवाड को 35 से 40 वर्ग में गोल्ड मेडल मिला। विभा पटेल 45 से 50 वर्ग भर में गोल्ड मेडल मिला। ब्लैक बेल्ट में सिद्धि मिश्रा को 45 से 50 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल मिला। इस प्रतियोगिता में मुख्य रेफरी आर.डी.यादव एवं सहायक रेफरी चंदौली से शमशेर अहमद एवं रितेश वर्मा थे। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि अर्पण यादव प्रबंधन बल मित्र स्कूल एंड कॉलेज ने प्रतिभागियों को मेडल दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता का संचालन बीबी गुरु एवं पूनम टंडन ने किया।

## गोला व डिस्कस फेक अनन्त प्रकाश ने मारी बाजी

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता में शिवजियावन इंटर कालेज लेड़ियारी अंडर 14 बालक वर्ग में अनंत प्रकाश सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिससे विधालय के नाम रौशन करने वाले छात्र को शिक्षकों ने सम्मानित किया। क्रीड़ा व्यायाम अध्यक्ष राधा कृष्ण मिश्र ने बताया कि मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज 18 व 19 अक्टूबर को खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिससे विद्यालय के छात्र ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय की गरिमा को बढ़ाया। सोमवार को विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य संतराज कनौजिया, खेलकूद शिक्षक राधा कृष्ण मिश्र, अनंता नंद, वंश बहादुर सिंह, धनेश्वर सिंह, मनोज कुमार सिंह, कमला शंकर यादव, ओंकार सिंह, आदि मौजूद शिक्षकों ने विजेता छात्र को सम्मानित किया।



